शोधशौर्यम्

Website : http://shisrrj.com

ISSN : 2581-6306

Peer Reviewed and Refereed International Journal

: Editor-In-Chief :

Dr. Raj Kumar




Volume 4, Issue 1, January-February-2021

# SHODHSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

Email: editor@shisrrj.com

Publisher Address :

3 & 4, Sterling Plaza,
Indira Circle, 150 Feet Ring Road,
Rajkot-360005, Gujarat, India

# शोधशौर्यम्

# Shodhshauryam

**International Scientific Refereed Research Journal**

**[ Frequency: Bimonthly ]**

ISSN : 2581-6306

Volume 4, Issue 1, January-February-2021

International Peer Reviewed, Open Access Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

Website URL : www.technoscienceacademy.com

# Advisory/Editorial Board

**Editor-In-Chief**

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

**Associate Editor**

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Prof. Ajit Singh**
  Assistant Professor, Department of MCA, Patna Women's College, Patna, Bihar, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India

---

**Executive Editor**

- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Head of Computer Department, Sigma Institute of Engineering, Vadodara, Gujarat, India

---

**Editors**

- **Dr. Ekkurti Venkateswarlu**
  Assistant Professor in Education, Sri Lal bahadur Sashtri National Sanskrit University, ( Central University ), New Delhi, India

- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

---

**Assistant Editors**

- **Dr. Virendra Kumar Maurya**
  Assistant Professor- Sanskrit, Government P.G. College Alapur, Ambedkarnagar, Uttar Pradesh, India

---

**International Editorial Board**

- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia

- **Onu Peter**
  Asst. Professor, Mechanical Engineering, Kampala International University, Kampala, Uganda

- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom

- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia

- **Robbi Rahim**
  Faculty of Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Jl. Jend. Gatot Subroto Km. 4,5 Sei Sikambing, 20122, Medan, Sumatera Utara, Indonesia

- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE
  **Dr. Vaibhav Sundriyal**
  Department of Computer Engineering , Old Dominion University research Foundation, USA (Phd in Computer Engineering from Iowa State University, USA)

- **Dr. Katarzyna Pietrucha-Urbanik**
  Faculty of Civil and Environmental Engineering, Rzeszow University of Technology, Poland

- **Indrasen Poola**
  Data Scientist & Artificial Intelligence - Industry Consultant & Professional Researcher, Palo Alto Networks, Santa Clara, CA, USA

- **Dr. Mohd Muntjir**
  Information Technology Department, College of Computers and Information Technology, Taif University, Al-Hawiya, Taif, Kingdom of Saudi Arabia

- **Vaibhav Sundriyal**
  Research Scientist, Old Dominion University Research Foundation, USA

- **Dr. Elsadig Gamaleldeen**
  Assistant Professor, Omdurman Ahlia University, Sudan

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Bahce Kulturleri Merkez Arastırma Enstitusu, Gıda Teknolojileri Bolumu - Yalova

- **Frank Angelo Pacala**
  Samar State University, Samahang Pisika ng Pilipinas

- **Thabani Nyoni**
  Department of Economics Employers Confederation of Zimbabwe (EMCOZ) , University of Zimbabwe, Zimbabwe

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Central Horticultural Research Institute, Department of Food Technologies, Yalova, TURKEY

- **Dr. Moustafa Mohamed Sabry Bakry**
  Plant Protection Research Institute, A.R.C, Dokii, Giza, Egypt

- **Dr. Muhammad Akram**
  Assistant Professor, Department of Eastern Medicine, Directorate of Medical Sciences, Faculty of Science and Technology, Government College University, Faisalabad, Pakistan

- **Dr. Andie Siahaan**
  Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Indonesia

- **AbdulGaniyu Abdu Yusuf**
  Computer Science, National Biotechnology Development Agency (NABDA), Abuja, Nigeria

- **Dr. M. A. Ashabrawy**
  Computer Science and Engineering, Prince Sattm bin Abdulaziz University, Kingdom Saudi Arabia(KSA), Saudi Arabia

- **Lusekelo Kibona**
  Department of Computer Science, Ruaha Catholic University (RUCU) , Iringa, Tanzania

- **Md. Amir Hossain**
  IBAIS University/Uttara University, Dhaka, Bangladesh

- **Mohammed Noaman Murad**
  Department of Computer Science, Cihan University Erbil, Kurdistan Region, Iraq

- **Sanusi Abdullahi**
  Department of Physics, Usmanu Danfodiyo University Sokoto, Dundaye, Wamakko LGA, Nigeria
  Email : abdullahi.sanusi@udusok.edu.ng

- **Mahasin Gad Alla Mohamed**
  Assistant Professor, Kingdom Saudi Arabia, Jazan University, Faculty of Education - Female Section, Sabya

- **SK. Saidhbi**
  Assistant Professor, Department of Information Systems, University of Gondar, Ethiopia

Editorial Board


- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India

- **Dr. Ganeshwar Nath Jha**
  H.O.D Vyakaran Central Sanskrit University, Ekalavya Campus, Radha Nagar, Agartala Tripura, India

- **Dr. Anita Sengupta**
  Associate Professor, Sanskrit Department, Iswar Saran PG College, University of Allahabad, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India

- **Dr. Sudheer Singh**
  Associate Professor, Amity School of Architecture And Planning, Amity University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India

- **Dr. Shanti Lal Salvi**
  Assistant Professor, Department of Literature, Faculty of Sanskrit Studies, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Ajay Kumar Dwivedi**
  Director, MIMT, N4/7 Karaundi Crossing , BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Arvind Bijalwan**
  Associate Professor (Agroforestry), College of Forestry, VCSG Uttarakhand University of Horticulture and Forestry, (A State Government Autonomous University), Ranichauri, Distt.-Tehri Garhwal, Uttarakhand, India

- **K. Jagadeesh**
  Assistant Professor , Noble Group of Institutions, Villupuram, Tamil Nadu, India

- **Rohit Kumar Verma**
  Researcher & Writer, Institute of Law, Jiwaji University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

- **Dr. R. Reka**
  Professor & Head, Department of Computer Science & Engineering, Annai Mathammal Sheela Engineering College, Tamil Nadu, India

- **Dr. Nilamadhab Mishra**
  Post Graduate Teaching & Research Department, School of Computing, Debre Berhan University, Ethiopia, India

- **Dr. S. Ramkumar**
  Department of Computer Applications, Kalasalingam University, Krishnankoil, Sirivilliputhur, Palani, Dindugal, Tamil Nadu, India

- **Prof. Umesh Sehgal**
  Associate Professor, GNA University, Phagwara, Punjab, India

- **Dr. Ikvinderpal Singh**
  Department of Computer Science & Applications, Trai Shatabdi GGS Khalsa College,Amritsar, Punjab, India

- **Dr. Bhasker Mishra**
  Assistant Professor, Department of Political Science, H.N.B.Garhwal Central University, SRT Campus, Badshahithaul, Tehri, Uttarakhand, India

- **Dr. Nirajkumar C. Mehta**
  Associate Professor, Institute of Technology and Management Universe, Vadodara. Gujarat, India

- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Ramu Nagarajapillai**
  Associate Professor and UGC Research Awardee, Department of Commerce, Annamalai University , Annamalai Nagar, Chidambaram, Tamil Nadu, India

# CONTENT


| SR. NO | ARTICLE/PAPER | PAGE NO |
|---|---|---|
| 1 | **आर्ष महाकाव्यों में तीर्थ स्थल**<br>डॉ. जी.एल. पाटीदार, नीतू शर्मा | 01-12 |
| 2 | **संस्कृत नाटकों में प्राकृत भाषा की प्रासंगिकता**<br>वीरेन्द्र सिंह, प्रो. (डॉ0) मनीष खैमरिया | 13-17 |
| 3 | 'Why' Loknayak Jai Prkash Narayan Is Relevant Today<br>Rajan Kumar | 18-23 |
| 4 | **आदिवासी साहित्य में आदिवासी नाटकों व रंगमंच का वर्तमान तथा भविष्य**<br>मनीष कुमार | 24-31 |
| 5 | Reduction of Organic Pollutant by AOP<br>Eman A. Mohammed | 32-36 |
| 6 | **आधुनिकी भारतीया नारी**<br>मण्टु कुमार जाना | 37-45 |
| 7 | **पारिवारिक वातावरण के सन्दर्भ में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन**<br>डॉ. प्रेमचन्द्र यादव, विनय प्रकाश यादव | 46-54 |
| 8 | **वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन**<br>चन्द्र प्रकाश यादव | 55-62 |
| 9 | **राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देर आये मगर दुरूस्त आये**<br>श्रीमती रंजीता गुप्ता | 63-78 |
| 10 | **व्यवसाय चिन्तन की ज्योतिषीय अवधारणा**<br>प्रभाकर शर्मा, मनीष खैमरिया | 79-84 |
| 11 | **नरेन्द्र मोदी कार्यकाल में भारत की गतिशील विदेश नीति**<br>राजेश कुमार, डॉ. सीमा देवी | 85-93 |
| 12 | **मंगलेश डबराल (आग और राग के कवि)**<br>डॉ. राजेश कुमार मिश्र | 94-98 |

| | | |
|---|---|---|
| **13** | **पूर्वी उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास के साधन के रूप में व्यावसायिक कृषि की भूमिका**<br>बृजमोहन सिंह यादव | 99-107 |
| **14** | **भारत में महिलाओं की वर्तमान स्थिति की, वैदिक तथा मध्यकाल की स्थिति की तुलनात्मक सामाजिक विवेचना**<br>शीला कुमारी | 108-115 |
| **15** | **रसानां अङ्गभावप्राप्तिर्हि स्वाभाविकी समारोपकृता वा**<br>नर्मदा बेहेरा | 116-119 |
| **16** | **संस्कृत नाट्य साहित्य में गंगा का स्वरूप**<br>इन्दल | 120-125 |
| **17** | **रस की ऐतिहासिकता**<br>कु संजू | 126-135 |
| **18** | **योगनिंद्रा- तनाव निवारण की वैज्ञानिक तकनीक**<br>डॉ. हेमंत शर्मा | 136-138 |
| **19** | **श्रीमद्भगवद् गीता में षैक्षिक विचार**<br>डॉ.  कैलाष चन्द मीणा | 139-149 |
| **20** | **सृष्टिक्रमः विकासः वैज्ञानिक परिशिलनम्**<br>डॉ. मुकेश कुमार डागर | 150-153 |
| **21** | **स्वतंत्रविधि संज्ञाविधान पक्षे मीमांसकमते मतान्तर विवेचनम्**<br>डॉ. जगदीश प्रसाद जाटः | 154-173 |
| **22** | **वायुपुराणम्, पद्मपुराणम् गोतत्त्वविमर्शः**<br>डॉ. नानूराम जाटः | 174-205 |
| **23** | **वैयाकरण न्यायमते धात्वर्थ प्रतिपादनम्**<br>डॉ. सांवरिया लाल शर्मा | 206-222 |
| **24** | **पाणिनीयव्याकरणस्य वेदाङ्गत्वम्**<br>डॉ.  हरिशंकरमणित्रिपाठी | 223-226 |
| **25** | **जनार्दन प्रसाद ‘मणि’ विरचित सौरभेयीः एक अध्ययन**<br>डॉ.  देवनारायण पाठक | 227-230 |
| **26** | **वैश्विक पटल पर गोंड कला की सम्भावनाएँ**<br>गोरे लाल | 231-235 |
| **28** | **स्वातंत्र्योत्तर उपन्यासों में विस्थापन की त्रासदी**<br>प्रत्याशा मिश्र, डॉ अनुराग मिश्र | 242-247 |

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# आर्ष महाकाव्यों में तीर्थ स्थल

**डॉ0 जी.एल. पाटीदार**
**असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग**
**मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज०)**

**नीतू शर्मा**
**शोधकर्त्री, संस्कृत विभाग,**
**मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज०)**

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 01-12
Publication Issue :
January-February-2021

**सारांश-** रामायण और महाभारत को आर्ष महाकाव्य कहा जाता है। रामायण और महाभारत प्रादुर्भाव काल से भारतीय सनातन धर्म, संस्कार, संस्कृति और सभ्यता के आदर्श ग्रंथ रहे हैं। सनातन भारतीय संस्कृति में तीर्थों का अपना विशिष्ट महत्व है। वैदिक काल से लेकर अत्यावधि तक तीर्थों को आधार बनाकर कई रचनाओं का सृजन हुआ है। तथा रचनाधर्म में वर्णनाधिक्य भी देखा गया है, जो हमारी सनातन संस्कृति के संवर्धक एवं पोषण का कार्य कर रहा है। तीर्थों की उत्कृष्टता का अद्भुत दर्शन हमें आर्ष काव्यों में भी दिखाई देता है। भारतीय सनातन संस्कृति में तीर्थ धार्मिक और आध्यात्मिक महत्त्व वाले स्थानों को कहा जाता है। हमारी सनातन संस्कृति में तीर्थ स्थान पवित्रता और पावनत्व के सूचक है, तथा परमतत्त्व कैवल्य के मार्ग। मानव जीवन की यात्रा का परम ध्येय मोक्षत्त्व प्राप्त करना ही है, और उसके साधन यही पवित्र धाम रहें है। मनुष्य ने जब भी देवत्व का रूप धारण किया, और वह जिन स्थानों-स्थलों पर निवास भ्रमण किया वे पवित्र तीर्थ हो गएँ। इस आलेख में आर्ष काव्यों में तीर्थ स्थलों का महत्त्व नाम सहित प्रतिपादित किया जा रहा है, तथा मानव जीवन में इनकी महत्ता भी ।

**Article History**
Accepted : 01 Jan 2021
Published : 04 Jan 2021

**कूटशब्द-** आर्ष, तीर्थ, काव्य, महाकाव्य, रामायण, महाभारत, वाल्मीकि, वेदव्यास, यात्रा, पुष्कर, ऋषि, श्रीराम, आदि।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**आर्ष शब्द-** मनु आर्ष शब्द के विषय में वर्णन करते हुए कहते है कि- जो वेद और धर्मशास्त्र के अनुकूल आचरण करता है, और कहा भी है-

**आर्षं धार्मोपदेशं च वेदशास्त्रोऽविरोधिना ।**

**यस्तर्केणानुसन्धत्ते स धर्मं वेद नेतरः ।।**[i]

आर्ष शब्द से तात्पर्य है- ऋषियों से संबंधित अर्थात् जो ऋषियों की वाणी से मुखरित होकर उत्पन्न हुआ हो, जो ऋषियों द्वारा लाया गया हो अथवा जो ऋषियो द्वारा किया गया हो। आर्ष शब्द की व्युत्पति है- ऋषि वि त्रि., ऋषि संबंद्व, ऋषियों द्वारा लाया हुआ, ऋषियों द्वारा किया हुआ।[ii] आर्ष शब्द का समानार्थी शब्द है 'आदि' अर्थात् प्रारम्भ। आदि शब्द के विषय में अमरकोश में कहा है- "**पुंस्यादिः पूर्वपौरस्त्यप्रथमाद्या अथास्त्रियाम्।**[iii] किसी भी कार्य को प्रारम्भ करने का सर्वप्रथम कारण, कार्य का मूल हेतु कार्य का प्रारब्ध ही उसे 'आर्ष' की संज्ञा देता है। वेद आर्ष ऋषियों द्वारा रचित कहलाते है। वेद चूंकि मौखिक परम्परा से रचित है अतः वे अपौरुषेय व अलौकिक रचनाएं कहलाती है। परन्तु लौकिक साहित्य की सर्वप्रथम रचनाएँ महाकाव्य रूप में लिपिबद्ध रामायण और महाभारत को गिना जाता है। रामायण व महाभारत की घटनाएं चूंकि पूर्व घटित हो चुकी थी और भविष्य के जनकल्याण की भावना हेतु ऋषियों द्वारा इन्हें लिपिबद्ध किया तथा जिस कारण इनके रचियता को आदिकवि (वाल्मीकि व वेदव्यास) तथा महाकाव्यों को आर्ष महाकाव्य कहा गया है। आर्ष शब्द विषय में व्यासजी कहते है-

**आर्षमप्यत्र पश्यन्ति विकर्मस्थस्य पाननम् ।**

**न तादृक्सदृशं किञ्चित् प्रमाणं दृश्यते क्वचित्।।**[iv]

शास्त्र-विपरीत कर्म करने वाले को दण्ड देने की जो बात आती है, उसमें वे आर्ष प्रमाण भी देखते है। ऋषियों के वचनों के समान दूसरा कोई प्रमाण कहीं भी दिखाई नहीं देता। ऋषियों की वाणी ही आर्षवाक्य एवं आर्षशब्द है। महर्षि वाल्मीकि और वेदव्यास ऋषि मुनीश्वर है अतः उनके काव्य भी आर्ष काव्य ही कहलाते है।

**तीर्थ शब्द-** तीर्थ शब्द का अर्थ 'तारणा' होता है। तीर्थ शब्द प्लवन- तरणार्थक- तृ धातु से पातृदिवचि (2/7) इस उणादि सूत्र से थक् प्रत्यय करने पर निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ है तरति अर्थात् 'पापादिकं यस्मादिति तीर्थम्'।[v] जिससे पापादि से तर जाये, उसे तीर्थ कहते है। पुण्य का संचय और पाप निवृत्ति। विश्वकोष के अनुसार- "तीर्थ शास्त्रदेवेक्षत्रो पायोपाध्यायमत्रिषु। अवतारर्षिजुष्टाम्भः स चु विश्रुतम्।" शास्त्र, यज्ञ,

क्षेत्र, उपाय, उपाध्याय, मंत्री, अवतार, ऋषि, सेवित, जल आदि तीर्थ है। अमरकोश में "निपानागमयोस्तीर्थमृषिजुष्टे जले गुरौ"[vi] आदि को तीर्थ कहा है। भट्टोजी दीक्षित ने उणादि 2/7 की व्याख्या करते समय तीर्थ शब्द को शास्त्र, क्षैत्र तथा उपाध्याय आदि का बोधक माना है।[vii] भारत भूमि में सर्वत्र कहीं तीर्थ विद्यमान है। मनु ने भी तीर्थ शब्द को पवित्र बताया है-"तीर्थं तद्धव्यकव्यानां प्रदाने सोऽतिथिः स्मृतः।[viii] पुराण साहित्य में तीर्थों का महत्व स्पष्ट मिलता है। रामायण एवं महाभारत आर्ष महाकाव्यों में भी तीर्थो का महत्व वर्णित किया गया है। यहाँ तीर्थ के अन्तर्गत उन सभी स्थलों को लिया गया है जो प्राचीन समय में ऋषि मुनियों की तपःस्थली रहे हो, निवास स्थल रहे हो। ऐसे स्थलों में, नगर, मंदिर, देवस्थान, आश्रम, नदियाँ, नदी-तट, समुद्र तट, वृक्ष, वन, तालाब, सरोवर आदि को उल्लेखित किया गया है।

**वाल्मीकि रामायण-**

रामायण वैश्विक भूमंडल में उपलब्ध साहित्य में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। रामायण को यह उच्च स्थान अकारण ही उपलब्ध नहीं हुआ है, अपितु भारत के अनेक महामनीषियों की एकांत ज्ञान जिज्ञासाओं के परिणाम स्वरूप प्राप्त हुआ है। जिन्होंने घर द्वार, माया, मोह, धन, संपत्ति यहां तक की आत्म नाम और आत्मकीर्ति से भी विमुख होकर निर्जन अरण्यों में अपने सारे जीवन को अपनी महानतम कृतियों के सृजन में व्यय कर दिया है। जिनका वास्तविक नाम आज तक हमें विदित नहीं, उनके व्यक्तित्व बोध का संकेत आज हमारे पास बचा रह सकता है, ऐसे ही थे मुनि वाल्मीकि और ऐसी ही है उनकी अमर कृति रामायण। रामायण के युद्ध काण्ड में वर्णन आता है, कि-

**आदिकाव्यमिदं चार्षं पूरा वाल्मीकिना कृतम् ।**[ix]

**श्रुणोति य इदं काव्यं पूरा वाल्मीकिना कृतम् ।**[x]

अर्थात् यह ऋषि प्रोक्त आदिकाव्य रामायण है जिसे पूर्व काल में महर्षि वाल्मीकि ने बनाया था। रामायण आर्ष महाकाव्यों की श्रेणी में अग्रगण्य है और इनके रचियता वाल्मीकि को 'आदिकवि' कहा है। वाल्मीकि ने जब तमसानदी पर स्नान करते हुए एक युगल क्रौञ्च पक्षी के जोड़े में से एक को किसी अज्ञात के बाण से घायल होकर विरह पीड़ा से करुण विलाप करते देखा तब अनायास ही उनके मुख से एक श्लोक निकल गया-

**मां निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः ।**

**यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधी काममोहितम् ।।**[xi]

इस विषय पर ध्वनिकार भी कहते है "क्रौञ्चद्वन्द्ववियोगोत्थः शोकः श्लोकत्वमागतः[xii] उस करुण विलाप को देख कर शोक श्लोक रूप में आ गया। जो आगे जाकर महान् श्रीराम के चरित्र पर आधारित रामायण महाकाव्य में परिणित हुआ अतः इसी कारण यह रामायण महाकाव्य आर्ष, ऐतिहासिक तथा परवर्ती कवियों के लिए उपजीव्य महाकाव्य कहा कहलया जाने लगा।

**आर्ष महाकाव्य महाभारत-**

भारतीय साहित्य में वेदों के पश्चात् प्राचीन सर्वमान्य ग्रन्थों में महाभारत का स्थान सर्वोच्च है। सभी प्रकार का भारतीय साहित्य महाभारत पर अवलम्बित होने से इसे 'यन्न भारते तन्न भारते' भी कहा-कहलाया जाने लगा है। अर्थात् जो भारत में नहीं हैं, वह महाभारत में भी नहीं है, यानि महाभारत में भारत का सम्पूर्ण समावेश हैं। और भी कहा जाता है महाभारत के विषय में -

**धर्मे चार्थे च कामे च मोक्षे च भरतर्षभ ।**

**यदि हास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित् ।।**[xiii]

चतुवर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के विषय में जो कुछ महाभारत में कहा गया है, वही अन्यत्र प्राप्त होता है और जो इसमें नहीं है वह कहीं नहीं हैं। और भी कहा है कि-

**भारतस्य वपुह्र्योतत् सत्यं चामृतमेव च ।**

**नवनींत यथा दद्धनोद्विपदां ब्राह्मणों यथा ।।**[xiv]

**आरण्यंक च वेदेभ्य औषधिभ्यो·मृतं यथा ।**

**ह्रदानामुदधिः श्रेष्ठो गौर्वरिष्ठा चतुष्पदाम् ।।**

**यथैतानीतिहासानां तथा भारतमुच्यते ।**[xv]

अर्थात् यह अध्याय महाभारत का मूल शरीर है। यह सत्य एवं अमृत है, जैसे दही में नवनीत मनुष्यों में ब्राह्मण, वेदों में उपनिषद्, औषधियों में अमृत, सरोवरों में समुद्र, और चौपायों में गाय सबसे श्रेष्ठ है वैसे ही उन्हीं के समान इतिहासों में यह महाभारत भी विश्वविख्यात है अर्थात् सर्वश्रेष्ठ हैं।

महाभारत सनातन धर्म का एक प्रमुख महाकाव्य है। कभी-कभी केवल भारत कहा जाने वाला यह काव्य ग्रंथ भारत का अनुपम धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक ग्रंथ है। विश्व का सबसे लम्बा यह

साहित्यिक ग्रंथ और महाकाव्य, सनातन धर्म के मुख्यतम ग्रंथों में से एक है। इस ग्रंथ को सनातन धर्म में पंचम वेद माना जाता है। यद्यपि इसे साहित्य की सबसे अनुपम कृतियों में से एक माना जाता है आज भी यह ग्रंथ प्रत्येक भारतीय के लिए एक अनुकरणीय वन्दनीय है। यह कृति प्राचीन भारत के इतिहास की एक महान् गाथा है।[xvi] महाभारत एक ऐतिहासिक तथा आद्य महाकाव्य कहलाता है। महाभारत के आदिपर्व के अनुक्रमणिकापर्व के अन्तर्गत वर्णन आता है कि व्यासजी ने उपाख्यान भाग को छोड़कर चौबिस हजार श्लोकों की भारतसंहिता बनायी, जिसे विद्वान पुरुष भारत कहते है। इसके पश्चात् महर्षि ने पुनः पर्वसहित ग्रंथ में वर्णित वृतान्तों की अनुक्रमणिका का एक संक्षिप्त अध्याय बनाया, जिसमें केवल डेढ़ सौ श्लोक है।[xvii] तत्पश्चात् व्यासजी ने साठ लाख श्लोकों की एक दूसरी संहिता बनायी। उसके तीस लाख श्लोक देवलोक में तथा पन्द्रह लाख श्लोक पितृलोक व पन्द्रह लाख श्लोक गन्धर्व लोक में पठित हो रहे है। कहा भी है-

**एकं शतहस्त्रं तु मानुवेषु प्रतिष्ठितम्।**

**नरदोऽश्रावयद् देवाअसितो देवलः पितृन्।।**[xviii]

इस मनुष्य लोक में एक लाख श्लोकों का आद्य महाभारत प्रतिष्ठित है। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि महाभारत भी आर्ष महाकाव्य की श्रेणी में परिगणित होता है। क्योंकि ये लौकिक संसार की लिपीबद्ध साहित्य की सर्वप्रथम रचना है और महाकाव्यों, काव्यों, नाटकसाहित्य जैसे अन्य ग्रंथों के लक्षणों का आधारशिला बनी है। रामायण-महाभारत ग्रंथ के आरम्भ में ही इस बात की स्वीकारोक्ति की गई है कि ये काव्य परवर्ती कवियों के लिए आधार स्तम्भ बनेगा।

**रामायण में तीर्थ स्थल-**

रामायण में तीर्थ स्थल की शुरुआत बालकाण्ड के द्वितीय सर्ग में ही हो जाती है। अर्थात् रामायण महाकाव्य में तीर्थ शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग बालकाण्ड़ के द्वितीय सर्ग में हुआ है, यथा-

**"सोऽभिषेकं ततः कृत्वा तीर्थे तस्मिन्यथाविधि।**

**तमेव चिन्तयन्नर्थमुपावर्तत वै मुनिः।।"**[xix]

तत्पश्चात् उन्होंने उतम तीर्थ में विधिपूर्वक स्नान किया और उसी विषय का विचार करते हुए वे आश्रम की ओर लौट पड़ें। यहाँ उतम तीर्थ से तात्पर्य तमसा नदी और वाल्मीकि आश्रम के सन्दर्भ में है और इसके बाद तीर्थ स्थलों का उल्लेख तब आता है जब श्रीराम अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ चतुर्दश वर्ष का वनवास हेतु गमन करते है। उनकी वनवास यात्रा में जिस नदी से (सरयू अयोध्या) नाव में

बैठकर प्रस्थान करते है, नगर को (श्रंगनेश्वर) जाते है, आश्रमों में विश्राम करते है, इस प्रकार के विभिन्न स्थलों को तीर्थ की श्रेणी में रखा गया क्योंकि ये सभी स्थल श्रीराम के, सीताजी के, लक्ष्मणजी के (जो देवांश रूप में धरती पर अवतरित हुए) पावन चरणों से, उनके निवास से, उनकी कर्म स्थली बनने से अथवा अन्य किसी न किसी कारण से कार्यरूप में प्रभावित हुए और वे पवित्र हो गए। यात्रा के मध्य में जो कुटिया बनाकर रहे कालान्तर में वे पवित्र आश्रम रूप में परिणित हो गए। रामायण में तीर्थ का मुख्यतः दूसरी बार शाब्दिक प्रयोग ग्रंथ के बालकाण्ड़ के 61वें सर्ग में आता है। इस सर्ग विषय-वस्तु विश्वामित्र ऋषि की 'पुष्कर' तीर्थ में तपस्या करने के संदर्भ में है। पुष्कर तीर्थ के विषय में ऋषि विश्वामित्र कहते है-

**"पश्चिमायां विशालयां पुष्करेषु महात्मन ।**

**सुश्रं तपश्चरिष्यामः सुख, बुद्धि तपोवनम् ।।"**[xx]

विशाल पश्चिम दिशा में जो महात्मा ब्रह्माजी के तीन पुष्कर है, उन्ही के पास रहकर हम सुखपूर्वक तपस्या करेंगे, क्योंकि वह तपोवन बहुत ही सुखद है। यहाँ पश्चिम दिशा से तात्पर्य वर्तमान भारत के राजस्थान प्रांत से है। राजस्थान भारत वर्ष के पश्चिम दिशा में है और पुष्कर तीर्थ राजस्थान प्रांत के अजमेर जिले में आता है। इस पुष्कर तीर्थ का महात्म्य इतना अधिक है कि वेदों, पुराणों, महाभारत आदि ग्रंथों में इसे भली प्रकार वर्णित किया गया है। ब्रह्माजी का एक मात्र मन्दिर जो विश्व प्रसिद्ध है, जो पुष्कर में ही स्थित है साथ ही आधुनिक समय में इस तीर्थ का इसलिए भी महत्व है क्योंकि भारत देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की अस्थियां भी यहीं पुष्कर तीर्थ के सरोवर में प्रवाहित की गई थी। पुष्कर तीर्थ पितृ तीर्थ की श्रेणी में आता है। हर वर्ष यहाँ तीर्थ यात्री पुष्कर घाट पर आकर अपने पितरों का श्राद्ध क्रिया कर्म एवं तर्पण करते है। तीर्थ स्थलों में विभिन्न जनपदों, नगरों नदी तटों, पर्वतों, आश्रमों, समुद्र तटों आदि को गिना जाता है। अतः रामायण में इस प्रकार तीर्थ स्थलों के वर्णन की शुरुआत अयोध्या काण्ड के 45वें सर्ग से होती है। जब माता कैकयी की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए श्रीराम पत्नी सीता सहित व भाई लक्ष्मण सहित वनवास यात्रा हेतु प्रस्थान करते है। 45वें सर्ग में श्रीराम अयोध्यापुरी से निकलकर तमसा तट पर पहुँचते है और एक रात्री विश्राम करने के लिए रुकते है। तब वो कहते है-

**"ततस्तु तमसातीरं रम्यामाहित्यं राघवः।"**[xxi]

**"इयमद्य निशा पूर्वा सौमित्रे प्रहिता वनम्।।"**[xxii]

तमसा के रमणीय तट का आश्रय राघव बोलें- हम लोग जो वनवास हेतु वन की ओर प्रस्थित हुए है। हमारे उस वनवास की आज यह पहली रात प्राप्त हुई है। 50वें सर्ग में वे अयोध्यापुरी से श्रृंगवेरपुर में गंगातट पर पहुँचते है। एक रात्रि वहाँ पर विश्राम करते है और तत्पश्चात वहाँ से प्रस्थान करते है और वत्सदेश में जाते है। यही से मुख्यतः तीर्थ स्थलों वृक्ष, नगर, वन, आश्रम और नदी तट का वर्णन प्रारम्भ होता है। रामायण में मुख्यतः तीर्थ स्थलों का वर्णन अयोध्या काण्ड और युद्धकाण्ड़ में आता है। इन तीर्थ स्थलों में श्रीराम की यात्रा उत्तर दिशा में अयोध्या प्रान्त से प्रारम्भ होकर दक्षिण दिशा में कन्याकुमारी, हिन्दमहासागर तथा लंका जाकर समाप्त होती है।

रामायण में अयोध्याकाण्ड के 68वें में कुछ तीर्थ स्थलों का उल्लेख आता है। जब राजा दशरथ की श्रीराम के वियोग में मृत्यु हो जाती है और उनकी अन्त्येष्टी संस्कार कर्म हेतु राजा भरत जो अपने नाना के यहाँ रहते थे, को अयोध्या नगरी बुलाया जाता है। राजा भरत के राजग्रह नगर (वर्तमान बिहार में) से अयोध्या नगरी तक की यात्रा मार्ग में आने वाले जिन तीर्थों का उल्लेख हुआ है। वे इस प्रकार है- नगर के नाम- हस्तिनापुर, पांचालदेश कुरुजांगल, कैकयदेश, राजगृह, कुलिंग, अमरपर्वत, शल्यकर्षण, उज्जैन, सर्वतीर्थ, प्राग्वटनगर, धर्मवर्धन, जम्बुप्रस्थ, लोहित्य, एकसाल आदि आदि । सरोवर व नदियों के नाम- - मालिनी, तमसा, गंगा, कैशिकी सरयु, पुष्कर सरोवर, यमुना, (55 वें सर्ग) शरदण्डा (वर्तमान नाम शारदा), इक्षुमती, विपाशा (व्यास), शतद्रु नदी(सतलज), शिला शिलावहा, कुलिंग, महान्दी कुटिकोष्टिका, उत्तानिका नदी, कपीवती, स्थाणुमती, गौमती आदि ।

पर्वत के नाम- चित्रकुट पर्वत, सुदामा पर्वत, अपरताल पर्वत, प्रलम्बगिरी पर्वत आदि। वृक्ष व वन के नाम- श्यामवट(यमुना के तट पर), चित्रकुटवन, तेजोऽभिभवन, चैत्ररथ भारुण्डवन, वरुथ, सालवन। आश्रम के नाम- भरद्वाज आश्रम, (गंगा, यमुना, प्रयाग संगम के समीप), पर्णशाला (चित्रकुट)[xxiii] अयोध्यापुरी लौटने के पश्चात् जब राजा भरत को श्रीराम का अपनी पत्नी सीता व भाई लक्ष्मण सहित वनवास जाने का तथा स्वयं का राजा के पद पर अभिषेक किये जाने का समाचार प्राप्त होता है तो वे क्षुब्ध हो जाते है और भरद्वाज मुनि से भेंट करने (सर्ग 91वें) उनके आश्रम में पहुँचते है। वहाँ पर उनके स्वागत सत्कार के लिए आयी हुई कुछ पवित्र नदियों का, वनों का, वृक्षों का, पर्वतों का उल्लेख होता है। जिनमें मलय दुर्दर पर्वत,[xxiv] बेल, कैथ, कहटल, आवंला, विजौरा,[xxv] बहेडे, देवदारु, ताल-तिलक, तमाल, पीपल, शिशपा, आमलकी, जम्बुवृक्ष[xxvi] तथा नन्दन वन वर्णित है। आगे इसी क्रम में श्रीभरत की चित्रकुट यात्रा का (सर्ग 93वें) वर्णन आता है जिसमें

अनेक पर्वतों, वन्य जीवों, मृग, रुरु नामक मृग[xxvii] आदि का उल्लेख है। 94वें सर्ग में चित्रकुट की शोभा का वर्णन आता है। चित्रकुट की शोभा में अनेक वृक्षों आम, जामुन, असन, लोध, प्रियाल, कटहल आदि[xxviii] का उल्लेख होता है। 95वें सर्ग में मन्दाकिनी नदी की शोभा का वर्णन आता है। अरण्यकाण्ड के षोडश सर्ग में गोदावरी नदी का महात्म्य का उल्लेख आता है। 22वें सर्ग में जन स्थान व पंचवटी नगर का उल्लेख आता है। अरण्यकाण्ड में पंचत्रिंश सर्ग (35वें) में दक्षिणदिशा में व्याप्त (हिन्द महासागर) समुद्रतटवर्ती प्रांत[xxix] का उल्लेख आता है। यहाँ के वृक्षों में कदलीवन, नारियल के वृक्षों का नामोल्लेख हुआ है और विदित है कि भारत के दक्षिणी भाग में कदली वनों तथा नारियल के वृक्षों की बाहुलता पाई जाती है।

अरण्यकाण्ड के पश्चात् किष्किन्धाकाण्ड में पम्पासरोवर तीर्थस्थल का उल्लेख आता है। जहाँ पर श्रीराम सीताजी के वियोग में पीडित होते हुए दिखायी देते है। पम्पासरोवर की शोभा वर्णन में अनेक वृक्षों तथा जलीय जीवों का भी नामोल्लेख मिलता है। किष्किन्धाकाण्ड के 40वें सर्ग से लेकर 45वें सर्ग जिसमें राम की आज्ञा हेतु सुग्रीव चारों दिशाओं में व्याप्त समुद्रतट, नदियां, पर्वत, वृक्ष, वन्यजीव, वन, नगर आदि का उल्लेख आता है जिसमें पूर्ववर्णित नदियाँ, ब्रह्ममाल, विदेह मालव, काशी, कोसल, मगध, पुण्ड्रदेश, अंगदेश आदि उत्तर दिशा के जनपद,[xxx] शिशिर, मैनाकपर्वत, हिमालयपर्वत, सुमेंरुपर्वत, क्षीरसागर, इक्षुरस रस से परिपूर्ण सागर, शालमलद्वीप, सूवर्णमय उदयगिरी पर्वत, सुदर्शन द्वीप आदि का वर्णन आता है। किष्किन्धाकाण्ड के पश्चात् रामायण के युद्धकाण्ड में दक्षिण भारत के विभिन्न तीर्थों का नामोल्लेख आता है जिनमें हिन्दमहासागर, कन्याकुमारी, रामेश्वरम् उनके द्वारा बनाया गया सेतु (आज के समय में आदम पूल के नाम से विख्यात) श्रीलंका आदि तीर्थो का वर्णन हैं। इस प्रकार रामायण में रामकथा के प्रसंग में श्रीराम जहाँ-जहाँ जाते है, उनकी चरण पादुका पड़ती है और विभिन्न लीलाएं रची जाती है। कालान्तर में ये सभी स्थल तीर्थ रूप में परिवर्तित हो गए, तथा राम भारतवर्ष में कण कण में विराजमान है, चाहे वह मूर्तरूप हो या अमूर्तरूप। इसीलिए पुरुषों में पुरुषोत्तम भगवन् श्रीराम को मर्यादापुरुषोत्तम कहा जाता है। सम्पूर्ण भरतवर्ष राममय है और उनका देवत्त्व स्थान स्थान पर तीर्थस्थलों के रूप में दिखाई देता है।

**महाभारत में तीर्थ स्थल**

महाभारत ज्ञान का महाभण्ड़ार है। संसार की ऐसी कोई विषय वस्तु बची नहीं है जिसका उल्लेख महाभारत में न हो। इस ग्रंथ के विषय में कहा गया है कि जो सर्वत्र है वह महाभारत में है और जो महाभारत में नहीं है वह अन्यत्र कहीं नहीं। और भी कहा गया है-

**तस्य प्रज्ञामिपन्नस्य विचित्रपदपर्वणः ।**

**सूक्ष्मार्थन्याय युक्तस्य वेदार्थैर्भूषितस्य च ।।**[xxxi]

**भारतस्येतिहास्य श्रुयतां पर्वसग्रहः ।**

**पर्वानुक्रमणी पूर्व द्वितीयः पर्वसंग्रहः ।।**[xxxii]

यह महाभारत विराट ज्ञानकोश है। इसमें सूक्ष्म से सूक्ष्म पदार्थ है और उनका अनुभव कराने वाली युक्तियाँ भरी हुई है। इसका एक-एक पद और पर्व आश्चर्य जनक है तथा यह वेदों के धर्ममय अर्थ से अलंकृत है। महाभारत में विभिन्न प्रसंगों को लेकर उनकी विस्तारपूर्वक वाक्यरचना की गई है। उन्हीं प्रसंगों में एक महत्वपूर्ण प्रसंग है 'तीर्थ यात्रा'। इसमें पूर्णतीर्थो, पवित्र देशों, वनों, पर्वतों, नदियों और समुद्रों के नामोल्लेख के साथ उनके महात्म्य का भी वर्णन किया गया है। यथा-

**तीर्थानां नाम पूण्यानां देशानां चेह कीर्तिनम् ।**

**वनानां पर्वतानां च नदीनां सागरस्य च ।।**[xxxiii]

महाभारत में तीर्थयात्रा या तीर्थ स्थलों से संबंधित पर्वों तथा उपपर्वों में कुरुराज का तीर्थयात्रा पर्व-(वन पर्व)[xxxiv] जम्बुखण्ड़ विनिर्माण पर्व,[xxxv] भूमिपर्व, (द्वीपों का विस्तार विवरण), सारस्वत पर्व (विभिन्न तीर्थों का वर्णन)[xxxvi] दिग्विजयपर्व सभापर्व भीष्मपुलस्त्य ऋषि तीर्थ यात्रा पर्व आदि वर्णित है। महाभारत के वनपर्व में तीर्थयात्रा विषयक अध्याय है जिसमें वह वर्णित किया गया है कि तीर्थयात्रा किन्हें, किस प्रकार व कहाँ से शुरु करनी चाहिए तथा किन लोगों को तीर्थयात्रा का फल प्राप्त होता है। तीर्थयात्रा सेवीजन के लिए तीर्थयात्रा करने से पूर्व मानसिक शुद्धि का होना अनिवार्य बताया है। तत्पश्चात् तीर्थयात्री को अपनी तीर्थयात्रा पुष्कर तीर्थ से प्रारम्भ करनी चाहिए। पुष्कर तीर्थ से प्रारम्भ करने का मुख्य कारण इस तीर्थ की पवित्रता का होना बताया गया है। पुष्कर तीर्थ के विषय में महाभारत वर्णन किया गया है-

**दशकोटिसहस्राणि तीर्थानां वै महामते ।**

**सांनिध्यं पुष्करे येषां त्रिसंधयं कुरुनंदन ।।**[xxxvii]

अर्थात् पुष्कर में तीनों समय दस सहस्त्र तीर्थों का निवास रहता है। इसीलिए यात्रा को यहाँ से आरम्भ करने के लिए कहा गया है। और भी-

**त्रीणि श्रंगाड्णि शुभ्राणि त्रीणि प्रस्त्रवणानि च ।**

**पुष्करयाण्यिादिसिद्धाणि न विज्ञस्तत्र कारणम् ।।**[xxxviii]

अर्थात् तीन शुभ्र पर्वतशिखर, तीन सोते और तीन पुष्कर ये आदि सिद्ध तीर्थ है। अर्थात् तीर्थों में श्रेष्ठ तीर्थ पुष्कर तीर्थ को माना गया है। यह प्राचीनकाल से ही आदिसिद्ध तीर्थ है। अतः तीर्थयात्री को अपनी यात्रा पुष्कर तीर्थ से प्रारम्भ करनी चाहिए अथवा यों कह सकते है कि सर्वप्रथम पितरों को प्रणाम कर पितृ तीर्थ की यात्रा करनी चाहिए। तत्पश्चात् महाभारत निर्दिष्ट तीर्थों की क्रमशः यात्रा करनी चाहिए अर्थात् जिस प्रकार महाभारत के 'तीर्थयात्रा' वनपर्व में जिस क्रम में तीर्थ स्थल निर्दिष्ट किए गए है, उसी क्रम में तीर्थयात्रा करनी चाहिए। उदाहरण के लिए- पुष्कर तीर्थ से जम्बु मार्ग- तन्दुलिकाश्रम- अगस्त्य सरोवर- कण्वाश्रम- ययातिपतन तीर्थ- महाकालतीर्थ- कोटितीर्थ- स्थाणु तीर्थ- नर्मदातट तीर्थ- चम्बल- आबुपर्वत- महर्षि वशिष्ठ आश्रम- प्रभास तीर्थ- सरस्वती व समुद्र का संगम- अरब सागर-द्वारका- पिण्डारकतीर्थ- दमीतीर्थ- वसुधारातीर्थ- सिन्धुत्तम् तीर्थ- भद्रतुंगातीर्थ- शक्रकुमारिका तीर्थ-रेणुकातीर्थ- भीमाशंकर(पूना)तीर्थ- विमलतीर्थ- वितस्तातीर्थ (झेलम)- रूद्रपदतीर्थ- देविकातीर्थ- कामतीर्थ- दीर्घसत्रतीर्थ-विनशन (सरस्वती)तीर्थ- शशयानतीर्थ- कुमारकोटितीर्थ- रुद्रकोटि- अवसानतीर्थ आदि।[xxxix] विदित हो कि यह यात्रा भारत के पश्चिम दिशा से प्रारम्भ होकर उत्तर दिशा में समाप्त होती है। उपरोक्त वर्णित तीर्थ स्थल भारत के पश्चिम दिशा से उत्तर दिशा के मार्ग में पड़ते है। और ये महाभारतकालीन नाम है तो कालान्तर में परिवर्तित हो गए और कुछ आज भी उन्हीं नामों से जाने जाते है यथा- द्वारिका, प्रभासतीर्थ, पुष्करादि।

महाभारत में बड़े बड़े तीर्थ स्थलों में व्याप्त छोटे-छोटे तीर्थ स्थलों ग्रामों, आश्रमों, नदी, तटों, नदी-घाटों का भी विस्तृत वर्णन किया गया है। उदाहरण के लिए कुरुक्षेत्र, समन्तपंचक तीर्थ की सीमा में स्थित तीर्थ (सततीर्थ, पारिप्लवतीर्थ, दशाश्वमेघतीर्थ, वाराहतीर्थ, कृतशौचतीर्थ, वंशमूलक तीर्थ, लोकोद्वारतीर्थ, श्रीतीर्थ, आदि आदि।) गंगा के प्रमाणकोटि तीर्थ के तीर्थ स्थल, नर्मदा तट के तीर्थ स्थल, सरस्वती के तीर्थ स्थल आदि। कहने का तात्पर्य है कि महाभारत में तीर्थ स्थलों की सूची का भण्डार है जिन्हें किन्हीं विशेष सीमा में परिसीमित नहीं किया जा सकता। रामायण में जिस प्रकार श्रीराम की यात्रा के मार्ग में आने वाले तीर्थों से तीर्थ स्थलों का पता चलता है वहीं महाभारत में तो भारत तथा उसकी बाहरी सीमा में व्याप्त तीर्थों

की पूरी सूची ही प्रस्तुत की गई है। अर्थात् रामायण में उत्तर से दक्षिण के तीर्थ स्थल उल्लेखित है और महाभारत में चारों दिशाओं में व्याप्त तीर्थों के भी सूक्ष्म तीर्थों का वर्णन विस्तारपूर्वक किया है जिनका इस लेख में संक्षिप्त रूप से विवेचन किया गया है। इन समस्त तीर्थों की तीर्थयात्रा करना एक मनुष्य जन्म में संभव नहीं है अतः जो व्यक्ति भारत के जिस भाग में दिशा में निवास करता है अपनी सुविधानुसार महाभारत निर्दिष्ट उस दिशा के तीर्थों की यात्रा करके भी मोक्ष प्राप्ती कर सकता है। इस प्रकार महाभारत में चारों दिशाओं में व्याप्त तीर्थों का वर्णन तथा इसका माहात्म्य को वर्णित किया गया है।

**निष्कर्ष-** इस प्रकार आर्ष महाकाव्यों में अनेक तीर्थों स्थलों का वर्णन प्राप्त होता है। जो भारतीय सनातन संस्कृति को अंगीकार करते है और जनसमूह तीर्थयात्रा कर अपने पुण्यों का संचय करते है। तथा पापों की निवृत्ति। यह तीर्थ हमारी भक्तिभावपूर्ण व श्रद्धापूर्ण संस्कृति के अनादिकाल से वैभवशाली केंद्र रहें है। इन तीर्थों के स्मरण मात्र से मन की शुद्धि हो जाती है फिर यात्राफल के विषय में तो क्या कहना? ये समस्त देवत्व एवं ऐतिहासिक स्थल हमारी संस्कृति के गौरव का गान युगों-युगों से करते आ रहें है।

## सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूची

[i] मनुस्मृति-12.106

[ii] संस्कृत हिन्दी शब्द कोश

[iii] अमरकोश-3.1.80.2.2

[iv] महाभारत, 132.17.405

[v] भट्टोजी दीक्षित, उणादि, 2/7

[vi] अमरकोश- नानार्थवर्ग, 3.3.86.2.1

[vii] भट्टोजी दीक्षित, उणादि, 2/7

[viii] मनुस्मृति-3.130

[ix] वाल्मीकि रामायण,युद्धकाण्ड,128.107

[x] वाल्मीकि रामायण,युद्धकाण्ड,128.112

[xi] रामायण, बालकाण्ड, 2.15

[xii] ध्वन्यालोक-1.5

[xiii] महाभारत (आदिपर्व)-62/53

[xiv] महाभारत (आदिपर्व)-1/264, 65, 66

[xv] महाभारत (आदिपर्व)-1/264, 65, 66

[xvi] महाभारत/ आदि पर्व/ अनु./102-103

[xvii] महाभारत/ आदि पर्व/ अनु./105-106

[xviii] महाभारत/ आदि पर्व/ अनु./107

[xix] वाल्मीकि रामायण, बालकाण्ड, 2.20

[xx] वाल्मीकि रामायण, 1.61.3

[xxi] वाल्मीकि रामायण, 2.46.1

[xxii] वाल्मीकि रामायण, 2.46.2

[xxiii] वा. रामायण /2/68-70 वें सर्ग

[xxiv] वाल्मीकि रामायण, 2.91.24

[xxv] वाल्मीकि रामायण, 2.91.30

[xxvi] वाल्मीकि रामायण, 2.91.50-51

[xxvii] वाल्मीकि रामायण/ 93/ 2

[xxviii] वाल्मीकि रामायण, 194/ 8-10

[xxix] वाल्मीकि रामायण, 3/ 35/ 12

[xxxi] महाभारत/आदिपर्व/ पर्वसंग्रह/40-41/1

[xxxii] महाभारत/आदिपर्व/ पर्वसंग्रह/40-41/1

[xxxiii] वहीं / अशावतरण पर्व /62 वां अध्याय

[xxxiv] महाभारत/आदिपर्व/ पर्वसंग्रह / 52

[xxxv] महाभारत/आदिपर्व/ पर्वसंग्रह / 67

[xxxvi] महाभारत/आदिपर्व/ पर्वसंग्रह /72

[xxxvii] महाभारत / वनपर्व/ तीर्थयात्रा/ 82/2

[xxxviii] महाभारत / वनपर्व/ तीर्थयात्रा/ 38

[xxxix] महाभारत/आदिपर्व/ तीर्थयात्रा/88 वां अध्याय

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# संस्कृत नाटकों में प्राकृत भाषा की प्रासंगिकता



**वीरेन्द्र सिंह**
**शोध–छात्र (संस्कृत विभाग)**
**जीवाजी विश्वविद्यालय,**
**ग्वालियर (म.प्र.)**

**शोध निर्देशक**
**प्रो. (डा.) मनीष खैमरिया**
**विभागाध्यक्ष संस्कृत**
**महारानी लक्ष्मीबाई शास. उत्कृष्ट**
**महाविद्यालय ग्वालियर (म.प्र.)**

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 13-17
Publication Issue :
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 01 Jan 2021
Published : 05 Jan 2021

**शोध सार** – संस्कृत भाषा को सृजनात्मक रूप देने में शताब्दियाँ गुजर गयीं मानव इतिहास के विकास में मौलिक योगदान रहा है। मानव जाति की प्राचीनतम् पुस्तक ऋषि की ऋचाओं के जन्मदाताओं ने अपने मौलिक विचारों, भावों, कल्पनाओं और धारणाओं को मूर्तरूप देने के लिए उस समय की शैशव कालीन अनधिवसित भाषा को सशक्त बनाने में कितना श्रम किया होगा। प्राकृत और संस्कृत का यह मैत्रीबंधन सृजनात्मक साहित्य में विशेष रूप से दृष्टिगोचर होता है। नाटकों में दोनों भाषाओं का योगपद्य और अलंकारशास्त्रों से सैद्धान्तिक उदाहरण के लिए प्राकृत साहित्य का उपयोग निःसंशय सिद्ध करता है कि एक के ज्ञान के बिना दूसरे का ज्ञान अपूर्ण माना जाता रहा। सृजनात्मक साहित्य के अतिरिक्त, जैन धर्म दर्शन के क्षेत्र में प्राकृत का ही साम्राज्य था। अतः दार्शनिक विभिन्न प्रस्थानों के आचार्यों के लिए भी प्राकृत का ज्ञान अपरिहार्य था।

**मुख्य बिन्दु** – सृजनात्मक, नाटकों में, अलंकार शास्त्रों, प्राकृत साहित्य, सर्जनात्मक, प्रस्थानों के, आचार्यों के, अपरिहार्य।

प्राकृत भाषा का सम्बन्ध प्राचीनकाल से साहित्य की विभिन्न विधाओं से रहा है। जिनकी मुख्य विधाओं में काव्य, नाटक, व्याकरण एवं अलंकार में इस भाषा का महत्व है। (१८वीं शताब्दी तक)

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

संस्कृत महाकाव्यों की शैली पर ही प्रायः प्राकृत भाषा में काव्य–साहित्य की रचना हुई है। इस काव्य–साहित्य के सृजन का प्रारम्भ ईसा की पहली शताब्दी से प्रारम्भ होता है। इस प्रकार का साहित्य धार्मिक उपदेशों एवं धार्मिक चरितों से सम्बद्ध न होकर एक स्वतन्त्र रचना है। सरसता की दृष्टि से प्राकृत–काव्यों का विशेष महत्व है। ''इसमें श्रृंगार रस को विशेष स्थान मिला है। प्रायः इस युग में मुक्तक काव्यों की रचना हुई, जिनका कोई पूर्वापर सम्बन्ध नहीं होता तथा जो एक ही पद्य में पाठक को चमत्कृत कर देने की क्षमता रखते हैं। इन काव्यों में गीतात्मकता का पुट होने से गेय तत्व का भी समावेश है।''[१]

संस्कृत नाटकों में प्राकृत भाषा का विशेष महत्व रहा। इसकी शुरूआत अश्वघोष, भास, शुद्रक, कालिदास, श्रीहर्ष, भवभूति, विशाखदत्त, भट्टनारायण, सोमदेव आदि नाटक कार्यों के साहित्य में प्राकृत भाषा पायी जाती है। विशुद्ध प्राकृत भाषा में लिखे कर्पूरमंजरी, विलासवती, चन्द्रलेखा, अनन्त सुन्दरी और सिंगारलञ्जरी, इन पॉच सट्टकों में से विलासवती को छोड़कर अवशिष्ट चार सट्टक उपलब्ध हैं। नाट्यशास्त्र के टीकाकर अभिनवगुप्त ने (ई. की १०वीं शताब्दी) सट्टक को नाटिका के समान बताया है। हेमचन्द्र ने काव्यानुशासन में कहा है कि सट्टक की रचना एक ही भाषा में होनी चाहिए।

''संस्कृत नाटकों में प्राकृत भाषाओं का प्रथम नाटकीय प्रयोग संस्कृत नाटकों में उपलब्ध होता है। भरतमुनि ने अपने नाट्यशास्त्र (१७.३१.४३) में धीरोदात्त और धीर प्रशान्त नायक, राजपत्नी, गणिका और श्रोत्रिय ब्राह्मण आदि के लिए संस्कृत तथा श्रमण, तपस्वी, भिक्षु, चक्रधर, भागवत, तापस, उन्मत, बाल, नीच, ग्रहों से पीड़ित व्यक्ति, स्त्री, नीज जाति और नपुसंकों के लिए प्राकृत बोलने का निर्देश किया है।''[2]

संस्कृत नाटकों के अध्ययन करने से पता लगता है कि इन नाटकों में उच्च वर्ग के पुरूष, अग्रमहिषियाँ, राजमन्त्रियों की पुत्रियाँ और वेश्याएँ संस्कृत तथा साधारणतया स्त्रियाँ, विदुषक, श्रेष्ठी, नौकर–चाकर आदि निम्न वर्ग के लोग प्राकृत में बातचीत करते हैं। कालिदास द्वारा रचित नाटकों में प्राकृत भाषा सभी अद्यम पात्रों द्वारा बोली जाती है। इन नाटकों में धूर्त, विट, पाखण्डी, चेट, चेटी, विट, नपुंसक, भूत, प्रेत, पिशाच, विदूषक, हीन पुरूष आदि द्वारा कालिदास द्वारा रचित संस्कृत नाटकों में प्राकृत भाषा आदि पात्रों द्वारा बोली जाती है।

कालिदास ने अपने नाटकों में प्राकृत भाषा का प्रयोग किया जिसका सम्बन्ध अद्यम पात्रों से है। उनके सभी नाटकों में गौण पात्र प्राकृत भाषा का प्रयोग करते हैं। जिसके द्वारा विभिन्न विचारों को व्यवहारिकता वार्तालापता एवं रूपयाकता को व्यक्त करते हैं। इनकी रचनाओं में गद्य के लिए प्रायः शौरसेनी

और पद्य के लिए प्रायः महाराष्ट्री का प्रयोग मिलता है। जिसे निम्न श्लोक के माध्यम से व्यक्त किया जा रहा है।

शकुन्तला महाराष्ट्री में गाती है–

**"तुज्भ्त ण जाणो हिअअं मम उण कामो दिवापि रतिम्मि।**
**णिग्घिण तवई बलीअं तुइ वुत्तमणोरहाइ अंगाइं।।"[3]**

इसी क्रम में मालविकाग्निमित्रम् और विक्रमोर्वशीयम् नाटकों में अद्यम पात्रों के द्वारा प्राकृत भाषा का प्रयोग किया है। जिसमें परिचारिका, विदूषक, चेटी आदि सभी प्राकृत भाषा बोलती है। विक्रमोर्वशीयम् में रम्भा, मेनका, चित्रलेखा, उर्वशी आदि अप्सरायें राज–महिषी, किराती, तापसी आदि स्त्री पात्र तथा विदूषक प्राकृत भाषा बोलते हैं। अपभ्रंश में कुछ सुन्दर गीत है–

**"हउं पइं पुछिछामि व्यावखहि गअवरू**
**ललिअपहारे णसिअतरुवरु।**
**दूरविणिज्जि अससहरकन्ती**
**दिट्ठी पिअ पइं समुहु जन्ती।।"[4]**

भास ने भी अपने नाटकों में प्राकृत साहित्य का प्रयोग किया है। जिसमें निःसंदेह रूप से उनके नाटकों में शौरसेनी व्याकरण पायी जाती है। चाँरूदत्त और बसन्त सेन के प्रेम का मार्मिक चित्रण किया है। जिसे निम्न प्रकार से व्यक्त किया गया है–

**"चिट्ठ चिट्ठ वशञ्चशेणिए। चिट्ठ**
**किं याशि धावशि पधावशि पक्खलन्ती**
**शाहु प्पशीदण मलीअशि चिट्ठ दाव।**
**कामेण शम्पदि हि जज्झइं मे शलीलं**
**अंगालमज्भ्तपडिदे विअ चम्मखंडे।।"[5]**

प्राकृत साहित्य का इतिहास भास के नाटकों के अतिरिक्त अन्य नाटक कार्यों ने भी उसे प्रयोग किया है। सुद्रक ने मृच्छकठिकम् में प्रयोग किया है। जिसमें विभिद्यता और सापेक्षता है। इसके अलावा ग्रियर्सन ने भी अपने विचारों के द्वारा भारतीय प्राकृत भाषा को अपने नाटकों में वरियता दी है। मृच्छकटिकम् नाटक में राजा का साला शकार मागधी में वसन्त सेना वैश्या का चित्रण किया है जो अद्योलिखित है–

**''एशा णाणकमूशि–कामकशिका मच्छाशिका लाशिका।**
**णिण्णाशा कुलणाशिका अवशिका कामस्स मञ्जूशिका।**
**एशा वेशवहू शुवेशणिलआ वेशंगणा वेशिआ**
**एशे शे दश णामके मयि कले अज्जावि मं णेच्छदि।।''[6]**

इसी क्रम में भवभूति ने अपने नाटकों में प्राकृत भाषा का प्रयोग उनके नाटकों में मिलता है। भवभूति के नाटक महावीरचरितम्, मालतीमाधवम् और उत्तररामचरितम् नाटकों में संस्कृत भाषा के साथ–साथ प्राकृत भाषा का प्राधान्य पाया जाता है। संस्कृति के आदर्श पर उन्होंने शौर सेनी प्राकृत भाषा का प्रयोग किया है। भरत के नाट्यशास्त्र में शट्टक और नाटिका का उल्लेख नहीं मिलता है। इससे स्पष्ट होता है कि भरत ने इन भाषाओं का उल्लेख नहीं किया है। टीका कार्य अभिनव गुप्ता ने संस्कृत और प्राकृत दोनों ही अपनी भाषा के माध्यम से उन भाषाओं को व्यक्त किया है।

''साहित्य दर्पण (६.२७६–२७७) के अनुसार राट्टक पूर्णतया प्राकृत में ही होता है और अद्भुत रस की इसमें प्रधानता रहती है। कर्पूरमजरीकार (१.६) ने सट्ट को नाटिका के समान बताया है। जिसमें प्रवेश और विष्कभ नहीं होते हैं। सट्टक में अंक को यवनिकांतर कहा जाता है। प्राय किसी नायिका के नाम पर ही सट्टक का नाम रखा जाता है।''[7]

कालिदास के अतिरिक्त भवभूति ने अपने नाटकों में प्राकृत भाषा का प्रयोग किया जिसका सम्बन्ध जीवन के विभिन्न के विभिन्न गुण विषयों में दिखलाई पढ़ता है। प्राकृत की व्याकरण छन्दकोष तथा अलंकारग्रन्थ ६ शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी तक प्राकृत व्याकरण की सहायता से जो सुनिश्चित और सुगठित रूप संस्कृत को मिला, प्राकृत उससे वंचित रह गई। व्याकरणों में वररूचि को प्राकृत व्याकरण सबसे अधिक व्यवस्थित और प्रामाणिक है। लेकिन इसके सूत्रों से अश्वघोष के नाटक खरोष्ट्री लिपि के धम्मपद और अर्धमागधी में लिखे हुए जैन आगमों आदि की भाषाओं पर कोई प्रकाश नहीं पड़ता। अवश्य ही पैशाची भाषा – जिसका कोई भी ग्रन्थ उपलब्ध नहीं है – के नियमों का उल्लेख यहाँ मिलता है। इससे प्राकृत व्याकरणों की अपूर्णता का ही घोतन होता है।

मार्कण्डेय, भरत, कोहल, वरूचि, भामा और बसन्त राज ने प्राकृत व्याकरणाचार्य थे जिन्होंने अपनी क्षमता के द्वारा प्राकृत व्याकरण को व्यक्त किया है। प्राकृत व्याकरण अंग्रेजी साहित्य के विभिन्न विद्वानों ने ठवददए भ्तकल एवं म्सपवज ने प्राकृत व्याकरण का प्रयोग किया। भाषा के अध्ययन के लिये व्याकरण की भाँति कोश का अध्ययन भी आवश्यक है। वैदिक शब्दावली को समझने के लिये निघण्टुकोश की रचना की गई। जिस पर यास्क ने टीका लिखकर शब्दों को व्युत्पत्तिपूर्वक सिद्ध किया।

संस्कृत और प्राकृत भाषा का आपस में सम्मिश्रण है, अधिकतर नाटककारों ने अपने नाटकों उन्हें दैदीप्यमान करने का प्रयास किया जिसमें प्राचीनता और आधुनिकता का ऐतिहासिक स्वरूप दिखलाई पड़ता है। वर्तमान समय में दोनों भाषाओं की साहित्य के क्षेत्र में पराकाष्ठा है। जो व्याकरण और भाषा की दृष्टि से परिवेस्ठित है।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. राम पाण्डेय, राम अवध मिश्र रविनाथ – पालि प्राकृत अपभ्रंश संग्रह – प्रकाशन विश्वविद्यालय प्रकाशन चौक वाराणसी – संस्करण – २००६ ई. पृ.सं. ४२
2. राम पाण्डेय, राम अवध मिश्र रविनाथ – पालि प्राकृत अपभ्रंश संग्रह – प्रकाशन विश्वविद्यालय प्रकाशन चौक वाराणसी – संस्करण – २००६ ई. पृ.सं. ४३
3. जैन जगदीश चन्द्र – प्राकृत साहित्य का इतिहास – चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी – संस्करण २०१४ – पृ.सं. ५१४
4. जैन जगदीशचन्द्र – प्राकृत साहित्य का इतिहास – चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी – संस्करण २०१४ – पृ.सं. ५२१–५२२
5. जैन जगदीशचन्द्र – प्राकृत साहित्य का इतिहास – चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी – संस्करण २०१४ – पृ.सं. ५१२
6. जैन जगदीशचन्द्र – प्राकृत साहित्य का इतिहास – चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी – संस्करण २०१४ – पृ.सं. ५२०
7. जैन जगदीशचन्द्र – प्राकृत साहित्य का इतिहास – चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी – संस्करण २०१४ – पृ.सं. ५२१

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# 'Why' Loknayak Jai Prkash Narayan Is Relevant Today



**Rajan Kumar**

**M.A. History, B.Ed., UGC-NET in History**

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 18-23
Publication Issue :
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 01 Jan 2021
Published : 10 Jan 2021

The history of socio-economic development of our country has many ups and downs. And from time to time, many such persons were born, who with their thoughts and lives influenced not only to the Indian society but become inspiration for the whole world. Jai Prakash Narayan was such a social thinker and leader who started the major socio-political revolution in the time when our country was under dark scenes of poverty, unemployment, corruption, homelessness, dictatorship, inequality and insecurity and attracted the whole world seeing and seeing as soon as he popularly known as the "Loknayak" The World Leader. He was the leader of Total Revolution in India. He was an Indian independence activist, theorist and political leader, remembered especially for leading the mid-1970s opposition against Prime Minister Indira Gandhi, for whose overthrow he called a "total revolution"

## I. INTRODUCTION

In last few years India has emerged as most influential nation of the world and continually moving forward. India is the world's largest democracy and according to UN estimates, its population is expected to overtake China's in 2028 to become the world's most populous nation. As a rising economic powerhouse and nuclear-armed state, India has emerged as an important regional power. But it is also tackling huge, social, economic and environmental problems. India is ranked 32nd with an aggregate score of 7.81/10 in the Democracy Index 2016 compiled by the Economist Intelligence Unit which ranks world's 167 countries on varied parameters. According to the 2016 Report published by OPHI, India has the highest multidimensional poverty after Afghanistan in South Asia. Nearly 54% of the Indian population is multidimensional poor compared to 66% in Afghanistan. The United Nations International Labour Organisation (ILO) released its 2017 World Employment and Social Outlook report which says - "Unemployment in India is projected to increase from 17.7 million last year to 17.8 million in 2017 and 18 million next year. India fell 21 places on the World Economic Forum's Global Gender Gap index to 108 – far below the global average and much behind its neighbours China and Bangladesh. India has been ranked 131st out of 188 countries in

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

the 2017 Human Development Index. This paper is primarily focused on giving empirical details on contribution of JP national building and how his ideas on society, democracy and transformation in society is relevant today.

## II. Brief Life Sketch of JP:

पारिवारिकसामजिकजीवने स्त्रीणां पुरुषेण साकं विविधः सम्बन्धो दृश्यते । येनाधारेण नारीणां भिन्नम्भिन्नं रुपं नाम च सामाजिकस्तरे आयाति , यथा माता, भगिनी , कन्या , पत्नी प्रभृतिरुपेण । मातृस्वरुपा स्त्री पुरुषेण निरन्तरं सम्मानिता पूजिता च प्रभवति । भगिनी, तनया च रुपेण सा प्रेमास्पदस्याधिकारिणी , भार्यारुपेण पुरुषस्य स्वामिनीति द्योतते ।[i] अर्थात् स्त्रीभिः सर्वदा भर्त्रा संरक्षिता सहानुभूतिः सम्मानश्च प्राप्यते । स्वकीयभर्तृप्रियकार्यतत्परताऽनुसृतानारीणामेतादृशङ्कर्तव्यमस्ति । प्रसङ्गेऽस्मिन् रामायणे निगद्यते यथा –

**भर्ता हि खलु नारीणां गुणवान्निर्गुणोऽपि वा ।**
**धर्म विमृशमानानां प्रत्यक्षं देवि दैवतम् ॥ (राः माः २/६२.८ )**

शतपुत्राणाञ्जननी भूतेऽपि पतिविरहिता स्त्री दुःखम्प्राप्नोति । पितामाताभ्राता चादौ स्थितेऽपि सा सततं भर्तुसहयोगमपेक्षते , यतः पाणिगृहीतस्त्रीणां कृते तासाम्भर्ता पूजयेत् । अतोहि—

**नापतिः सुखमेघेतं या स्यादपि शतात्मजा ।**
**मितन्ददाति हि पिता मितं माता मितं सुतः ।**
**अमितस्य हि दातारं भर्तारं का न पूजयेत् । ( राः माः २.९३.३० )**

स्त्रीभिर्वधुरुपेण वयश्रेष्ठानां सेवा शुश्रूषा , भार्यारुपेण भर्तुरिच्छानुरुपं कार्यं तथा मातारुपेण सन्तानसन्तोतिपालनपोषणं विधीयते । याऽवधारणा केवलमद्यतने युगे नास्त्यपितु सहस्रवर्षपूर्वेभ्यो वैदिकयुगेऽप्यासीत् । तदानीन्तनसमये स्त्री गृहात् कदापि न वर्हिगता परन्तु वर्तमाने काले स्त्री पुरुषेण समं वर्हिगत्वा प्रत्येकं क्षेत्रे कार्येरताऽस्ति । एतदतिरिक्तं पतिव्रतास्त्रीतः सदा अपेक्षते पत्नीरुपेण तस्याः धर्मपालनम् , यतोहि समाजे स्त्रियः पतिव्रतपालनं वैवाहिकजीवनस्यावश्यकमङ्गं वर्तते । यस्य पालनं प्रत्येकं युगे स्त्रीभिरेवमेव स्वीक्रियते । पतिकर्तव्यपालनरता-श्रेष्ठगृहिणीनां गुणस्य परिगण्यते नाट्यकारेण विशाखदत्तेन—

**गुणपत्युपायनिलय स्थितिहेतोः साधिके त्रिवर्गस्य ।**

**मदभवन नीतिविद्ये कार्य्यादार्य्ये द्रुतमुपैहि ॥ ( मुद्राराक्षसम् )**

अर्थाद् गृहिणी गुणवती, सर्वेषामुपायानां कारणस्वरुपा , स्वर्गस्थितेः कारणभूतधर्मार्थकामस्य साधिका , गृहस्थनीतिविद्यायां पारदर्शिता तथा सर्वकार्ये शिक्षादात्रीरूपेण विभाव्यते ।

**किमिति समाजे नारीभिः प्राप्ता स्वतन्त्रता**

प्रकृति-पुरुषस्य मध्ये यथैव शारीरिकसंरचनाशक्तेरन्तरमस्ति तथैव स्त्रियाम् जीवनपद्धतौ अन्तरमस्ति , परन्तु तस्य प्रभावः पारिवरिकसामाजिकस्थित्योपरि स्वाभाविकं वर्तते । प्राप्तसाक्ष्याधारोपरि नारीस्वातन्त्रदृष्टितः ऋग्वैदिकसमाजेन पर्याप्तोदाहरणं दीयते । परन्तु उत्तरवैदिकसमाजे शनैः शनैः स्त्रियः स्थितिरपकर्षति । अवान्तरकाले स्त्रीस्थितेः पतनं भवति यत् महाकाव्यकालं पर्यन्तमागते तस्याधिकारं पूर्ववर्तीयुगस्यापेक्षा नूनतरं भवति । यतो रामायणे महाभारते च कुत्रापि तु स्त्रीनिन्दा परिलक्ष्यते । अन्यत्र स्त्रीरहितो गृहं वनसदृशरुच्यते । [ii] मातृस्वरुपा स्त्री श्रेष्ठा मार्गदर्शिका उद्यते । [iii] तनयाकृते महाभारते सुवचनं कथ्यते--- **“ नित्यं निवसते लक्ष्मीः कन्यकासु प्रतिष्ठिता ” ।**

प्राचीनभारतीयसमाजे तथा वैदिकसमाजेऽपि पर्दाप्रथाया अस्तित्वं कुत्रापि नासीत् , अस्य प्रमाणं ऋग्वेदस्य दशममण्डले प्राप्यते । [iv] परवर्तीसाहित्ये कुत्राप्यस्याः प्रथाया उल्लिख्यते , कुत्रापि नास्ति । यथा रघुवंश-

नैषधचरितादि- महाकाव्ये स्वयम्बरप्रथा प्रमाणीक्रियते यत् तस्मिनसमये स्त्रिः सुसज्जितसभायां स्वकीयमनोवचो वक्तुमधिकारिण्यासीत् , परन्तु भारते इस्लामशासकानामागमने प्रदाप्रथाया आविर्भावः परिलक्ष्यते। एवं शनैः शनैः भारतीयसंस्कृते परपुरुषस्य समक्षे विवाहितानारीणामवगुण्ठनमवश्यमेव करणीयमिति प्रचल्यते।

**नारीणां चलनं कथं भवितव्यम् --**

अस्मिनविषये पूर्वे वेदे उद्धरणं सम्प्राप्यते—

**अधः पश्यस्व मोपरि सन्तरां पादकौ हरः।**
**मा ते कशप्लेकौ दृशन् स्त्री हि व्रह्मा वभुविथ ॥**

मन्त्रेऽस्मिन् नारीणां शीलं सम्यक्तया विभाव्यते। अर्थात्

१. स्त्रियः सततं स्वकीया दृष्टिरधः स्थापयेद् , उपरि नास्ति नीचैः दृष्टि स्थापना लज्जाशालीनतायाश्च चिह्नं भवति। उपरि दर्शनं निर्लज्जताशालीनतायाश्च द्योतको वर्तते।

२. स्त्रीणां चलनकाले द्वौ पादौ मिलित्वा वहुसावधानतया चलेयुः , चञ्चलताभावं मा प्रदर्शेयुः।

३. स्त्रियामनेन प्रकारेण वस्त्राणि परिधातव्यानि, यथा- तासां गुप्ताङ्गाः स्तनोदरपृष्टदेशोर्वादि न दर्शयनं करणीयमस्ति। स्वकीयाङ्गस्य प्रदर्शनं विलासितालम्पटतायाश्च परिचयोऽस्ति।

५. नारीणां कृतेऽधिकं प्रतिवन्धनं किमर्थम् ? एतादृशी कठोरसाधना कथम् ? अस्याः जिज्ञासायाः समाधाने वक्तुम शक्यते यत् नारी व्रह्माऽस्ति , सा जीवननिर्मात्री सृष्टिकत्री च, यदि नारी इतस्ततो भवति तर्हि सृष्टेः विनाशमवश्यमेव भविष्यति।

**अद्यतनं नारीणां वस्त्रपरिधानविषये काचित् स्थिति:--**

आधुनिकसामाजिकजीवने नारीणां वस्त्रपरिधानविषये प्रतिगृहे वहुसमस्याऽऽगता। ताभिरनिशं " अशैलीभङ्गिमामधिकृत्य वस्त्राणि परिधीयन्ते। ग्रामे अल्पवयसियुवतीनां मध्ये अशैलीभङ्गिमा किञ्चिदल्पं , परन्तु नगरेऽधिकतमं दरिदृश्यते। सामन्यतमो ग्राम्यनारीभि र्लज्जाशीला भूयते, अतः ताभिः वस्त्रपरिधानविषये परिवारस्य सम्मानसंस्कारश्च विचिन्त्य ऊरीक्रियेते। सम्प्रति ग्रामीयनारीणां किञ्चित् परिवर्तनं संलक्ष्यते। नगरीयविवाहितानारीभिरर्धवस्त्राणि सततं परिधत्तानि। ताभिः कदापि स्वकीयपरिवारस्य विषये न मन्यते। विभिन्नेष्वत्सवेषु स्त्रिभिः मदिरापानमपि कृतमासीत् , एतादृशी परम्परा प्राचीनकालादेव वर्तते , किन्तु प्राचीनकालीयनारीभिराधुनिकीनारीसदृशो नासीदपितु ताः सततं कुलमर्यादासम्पन्नभूता आसन्। अस्मिन् विषये रघुवंशमहाकाव्याद् उद्धरणं प्रदीयते---

**सुवदनावदनासवसम्भृतस्तदनुवादिगुणः कुसुमोदगमः।**
**मधुकरैकरोन्मघु लोलुपैर्पकुलमाकुलमायपंक्तिभिः॥**

साम्प्रतिकसमये विलासभोगिस्त्रियो रात्रौ क्लावं गच्छन्ति । समयातिवाहनस्य कृते महत्वपूर्णमेकं स्थानं नाइट्क्लावो वर्तते। तत्र प्रगम्य मद्यपाने, नृत्येऽन्यकुकर्मणि चानिशं लिप्ताः सन्ति। ताभिः मद्यपानं विना किमपि कर्तुं न शक्यन्ते। एतादृशोऽनाचारः तासां न शोभनीयकरणीयश्च। साम्प्रतिकीस्त्रियः सामान्यप्रमण्डलजातद्रव्यानि व्यवहर्तुं न काङ्क्ष्यन्ते , ताभिः वैदेशीयजातवहुमूल्यद्रव्यानि व्यवह्रियन्ते। तस्मात् कारणाद् अधिकापव्ययार्थं मिथः प्रायशः कलहो भवति। एषो भारतीयनारीणांकृते कलङ्को वर्तते। शृङ्गाराभूषणमत्यावश्यकं नारीणां परन्तु तासां भर्तुरर्थोनैतिकावस्थां दृष्ट्वा व्ययः करणीयः। अद्यतनं दृश्यते यद् अधिकतया स्त्रीः अपरस्त्रियोऽलंकारादि संदृश्य स्वकीयार्थं वाञ्छति। अस्यामेषो महान् दोषः। यस्मात् सपरिवारे मनमालिन्यं प्रचलति। सैव सुगृहिणी वुद्धिमती च नारी भवति या अनावश्यकद्रव्यानि न क्रीणाति। ताः सर्वदा सुखिनो भवन्ति।

प्राचीनमहाकाव्ये वर्णितं परिवारस्य स्वरुपं पितृमूलकमासीत्। यत्र पितैव गृहस्थस्वामी तथा पुरुषप्रधानसमाजासीत्। तस्मिन् समये भर्तुः प्रियकार्यं स्वकीयपत्नी कृता, श्वशुरशुश्रूषा सन्ततिपोषणादि कार्यं कृत्वा स्वयमेवाधिकारिण्यभवत्। अतः पत्नी गृहृण्यत्युच्यते – **"पूजनीया महाभागाः पुण्याश्च गृहदीप्त्यः" (महाभारत ५.३८) महाभारते उच्यते – " गृहे सर्वे तिष्ठन्तोऽपि पत्नीं विना गृहं रसहीनं तथा मरुस्थलसदृशो दृश्यते "।** अतो वक्तुं शक्यते प्राचीनसमये यतोहि पुरुषप्रधानसमाजासीत् किन्तु परिवारे नारीणां स्थिति कदापि निकृष्टा नासीत्। यतो मनुना कथ्यते – **" यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता "।** परन्तु अर्वाचीनसमये सपरिवारे तासां स्थिति सततं निकृष्टा वर्तते। ताभिः कदापि गुरुश्रेष्ठानां प्रति न सत्क्रियते। साम्प्रतिकसमये काषांचन्-भारतीयनारीणां जीवने शनैः शनैः वहूनि परिवर्तनान्यागतानि सन्ति। भारतीयनारीभिः स्वकीयाधिकारार्थं प्रयतनं कर्तुं शक्यते। ताभिः स्वकीयजीवनमग्रसरायोत्तममार्गे प्रव्रज्यते। अग्रे साफ्यलताऽपि सम्प्राप्यन्ते। अद्यतने समये पूर्णरुपेण ताः स्वतन्त्रता वर्तते, तथा प्रत्येकं कार्ये वहुकुशलिन्यापि सन्ति। तासामधिकशिक्षाग्रहणार्थं सर्वकारेणानेका योजना आनीयते। अतोऽधिकतया महिला सुशिक्षिता जाता। ताः कस्मिन्नपि कार्ये पश्चात् नाग्रसरति। एवमेव नारी सम्प्रत्यागामिनीकालेऽपि सततं शक्तिरुपेण प्रतिभास्यते।

**समाजे नारीणां महत्वमाचारव्यवहारश्च।**

यथा झांसी लक्ष्मीवाई इतिहासे चिराय तस्याः नारीशक्तिः त्यागश्च सिद्धिक्रियते स्म। वास्तवसमाजे दमनविरोधो वा प्रगतिशीलनवीनविचारधारा-स्वीकरणमाधुनिकता वर्तते। यदि महिलया किञ्चिदुच्यते क्रियते च तर्हि कथञ्चित् केनोऽपि अङ्गुलिः प्रदर्श्यते। यतोहि रामायणे श्रीरामेणपि जनकतनयासीताया अग्निपरीक्षाकृत्य प्रमाणीक्रियते यत् नारीणां महत्वं केवलं पुरुषेणनिर्मितपरम्परायां आवद्धिभूतनिवसनं तासां कर्तव्यं विद्यते। परन्तु समय इदानीं परिवर्तते, अतः ताभिः सर्वमिदमुपेक्ष्य गृहतः वर्हि निर्गम्याधुनिकतायाः परिचयोपस्थाप्यते।
फलतोऽद्यतनीयनारीभिः पुरुषेण समं प्रत्येकं कार्ये अन्योन्यं मिलित्वा क्रियते तथा विज्ञानप्रयुक्तिविद्यया सह प्रायशः सर्वत्र स्वकीयोपयोगिता विधीयते। सा

समाजं राष्ट्रं वा यत् सिद्धं कृत्वा दर्शयति , शक्तितरुत क्षमतादृष्टितः पुरुषादपि किञ्चिदल्पं नास्ति । अस्माभिः सर्वैः ज्ञायते यत् सम्प्रति सदगुणसम्पन्ना-सुविचारसम्पन्ना-सुशीला –सच्चरित्रयुक्ता-लज्जाशीला-विनम्रसम्पन्नानारी वहु अल्पं मिलति । ग्रामे तथा नगरेऽपि दृश्यते अद्यतनीयनारीभिः स्वपितुरिच्छानुसारेण पाणिग्रहणं कर्तुं नेष्यते , ताभिः स्वकीयरिच्छानुसारेणोपयम्यते । अथवा नारीपुरुषौ उभयोः स्वेच्छाकृतो गृहाद् वर्हि पलायेते, परन्तु प्राचीनकाले एषा परम्परा नासीत् । वर्तमाना- भारतीयनारीं मध्ययुगीयनारीव पर्दायां सामाजिकबन्धने शिक्षाया च प्रतारितं न शक्यते । एवं तस्याः चित्रपतङ्गसदृशरुड्डयनं न शोभते । शीललज्जे नारीणां आभूषणे स्तः । परिवारगठनपोषणञ्च तस्याः सहजदायित्वं वर्तते । व्यवहारकुशलता तस्याः पत्युः पूरकोऽस्ति । सा गृहलक्ष्मी निर्मित्य स्वकीयपरिवारस्य देशस्य चाधिकं कल्याणं कर्तुं शक्यते , न तु मेमसाहवतुल्य । एषो भारतीयनारीणामुत्तमादर्शो भवितुं शक्नोति । गृहस्थाश्रमधर्मे केवलं न अपितु वानप्रस्थधर्मपालनेऽपि भारतीयनारीभिः पूर्णसहयोगं कृत्वा परिवारेषु आनन्दसुखशान्तिश्च प्रदीयन्ते । सा नारी यदि कुलटा, व्यभिचारिणी, भवति तर्हि पुरुषस्यजीवनं नारकीयः प्रभवति । एता दुर्गुणाः सम्प्रत्याधुनिकभारतीयनारीणां मध्ये संदृश्यन्ते । यतोहि संलक्ष्यते

**लज्जा वासो भूषणं शुद्धशीलं पादक्षेपो धर्ममार्गे च यस्याः ।**
**नित्यं पत्युः सेवनं मिष्टवाणी धन्या सा स्त्री पूतयत्येव पृथ्वीम् ॥**

महर्षिगर्गं प्रति भगवता श्रीशङ्करेणोद्यते

**यदगृहे रमते नारी लक्ष्मीस्तद्गृहवासिनी ।**
**देवताः कोटिशो वत्स न त्यजन्ति गृहं हि तत् ॥**

व्यभिचारीणां स्त्रीणां कृते महान् दोषः तथा सतीत्वस्य नाशको वर्तते । वर्तमाने समाजे तामन्तरा परपुरुषसेवनमधिकतया दरीदृश्यते , यद् आचरणं लोकनिन्दायाः तथा विनाशस्य

प्रधानं कारणमस्ति । अपि तु कुसङ्गता अर्थात् परनिन्दाकारिणी, परपुरुषाणां प्रशंसाकारिणी, इतस्ततः मुधा परिभ्रमनकारिणी, अतिकलहकारिणी, नारी सर्वतो ध्वंसते ।

**उपसंहृतिः** – स्वतन्त्रतानन्तरं भारतीयमहिलया स्वकीयमहिमा सम्प्राप्ताऽस्ति । भारतीयसंविधानेन सा समानाधिकारो दीयते । तस्याः हीनतायाः स्थितिरिदानीमानन्देन समाप्ता जाता । भारतस्य विभिन्नेषु स्थानेषु अस्याः समानतायाः फलं परिलक्ष्यते । ताभिः सम्प्रत्यधिकतया विभिन्नकार्यस्थले सुधिकारिण्याः कृते योग्यसम्मानोऽधिगम्यते । महिलाभिः स्वकीयां चिकित्सिका , न्यायाधीशा , आईए.एस अधिकारिणी, प्राचार्या इत्यादिनी रुपेण समाजे विभिन्नस्थाने स्थापनं क्रियते । सर्वकारेण ताः वहुसुविधा अवसरोऽपि प्रयच्छ्यते । महिलाः वित्तीयदेयता इदानीं न मन्यन्ते । पुरुषेण कार्यालये तथा विभिन्नव्यवसायिकस्थलेऽपि महिलानां कृते प्रतीक्ष्यते । अस्माकं समाजे जीवने च महिला जन्मनः मृत्युपर्यन्तं महती भूमिका निर्वापयति । स्वकीयतायाः सर्वासां भूमिकायां निपुणता दर्शयत्यपि अद्यतनीयाधुनिकयुगे महिला पुरुषस्य पृष्ठतो दृश्यते । पुरुषप्रधानसमाजे महिलायाः योग्यता पुरुषात् न्यूनं विद्यते । यद्यस्माभिः अद्यत्वावस्था पौराणिकसमाजस्य स्थित्या सह उपमीयते तर्हि सम्प्रति स्पष्टरुपेणावश्यमेव किञ्चित् परिवर्तनं परिलक्ष्यते ।

## सन्दर्भः

---

i . नापति सुखमेधेतं या स्यादपि शतात्मजा ।
मितं ददाति हि पिता मितं माता मितं सुतः ।
अमितस्य हि दातारं भर्तारं का न पूजयेत् ॥ रामा० २.३९.३०-३१

ii . पुत्रपौत्रवधूभृत्यैराकीर्णमपि सर्वतः ।
भार्याहीनगृहस्थस्य शून्यमेव गृहं भजेत् । महाभारत् १२.४.४

iii . नास्ति मातृसम गुरुः। माता गरीयसी यच्च तेनैतां मन्यते जनः । महाभारत १३.११.१४

iv . सुमङ्गलीरियं वधुरिया समेत पश्यत ।
सौभाग्यमस्यै दत्वायाऽथास्तं विपरेत न ॥ ऋक्० १०.८५.३३

# सन्दर्भग्रन्थसूची

१. ऋग्वेदः- डा. गङ्गा सहाय शर्मा , संस्कृत साहित्यप्रकाशनम् , नव दिल्ली ११०००२. २०१६.

२. नैषधचरितम्- डा. समीरकुमारो दत्तः , संस्कृत वुकडिपो, कलकाता-७०००० ६ , २००२.

३. मनुस्मृतिः - डा. अन्नदाशंकरः पाहाडी , संस्कृत वुकडिपो, कलकाता-७०००० ६. २०००५.

४. महाभारतम् - डा. सत्येन्द्रनाथः सेनः , साक्षरता प्रकाशनम्, ६०, पटुयाटोला लेन् , कलकाता७००००९, १९८२.

५. मुद्राराक्षसम् - डा. उदयचन्द्रो वन्द्योपाध्यायः, अनीता वन्द्योपाध्यायः, संस्कृत वुकडिपो, कलकाता-७००००६, २००८.

६. रघुवंशम् - आचार्यो धारादत्तो मिश्रः , श्री जनार्दन पाण्डेय, मोतिलालो वनारसी दासः , दिल्ली,२००२.

७. श्रीमद्वाल्मीकिरामायणम् – चतुर्वेदी द्वारकाप्रसादः शर्मा , रामनारायण लालः प्रकाशनम् , इलाहावादः १९२७, २०००.

८. श्रीमद्भगवद्गीता- स्वामी श्री अडगडा नन्दः , महिन्द्रा इंटरप्रकाशनम् , लालवागः मुम्बई-४०००२२, २००४.

९. सिद्धान्तकौमुदी – डा. सत्यरञ्जनो वन्द्योपाध्यायः , संस्कृत -पुस्तक –भाण्डारम् , कलकाता- ७०००६ , २०११.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# पारिवारिक वातावरण के सन्दर्भ में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन

**डॉ0 प्रेमचन्द्र यादव**
**एसोसिएट प्रोफेसर**
**शिक्षक–प्रशिक्षण विभाग**
**गाँधी स्मारक पी0जी0 कालेज, मालटारी, आजमगढ़ (उ0प्र0)**

**विनय प्रकाश यादव**
**एम0एड्0, नेट (शिक्षाशास्त्र)**
**शोध–छात्र (शिक्षाशास्त्र) शोध–केन्द्र**
**गाँधी स्मारक पी0जी0 कालेज, मालटारी, आजमगढ़ (उ0प्र0)**
**वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि0वि0**
**जौनपुर (उ0प्र0)**



**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 46-54

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 16 Jan 2021
Published : 30 Jan 2021

**सारांश –** प्रस्तुत अध्ययन का शीर्षक ''पारिवारिक वातावरण के सन्दर्भ में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन'' है। उद्देश्य के रूप में लिंग के आधार पर प्रभाव को जानने का प्रयास किया गया है। प्रस्तुत शैक्षिक शोध में वर्णनात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। जौनपुर जनपद में स्थित यू0पी0 बोर्ड से सम्बद्ध माध्यमिक विद्यालयों के सभी छात्र–छात्राओं को प्रस्तुत अध्ययन के परिणामों के सामान्यीकरण हेतु जनसंख्या माना गया है। जौनपुर जनपद में स्थित यू0पी0 बोर्ड से सम्बद्ध माध्यमिक स्तर के दो विद्यालयों का आकस्मिक न्यादर्शन विधि द्वारा चयन किया गया है। पुनः प्रत्येक विद्यालय से 25–25 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जिसमें इस प्रकार कुल 50 छात्र एवं 50 छात्राओं का चयन यादृच्छिक न्यादर्श विधि से किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं के पारिवारिक वातावरण को मापने के लिए डॉ0 बीना शाह (प्रोफेसर एवं हेड), इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांसड् स्टडीज इन एजूकेशन, एम.जे.पी. रूलेहखण्ड यूनिवर्सिटी, बरेली द्वारा निर्मित 'फैमिली क्लाइमेट स्केल' तथा शैक्षिक उपलब्धि के रूप में विद्यार्थियों के कक्षा–10 की परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक को सम्मिलित किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में आँकड़ों के विश्लेषण एवं उनकी व्याख्या हेतु टी–अनुपात एवं एनोवा (प्रसरण) सांख्यिकी विधियों का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि लिंग के आधार पर पारिवारिक वातावरण का प्रभाव सम्पूर्ण विद्यार्थियों, छात्रों एवं छात्राओं पर सार्थक रूप से पड़ता है।

**की–वड**ेर् **–** पारिवारिक वातावरण, माध्यमिक स्तर, छात्र–छात्राएँ, शैक्षिक उपलब्धि।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**प्रस्तावना—** परिवार, बालक का प्रथम पाठशाला है, परिवार में बालक के छोटे, बड़े भाई, बहिन एवं माता, पिता, चाचा, चाची होते है। जिनके आचार— विचार, व्यवहार का प्रभाव बालकों की शिक्षा पर पड़ता है, परिवार में बालक की आदतों का निर्माण होता है, उसके व्यक्तित्व का विकास होता है, परिवार से ही उसका समाजीकरण प्रारम्भ होता है, परिवार में रहकर ही बालक के चरित्र का निर्माण होता है तथा उसके सामाजिक गुणों का अभ्युदय होता है।

परिवार के स्नेहपूर्ण वातावरण से प्रभावित होते हुए वह अपने परिवार की भाषा, सांस्कृतिक वेश—भूषा, आचार—विचार, आहार—विचार तथा रुचियों का स्वाभाविक रूप से ग्रहण कर लेता है। इस प्रकार पारिवारिक शिक्षा बालक के व्यक्तित्व की ऐसी आधारशिला बन जाती है जिसमें वह जीवन— पर्यन्त कभी नहीं भूलता। चूँकि प्रत्येक परिवार के प्रभाव अलग—अलग होते हैं, इसलिए एक बालक दूसरे बालकों से विभिन्न होता है। **रेमण्ड** ने ठीक ही लिखा है— ''दो बालक एक ही स्कूल में भले ही पढ़ते हो, एक से ही शिक्षकों से प्रभावित होते हों, एक साथ अध्ययन करते हों, फिर भी सामान्य ज्ञान, रुचियों, भाषा व्यवहार तथा नैतिकता ने अपने—अपने अलग—अलग पारिवारिक वातावरण के कारण, जहाँ से आते है पूर्णतया भिन्न होते है।''

शिक्षा जगत में परिवार अनौपचारिक साधन के रूप में प्राथमिक पाठशाला का स्थान उसी समय से ग्रहण करता चला आ रहा है, जब से संसार में मानव जीवन के अस्तित्व की कल्पना की जा सकती है। बालक की शिक्षा की श्रीगणेश परिवार में ही होता है। परिवार में माता अपने बालक की शिक्षा का प्रथम स्त्रोत होती है। माता रूपी गुरु के द्वारा प्रेमपूर्वक प्राप्त की हुई शिक्षा को बालक कभी नहीं भूलता। उसके व्यक्तित्व पर इसी शिक्षा की अमिट छाप लग जाती है। यही कारण है कि विभिन्न शिक्षाशास्त्रियों ने बालक की शिक्षा में परिवार की मुक्त कण्ठ से प्रशंसा करते हुए उसके महत्त्व का अनेक प्रकार गुणगान किया है।

**पेस्टालॉजी** का विचार है कि, शिक्षा का आयोजन उसकी माता के प्यार भरे वातावरण में हुआ था। अतः उसने पारिवारिक वातावरण में प्राप्त की हुई शिक्षा को सर्वोत्तम मानते हुए लिखा है— ''परिवार— प्यार तथा स्नेह का केन्द्र, शिक्षा का सर्वोत्तम स्थान तथा बालक का प्रथम स्कूल है।''

उपर्युक्त विचारों के विचारों से परिवार की शिक्षा का महत्त्व स्पष्ट हो जाता है। प्राचीन भारत में भी परिवार सामाजिक—आर्थिक तथा धार्मिक सभी प्रकार की शिक्षा का केन्द्र था। छत्रपति शिवाजी में वीरता के गुण उसकी माता जीजाबाई ने ही भरे थे। गाँधी जी की नैतिक तथा धार्मिक शिक्षा उनकी माता के ही द्वारा प्रदान की गई थी। इसी शिक्षा के कारण गाँधी जी जी के उज्ज्वल चरित्र का निर्माण हुआ जिसके परिणामस्वरूप वह एक महान व्यक्ति एवं राष्ट्रपिता कहलाये। रामायण, गीता, महाभारत एवं वेदों में भी परिवार के महत्त्व का गुणगान किया गया है। राम, लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न एवं सीता में प्रेम, त्याग, सहनशीलता एवं बंधुत्व की भावनाओं को माताओं ने ही विकसित किया था। संक्षेप में कहा जा सकता है कि बालक की शिक्षा में परिवार के वातावरण का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

प्रस्तुत अध्ययन में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की पारिवारिक वातावरण का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन का अध्ययन किया गया है। जहाँ तक पारिवारिक वातावरण का प्रश्न है तो पारिवारिक वातावरण ही बच्चों के शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक के साथ—साथ शैक्षिक कार्यों पर सार्थक प्रभाव डालता है। जैसा कि वर्तमान समय में अंग्रेजी माध्यम का प्रचलन अधिक बढ़ गया है वहीं सभी माता—पिता अपने बच्चों के शिक्षा के लिए जागरूक हो चुके है और वे अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा व्यवस्था कर रहे है एवं उन्हें शैक्षिक कार्यों में आने वाले बाधाओं को अपने भरसक हटाने तथा उन्हें एक अच्छी शिक्षा व्यवस्था का दिलाने का प्रयास कर रहे है। कुछ शोधों से इंगित होता है कि पारिवारिक वातावरण का बच्चों के शैक्षिक कार्यों पर सार्थक एवं सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। **ताज (1999).** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि माता—पिता तथा बालकों के मध्य अर्न्तसम्बन्धों का शैक्षिक निष्पत्ति पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है। **इलिगविलियि और अकोडा (2001)** ने ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि पिता की उपस्थिति तथा अनुपस्थिति का विद्यार्थियों की गणित तथा अंग्रेजी भाषा की निष्पत्ति पर प्रभावी

अंतर पड़ता है। **बॉरवरा (2001)** ने ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि साक्षर माता–पिताओं के बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि उच्च रहती है। तथा यह भी तथ्य प्राप्त किया गया कि अशिक्षित माता–पिता अपने व्यस्त कार्यक्रमों के कारण अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरुक नहीं हैं। **अनोला और नुरमी (2004)** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि माताओं का अपने बच्चों पर सख्त उनके गणित विषय में निष्पत्ति को कम कर देता है। **हारग्रोव, इंमान तथा क्रेन (2005)** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि पारिवारिक सम्बन्ध (उस अंश तक, कि जिस सीमा तक परिवार के सदस्य अपनी भावनाओं और समस्याओं को व्यक्त करने क लिए प्रोत्साहित किये जाते हैं) किशोरों के कैरियर निर्धारण तथा उसकी योजना बनाने में सूक्ष्म किंतु शक्तिशाली भूमिका अदा करते हैं। **केन, पामेला ई. डेविस (2005)** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि अभिभावक के शैक्षणिक क्षमता का बच्चों के शैक्षिक उपलब्धि से सम्बन्धा पाया गया जबकि अप्रत्यक्ष रूप से अभिभावक से उम्मीद एवं अभिभावक व्यवहार का भी प्रभाव पाया गया। **अरडन, सोलेक और स्कोइनफेल्डर (2007)** ने सांस्कृतिक कारकों पीढ़ीगत स्तर, मूल देश के अनुसार परिवार के प्रभाव का अभिप्रेरणा स्तर तथा उपलब्धि स्तर पर भिन्न प्रभाव पड़ता है। **दौलता, मीना (2008)** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि विद्यार्थियों के अच्छे पारिवारिक वातावरण का उनके विद्यालयी उपलब्धि के मध्य सार्थक एवं धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया। **सिंह, कुँवर आनन्द (2008).** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि छात्रों के गणित विषय की निष्पत्ति पर उनके ''घर के वातावरण तथा आयोजन'' एवं ''एकाग्रता की आदत'' का प्रभाव पड़ता है। **सिंह, सजीव (2008).** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि पिताओं द्वारा उच्च एवं निम्न एकाग्रता पारिवारिक सम्बन्धों की छात्राओं की बुद्धि में अन्तर है तथा अच्छे पारिवारिक (स्वीकृति) सम्बन्ध किशोरों के मानसिक विकास में प्रभावी भूमिका निभाते हैं। **सिंह, नीलम (2013).** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि उच्च पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की बुद्धिलब्धि निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की बुद्धिलब्धि से अधिक होती है। **एगुनसोला (2014)** ने ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् कृषि विज्ञान के विद्यार्थियों के अभिभावकों के शैक्षणिक योग्यता, व्यवसाय एवं गृह–स्थिति का उनके शैक्षिक उपलब्धि के मध्य धनात्मक एवं सार्थक सहसम्बन्ध पाया गया। **कुमार एवं लता (2014)** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि किशोरों के उच्च अनुभव एवं स्वस्थ पारिवारिक वातावरण के किशोरों की शैक्षिक उपलब्धि निम्न पारिवारिक वातावरण की अपेक्षा उच्च पाया गया। **युनुस एवं बाबा (2014)** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि विद्यालयी वातावरण एवं पारिवारिक वातावरणका विद्यार्थियों के खराब शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव डालता है। **आर.ई. ईला (2015)** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि सरकारी माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों के परिवार आकार का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव पाया गया। **कमुती, मुसीली, जेरोमे (2015).** ने अपने अध्ययन में इंगित किया कि अभिभावक के आर्थिक स्थिति का विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर सार्थक प्रभाव पाया गया। जिस बच्चे की फीस एवं अधिक सामग्री सही समय पर उपलब्ध कराई जाती है उनकी शैक्षिक उपलब्धि उच्च पायी गयी।

अतः अन्य शोधों के निष्कर्षों से ज्ञात होता है कि माध्यमिक स्तर पर छात्र–छात्राओं के जीवन में पारिवारिक वातावरण का विशेष महत्त्व है जहाँ उच्च पारिवारिक वातावरण होती है तो वहाँ छात्र–छात्राओं के शारीरिक, मानसिक के साथ–साथ उनके शैक्षिक उपलब्धि पर सार्थक एवं धनात्मक प्रभाव पड़ता है वहीं दूसरी ओर जहाँ पारिवारिक वातावरण निम्न या मध्यम पायी जाती है तो वहीं छात्र/छात्राओं के बुद्धिलब्धि, रूचि, शैक्षिक अभिप्रेरणा, मानसिक स्वास्थ्य, शैक्षिक उपलब्धि मध्यम एवं निम्न पाया जाना स्वाभाविक है।

**समस्या कथन–**

**''पारिवारिक वातावरण के सन्दर्भ में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि का अध्ययन''।**

**अध्ययन का उद्देश्य–**

प्रस्तुत अध्ययन में निम्नलिखित उद्देश्यों का अध्ययन किया गया है–

1. माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
2. माध्यमिक स्तर के छात्रों के पारिवारिक वातावरण का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
3. माध्यमिक स्तर के छात्राओं की पारिवारिक वातावरण का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।

**अध्ययन की परिकल्पनाएँ–**

प्रस्तुत अध्ययन की शून्य परिकल्पना निम्नवत है–

1. माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर नहीं है।
2. माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों के शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर नहीं है।
3. माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर नहीं है।

**प्रस्तुत अध्ययन की विधि–**

प्रस्तुत शैक्षिक शोध में वर्णनात्मक अनुसंधान के अन्तर्गत सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

**जनसंख्या**

जौनपुर जनपद में स्थित यू0पी0 बोर्ड से सम्बद्ध माध्यमिक विद्यालयों के सभी छात्र–छात्राओं को प्रस्तुत अध्ययन के परिणामों के सामान्यीकरण हेतु जनसंख्या माना गया है।

**न्यादर्श**

जौनपुर जनपद में स्थित यू0पी0 बोर्ड से सम्बद्ध माध्यमिक स्तर के दो विद्यालयों का आकस्मिक न्यादर्शन विधि द्वारा चयन किया गया है। पुनः प्रत्येक विद्यालय से 25–25 विद्यार्थियों का चयन किया गया है जिसमें इस प्रकार कुल 50 छात्र एवं 50 छात्राओं का चयन यादृच्छिक न्यादर्श विधि से किया गया है।

**शोध में प्रयुक्त उपकरण**

प्रस्तुत अध्ययन में माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं के पारिवारिक वातावरण को मापने के लिए डॉ0 बीना शाह (प्रोफेसर एवं हेड), इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांसड् स्टडीज इन एजूकेशन, एम.जे.पी. रूलेहखण्ड यूनिवर्सिटी, बरेली द्वारा निर्मित 'फैमिली क्लाइमेट स्केल' का प्रयोग किया गया है।

**शैक्षिक उपलब्धि–**

शोधकर्त्ता द्वारा के शैक्षिक उपलब्धि के रूप में विद्यार्थियों के कक्षा–10 की परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक को सम्मिलित किया गया है।

**प्रयुक्त सांख्यिकी विधियाँ–**

प्रस्तुत अध्ययन में आँकड़ों के विश्लेषण एवं उनकी व्याख्या हेतु टी–अनुपात एवं एनोवा (प्रसरण) सांख्यिकी विधियों का प्रयोग किया गया है।

**प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या–**

**उद्देश्य–1 माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण का का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन**

**$H_1$ माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।**

**$H_{01}$ माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर नहीं है।**

**सारणी सं0 –4.1**

**माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर को दर्शाते हुए एफ–अनुपात**

| स्रोत | df | SS | MS | F | सारणी मान |
|---|---|---|---|---|---|
| समूहों के मध्य | 2 | 61351.65 | 30675.82 | 42.21* | F.05(2,97)=3.09 |
| समूहों के अन्दर | 149 | 108297.19 | 726.83 | | |
| **कुल** | **151** | **169648.84** | **31402.65** | | |

*.05 स्तर पर सार्थक

सारणी संख्या 1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि एफ–अनुपात का मान 42.21 हैं, जो .05 सार्थकता स्तर पर df =2, 97 पर सारणी मान 3.09 से अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना निरस्त की जाती है। इस सार्थक एफ अनुपात के आधार पर कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में भिन्नता है।

**सारणी सं0 – 1.1**

**माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के मध्यमानों के अन्तर का टी–अनुपात**

| क्र.सं. | चर | न्यादर्श (N) | मध्यमान (M) | $\sigma_D$ | D | t-मान | सार्थक / असार्थक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्च | 32 | 79.25 | 6.33 | 13.85 | 2.19 | सार्थक |
| | मध्यम | 42 | 65.40 | | | | |
| 2. | उच्च | 32 | 79.25 | 7.12 | 24.13 | 3.39 | सार्थक |
| | निम्न | 26 | 55.12 | | | | |
| 3. | मध्यम | 42 | 65.40 | 6.73 | 10.29 | 1.53 | असार्थक |
| | निम्न | 26 | 55.12 | | | | |

सारणी संख्या 1.1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि के मध्यमानों के मध्य टी–मान क्रमशः 2.19, 3.39 एवं 1.53 है।

सार्थक युग्म तुलना से यह स्पष्ट हैं कि उच्च पारिवारिक वातावरण वाले छात्र–छात्राएँ मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि अधिक है। सारणी से स्पष्ट हैं कि उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि एक–दूसरे से भिन्न है। जबकि मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में समानता है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि उच्च, मध्यम एवं निम्न आत्म– सम्प्रत्यय वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में भिन्नता है अर्थात् आत्म– सम्प्रत्यय का विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि को प्रभावित करता है।

**उद्देश्य–2 माध्यमिक स्तर के छात्रों के पारिवारिक वातावरण का का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन**

**$H_2$ माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।**

**$H_{02}$ माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर नहीं है।**

**सारणी सं0 –2**

**माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर को दर्शाते हुए एफ–अनुपात**

| स्रोत | df | SS | MS | F | सारणी मान |
|---|---|---|---|---|---|
| समूहों के मध्य | 2 | 2891.76 | 1445.88 | 18.42* | F.05(2,47)=3.21 |
| समूहों के अन्दर | 47 | 3688.74 | 78.48 | | |
| **कुल** | **49** | **6580.50** | **1524.36** | | |

*.05 स्तर पर सार्थक

सारणी संख्या 2 के अवलोकन से स्पष्ट है कि एफ–अनुपात का मान 18.42 हैं, जो .05 सार्थकता स्तर पर df =2, 47 पर सारणी मान 3.09 से अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना निरस्त की जाती है। इस सार्थक एफ अनुपात के आधार पर कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में भिन्नता है।

**सारणी सं0 – 2.1**

**माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि के मध्यमानों के अन्तर का टी–अनुपात**

| क्र.सं. | चर | न्यादर्श (N) | मध्यमान (M) | $\sigma_D$ | D | t-मान | परिणाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्च | 17 | 77.71 | 3.00 | 10.32 | 3.44 | सार्थक |
| | मध्यम | 18 | 67.39 | | | | |
| 2. | उच्च | 17 | 77.71 | 3.14 | 18.97 | 6.05 | सार्थक |
| | निम्न | 15 | 58.73 | | | | |
| 3. | मध्यम | 18 | 67.39 | 3.10 | 8.66 | 2.79 | सार्थक |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | निम्न | 15 | 58.73 | | | | |

सारणी संख्या 2.1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि के मध्यमानों के मध्य टी–मान क्रमशः 3.44, 6.05 एवं 2.79 है। सार्थक युग्म तुलना से यह स्पष्ट हैं कि उच्च पारिवारिक वातावरण वाले छात्र–छात्राएँ मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि अधिक है। सारणी से स्पष्ट हैं कि उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि एक–दूसरे से भिन्न है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि उच्च, मध्यम एवं निम्न आत्म– सम्प्रत्यय वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में भिन्नता है अर्थात् आत्म– सम्प्रत्यय का छात्रों के शैक्षिक उपलब्धि को प्रभावित करता है।

**उद्देश्य–3 माध्यमिक स्तर के छात्राओं के पारिवारिक वातावरण का का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन**

**$H_3$ माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है।**

**$H_{03}$ माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर नहीं है।**

**सारणी सं0 –3**

**माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर को दर्शाते हुए एफ–अनुपात**

| स्रोत | df | SS | MS | F | सारणी मान |
|---|---|---|---|---|---|
| समूहों के मध्य | 2 | 5739.91 | 2869.95 | 19.22* | F.05(2,47)=3.21 |
| समूहों के अन्दर | 48 | 7166.25 | 149.30 | | |
| **कुल** | **50** | **12906.16** | **3019.25** | | |

*.05 स्तर पर सार्थक

सारणी संख्या 3 के अवलोकन से स्पष्ट है कि एफ–अनुपात का मान 19.22 हैं, जो .05 सार्थकता स्तर पर df =2, 47 पर सारणी मान 3.21 से अधिक है। अतः शून्य परिकल्पना निरस्त की जाती है। इस सार्थक एफ अनुपात के आधार पर कहा जा सकता है कि माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में भिन्नता है।

**सारणी सं0 – 3.1**

**माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि के मध्यमानों के अन्तर का टी–अनुपात**

| क्र.सं. | चर | न्यादर्श (N) | मध्यमान (M) | $\sigma_D$ | D | t-मान | सार्थक / असार्थक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्च | 14 | 81.50 | 4.22 | 20.60 | 4.89 | सार्थक |
| | मध्यम | 21 | 60.90 | | | | |
| 2. | उच्च | 14 | 81.50 | 4.47 | 26.44 | 5.91 | सार्थक |
| | निम्न | 16 | 55.06 | | | | |
| 3. | मध्यम | 21 | 60.90 | 4.05 | 5.84 | 1.44 | असार्थक |
| | निम्न | 16 | 55.06 | | | | |

सारणी संख्या 3.1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि के मध्यमानों के मध्य टी–मान क्रमशः 4.89, 5.91 एवं 1.44 है। सार्थक युग्म तुलना से यह स्पष्ट हैं कि उच्च पारिवारिक वातावरण वाले छात्र–छात्राएँ मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि अधिक है। सारणी से स्पष्ट हैं कि उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि एक–दूसरे से भिन्न है। जबकि मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि एक–दूसरे के बराबर है।

अतः निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि उच्च, मध्यम एवं निम्न आत्म– सम्प्रत्यय वाले छात्राओं की शैक्षिक उपलब्धि में भिन्नता है अर्थात् आत्म– सम्प्रत्यय का छात्राओं के शैक्षिक उपलब्धि को प्रभावित करता है।

**निष्कर्ष**

वर्तमान शोध अध्ययन के निष्कर्ष निम्नलिखित हैं–

1. माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है अर्थात् विद्यार्थियों के पारिवारिक वातावरण का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव है।
2. माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाले छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है अर्थात् छात्रों के पारिवारिक वातावरण का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव है।
3. माध्यमिक स्तर के उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण वाली छात्रात्रों की शैक्षिक उपलब्धि में अन्तर है अर्थात् छात्राओं के पारिवारिक वातावरण का उनके शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव है।

**परिणाम–**

विद्यार्थी जीवन में पारिवारिक वातावरण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। प्राप्त शोध निष्कर्षों में उच्च, मध्यम एवं निम्न पारिवारिक वातावरण के विद्यार्थी, छात्र, छात्राओं, आरक्षित, अनारक्षित, कला, विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों में अन्तर पाया गया जो सिद्ध करता है कि विद्यार्थी की शिक्षा–दीक्षा में परिवार, माता–पिता एवं अभिभावकों का महत्त्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जैसा कि कुछ शोध भी इंगित होते है। **मुद्गल, बी0एस0 एवं भूषण,**

**ललित (2012)** ने यह पाया गया कि सामान्य और पिछड़ी जाति वर्ग के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि अपने समकक्ष अनुसूचित जाति के छात्रों से बेहतर थी। **देशवाल, वाई0एस0; रेखारानी एवं अहलावत, सविता (2014)** ने निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुये– 11वीं कक्षा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के घर के परिवेश में औसत स्कोर के बीच महत्त्वपूर्ण अन्तर है। **सिंह, अमरवीर एवं सिंह, जयपाल (2014)** ने अध्ययन से निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुये– उच्च स्थिति वाले परिवारों के छात्रों की उपलब्धि का औसत अंक, निम्न स्थिति वाले छात्रों से अधिक पायी गयी। **भरत, एच0 मिमरोट (2016)** ने अध्ययन में पाया कि निजी स्कूलों के छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि का स्तर सरकारी स्कूल के छात्रों से उच्च है।

पारिवारिक सम्बन्ध अगर अच्छे है तो बच्चों को समायोजन क्षमता बुद्धिस्तर अच्छे होगें अधिकतर शिक्षाशास्त्रियों ने यह स्वीकार किया कि कई बातें बच्चों को प्रभावित करती है। कुछ का मानना है कि बच्चे माता–पिता से बहुत प्रभावित होते है। विद्यालय बालक–बालिकाओं को मधुर सम्बन्ध बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है तथा साथ ही पारिवारिक सदस्यों को भी मधुर सम्बन्ध बनाए रखने के लिए आग्रह कर सकता है यह सम्बन्ध बालकों के बौद्धिक विकास एवं समायोजन क्षमता में सहायक होगा।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


- **एगुनसोना, ए.ओ.ई. (2014).** इन्फ्लुऐन्स होम इन्वायर्मेन्ट ऑफ ऐकेडमिक एचिवमेन्ट परफार्मेन्स ऑफ सेकेण्डरी स्कूल स्टूडेन्ट्स इन एग्रीकल्चर साइंस इन अदमवा स्टेट नाइजीरिया, आई.ओ.एस.आर. जर्नल ऑफ रिसर्च एण्ड मेथेड इन एजुकेशन, वाल्यूम–14, इश्शू–4, वर्जन–II, पृ0 46–53, www.iosrjournals.org
- **एनगुर, बेगुम (2017).** पैरेन्ट्स विथ् साइकोसिस : इम्पैक्ट ऑफ पैरेन्टिंग एण्ड पैरेन्ट–चाइल्ड रिलेशनशिप. जर्नल ऑफ चाइल्ड एण्ड एडोल्वसेन्ट बिहैवियर. वाल्यूम–5, इश्शू 1, पृ0 1–4
- **एस0जे0 थीमन, के0डी0 मान्येकी तथ एम0 थान्गेनी** : ''साउथ अफ्रीका के ग्रामीण छात्रों के स्वास्थ्य (पोषण). एवं शैक्षिक निष्पत्ति (गणित तथा अंग्रेजी) के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन,'' इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ एजूकेशनल डेवलपमेंट, वाल्यूम–23, नं0 6, पृ0 637–643।
- **कमुती, मुसीली, जेरोमे (2015).** इन्फ्लुऐन्स ऑफ होम इन्वायर्मेन्ट ऑन ऐकेडमी परफार्मेन्स ऑफ स्टूडेन्ट्स इन पब्लिक सेकेण्डरी स्कूल्स इन केटुई वेस्ट सब कन्ट्री केटुई कन्ट्री केन्या, साउथ इर्स्टन केन्या यूनिवर्सिटी।
- **कुमार, राजेश एवं लाल, रोशन (2014).** स्टडी ऑफ ऐकेडमी एचीवमेन्ट इन रिलेशन टू फैमिली इन्वायर्मेन्ट एमंग एडाल्वसेन्स, द इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ इडिण्यन साइकोलॉजी, वाल्यूम–2, इश्शू–1, www.ijip.in
- **गुप्ता, एस0 पी0 (2009).** *आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन,* इलाहाबाद : शारदा पुस्तक भवन।
- **गुप्ता, सुबोध एवं बाला, ज्ञान (2008).** ''कैरियर एण्ड फैमिली वैल्यूज ऑफ ग्रेजुएट गर्ल्स : ए स्टडी'', द जनरल ऑफ एजुकेशन, अंक 4(2). पृ0 39–41
- **दौलता, रानी (2008).** इम्पैक्ट ऑफ होम इन्वायर्मेन्ट ऑन द स्कूलिस्टिक एचिवमेन्ट ऑफ चिल्ड्रेन, जे. हुम. इकोल., 23(1). पृ0 75–77
- **युनुस, शफा ए. एवं बाबा, सैमुएल, लराबा (2014).** इफेक्ट ऑफ फैमिली इन्वायर्मेन्ट ऑफ स्टूडेन्ट्स ऐकेडमी परफार्मेन्स एण्ड एडजेस्टमेन्ट प्रॉब्लम इन स्कूल, जर्नल ऑफ एजुकेशन एण्ड प्रैक्टिस, वाल्यूम–5, इश्शू–19, पृ0 96–101, www.iiste.org
- **सीमा एवं सिम्पलजीत (2017).** रिलेशनशिप ऑफ पैरेन्टल बर्नआउट विथ् पैरेन्टल स्ट्रेस एण्ड पर्सनालिटी एमंग पैरेन्ट्स ऑफ नियोनेट्स विथ् हाइपरबिलरूबिनिमिया. द इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ इण्डियन साइकोलॉजी. वाल्यूम–4, इश्शू–2, नृ0 92, पृ0 102–111

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन



**चन्द्र प्रकाश यादव**
शोधछात्र (शिक्षाशास्त्र)
नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, प्रयागराज,
उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 55-62

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 16 Jan 2021
Published : 30 Jan 2021

**सारांश** – अध्ययन के रूप में वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध ज्ञात करने का प्रयास किया गया है। इस अध्ययन में वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों का अलग–अलग अध्ययन किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि के अन्तर्गत सहसम्बन्धात्मक सर्वेक्षण विधि का का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन की जनसंख्या के रूप में प्रतापगढ़ जनपद में स्थित समस्त वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को लिया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में न्यादर्श के लिए चयनित माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत् 200 विद्यार्थियों जिनमें से 100 वित्तपोषित एवं 100 स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों सेयादृच्छिक ढंग से चयनित किया गया है। इस परीक्षण का निर्माण एवं मानकीकरण डॉ. जगदीश, मनोविज्ञान विभाग, आर.बी.एस. कालेज, आगरा एवं डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, मनोविज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के द्वारा निर्मित किया गया है। यह 13 वर्ष से 22 वर्ष की आयु के छात्र एवं छात्राओं के लिए निर्मित किया गया है। उक्त मापन के लिए 56 प्रश्नों को 6 वर्गों में विभाजित किया गया है जो निम्नांकित है– सकारात्मक आत्म मूल्यांकन, वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), सामूहिक

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

गतिविधियों में भागीदारी एवं वातावरणीय समायोजन तथा समायोजन से सम्बन्धित आँकड़े एकत्रित करने हेतु डॉ0 ए0के0पी0 सिंह और डा0 आर0पी0 सिंह के समायोजन सूची का प्रयोग किया गया है। अध्ययन में प्राप्त प्रदत्तों के सांख्यिकी विश्लेषण हेतु पियर्सन आघूर्ण सहसम्बन्ध गुणांक विधि का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि– वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके आयाम आत्म मूल्यांकन, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), वातावरणीय समायोजन में सकारात्मक एवं एवं सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक एवं सार्थक सहसम्बन्ध है जबकि समायोजन का वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता एवं सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी के मध्य कोई सहसम्बन्ध नहीं है। स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं आयामा आत्म मूल्यांकन, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), वातावरणीय समायोजन, वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता, सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी में सकारात्मक एवं सार्थक सहसम्बन्ध है।

**की–वर्ड–** वित्तपोषित, स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय, समायोजन, मानसिक स्वास्थ्य, विद्यार्थी, सहसम्बन्ध

---

**प्रस्तावना–** प्रस्तुत अध्ययन शैक्षिक रूप से अत्यन्त आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण है। वर्तमान में मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित समस्या भारत में ही नहीं वरन् विश्व के अनेक देशों में एक गम्भीर समस्या के रूप में उभरकर सामने आ रही है। वर्तमान में तीव्र गति से हुए वैज्ञानिक प्रगति और औद्योगीकरण के फलस्वरूप लोगों की जीवन शैली अनियमित और अस्त–व्यस्त हो गयी है, जिससे वे शारीरिक दृष्टि से अस्वस्थ होने के साथ ही मानसिक रूप से भी अनेक व्याधियों से ग्रसित होते जा रहे हैं। अतः वर्तमान में शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यन देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। विशेषकर किशोर बालकों के लिए इसकी महती आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस दृष्टि से प्रस्तुत शोध अध्ययन अपनी महत्ता को स्वयं दर्शाता है।

अध्ययन में माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी को इसलिए शामिल किया गया है क्योंकि इस स्तर के बालक किशोरावस्था के होते हैं। चूँकि किशोरावस्था के अन्तर्गत 12 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बालक आते हैं और इस अवस्था के बालक सांवेगिक रूप से अस्थिर माने जाते हैं। इस समय बालकों के मानसिक,

सामाजिक, संवेगात्मक स्तरों में तीव्र गति के साथ परिवर्तन होते रहते हैं तथा इनके मन में ढेर सारी जिज्ञासायें जन्म लेती रहती हैं।

इस सम्बन्ध में प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक **स्टेनले हॉल** का विचार है कि **''किशोरावस्था प्रबल दबाव, तनाव, तूफान एवं संघर्ष की अवस्था है।''** फलस्वरूप उचित निर्देशन एवं परामर्श न मिल पाने के कारण मानसिक रूप से भटकाव की स्थिति बन जाती है जो कि मानसिक अस्वस्थता का कारण बनती है। प्रस्तुत अध्ययन ऐसे बालकों को चिन्हित कर उनका समुचित मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

प्रस्तुत अध्ययन चाहे वह अध्यापक, अभिभावक या समाज का कोई भी व्यक्ति हो, सभी के लिए आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा। एक अध्यापक को अपने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। क्योंकि इसके अभाव में वे बालकों की शिक्षा सम्बन्धी समस्या का निराकरण नहीं कर पायेंगे और उन बालकों का शैक्षिक समायोजन सम्भव नहीं हो पायेगा। यह शेध अध्ययन एक अध्यापक को अपने बालकों के मानसिक स्वास्थ्य को जानकर उनका उचित मार्गदर्शन कैसे किया जाये, इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण सिद्ध होगा।

अभिभावकों तथा माता–पिता को यदि मानसिक स्वास्थ्य का ज्ञान है तो वे अपने बालकों को समायोजित करने में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। वे बालकों को मानसिक रोगी होने से बचा सकते हैं। समाज का ढाँचा बहुत जटिल बनता जा रहा है। व्यक्ति की आवश्यकतायें पूर्ण नहीं हो पाती हैं जिसके कारण जीवन में द्वन्द और विफलतायें बढ़ती जा रही हैं। ये मानसिक सन्तुलन पर बुरा प्रभाव डालती हैं। यदि हम चाहते है कि आज के मानव का मानसिक स्वास्थ्य बना रहे और वे अपना जीवन ठीक प्रकार से व्यतीत करें तो यह आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति को मानसिक स्वास्थ्य का ज्ञान हो।

मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान का क्षेत्र अत्यन्त विकसित है। आजकल इनका उपयोग सेना तथा विभिन्न उद्योगों में भी किया जाता है। भारत में अभी तक कोई ऐसा देशव्यापी सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिसके द्वारा मानसिक रोगों की प्रतिशतता का पता लगाया जा सके।

व्यक्ति का स्वास्थ्य उसकी सबसे बड़ी पूँजी है। मानसिक स्वास्थ्य का शारीरिक स्वास्थ्य से काफी अधिक महत्त्व है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के व्यक्तित्व के सभी पक्षों शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक, सामाजिक, नैतिक तथा सौन्दर्यात्मक गुणों के पूर्ण और सन्तुलित विकास पर ध्यान दिया जाता है।

अच्छा मानसिक स्वास्थ्य उचित एवं सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है। यह हमें ऐसे व्यक्ति के निर्माण में सहायक होता है जो सभी परिस्थितियों में सन्तुलित एवं संयमित व्यवहार का प्रदर्शन कर सके तथा जो अपनी स्वयं की आवश्यकताओं और सामाजिक उत्तरदायित्वों के बीच उचित तालमेल बना सके।

मानसिक स्वास्थ्य उचित शारीरिक स्वास्थ्य की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होता है। बालक की शारीरिक क्षमताओं और उनकी शारीरिक वृद्धि एवं विकास में उनके अच्छे मानसिक स्वास्थ्य से बहुत सहायता मिलती है। चिन्ता–तनाव, कुण्ठा, मनोविकार एवं मनोग्रन्थियों से मुक्त होना अच्छे स्वास्थ्य का परिचायक है।

मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के नैतिक उत्थान में पर्याप्त सहयोग प्रदान कर सकता है। बौद्धिक शक्तियों से ठीक ढंग से कार्य करने, भावनाओं और संवेगों पर उचित नियंत्रण करने तथा सामाजिक मूल्य मान्यताओं तथा सम्बन्धों की उचित परवाह करने के कारण ऐसा व्यक्ति स्वतः ही नैतिक मानदण्डों पर खरा उतरता हैं।

इसके अतिरिक्त क्या बालकों के मानसिक स्वास्थ्य को सामाजिक–आर्थिक स्थिति, पारिवारिक पृष्ठभूमि, विद्यालय तथा भौतिक वातावरण के साथ–साथ समायोजन आदि कारक प्रभावित करते हैं। इन सब प्रश्नों का सही उत्तर पाने की जिज्ञासा से ही अध्ययनकर्त्ता ने इस विषय पर अध्ययन करने की आवश्यकता महसूस की।

समस्या कथन–

**वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन।**

**अध्ययन का उद्देश्य**

1. वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करना।
2. स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन करना।

**परिकल्पना–**

1. वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
2. स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

**शोध–प्रविधि**

**अध्ययन विधि :**

प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि के अन्तर्गत सहसम्बन्धात्मक सर्वेक्षण विधि का का प्रयोग किया गया है।

**अध्ययन की जनसंख्या**

प्रस्तुत अध्ययन की जनसंख्या के रूप में प्रतापगढ़ जनपद में स्थित समस्त वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को लिया गया है।

**न्यादर्श–**

प्रस्तुत अध्ययन में न्यादर्श के लिए चयनित माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत् 200 विद्यार्थियों जिनमें से 100 वित्तपोषित एवं 100 स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों सेयादृच्छिक ढंग से चयनित किया गया है।

**प्रयुक्त उपकरण**

इस परीक्षण का निर्माण एवं मानकीकरण डॉ. जगदीश, मनोविज्ञान विभाग, आर.बी.एस. कालेज, आगरा एवं डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, मनोविज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के द्वारा निर्मित किया गया है। यह 13 वर्ष से 22 वर्ष की आयु के छात्र एवं छात्राओं के लिए निर्मित किया गया है। उक्त मापन के लिए 56 प्रश्नों को 6 वर्गों में विभाजित किया गया है जो निम्नांकित है–

| क्र.सं. | क्षेत्रों का नाम | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सकारात्मक आत्म मूल्यांकन | 10 |
| 2. | वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता | 08 |
| 3. | समग्र व्यक्तित्व | 12 |
| 4. | स्वशासन (स्वायत्तता) | 06 |
| 5. | सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी | 10 |
| 6. | वातावरणीय समायोजन | 10 |
| | सम्पूर्ण अनुसूची विश्वसनीयता योग | 56 |

समायोजन से सम्बन्धित आँकड़े एकत्रित करने हेतु डॉ0 ए0के0पी0 सिंह और डा0 आर0पी0 सिंह के समायोजन सूची का प्रयोग किया गया है।

**सांख्यिकी विश्लेषण–**

अध्ययन में प्राप्त प्रदत्तों के सांख्यिकी विश्लेषण हेतु पियर्सन आघूर्ण सहसम्बन्ध गुणांक विधि का प्रयोग किया गया है।

**आँकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या–**

**1. वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन**

**सारणी संख्या–1**

*वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सहसम्बन्ध*

| क्र0सं0 | मानसिक सामाजिक की विमाएँ | सहसम्बन्ध गुणांक r (N=100) |
|---|---|---|
| 1 | सकारात्मक आत्म मूल्यांकन | 0.368* |
| 2 | वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता | 0.149 |
| 3 | समग्र व्यक्तित्व | 0.400* |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | स्वशासन (स्वायत्तता) | 0.394* |
| 5 | सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी | 0.129 |
| 6 | वातावरणीय समायोजन | 0.343* |
| 7 | सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य | 0.509* |

*.05 स्तर पर सार्थक

सारणी संख्या 1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके आत्म मूल्यांकन, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), वातावरणीय समायोजन एवं सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक क्रमशः 0.368, 0.400, 0.394, 0.343 एवं 0.509 है जो .05 स्तर पर सार्थक है। अतः यह कहा जा सकता है कि वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन में कमी या वृद्धि का उनके आत्म मूल्यांकन, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), वातावरणीय समायोजन एवं सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य में कमी या वृद्धि होगी जबकि वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता एवं सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक क्रमशः 0.149 एवं 0.129 है जो .05 स्तर पर असार्थक है अतः वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन में कमी या वृद्धि का उनके वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता एवं सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी में कमी या वृद्धि से संबंध नहीं है।

**1. स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन**

**सारणी संख्या–2**

*स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सहसम्बन्ध*

| क्र0सं0 | मानसिक सामाजिक की विमाएँ | सहसम्बन्ध गुणांक r (N=100) |
|---|---|---|
| 1 | सकारात्मक आत्म मूल्यांकन | 0.418* |
| 2 | वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता | 0.475* |
| 3 | समग्र व्यक्तित्व | 0.584* |
| 4 | स्वशासन (स्वायत्तता) | 0.435* |
| 5 | सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी | 0.474* |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | वातावरणीय समायोजन | 0.659* |
| 7 | सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य | 0.751* |

*.05 स्तर पर सार्थक

सारणी संख्या 1 के अवलोकन से स्पष्ट है कि स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके आत्म मूल्यांकन, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), वातावरणीय समायोजन, वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता, सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी एवं सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक क्रमशः 0.418, 0.475, 0.584, 0.435, 0.474, 0.659 एवं 0.751 है जो .05 स्तर पर सार्थक है। अतः यह कहा जा सकता है कि स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन में कमी या वृद्धि का उनके आत्म मूल्यांकन, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), वातावरणीय समायोजन, वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता, सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी एवं सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य में कमी या वृद्धि से सम्बन्ध है।

**निष्कर्ष–**

- वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं उनके आयाम आत्म मूल्यांकन, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), वातावरणीय समायोजन में सकारात्मक एवं एवं सम्पूर्ण मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक एवं सार्थक सहसम्बन्ध है जबकि समायोजन का वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता एवं सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी के मध्य कोई सहसम्बन्ध नहीं है।
- स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं आयामा आत्म मूल्यांकन, समग्र व्यक्तित्व, स्वशासन (स्वायत्तता), वातावरणीय समायोजन, वास्तविकता को ग्रहण करने की क्षमता, सामूहिक गतिविधियों में भागीदारी में सकारात्मक एवं सार्थक सहसम्बन्ध है।

वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के समायोजन का उनके मानसिक स्वास्थ्य के मध्य सम्बन्ध का अध्ययनोपरान्त पाया गया कि चाहे वह वित्तपोषित के विद्यार्थी हो या स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी, उनके समायोजन क्षमता का उनके मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक सहसम्बन्ध है। पूर्व अध्ययन में श्रीवास एवं कुमार (2016) ने अध्ययनोपरान्त इंगित किया कि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के अत्यधिक उच्च स्तर को निर्धारित करने में पाँचों आयामों में अधिक से कम की ओर क्रमशः स्वायत्ता, समाजिक परिपक्वता, खुश रहना, संवेगात्मक स्थायित्व तथा यथार्थवादी का योगदान है। निष्कर्षतः छात्रों के मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने में सर्वाधिक योगदान खुश रहना है तथा दूसरा योगदान यथार्थवादी होना है। **पाण्डे तथा दुबे (2017)** ने अध्ययनोपरान्त पाया कि छात्रों में पारिवारिक वातावरण की विमा हार्दिकता, सहानुभूति, संसजकता, प्रजातांत्रिक,

अभिविन्यास, उत्साह, तनाव, संस्कृति दीक्षा, प्रतियोगिता, द्वेषभाव, पुरस्कार आदि पारिवारिक वातावरण से सार्थक रूप से सहसम्बन्धित हैं। जबकि छात्राओं में पारिवारिक वातावरण की विमा उत्साह, तनाव, प्रतियोगित व प्रजातांत्रिक अभिविन्यास का मानसिक स्वास्थ्य से सार्थक सहसम्बन्ध देखा गया।

अध्ययनकर्त्ता द्वारा प्राप्त अध्ययनों के समान अध्ययन **जैन, निशा (2014)** ने निष्कर्ष के रूप में पाया कि– छात्राओं में तनाव छात्रों की अपेक्षा उच्च है तथा विद्यार्थियों के तनाव का उनके समायोजन के मध्य ऋणात्मक एवं सार्थक सहसम्बन्ध है। अतः जिन विद्यार्थियों में तनाव, कुण्ठा, चिन्ता, अवसाद एवं समस्याएँ अधिक होती है उनकी समायोजन क्षमता निम्न होती है। ऐसे में समायोजन क्षमता में वृद्धि विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि का एक महत्त्वपूर्ण चर है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. जैन, निशा (2014). उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के तनाव व समायोजन में सम्बन्ध का अध्ययन, इण्टरनेशनल रिसर्च जर्नल फॉर मल्टीडिस्पिलनरी स्टडीज, वॉल्यूम–1, इश्शू–2, पृ0 1–4
2. फ्रैंकी, दीपा एवं चामुण्डेश्वरी, एस. (2014). साइको–सोशल कोरिलेट्स ऑफ ऐकेडमिक एचिवमेन्ट ऑफ स्टूडेन्ट्स, इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ कैरेन्ट रिसर्च एण्ड ऐकेडमिक रिव्यू, वाल्यूम–2, नं0 2, पृ0 148–158
3. सिंह, निर्मला (2016). उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों की आत्मसिद्धि एवं समायोजन का विश्लेषण, इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च इन ह्युमिनिट्ज एण्ड सोशल साइंसेस, वॉ0 4, इश्शू–6, पृ0 52–57
4. श्रीवास्तव एवं गुप्ता (2016). शिक्षित–अशिक्षित परिवारों का विद्यार्थियों के समायोजन व शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव का अध्ययन, एस.आर.एस.डी. मेमोरियल शिक्षा शोध संस्थान, आगरा, इण्डिया, वॉल्यूम–1, इश्शू–1, पृ0 32–34
5. जैन, पारस (2017). ए स्टडी ऑफ कोरिलेशन बिटविन एडजेस्टमेण्ट एण्ड एकेडमिक एचिवमेण्ट, आई–जर्नल्स : इण्टरनेशनल जर्नल ऑफ सोशल रिलिवेन्स एण्ड कर्न्सन, वॉल्यूम–5, इश्शू–6, पृ0 14–17।
6. मनीकन्दन एवं सेलवराजू (2017). एडजेस्टमेण्ट बिहैवियर एण्ड एकेडमिक एचिवमेण्ट ऑफ हायर सेकेण्डरी स्कूल स्टूडेन्ट्स – लोकल्टी ऑफ स्कूल वाइज एनॉलसिस, पैरीपेक्स–इण्डियन जर्नल ऑफ रिसर्च, वॉल्यूम–6, इश्शू–11, पृ0 525–526

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020
## देर आये मगर दुरूस्त आये



**श्रीमती रंजीता गुप्ता**
**एम0एस0सी0, एम0एड्0, एम0फिल्, नेट**
**प्रवक्ता–शिक्षाशास्त्र**
**राजकीय बालिका इण्टर कालेज**
**बिहार, प्रतापगढ़**

**Article Info**

Volume 4, Issue 1

Page Number : 63-78

**Publication Issue :**

January-February-2021

**Article History**

Accepted : 16 Jan 2021

Published : 30 Jan 2021

**सारांश –** भारतीय शिक्षा की जीर्ण–शीर्ण इमारत का पुनरूद्धार होने का वह बहुप्रतिक्षित क्षण आज 34 वर्षों के बाद आ ही गया। अंग्रेजों के समय से चली आ रही घिसी–पिटी परिपाटी को तोड़कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा का एक नया ढांचा प्रस्तुत किया है। इसमें नवीनता, मौलिकता के साथ–साथ व्यापकता भी है गरीब छात्र/छात्राओं के प्रति उदारता भी है और उनके भविष्य को संवारने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सपना भी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 34 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रतिस्थापित करेगी। रा0शि0नि0 2020 के निर्माण के लिए जून 2017 में पूर्व इसरो प्रमुख डॉ0 के0 कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में मई 2019 में ''राष्ट्रीय नीति का मसौदा'' प्रस्तुत किया था। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत **बर्थडे गार्डन, ट्राइबल म्यूजियम, भाषण कला, अतिरिक्त कक्षा शिक्षण, वर्चुअल रियेलिटी बॉक्सः स्टॉम्प किट तैयार करना, वाचन, कबाड़ से जुगाड़, विज्ञान किट, मोबाइल शिक्षा, I.C.T. का प्रयोग (Information & Communication Technology), दोस्ती क्लब/मित्रता क्लब के साथ–साथ समानता की भावना पर विशेष जोर दिया गया।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देर में भले आयी हो लेकिन इसका कार्यक्रम, योजना, कार्यविधि इतनी प्रभावशाली है कि यह पिछली सभी शिक्षा योजनाओं की कमियों को दूर कर देगी। यदि नई शिक्षा योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया गया तो भारत निश्चित रूप से विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा दिखाई देगा। नई शिक्षा नीति 2020 वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षा प्रणाली में सुधार की एक व्यापक, विस्तृत कार्ययोजना है। इस शिक्षा नीति के द्वारा हम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने का सफल प्रयास कर सकेंगे।

**की–वर्ड–** राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

भारतीय शिक्षा की जीर्ण–शीर्ण इमारत का पुनरूद्धार होने का वह बहुप्रतिक्षित क्षण आज 34 वर्षों के बाद आ ही गया। अंग्रेजों के समय से चली आ रही घिसी–पिटी परिपाटी को तोड़कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने शिक्षा का एक नया ढांचा प्रस्तुत किया है। इसमें नवीनता, मौलिकता के साथ–साथ व्यापकता भी है गरीब छात्र/छात्राओं के प्रति उदारता भी है और उनके भविष्य को संवारने उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का सपना भी है। शिक्षा के इस नवीन उद्यान में मातृभाषा के आंगन में भारत का भविष्य पुष्पित व पल्लवित होगा और विकास के सर्वांगीण लक्ष्य को निःसंदेह प्राप्त भी करेगा। वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप इसमें बाल्यावस्था की नींव को मजबूत करने का आधार प्रदान किया गया है। बाल्यावस्था के विकास को बाल मनोविज्ञान को दृष्टिगत रखते हुए एक नवीन पाठ्यक्रम की रचना का संकल्प लिया गया है। निःसंदेह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय शिक्षा के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगी। जो भारत को आत्मनिर्भर और विश्व में अग्रणी बनाएगी। शिक्षा के इस नवीन प्रारूप को साकार करने के लिए सरकार ने जी0डी0पी0 का 6 प्रतिशत खर्च करने का फैसला लिया है।

भारत की पहली शिक्षा नीति 1968 ई0 में इंदिरा गाँधी सरकार में आयी थी और 1986 ई0 में राजीव गाँधी सरकार में दूसरी नीति आयी थी और 1992 में पी0वी0 नरसिम्हाराव सरकार ने इसमें संशोधन कराया था।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, 34 वर्ष पुरानी राष्ट्रीय शिक्षा नीति को प्रतिस्थापित करेगी। रा0शि0नि0 2020 के निर्माण के लिए जून 2017 में पूर्व इसरो प्रमुख डॉ0 के0 कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में मई 2019 में ''राष्ट्रीय नीति का मसौदा'' प्रस्तुत किया था।

कक्षा 6 से छात्र/छात्राओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की शुरूआत कोई नयी बात नहीं है अपितु यह राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की बुनियादी शिक्षा या हस्तकला आधारित शिक्षा से ही प्रेरित है इसका संशोधित रूप है। आये दिन स्कूल–कॉलेजों की मनमानी फीस को लेकर अभिभावकगण विरोध करते रहे हैं; किन्तु समस्या हल न हो सकी। अतः नई शिक्षा नीति 2020 के द्वारा स्कूल, कॉलेजों की फीस पर नियंत्रण रखने के लिए एक तंत्र/प्रणाली को बनाया जा रहा है। जो स्कूल कॉलेजों की फीस को अभिभावकों की अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने का कार्य करेगा। जिससे दोनों पक्षों को संतुष्ट किया जा सके।

वर्तमान में अंग्रेजी के मकड़जाल में फंसी शिक्षा पाली, फारसी, प्राकृत तथा अन्य स्थानीय भाषाओं को भूल चुकी है। ये भाषाएँ जनमानस की भाषा है हमारी गौरवशाली प्राचीन भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं जिसे वर्तमान में जीवंत करने का संकल्प राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने लिया है। भारतीय भाषाओं के संरक्षण और विकास के लिए ''भारतीय अनुवाद एवं व्याख्या संस्थान'' (Indian Institute of Translation and Interpretation-I.I.T.I.) को स्थापित करने के साथ उच्च शिक्षण संस्थानों में भाषा विभाग को मजबूत बनाने एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापन के माध्यम से मातृभाषा/स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दिये जाने का सुझाव दिया है। इस सत्य से हम सभी परिचित हैं कि अपनी भाषा में पढ़ी/सुनी बातें हमें अधिक समझ में भी आती हैं और याद रहती हैं। कई छात्र सिर्फ इसलिए पढ़ाई में अन्य छात्रों से पीछे रह जाते हैं क्योंकि उनको अध्यापक की भाषा ही समझ में नहीं आती। आज भी अधिकांश घरों में स्थानीय भाषा बोली जाती है यदि इसी भाषा में पढ़ाई हो तो पढ़ाई एक बोझ

न रहकर एक मनोरंजक मार्ग बन जायेगी। छात्र विषय को समझने और आत्मसात करने पर ध्यान देंगे। भाषा एक अवरोध न होकर सीखने का सरल मार्ग बन जाएगी। अभिभावक भी घरो में अपने बालकों की पढ़ाई में मदद कर सकेंगे। आजकल हर जगह अंग्रेजी भाषा सिखाने के कोचिंग संस्थान खुल गये हैं। जिन स्कूलों में सभी विषय अंग्रेजी भाषा में पढ़ाये जाते हैं वहां बाल्यावस्था से ही बच्चों को ट्यूशन और कोचिंग भेजा जाता है। रा0शि0नी0 2020 में त्रिभाषा सूत्र के अनुसार किसी भी छात्र. पर कोई भाषा थोपी नहीं जाएगी। विद्यार्थियों को स्कूल के सभी स्तरों और उच्च शिक्षा में संस्कृत को एक विकल्प के रूप में चुनने का अवसर दिया जाएगा। अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करना छात्रों के लिए एक सुखद अनुभव होगा। इससे शिक्षा व शिक्षण से जुड़ी तमाम समस्याओं का समाधान हो जाएगा। ऐसे अनेक देश है (उदाहरणार्थ– फिनलैण्ड, जापान, इजराइल, फ्रांस, चीन, पोलैण्ड, यूएस) जिन्होंने अपनी भाषा को सर्वोच्च स्थान देकर विश्व में विकास के नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। लार्ड मैकाले द्वारा थोपी गई अंग्रेजी भाषा ने हमें आगे बढ़ाने की बजाए पीछे ही धकेला है। इसने हमारे समाज में ऊँच–नीच (अंग्रेजी भाषा जानने वाले और न जानने वाले) की गहरी खाई को खोदा है और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को आत्महीनता के दलदल में धकेल दिया है। जिसके कारण अनेक क्षमतावान, मेधावी छात्र अपने लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाते हैं।

शिक्षा के पुरातन ढांचे 10+2 को समाप्त करके रा0शि0नी0 2020 ने स्कूली शिक्षा का एक नवीन ढाँचा प्रस्तुत किया है। यह नवीन शिक्षा प्रणाली अधिक व्यवहारपरक होने के साथ भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने में समर्थ बनाने वाली है। यह नवीन शिक्षा प्रणाली स्वावलंबी भारत की नींव को मजबूत आधार प्रदान करने वाली है।

**नवीन स्कूल शिक्षा प्रणाली 5+3+3+4**



नई शिक्षा नीति में कक्षा 1 से पूर्व 3 वर्ष का फाउंडेशन कोर्स होगा। जिसमें 3 वर्ष के बालक/बालिका का प्रवेश आंगनबाड़ी/बालवाटिका/ प्री–स्कूल में किया जायेगा। इसमें प्रारम्भिक स्तर के बच्चों को पढ़ाने के लिए एक खास पाठ्यक्रम का निर्माण ''प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा'' (Early Childhood Care and Education E.C.C.E.) कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जाएगा। इसका कार्यक्रम वर्तमान में प्रचलित प्ले–स्कूल जैसा ही होगा। जिसमें छात्र खेल–खेल में खिलौनों के माध्यम से, गीत–संगीत द्वारा, स्वक्रिया द्वारा मनोरंजक तरीके से सीखेंगे। वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 1 से पढ़ाई करायी जाती है। इसमें प्री–स्कूल, नर्सरी, के0जी0 की पढ़ाई नहीं होती है। प्री–स्कूल व्यवस्था बाल मनोविज्ञान आधारित शिक्षा है जिसे रूसों, पेस्तालॉजी, फ्राबेल तथा मारिया मॉटेसरी ने शुरू किया था। बाल मनोविज्ञान आधारित शिक्षा हमारी निर्जीव, पुस्तकीय, प्राथमिक शिक्षा में नये प्राण फूंक कर उसे जीवंत बना सकती है। इससे प्राथमिक कक्षाओं में नामांकन बढ़ेगा और अपव्यय और अवरोधन की समस्या का भी समाधान होगा।

कक्षा 6 से बच्चों को प्रोफेशनल स्किल अर्थात व्यावसायिक कुशलता की शिक्षा भी दी जाएगी और स्थानीय स्तर पर इंटर्नशिप भी कराई जाएगी। जिससे छात्र पढ़ाई के साथ–साथ व्यावसायिक कुशलता को प्राप्त करेंगे और स्वरोजगार व स्वावलंबन के मार्ग को चुनेंगे। शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने में यह प्रयोग अवश्य सफल होगा। बेरोजगारी घटने से समाज में व्याप्त अन्य समस्याओं चोरी, डकैती, लूट–पाट, छिनैती, भ्रष्टाचार को दूर करने में सहायता मिलेगा। देश व समाज की उन्नति व्यक्ति की उन्नति पर निर्भर करता है। व्यक्ति का उत्थान ही समाज और देश को विकसित राष्ट्रों के समकक्ष खड़ा होने में आधार प्रदान करेगा।

एक खुशहाल समाज व राष्ट्र तभी संभव है जब देश का हर नागरिक शिक्षित तथा आत्मनिर्भर हो। रा0शि0नी0 2020 की यह योजना देश व समाज को विकास के पथ पर आगे ले जाने वाली साबित होगी। कक्षा 6 से व्यावसायिक प्रशिक्षण शिक्षा को जीविकोपार्जन से जोड़ेगा। प्रत्येक छात्र/छात्रा को पढ़ाई करने के बाद नौकरी मिल पाना असंभव है। न तो इतनी नौकरियाँ है और न उसके लिए पर्याप्त क्षमता व दक्षता (कार्य–कुशलता) छात्रों में है। अतः स्वरोजगार से बेहतर कोई अन्य विकल्प आत्मनिर्भरता हेतु हो ही नहीं सकता। कक्षा 6 से ही व्यवसाय संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त होने पर छात्र भविष्य के प्रति आशंकित व भ्रमित न होकर आशावान व आत्मविश्वास से भरपूर होंगे। व्यवसायिक प्रशिक्षण तथा इंटर्नशिप करके छात्र सफलता के नये क्षितिज को छुएंगे। विदेशों में भी इसी प्रकार की शिक्षा को अपनाया गया है। और उसके बहुत अच्छे परिणाम भी प्राप्त किये गये हैं। अब हमारे छात्र इंटर, स्नातक, परास्नातक और पी0एच0डी0 करके बेरोजगार नहीं घूमेंगे बल्कि व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करके दूसरों को रोजगार प्रदान करने वाले बन जायेंगे।




नवीं कक्षा से छात्रों को विषय चुनने की आजादी होगी। अब विषय कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि वर्गों में विभाजित नहीं होंगे। छात्र सभी विषयों में से अपनी पसंदके विषयों को चुनने के लिए स्वतंत्र होंगे। संस्कृत के साथ गणित, विज्ञान, कला, गृह विज्ञान, वाणिज्य विषयों को अपनी रूचि के अनुसार चुन सकेंगे जिससे भविष्य की नयी सम्भावनाओं के द्वार खुलेंगे। गलत विषय का चुनाव करने के कारण कई बार छात्र अपने मनपसंद कार्यों व व्यवसाय के लिए आवश्यक योग्यता व अर्हता को प्राप्त करने में चूक जाते हैं। अपने साथियों की देखा–देखी गलत विषय चुनने के कारण छात्रों को कई बार पछताना ही पड़ता है। न तो वह विषय को समझ पाते हैं और न उसमें विशेष योग्यता ही हासिल कर पाते हैं। अब छात्रों के सामने कई व्यवसाय होगें जिनको वह अपनी पसंद के अनुसार चुन सकेंगे। शिक्षा को आज दीवारों और सीमाओं से मुक्त करने का संकल्प रा0शि0नी0 2020 द्वारा लिया गया है। छात्रों के अंदर विद्यमान गुणों व विशेषताओं को विकसित करने का पूरा मौका व वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय एक उद्यान और छात्र इसके पौधे होंगे तथा शिक्षक माली की तरह उनके वृद्धि व विकास हेतु उचित वातावरण का निर्माण करेंगे। बुराइयों की खरपतवार को काटेंगे व समयानुसार खाद, पानी, रूपी ज्ञान व परामर्श प्रदान करेंगे। नई शिक्षा नीति के साथ शिक्षा के एक नये युग का सूत्रपात होगा जो विश्व में भारत का नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित करेगा।

दसवीं बोर्ड को समाप्त करना उचित या अनुचित है इसके विषय में अनेक मत रहे हैं और रहेंगे। किन्तु 10वीं बोर्ड को लेकर छात्र/छात्राओं में बढ़ते तनाव, अवसाद, निराशा, कुंठा, आत्महत्या की प्रवृत्ति, घर से पलायन, नकल, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार आदि समस्याओं को देखते हुए इसे अन्य स्कूली परीक्षाओं के समान ही गृहपरीक्षा बना देना मेरे विचार से सर्वथा उचित होगा। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्र हमेशा दबाव में रहते हैं और माता–पिता का अपने बच्चों से आवश्यकता से अधिक अपेक्षाएं रखना अन्य बच्चों से अंकों की तुलना छात्रों में तनाव व निराशा को जन्म देती है जो छात्र इस तनाव व कुंठा का सामना नहीं कर पाते हैं वह टूट जाते हैं। सामान्यतः देखा गया है कि छात्र स्वअध्ययन पर जोर देने की बजाए कोचिंग संस्थान को अधिक अंक पाने का जरिया समझ बैठते हैं। और पूरी तरह से कोचिंग पर निर्भर हो जाते हैं स्वयं पर विश्वास खो देते हैं। शिक्षा नीति 2020 में छात्रों को इस दबाव व तनाव की अवस्था को कम करने का प्रयास किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि** पढ़ाई से मिल रहे तनाव से अपने बच्चों को निकालना ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि परीक्षा इस तरह होनी चाहिए कि छात्रों पर बेवजह का दबाव न पड़े। साथ ही यह भी कोशिश होनी चाहिए कि केवल एक परीक्षा से छात्रों का मूल्यांकन न किया जाए। बल्कि उनके विकास के अलग–अलग पहलुओं से जुड़ा मूल्यांकन हो। यही वजह है कि रा0शि0नी0 2020 में छात्रों को मार्कशीट की जगह उनके सभी पहलुओं को शामिल करते हुए एक रिपोर्ट कार्ड तैयार करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें छात्र की विशिष्ट क्षमता, योग्यता, रवैया, प्रतिभा, कौशल, क्षमता शामिल होगा।

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा,** ''जब हम आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएंगे तो छात्र इस नए पाठ्यक्रम के साथ नए भविष्य की तरफ कदम बढ़ांएगे।'' यह पाठ्यक्रम दूरदर्शी, भविष्य निर्माण करने वाला और वैज्ञानिक होगा।

विभिन्न बोर्ड आने वाले समय में बोर्ड परीक्षाओं के प्रैक्टिकल मॉडल तैयार करेंगे जैसे–वार्षिक, सेमेस्टर और मॉड्यूलर बोर्ड परीक्षाएँ। परीक्षा में सुधार के साथ–साथ मूल्यांकन प्रक्रिया में भी सुधार किया जायेगा। रा0शि0नी0 2020 के अनुसार छात्रों का मूल्यांकन तीन स्तरों पर होगा–

**प्रथम स्तर**–छात्र स्वयं अपना मूल्यांकन करेंगे।

**द्वितीय स्तर**–सहपाठी, अपने साथी का मूल्यांकन करेंगे।

**तृतीय स्तर**–शिक्षक द्वारा मूल्यांकन

- बोर्ड परीक्षा में पूरा ध्यान ज्ञान के परीक्षण पर होगा ताकि बच्चों की रटने की प्रवृत्ति को समाप्त किया जा सके। 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में बड़े बदलाव किये जाऐंगे। जैसे–साल में दो बार परीक्षाएँ कराना तथा वस्तुनिष्ठ परीक्षा तथा व्याख्यात्मक परीक्षा की दो श्रेणियों में विभाजित करना आदि।
- रा0शि0नी0 2020 की नयी स्कूली शिक्षा प्रणाली 5+3+3+4 के अनुसार छात्र अब कक्षा 3, 5 और 8 के स्तर

पर स्कूली परीक्षाओं में भाग लेंगे जिन्हे उपयुक्त प्राधिकरण द्वारा संचालित किया जाएगा।

- छात्रों के समग्र विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा 10 और कक्षा 12 की परीक्षाओं में बदलाव किये जाएगें। इसमें भविष्य में सेमेस्टर या बहुविकल्पीय प्रश्न आदि जैसे सुधारों को शामिल किया जा सकता है।
- छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन के लिए मानक निर्धारक निकाय के रूप में ''परख'' (PARAKH) नामक एक नए ''राष्ट्रीय आकलन केंद्र'' (National Assessment Centre) की स्थापना की जाएगी।
- छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन तथा छात्रों को अपने भविष्य से जुड़े निर्णय लेने में सहायता प्रदान करने के लिए ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता'' (Artificial Intelligence-AI) आधारित साफ्टवेयर का प्रयोग किया जाएगा। यह एक प्रकार का निर्देशन व परामर्श देने का कार्य करेगा। शैक्षिक, व्यावसायिक तथा व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने के लिए ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता'' एक कुशल, अनुभवी, विद्वान निर्देशनकर्ता की भूमिका का निर्वाह करेगी। विभिन्न आयोगों द्वारा विद्यालयों में छात्रों की समस्याओं को हल करने में सहायता व निर्देशन हेतु निर्देशन व परामर्शदाता की नियुक्ति करने का सुझाव दिया गया है किन्तु इतनी बड़ी संख्या में निर्देशनकर्ता/परामर्शदाता की नियुक्ति संभव नहीं हो सकी। रा0शि0नी0 2020 ने 'टेक्नोलॉजी' का उपयोग करके इस समस्या का सरल समाधान खोज लिया है।
- रा0शि0नी0 2020 में एक ऐसे पाठ्यक्रम और अध्यापन प्रणाली/विधि के विकास पर बल दिया गया है जिसके तहत पाठ्यक्रम के बोझ को कम करते हुए छात्रों में 21वीं सदी के कौशल के विकास, अनुभव आधारित शिक्षण और तार्किक चिंतन को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।
- इस नीति में प्रस्तावित सुधारों के अनुसार कला और विज्ञान, व्यावसायिक तथा शैक्षणिक विषयों एवं पाठ्यक्रम व पाठ्येत्तर गतिविधियों के बीच बहुत अधिक अंतर नहीं होगा।
- एन0सी0ई0आर0टी0 द्वारा ''स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा'' (NCFSE-2020-21 National Curricular Frame Work for School Education) तैयार की जाएगी।

रा0शि0नी0 2020 में छात्रों के सीखने की प्रगति की बेहतर जानकारी हेतु नियमित और रचनात्मक आंकलन प्रणाली को अपनाने का सुझाव दिया गया है। साथ ही इसमें विश्लेषण तथा तार्किक क्षमता एवं सैद्धांतिक स्पष्टता के आंकलन को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।




नए सुधारों में टेक्नोलॉजी और ऑनलाइन एजुकेशन पर जोर दिया गया है। कम्प्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल फोन इत्यादि के जरिए विभिन्न एप का इस्तेमाल करके शिक्षण को रोचक, और सर्वसुलभ बनाने की बात कही गयी है। वर्तमान में 'कोरोना महामारी' के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कम्प्यूटर, लैपटॉप व मोबाइल द्वारा व मोबाइल एप द्वारा पढ़ाई आज की आवश्यकता बन चुकी है। ऑनलाइन शिक्षा, औपचारिक शिक्षा के सभी कार्यों को भली–भांति एवं सुचारू रूप से करने में महती भूमिका निभा रही है। इसमें पढ़ाई को अधिक रोचक बनाने के उपाय जैसे–रंगबिरंगे चित्र, चार्ट, पोस्टर, विडियो, क्रियात्मक मॉडल सभी उपलब्ध होते हैं जिसका समयानुसार एवं आवश्यकतानुसार प्रयोग किया जा सकता है। औपचारिक शिक्षा का पाठ्यक्रम सीमित व संकुचित होता है किन्तु ऑनलाइन शिक्षा द्वारा ज्ञान के असीमित भण्डार का लाभ उठाया जा सकता है। अधिकांश विद्यालयों में प्रयोगशालाएँ एवं पुस्तकालय का अभाव होता है जिसे ऑनलाइन या डिजिटल प्रयोगशालाओं तथा पुस्तकालय द्वारा दूर किया जा सकता है।

**माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी** ने प्रभावी ऑनलाइन शिक्षण को बढ़ावा देने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि ''शिक्षकों को खुद को अपग्रेड और अपडेट करना होगा। साथ ही बच्चों को उनकी रूचि के साथ सीखने के लिए प्रेरित करने की भी सलाह दी। डिजिटल माध्यम से पढ़ाई के जो भी साधन हैं उनकी पहुंच ग्रामीण, आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले हर वर्ग के बेटे–बेटियों तक हो।''

शिक्षकों को राष्ट्रनिर्माता बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ''अच्छे भवन, मंहगे उपकरण या सुविधाओं से

स्कूल नहीं बनता है बल्कि एक अच्छे स्कूल को बनाने में शिक्षको की निष्ठा और समर्पण ही निर्णायक सिद्ध होते हैं।''

आने वाले समय में शिक्षा में तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। इसमें ऑनलाइन शिक्षा का क्षेत्रीय भाषाओं में विषय सामाग्री/ पाठ्यसामग्री तैयार करना, वर्चुअल प्रयोगशाला, डिजिटल लाइब्रेरी, स्कूलों, शिक्षकों और छात्रों को डिजिटल संसाधनों से लैस करने जैसी योजनाएँ शामिल हैं।

ऑनलाइन शिक्षा ने विद्यालय/औपचारिक शिक्षा की कई समस्याओं को भी हल किया है। एक शिक्षक द्वारा पढ़ाये पाठ को न समझने पर छात्र ऑनलाइन उपलब्ध किसी और विद्यालय के शिक्षक द्वारा बनाये विडियों से पढ़ाई कर सकता है। आज अधिकतम सरकारी विद्यालय जो ग्रामीण क्षेत्रों में हैं उनमें सभी विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं होते हैं ऐसे में छात्र को उन विषयों का ज्ञान देने के लिए विद्यालय प्रधानाचार्य अन्य विद्यालय के शिक्षकों का विडियो छात्रों को भेजकर शिक्षकों की कमी से होने वाली समस्या का समाधान कर रहे हैं। विद्यालयों में भी शिक्षकों की कमी की समस्या को दूर करने के लिए प्रोजेक्टर द्वारा पढ़ाई एक अच्छा उपाय हो सकती है। इसमें प्रोजेक्टर को मोबाइल/इंटरनेट से जोड़कर विभिन्न विषयों की पढ़ाई विद्यालय में कराई जा सकती है। साथ ही छात्र विषयवस्तु से संबंधित समस्या का ऑनलाइन समाधान भी उस शिक्षक से प्राप्त कर सकते हैं तथा विषय के नोट्स भी पीडीएफ फाइल के रूप में प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी विषय की पाठ्यपुस्तक को ऑनलाइन पढ़ा जा सकता है इससे छात्रों के ज्ञान की वृद्धि होती है और समझ में अधिक आता है साथ ही छात्र विषय को आत्मसात कर पाते है अभ्यास भी कर सकते है इससे रटन्त विद्या का अन्त संभव है जो विषयवस्तु को समझे बिना केवल रटने  पर जोर देती है। ऑनलाइन शिक्षा ने छात्रों के सामने ज्ञान के द्वार खोल दिये है आज ऑनलाइन शिक्षा के द्वारा पूरा विश्व उनकी आँखों के सामने उपस्थित होता है जिससे ज्ञान का विस्तार आदान–प्रदान आसान हो गया है। आनलाइन शिक्षा वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने का महत्वपूर्ण, उपयोगी, सरल विकल्प है।

**शिक्षा के उद्देश्य :**

NATIONAL EDUCATION POLICY 2020



शिक्षा एक सोद्देश्य प्रक्रिया है अतः शिक्षा प्रदान करने के पूर्व उद्देश्यों का निर्धारण आवश्यक होता है। शिक्षा के उद्देश्य देश, काल व परिस्थितियों के अनुरूप बदलते रहते हैं। शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति सम्पूर्ण शैक्षिक व्यवस्था के द्वारा की जाती है।

बी0एम0ब्लूम महोदय के अनुसार, ''शैक्षिक उद्देश्य का अर्थ उन सुस्पष्ट रीतियों के निर्माण से है जिनके द्वारा शैक्षिक प्रक्रिया के माध्यम से छात्रों के व्यवहार में अपेक्षित परिवर्तन सम्भव होता है।'' अतः शैक्षिक प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए उद्देश्यों का निर्धारण आवश्यक होता है।

शैक्षिक उद्देश्यों को हम एक इमारत की नींव के रूप में देख सकते हैं। यह उद्देश्य ही शिक्षा व्यवस्था को आकार और आधार प्रदान करते है जिसपर पूरी शिक्षा प्रक्रिया आधारित होती है। प्राचीन काल में शिक्षा का उद्देश्य आत्मानुभूति तथा आत्माभिव्यक्ति और मोक्ष की प्राप्ति था। इसी के आधार पर शिक्षा की संरचना को आकार दिया गया था। जो छात्रों को मोक्ष प्राप्ति अर्थात आत्मा का परमात्मा से मिलने का मार्ग बताती थी। वैदिक कालीन उद्देश्य के आधार पर ही विभिन्न विषयों अर्थात लौकिक तथा पारलौकिक का ज्ञान छात्रों को प्रदान किया जाता था। मध्यकाल में मुस्लिम शासकों द्वारा धर्म प्रचार को तथा सांसारिक सुखों की प्राप्ति को शिक्षा का उद्देश्य माना गया। अतः छात्रों में धार्मिक कट्टरता व सासांरिक सुखों के प्रति आसक्ति का विकास हुआ। ब्रिटिश काल में शिक्षा का उद्देश्य इसाई धर्म का प्रचार तथा अंग्रेजी शासन को सुचारू रूप से चलाने के लिए नौकर तैयार करना था। जो अंग्रेजी भाषा जानते हो अंग्रेजों की तरह वेषभूषा और विचारधारा हो। इसने एक अलग वर्ग को तैयार किया जो अंग्रेजी और अंग्रेजों का गुलाम था। आधुनिक शिक्षा या स्वतंत्रता के पश्चात् शिक्षा के उद्देश्यों का पुनः निर्धारण करने की आवश्यकता को महसूस किया गया। और राधाकृष्णन आयोग, मुदालियर आयोग, कोठारी आयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, शिक्षा नीति 1986 आदि के द्वारा समय—समय पर शिक्षा के उद्देश्यों के संबंध में अमूल्य सुझाव दिये गये। जिनमें से कुछ को कार्यान्वित किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विषय में यदि बात की जाए तो हम देखते हैं कि इसमें शिक्षा के सर्वांगीण उद्देश्य को महत्व प्रदान किया गया है। इससे पहले भी शिक्षा के सर्वांगीण उद्देश्य को ही शिक्षा का उद्देश्य माना गया था किन्तु कार्यात्मक रूप में देखा जाए तो केवल मानसिक विकास के ईदगिर्द ही पूरी शिक्षा व्यवस्था घूमती दिखती है। मानसिक विकास को इतनी प्रमुखता प्रदान की गयी कि अन्य विकास यथा शारीरिक विकास, सामाजिक विकास, सांस्कृतिक विकास, नैतिक विकास, चारित्रिक विकास, गौण उद्देश्य बन कर रह गये। किन्तु रा0शि0नी0 2020 में सभी उद्देश्यों को समान रूप से महत्व देने का संकल्प है।

शारीरिक विकास के लिए शिक्षा व्यवस्था में खेलकूद, योगा प्रातः व्यायाम को प्रमुखता दी गयी है। प्रातःकालीन सभा में प्रार्थना के साथ—साथ योगा और व्यायाम को प्रतिदिन कराना अनिवार्य है। साथ ही आत्मरक्षा के लिए छात्र/छात्राओं को जूडो—कराटे का प्रशिक्षण देना भी आवश्यक माना गया है। प्रत्येक विद्यालय में खेल का मैदान, खेलकूद की सामग्री तथा खेलकूद का समय—सारणी में स्थान भी आवश्यक रूप से शामिल किया गया है। जिससे सभी छात्र स्वास्थ्य लाभ के साथ—साथ अपनी रूचि के अनुसार खेल को खेल सकें। छात्रों के वैयक्तिक

विकास तथा देश के लिए योगा, व्यायाम, खेल का प्रशिक्षण लाभदायक है।

## स्नातक स्तर पर बहुस्तरीय प्रवेश एवं निकासी व्यवस्था

(Multiple Entry and Exit System) प्रारम्भ करने का निर्णय दूरगामी परिणाम देगा। शिक्षा व्यवस्था लचीली बन जाएगी और सही अर्थों में बालक या छात्रों की आवश्यकताओं के अनुसार ढल जाएगी। समय एवं आवश्यकतानुसार छात्र किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे और परिस्थितिनुसार छोड़ भी सकेंगे। किन्तु पहले की तरह अब धन, समय व परिश्रम की हानि नहीं होगी। रा0शि0नी0 2020 के तहत स्नातक पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण सुधार किया गया है, इसके तहत 3 या 4 वर्ष के स्नातक कार्यक्रम में छात्र कई स्तरों पर पाठ्यक्रम को छोड़ सकेंगे और उन्हें उसी के अनुरूप डिग्री या प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। जैसे→स्नातक स्तर पर एक वर्ष पढ़ाई करने के बाद—सर्टिफिकेट

→स्नातक स्तर पर 2 वर्ष पढ़ाई करने के बाद—एडवांस डिप्लोमा

→स्नातक स्तर पर 3 वर्ष पढ़ाई करने के बाद—स्नातक की डिग्री

→स्नातक स्तर पर 4 वर्ष पढ़ाई करने के बाद—शोध के साथ स्नातक डिग्री प्रदान की जाएगी।

- रा0शि0नी0 2020 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में ''सकल नामांकन अनुपात'' (Gross Enrolment Ratio) को 26.3 प्रतिशत (वर्ष 2018) से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटों को जोड़ा जाएगा।
- विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से प्राप्त अंकों या क्रेडिट को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए एक 'एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (Academic Bank of Credit) दिया जाएगा, जिससे अलग—अलग संस्थाओं में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें डिग्री प्रदान की जा सके।
- रा0शि0नी0 2020 में एम0फिल कार्यक्रम को समाप्त कर दिया है।
- चिकित्सा एवं कानूनी शिक्षा को छोड़कर पूरे उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए एक एकल निकाय के रूप में भारत उच्च शिक्षा आयोग (Higher Education Commission of India-HECI) का गठन किया जाएगा।
- उच्च शिक्षा आयोग के कार्यो के प्रभावी और पारदर्शितापूर्ण निष्पादन के लिए चार संस्थानों/निकायों का निर्धारण किया गया है—

➢ **विनिमय हेतु** : राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामकीय परिषद (National Higher Education Regulatory Council-NHERC)

➢ **मानक निर्धारणः** सामान्य शिक्षा परिषद (General Education Council G.E.C.)

➢ **वित्त पोषणः** उच्चतर शिक्षा अनुदान परिषद (Higher Education Grants Council-HEGC)

➢ **प्रत्यायनः** राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद (National Accreditation Council - NAC)

- महाविद्यालयों की सम्बद्धता 15 वर्षों में समाप्त हो जाएगी और उन्हें क्रमिक स्वायत्तता प्रदान करने के लिए एक चरणबद्ध प्रणाली की स्थापना की जाएगी।

- देश में आई आई टी (I.I.T) और आई आई एम (I.I.M.) के समकक्ष वैश्विक मानको के ''बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय (Multidisciplinary Education and Research Universities- MERU) की स्थापना की जाएगी।
- शिक्षा, मूल्यांकन, योजनाओं के निर्माण और प्रशासनिक क्षेत्र में तकनीकी के प्रयोग पर विचारों के स्वतंत्र आदान–प्रदान हेतु 'राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (National Education Technology Forum-NETF) नामक एक स्वायत्त निकाय की स्थापना की जाएगी।

**शिक्षण प्रणाली से जुड़े सुधार :**

नई शिक्षा नीति में अध्यापकों की नियुक्ति, पदोन्नति तथा अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम को उन्नत बनाने हेतु पाठ्यचर्या में व्यापक बदलाव किये जायेंगे। शिक्षकों की पदोन्नति अब समय–समय किये गये कार्यों के आंकलन के आधार पर ही होगी। इससे शिक्षकों की अपने कार्यों के प्रति जवाबदेही बढ़ेगी। शिक्षण–प्रक्रिया में सुधार होगा। छात्रों का सम्प्राप्ति स्तर बढ़ेगा। सरकारी स्कूलों के शिक्षक विद्यालय में अनावश्यक कार्यों पर समय व्यतीत करने की बजाय अध्यापन कार्य तथा छात्रों की समस्याओं को हल करने में अमूल्य योगदान देंगे। इससे उन शिक्षकों का भी सम्मान बढ़ेगा जो अपने कार्यों को सदैव ईमानदारी से व परिश्रम से पूरा करने में लगे रहते हैं स्वयं की उन्नति के साथ–साथ विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते रहते हैं। इस सुधार के द्वारा पदोन्नति सिर्फ उन्हीं शिक्षकों को मिलेगी जो इस कसौटी पर खरा उतरेंगे। रा0शि0नी0 2020 के अनुसार शिक्षकों को बेहतर और प्रभावशाली शिक्षण हेतु प्रतिवर्ष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे अनेक लाभ होंगे–शिक्षक अपने शिक्षण कार्य में सुधार कर सकेंगे, अपनी कमियों को जानकर उसमें यथासंभव सुधार करेंगे, छात्र की रूचि, आवश्यकता व बुद्धि के अनुसार शिक्षण करेंगे। पढ़ाने से पहले छात्रों को प्रेरित करेंगे, सीखने के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से छात्र तत्पर होंगे, छात्रों में विषयवस्तु की समझ बढ़ेगी, शिक्षण कार्य में नवीनता आयेगी। घिसी–पिटी परिपाटी से शिक्षण कार्य बोझिल व उबाऊ हो जाता है। शिक्षण में नवीन तकनीकी जैसे–प्रोजेक्टर, मॉडल, क्रियात्मक मॉडल, कम्प्यूटर, मोबाइल का प्रयोग करना सीखेंगे जिससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा। छात्रों को कक्षा में विषयवस्तु पूरी तरह से समझ में आ जाएगी तो उसे ट्यूशन और कोचिंग की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। छात्र स्वाध्याय में रूचि लेंगे। छात्रों की शैक्षिक सम्प्राप्ति में वृद्धि होगी, ज्ञानात्मक, भावात्मक व क्रियात्मक पक्षों का विकास होगा। अध्यापक कक्षा में रूचि लेंगे तो छात्र भी पूरे मनोयोग से पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करेंगे। अपने शिक्षण में सुधार हेतु शिक्षक प्रयासरत रहेंगे और छात्रों की शैक्षिक समस्याओं को सुलझाने का प्रयास करेंगें। अध्यापक और छात्र का संबंध पिता–पुत्र की भांति (वैदिक कालानुसार) मधुर बनेंगे। शिक्षकों का सम्मान बढ़ेगा। अध्यापक अपने ज्ञान को अद्यतन करने का प्रयास करेंगे। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा (NCERT) के परामर्श के आधार पर ''अध्यापक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (National Curricular Framework for Teacher Education NCFTE 2021) का विकास किया जाएगा।

**अध्यापक शिक्षा में सुधारः**

अध्यापक शिक्षा की पाठयचर्या (Curriculum) में बदलाव के जरिए अध्यापक शिक्षा को उन्नत बनाने का प्रयास होगा। देश व समाज के भावी नागरिकों, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रशासनिक अधिकारी आदि का विकास शिक्षक के कंधों पर ही होता है। यदि शिक्षक स्वयं शिक्षण कार्य के प्रति समर्पित होंगे और उच्च तकनीक का प्रयोग का सीखेंगे तो शिक्षक, शिक्षार्थी तथा समाज और देश का सर्वतोमुखी विकास होना निश्चित है। पाठ्यचर्या को यथासंभव क्रिया आधारित बनाया जाना चाहिए अर्थात भावी शिक्षकों को या छात्राध्यापकों को अधिक से अधिक शिक्षण का अभ्यास करने का अवसर दिया जाना चाहिए। अध्यापक शिक्षा के संस्थानों में सूक्ष्म शिक्षण का अभ्यास कराया जाता है किन्तु उसमें वास्तविकता कम व नाटकीयता अधिक होती है। अतः स्वाभाविक वातावरण अर्थात विद्यालय में ही भावी शिक्षकों को शिक्षण का अभ्यास करने का अधिक समय व अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। अधिकांश शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान विद्यालय में शिक्षण का अभ्यास कराने में रूचि नहीं लेते है और भावी शिक्षकगण भी इस परिश्रम से बचने का प्रयास करते हैं यह दशा अत्यंत ही शोचनीय है जिसमें सुधार होने की उम्मीद रा0शि0नी0 2020 में जगाई है।

**4 वर्षीय एकीकृत बी0एड0 डिग्री :**

रा0शि0नी0 2020 के अनुसार वर्ष 2030 तक अध्यापन के लिए न्यूनतम डिग्री योग्यता 4 वर्षीय एकीकृत बी0एड्0 डिग्री का होना अनिवार्य किया जाएगा। चार वर्षीय एकीकृत बी0एड्0 डिग्री का अर्थ है स्नातक की डिग्री + बी0एड्0 डिग्री यानि चार वर्षीय स्नातक की पढ़ाई के साथ छात्र बी0एड्0 की पढ़ाई भी करेंगे। और विद्यालय में शिक्षण का अभ्यास भी इसी में शामिल होगा। अध्यापन के लिए इसे न्यूनतम डिग्री योग्यता बना दिये जाने पर जो बालक या बालिका अध्यापन व्यवसाय को अपनाना चाहते हैं वह इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अध्यापन कार्य को सीख सकेंगे। वर्तमान में 3 वर्षीय स्नातक करने के बाद छात्र यहाँ–वहाँ भटकते रहते हैं बी0एड0 में प्रवेश के लिए अलग से प्रवेश परीक्षा देते है। इस सब में समय व धन की बहुत हानि होती हे। चार वर्षीय एकीकृत बी0एड्0 डिग्री कार्यक्रम के आरम्भ होने पर छात्र एक ही बार प्रवेश परीक्षा देकर चार वर्ष प्रशिक्षण प्राप्त करके अध्यापक बनके बाहर आयेंगे जिससे समय और धन की बचत होगी। छात्र निरूद्देश्य भटकने की बजाय कम समय में रोजगार प्राप्त करके स्वावलंबी बन सकेंगे।

## नई शिक्षा नीति में नवाचार के सुझाव

- ❖ **बर्थडे गार्डन :** छात्र/छात्रा के जन्मदिन पर विद्यालय परिसर में औषधीय पौधा रोपना और उसका संरक्षण करना।
- ❖ **ट्राइबल म्यूजियमः** प्रचलन से बाहर वस्तुओं का संग्रह कर विद्यालय में संग्रहालय बनाना।
- ❖ **भाषण कला :** अक्षर ज्ञान तथा 2 मिनट में ज्यादा बोलने वाले (अधिक शब्द भण्डार, धारा प्रवाह बोलना) छात्र/छात्रा को इनाम देना, प्रोत्साहित करना।

- **अतिरिक्त कक्षा शिक्षण :** कमजोर बच्चों को विद्यालय शुरू होने के पहले आधा घंटा अतिरिक्त कक्षा में पढ़ाना।
- **वर्चुअल रियेलिटी बॉक्सः स्टॉम्प किट तैयार करना–**
  - कक्षा 1 का छात्र A लिखता, कक्षा 2 का छात्र Apple
  - कक्षा 3 का छात्र Apple वाक्य लिखता है।
- **वाचन :** प्रतिदिन एक पीरियड लाइब्रेरी में सिर्फ पढ़ने के लिए ही निर्धारित करना।
- **कबाड़ से जुगाड़ः** कबाड़ की वस्तुओं से गणित, विज्ञान, भाषा, साहित्य, कला के मॉडल बनाना।
- **विज्ञान किट :** विज्ञान के हर पाठ के साथ दिये गये क्रियाकलाप को करने के लिए एक ''विज्ञान प्रायोगिक किट'' तैयार करना। जिसमें प्रयोग के लिए आवश्यक समस्त सामग्री रखी जाय। विज्ञान शिक्षक को प्रशिक्षण दिया जाय तथा कार्यशाला का आयोजन किया जाय।
- **मोबाइल शिक्षा :** कठिन विषयों या प्रकरणों को समझाने के लिए उसका विडियो, बनाकर मोबाइल पर भेजा जाय। जिससे कमजोर छात्र उसे बार–बार देख सकें सीखने का अभ्यास कर सकें।
- **I.C.T. का प्रयोग (Information & Communication Technology)**

विद्यालय में प्रोजेक्टर, कम्प्यूटर का प्रयोग करके कठिन विषयों को मनोरंजन तरीके से पढ़ाया जाना चाहिए।

- **दोस्ती क्लब/मित्रता क्लब :** छात्र/छात्राओं की मनोवैज्ञानिक समस्याओं को जानने, समझने तथा उनके समाधान के लिए दोस्ती क्लब बनाया जाये। शिक्षक तथा छात्र मित्रता से शिक्षक, छात्र की समस्याओं को जानकर हल करने का प्रयास करें।
- **समानता की भावना :** विद्यालय में जाति तथा धर्म आधारित भेदभाव की ऊँच– नीच की भावना को समाप्त करके समानता का भाव विकसित करने हेतु, संविधान की प्रस्तावना को विद्यालय की दीवार पर लिखा जाय। इस पर वार्तालाप का आयोजन किया जायं नुक्कड़ नाटक तथा रोल प्ले विधि द्वारा ऊँच–नीच की भावना को समाप्त करके समानता का भाव विकसित किया जाय। सामूहिक व सामाजिक कार्य कराये जायें।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 देर में भले आयी हो लेकिन इसका कार्यक्रम, योजना, कार्यविधि इतनी प्रभावशाली है कि यह पिछली सभी शिक्षा योजनाओं की कमियों को दूर कर देगी। यदि नई शिक्षा योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया गया तो भारत निश्चित रूप से विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा दिखाई देगा। नई शिक्षा नीति 2020 वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए शिक्षा प्रणाली में सुधार की एक व्यापक, विस्तृत कार्ययोजना है। इस शिक्षा नीति के द्वारा हम छात्रों के सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने का सफल प्रयास कर सकेंगे।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. wikipedia.com (National Education Policy 2020)
2. www.google.com
3. www.m.livehindistan.com
4. wwww.jagran.com
5. wwww.naidunia.com
6. Hindustan, New National Educational Policy 2020

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# व्यवसाय चिन्तन की ज्योतिषीय अवधारणा



**प्रभाकर शर्मा**
**शोध छात्र, संस्कृत,**
**डॉ. मनीश खैमरिया**
**मार्गदर्शाक, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष संस्कृत,**
**एम.एल.बी. कॉलेज, ग्वालियर, मध्यप्रदेश, भारत।**

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 79-84
**Publication Issue :**
January-February-2021
**Article History**
Accepted : 10 Jan 2021
Published : 20 Jan 2021

**सरांश**
चन्द्र हो तो शंख, मोती, प्रवाल आदि पदार्थो के व्यापार से, मिट्टी के खिलौने सीमेण्ट चूना बालू ईट आदि के व्यापार से, खेती शराब की दुकान, तेल की दुकान एवं वस्त्र की दुकान से जीविका करता है। मंगल हो तो मेनसिल, हरताल, सुरभाप्रभृति पदार्थो के व्यापार से बन्दूक, तोप, तलवार के व्यापार से या सैनिक वृत्ति से, सुनार लुहार, बढ़ई खटीक आदि के पेशे द्वारा एवं बिजली के कारखाने में नौकरी करके अथवा मशीनरी के कार्य द्वारा जातक आजीविका उत्पन्न करता है।
**मुख्य शब्द** – व्यवसाय, चिन्तन, ज्योतिष, ग्रह।

**आजीविका विचार–** तृतीय स्थान से आजीविका का भी विचार किया जाता है। कतिपय आचार्यो का मत है कि लग्न, चन्द्रमा और सूर्य इन तीनों ग्रहों में से जो अधिक बलवान् हो, उससे दसवें स्थान के नवांशाधिपति के स्वरूप, गुण, धर्मानुसार आजीविका ज्ञात करनी चाहिए।

विचार करने पर दसवें स्थान का नवांशधिपति सूर्य हो तो डॉक्टरी, वैद्यक से या दवाओं के व्यापार से एवं सोना, मोती, ऊनी वस्त्र, घी, गुड़ चीनी आदि वस्तुओं के व्यापार से जातक अजीविका करता है। ज्योतिष में एक मत यह भी है कि जातक घास, लकड़ी और अनाज का व्यापारी भी उपर्युक्त योग होने से होता है। मुकदमा लड़ने में इसकी अभिरूचि अधिक रहती हैं

चन्द्र हो तो शंख, मोती, प्रवाल आदि पदार्थो के व्यापार से, मिट्टी के खिलौने सीमेण्ट चूना बालू ईट आदि के व्यापार से, खेती शराब की दुकान, तेल की दुकान एवं वस्त्र की दुकान से जीविका करता है।

मंगल हो तो मेनसिल, हरताल, सुरभाप्रभृति पदार्थो के व्यापार से बन्दूक, तोप, तलवार के व्यापार से या सैनिक वृत्ति से, सुनार लुहार, बढ़ई खटीक आदि के पेशे द्वारा एवं बिजली के कारखाने में नौकरी करके अथवा मशीनरी के कार्य द्वारा जातक आजीविका उत्पन्न करता है।[1]

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

बुध हो तो क्लर्क, लेखक, कवि, चित्रकार, जिल्दसाज, शिक्षक, ज्योतिषी, पुस्तक विक्रेता यन्त्र निर्माणकर्ता, सम्पादक, संशोधक, अनुवादक और वकील के पेशे द्वारा जातक आजीविका करता है। मतान्तर से साबुन, अगरबत्ती, पुष्प मालाएँ कागज के खिलौने आदि बनाने के कार्यो द्वारा जातक आजीविका अर्जन करता है।

गुरू हो तो  शिक्षक, अनुष्ठान करनेवाला, धर्मोपदेशक, प्रोफेसर, न्यायाधीश, वकील, आदि के व्यवसाय द्वारा जातक आजीविका करता है, लवण, सुवर्ण एवं पदार्थो का व्यापारी भी हो सकता है। किसी–किसी का मत है कि हाथी, घोड़ो का व्यापार भी यह जातक करता है।

शुक्र हो तो चाँदी, लोहा, सोना, गाय, भैंस, हाथी घोड़ा, दूध, दही, गुड, आलंकारिक वस्तुएँ सुगन्धित चीजें, हीरा, माणिक्य आदि मणियों के व्यापार से जातक आजीविका करता है। मतान्तर से सिनेमा, नाटक आदि में पार्ट खेलने और शराब के व्यापार से भी जातक आजीविका करता है।

शनि हो तो चपरासी, पोस्टमैन, हलकारा तथा जिनको रास्ते में चलना–फिरना पड़े वैसा काम करनेवाला. चोरी, हिंसा, नौकरी आदि द्वारा पेशा करने वाला, प्रेस, खेती, बागवानी मन्दिर में नौकरी और दूत का कार्य करना प्रभृति कामों से आजीविका करनेवाला जातक होता है। कुछ लोग दशम स्थान की राशि के स्वभावनुसार आजीविका निर्णय करते है।

**नवम भाव विचार –** नवम से भाग्य और धर्म–कर्म के सम्बन्ध में विचार किया जाता है। भाग्येश के बल्वान होने से जातक भाग्यषाली होता है। यदि भाग्य–भवन पर अनेक ग्रहों की दृष्टि हो तो भाग्योदय के समय अनेक व्यक्तियों की सहायता लेनी पड़ती है। भाग्येश 6,8,12 वें भाव में शत्रुगृह में बैंठा हो तो भाग्य उत्तम नहीं होता है। भाग्यस्थान में लाभेश बैठा हो तो नौकरी का योग होता है। धनेश लाभ में गया हो और दशमेश से युत या दृष्ट हो तो भाग्यवान् हेता है। लाभेश नौवें भाव में हो और दशमेश से युत या दृष्ट हो तो भाग्यवान् होता है। लाभेश नवम भाव में, धनेश लाभ भाव में, नवमेश धन भाव में हो और दशेमश से युत या दृष्ट हो तो महाभाग्यवान् होता है। नवम भाव गुरू और श्रुक से युत, दृष्ट हो या भाग्येश, गुरू, शुक्र से युत हो या लग्नेश और धनेश पंचम में स्थित हों अथवा नवम भाव में हों; नवमेश लग्न में गया हो तो जातक भाग्यवान् होता है।[2]

**भाग्योदय काल–** सप्तमेश या शुक्र  3,6,7,10,11 वें स्थान में हो तो विवाह के बाद भग्योदय होता है। भाग्येश रवि हो तो 22 वें वर्ष में, चन्द्र हो तो 24 वें वर्ष में, मंगल हो तो  वें वर्ष में, बुध हो तो 28वें वर्ष में; गुरू हो तो 32 वें बर्ष में;शुक्र हो तो    वें वर्ष में; शनि हो तो 16 वे बर्ष में और राहु हो तो 36 वें बर्ष 42में भाग्योदय होता है।[3]

**नवम भाव का दृष्टि फल –**

1. नवम भाव में गुरू या शूक्र स्थित हो तो मन्त्री, शासनकर्ता में सहयोग या विचार–परामर्श देनेवाला, कौन्सिल का मेम्बर, पार्लमेण्ट–सेक्रेटरी और प्रधान न्यायाधीश का पेशकर होता है पर इस योग में ध्यान देने की एक बात यह है कि यह फल गुरू या शुक्र के उच्च राशि के उच्च राशि में रहने पर ही घटता है। नवम भाव पर शुभग्रह की दृष्टि भी अपेक्षित है।

2. नवमस्थ गुरू को सूर्य हो देखता हो तो राजा के समान, धारासभाओं को सदस्य, जनता का प्रतिनिधि; चन्द्र देखता हो तो **विलासी**, सुन्दरदेही; मंगल देखता हो तो कांचन, हिरण्य आदि मूल्यवान् धातुओंवाला; बुध देखता हो तो धनी, शुक्र देखता हो ता पशु, धन–धान्यादि सम्पत्ति से युक्त, शनि देखता हो ता चल–अचल आदि सम्पत्ति का स्वामी होता है।
3. **गुरू को सूर्य–** मंगल देखते हों तो ऐश्वर्य, रत्न, स्वर्ण आदि सम्पत्ति से युक्त, साहसी, धीर–वीर , पराक्रमी और बड़े परिवारवाला होता है; सूर्य–बुध देखते हों तो सुन्दर, भाग्यवान्, सुन्दर स्त्री का पति, धनी, कवि, लेखक, संशोधक, **सम्पादक** और विद्वान् होता है; सूर्य–शुक्र देखते हो तो उद्यमी, कलाविद्, यशस्वी, सुरूचिसम्पन्न, सुखी और नम्र होता है; सूर्य–शनि नवमस्थ गुरू को देखते हों तो नेता, प्रतिनिध, कोषाध्यक्ष, प्रख्यात, मजिस्ट्रेट, न्यायाधीश और संग्रहकर्ता होता है; चन्द्र–मंगल देखते हों तो सेनापति, कीर्तिवान्, धारासभा का सदस्य, मन्त्री, सुखी, भाग्यवान्, चतुर और मान्य; चन्द्र–बुध देखते हों तो उत्तम सुख प्राप्त करनेवाला, तेजस्वी, क्षमावान्, विद्वान्, कवि, कहानीकार और संगीतप्रिय; चन्द्र–शुक देखते हों तो अभिमानी, प्रवासी, मध्यावस्था में सुखी, अन्तिम जीवन में दुखी और कष्ट प्राप्त करनेवाला; मंगल–बुध देखते हों तो चतुर, सुशील, गायक ,भूमिपति, विद्या द्वारा यशोपार्जन करनेवाला, प्रतिज्ञा पूर्ण करनेवाला और मान्य; मंगल–शुक्र देखते हों तो धनिक, विद्वान्, विदेश, जानेवाला, तेजस्वी, सात्त्विक,चतुर, लब्धप्रतिष्ठ और शासन करनेवाला; मंगल–शनि देखते हों तो नीच, पिशुन, द्वेषी, विदेश–यात्रा करनेवाला, नीच प्रकृति, धन–धान्य से परिपूर्ण होता है।
4. नवम भाव एंव बृहस्पति से भाग्य प्रभाव, गुरू, धर्म, तप और शुभ का विचार किया जाता है। नवमेश ओर बृहस्पति शुभ वर्ग में हों, भाग्य भाव शुभग्रह से युक्त हो तो जातक भाग्यवान् होता है।
5. यदि पापग्रह, नीचराशिस्थ ग्रह या अस्तग्रह नवम भाव में हों तो जातक यश, धर्म और धन से हीन रहता है। पापग्रह भी यदि उच्च स्थान में मित्रगृह में होकर नवम में स्थित हो तो मनुष्य निरन्तर भाग्यवान् होता है।4

शुक्र हो तो स्त्री से, शनि हो तो सेवक से धन प्राप्त होता है। यदि लग्न और चन्द्रमा दोनों से दशम भाव में ग्रह हो तो अपनी–अपनी दशा में दोनों फल देते हैं। लगन, चन्द्रमा इन दोनों में जो बली हो उससे दशम भाव का स्वामी जहाँ स्थित हो उस नवांशपति से आजीविका कहनी चाहिए। लग्न या चन्द्रमा से दशम स्थान का स्ववामी सूर्य नवांश में हो तो औषध, अन्न, तृण, धान्य, सोना, मुक्ता आदि के व्यापार से आजीविका कहनी चाहिए।

लग्न या चन्द्रमा से दशमेश, मंगल के नवांश में हो तो सोना, चाँदी, ताँथा, पीपल, आदि के व्यापार से तथा कोयला एवं राख के व्यापार से धन लाभ होता है।

लग्न या चन्द्रमा से दशमेश बुध के नवांश में हो तो शिल्प, काव्य, पुराण, ज्योतिष आदि के द्वारा आजीविका सम्पादित होता है।

लग्न या चन्द्रमा से दशमेश गुरू के नवांश में हो तो जातक, शिक्षक, प्राध्यापक, पुराणवेत्ता एवं धर्मोपदेशक होता है।

लग्न या चन्द्रमा से दशमेश गुरू के नवांश में हो तो सुवर्ण, मणि, गज, अश्व, गौ, गुड़, चावल, नमक आदि के व्यापार से लाभ होता है।

लग्न या चल्द्रमा से दशमेश, शनि ने नवांश में हो तो निन्दित मार्ग से आजीविका स्पन्न होती है।

**चन्द्रमा से दशम में मंगल**—बुध से युक्त हो तो शास्त्रोपीवी, गुरू से युक्त हो तो नीचों का स्वामी, शुक्र से युक्त हो तो विदेश से व्यापार करनेवाला, शनि से युक्त हो तो साहस एक आजीविका कारक होगा

चन्द्रमा से दशम भाव में बुध, शुक्र हों तो विद्या, स़ी एवं धन से युक्त, शनि से युक्त हो तो पुस्तक—लेखन, बृहस्पति, शुक्र से युक्त हो तो समृद्ध, शनि से युक्त हो तो दृढ़ संकल्पी एवं कलाकर होता है।

**एकादश भाव विचार** — लाभ भाव में शुभग्रह हों तो न्यायमार्ग से धन का लाभ और पापग्रह हों तो अन्याय मार्ग से धन का लाभ होता है तथा शुभ और अशुभ दोनों प्रकार से ग्रह लाभ भाव में हो तो न्याय, अन्याय मिश्रित मार्ग से धन आता है।[5]

लाभ भाव पर शुभग्रहों की दृष्टि हो तो लाभ और पापग्रहों की दृष्टी हो तो हानि होती है। लाभेश 1 |4 |5 |7 |9 |10 भावों में हो तो धन का बहुत लाभ होता है।

लाभेश शुभग्रह से सम्बन्ध करता हो तो लाभ होता है।

यद्यपि ससुराल से धन प्राप्त करने के दो—तीन योग पहले भी लिखे गये हैं; किन्तु ग्यारहवें भाव के विचार में इन योगों पर कुछ विचार कर लेना आवश्यक है। निम्न योग अनुभवसिद्ध हैंः

- ✓ सप्तम और चतुर्थ स्थान का स्वामी एक ही ग्रह हो तथा वह ग्रह इन्हीं दोनों भावों में से किसी भाव में हो।
- ✓ जायेश कुटुम्ब स्थान में और कुटुम्बेश जाया स्थान में हो।
- ✓ जायेश और कुटुम्बेश दोनों ग्रह सप्तम में अथवा कुटुम्ब स्थान में एकत्र हों।
- ✓ जायेश और कुटुम्बेश दोनों ग्रह 1। 4 |5 |7 |9 |10 |11 वें भाव में हों या चन्द्र से  वें अथवा चतुर्थ स्थान में एकत्रित हों।
- ✓ धनेश व लाभेश यदि लग्नेश के मित्र हों तो जातक को अच्छी आमदनी होती है।
- ✓ सूर्य या चन्द्रमा लाभेश हो तो राजा के सदृश धनवान् के आश्रम से, मंगल लाभेश हो तो मन्त्री के आश्रय से, बुध लाभेश हो तो विद्या द्वारा, बृहस्पति लाभेश हो तो आचार द्वारा, शुक्र लाभेश हो तो पशुओं के व्यापार द्वारा और शनि लाभेश हो तो खर कर्म द्वारा धनलाभ होता है।

6. नवम भाव यदि अपने स्वामी या शुभग्रह से युत अथवा दृष्ट हो तो जातक भाग्यशाली होता हैं। भाग्येश जिस राशि में हो उसका स्वामी भी भाग्यफलकर्ता होता हैं। नवभेश ग्रह भाग्य का परिचायक और भाग्य से पंचमेश अर्थात् लग्नेश भाग्य का बोधक होता हैं। यदि ये सभी ग्रह अपने—अपने उच्च या सुगृह के राशि में हों तो जातक सदा भाग्यशाली रहता हैं।
7. यदि चार बली ग्रह अपने उच्च तथा नवांश में स्थित होकर भाग्यस्थान में हों तो जातक भाग्यशाली होता हैं। और उसे सभी प्रकार की सम्पत्तियाँ प्राप्त होती हैं।
8. भाग्यस्थान—नवम भाव अपने स्वामी या शुभग्रह से युत या दृष्ट हो तो जातक भाग्यवान् होता हैं।

9. नवम भागवत गुरू यदिद सूर्य के द्वारा दृष्ट हो तो जातक राजा, मंगल, द्वारा दृष्ट हो तो मन्त्री, बुध द्वारा दृष्ट हो तो सुखी होता हैं।
10. नवम भाव में स्थित गुरू को चन्द्रमा और सूर्य देखते हों तो जातक पण्डित एवं धनी होता हैं। मंगल और सूर्य देखते हों तो वाहन, रत्न आदि सम्पत्ति से युक्त होता हैं। सूर्य और बुध देखते हों तो धनिक एवं सूर्य और शुक्र द्वारा दृष्ट होने पर धन–सम्पत्ति की प्राप्ति होती हैं।
11. नवम भाव में सूर्य एवं बुध स्थित हों तो जातक दु,खी, रोगी, पीड़ित चन्द्रमा और बुध हों तो जातक चतुर, शास्त्रज्ञ, चन्द्रमा और गुरू हों तो जातक धीर बुद्धि, श्रीमान् भाग्यशाली, चन्द्रमा और शुक्र हों तो साधारण भाग्यवान् एवं चन्द्रमा और शनि हों तो दुखी और निर्धन होता हैं। नवम भाव में मंगल और बुध हों तो जातक भोगी, सुखी एवं सम्पन्न, मंगल और बृहस्पति, हों तो धनवान्, पूज्य, मंगल और शुक्र हों तो दो स्त्रियों का पति, परदेशवासी, भाग्यशाली, मंगल और शनि हों तो परस्त्रीगामी, धनिक एवं नीच विचारयुक्त तथा बुध और गुरू हों तो चतुर बुद्धि, विद्वान, धनी और ज्ञानी होता हैं। नवम भाव में बुध और शुक्र हों तो जातक बुद्धिमान, रतिप्रिय, एवं पण्डित, बुध–शनि हों तो रोगी, धनवान् एवं मिथ्यावादी, बृहस्पति–शुक्र हो तो श्रीमान् धनिक एवं दीर्धलीवी, शनि और गुरू हों तो धववान् और रोगी एवं शुक्र–शनि हों तो अधिक समृद्धिशाली होता हैं।
12. नवम भाव में सूर्य, चन्द्र और मंगल हों तो जातक के शरीर में धाब, माता–पिताहीन, सामान्यतया धनिकः सूर्य चन्द्र और गुरू हों तो सुखी, वाहन परिपूर्ण एवं समृद्ध, सूर्य, चन्द्र और शुक्र हों तो झगड़ालू, निर्धन एवं व्यापार में धन नाश करनेवाला, सूर्य, चन्द्र और शनि हों तो दूसरे की नौकरी करनेवाला, साधारण भाग्यशाली एवं श्रेष्ठ व्यक्तियों से विरोध करनेवाला, सूर्य, मंगल, बुध हों तो सुन्दर, क्रोधी एवं विवादप्रिय, सूर्य, मंगल एवं गुरू हों तो लोकप्रिय, धनिक एवं भाग्यशाली, सूर्य, मंगल, और शुक्र, हों तो क्रोधी, स्त्रियों से झगड़नेवाला एवं निर्धन, सूर्य, मंगल और शनि हों तो बन्धुहीन, साधु एवं पितृहीन, सूर्य, बुध और गुरू हों तो यशस्वी एवं धनिक एवं धनिक, सूर्य, बुध और शुक्र हों तो राजा के समान वैभवशाली तथा सूर्य, बुध और शनि हों तो परस्त्रीगामी एवं धनिक होता हैं।

नवम भाव में सूर्य, बृहस्पति और शुक्र हों तो जातक परस्त्रीरत, धनी एवं पण्डित होता हैं। सूर्य, बृहस्पति और शनि हों तो धूर्तराज, सूर्य और शनि हों तो निगुर्ण एवं राजा से दण्डित, चन्द्र, मंगल और बुध हों तो जातक बाल्यावस्था में दुखी युवावस्था में सुखी, चन्द्र, मंगल, गुरू हों तो कृपण एवं मातृहीन, चन्द्र, बुध और बृहस्पति हों तो विद्वान धनी एवं पराक्रमी, चन्द्र बुध और शुक्र हों तो पराक्रमी एवं धनिक, चन्द्र, बुध और शनि हों तो जातक पापी, विवादप्रिय एवं बुद्धियुक्त, चन्द्र, गुरू और शुक्र हों तो राजा के समान समृद्धिशाली, चन्द्र, गुरू और शनि हों तो सद्‌गुणी एवं कर्मशील, शनि, बुध और शुक्र हों तो राजा के तुल्य एवं धनिक, बृहस्पति, मंगल और बुध हों तो मन्त्री, शासक एवं भाग्यशाली, बृहस्पति, मंगल और शुक्र हों तो शास्त्रवेत्ता, चंचल एवं भीरू, बृहस्पति, मंगल और शनि हों तो विवाद में तत्थर, शुक्र बृहस्पति और बुध हों तो यशस्वी, विद्वान, धनिक एवं धर्मात्माः शुक्र, बृहस्पति और शनि हों

तो श्रेष्ठ बक्ता एवं भाग्यशाली, गुरू, शुक्र, बुध और चन्द्रमा हों तो श्रीमान्, पराक्रमी, एवं उद्योगी, सूर्य, मंगल बृहस्पति और शनि हों तो साहसी, पराक्रमी एवं धनिक, शुक्र, मंगल, बृहस्पति और चन्द्रमदा हों तो वीर, सर्वगुणासम्पन्न एवं रसिक तथा बृहस्पति, बुध और चन्द्रमा हों तो जातक यशस्वी एवं भाग्यशाली होता हैं।

सन्दर्भ

1.ज्योतिष चन्द्रिका
2. भारतीय ज्योतिष– आचार्य नेमिचन्द्र शास्त्री
3. ज्योतिष रत्नाकर
4. फल–दीपिका
5. ज्योतिष एवं व्यवसाय– भोजराज द्विवेदी

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# नरेन्द्र मोदी कार्यकाल में भारत की गतिशील विदेश नीति

**राजेश कुमार**
पी०एच०डी०, शोधार्थी
राजनीति विज्ञान विभाग,
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश।

**डॉ0 सीमा देवी**
शोध निर्देशिका
राजनीति विज्ञान विभाग,
कु० मायावती राजकीय महिला स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश।
चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, उत्तर प्रदेश।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 85-93

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 25 Jan 2021
Published : 05 Feb 2021

**सरांश**

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत विश्व में सुदृढ़ एवं सशक्त विदेश नीति के लिये जाना जाता है, साथ ही राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल अपना सामंजस्य स्थपित करने में भी भारतीय विदेश नीति सदैव सफल रही है। 1947 से अब तक भारत को विदेश नीति के क्षेत्र में कई मुकाम हासिल हुए है, और अनेकानेक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा है।

मई, 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभाली तो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय विदेश नीति के क्षेत्र में कुछ नया व खास करने की अपेक्षाऐं पाली जाने लगी थी क्योंकि नरेन्द्र मोदी भी यर्थाथवादी सोच से सम्पन्न व्यक्ति है तथा राष्ट्रीय हितों की प्राप्ति सर्वोच्च स्तर पर रखने वाले है। नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प अपने शासन संभालने के समय ही ले लिया था और आज भी उस पर निरन्तर प्रगति करते हुए चल रहे है।

प्रधान मंत्री के रूप में मोदी खुद एक राजनयिक सफलता थे और सभी आठ पड़ोसी सार्क देशों के प्रमुख और मारीशस के साथ इस समारोह में उपस्थित थे। नरेन्द्र मोदी की पड़ोसी पहले नीति ने भारत के सापेक्ष पड़ोसियों के दृष्टिकोण को बदल दिया है। शपथग्रहण समारोह में मोदी के निमंत्रण के लिए एक संकेत के रूप में पाकिस्तान और श्रीलंका ने सैकड़ों भारतीय मछुआरों को छोड़ दिया, जिन्हें लंबे समय से कैद किया गया था। अपनी पहली विदेश नीति में नेपाल और भूटान को अपनी यात्रा का प्रथम गन्तव्य बनाने के मोदी के फैसले का अनुपालन किया जाना चाहिए क्योंकि दोनों देशों के पास पनबिजली बनाने की व्यापक क्षमता है। मोदी 3 अगस्त 2014 को काठमांडू गए थे, 17 साल में मोदी भारत के पहने प्रधान मंत्री थे, जहां उनका हवाई अड्डे पर प्रोटोकाल के खिलाफ खुद नेपाली प्रधान मंत्री द्वारा स्वागत किया गया था।

भारतीय विदेश नीति नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सफलताओं के चरम पर पहुंच रही है। भारत विकसित राष्ट्रों की कगार पर पहुंचने को तैयार है। विश्व का छोटे से छोटा और बडे से बड़ा राष्ट्र आज भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना करने को आतुर है। एशिया की सुपर पावर तो भारत है ही, वह विश्व की महाशक्तियों के

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

समकक्ष आता जा रहा है। अमेरिका जैसी महाशक्ति आज भारत के साथ अच्छे संबंध रखने को आतुर है, तृतीय विश्व भारत के नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है, इसके साथ ही 21 वीं सदी एशिया की होगी इसे भी सार्थक कर दिया है।

**मुख्य शब्द :–** अन्तर्राष्ट्रीय, सामंजस्य, यर्थाथवादी, दृष्टिकोण, शपथग्रहण, पनबिजली, प्रोटोकाल, महाशक्ति।

---

विदेश नीति के माध्यम से प्रत्येक देश अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा तथा अभिवृद्धि सुनिश्चित करता है। भारत भी अपनी विदेश नीति को अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के सन्दर्भ में निर्धारित और लागू करता है। भारत ने शुरू से ही स्वंयम को गुटों की राजनीति से अलग रखा है। और यह नीति समय की कसौटी पर खरी भी उतरी है। राष्ट्रों की पारस्परिक निर्भरता के युग में भारत सभी देशों के साथ शान्तिपूर्ण सह–अस्तित्व पर आधारित मैत्री को प्रोत्साहित करने वाली विदेश नीति पर चलता आया है। विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय संगठनों में भी भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत विश्व में सुदृढ़ एवं सशक्त विदेश नीति के लिये जाना जाता है, साथ ही राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल अपना सामंजस्य स्थपित करने में भी भारतीय विदेश नीति सदैव सफल रही है। 1947 से अब तक भारत को विदेश नीति के क्षेत्र में कई मुकाम हासिल हुए है, और अनेकानेक चुनौतियों का सामना भी करना पड़ा है। भारत की विदेश नीति का विश्व व्यवस्था, द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय सम्बन्धों, नई अन्तर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था आदि के निर्धारण में महत्वपूर्ण स्थान है। विदेश नीति के निर्धारण में सबसे ज्यादा प्रभावशाली तत्व राष्ट्रीय हित कहा जाता है। भारतीय विदेश नीति के आधार व स्वरूप के निर्धारण में भी राष्ट्रीय हितों की सर्वाधिक भूमिका है और इसके अलावा हमारी और आवश्यकताऐं है, हमारे पड़ौसी राष्ट्रों से हमारे सम्बन्ध तथा विश्व व्यवस्था के संचालन में हमारी भूमिका आदि का भी भारतीय विदेश नीति के निर्धारण मे प्रमुख योगदान है।

इन सबके अतिरिक्त भारतीय विदेश नीति के निर्धारण एवं क्रियान्वयन पर तत्कालीन नेतृत्व का भी गहरा प्रभाव रहा है। भारत की विदेश नीति के निर्धारण में जवाहर लाल नेहरू का अमिट प्रभाव रहा है क्योंकि विदेश नीति के सिद्धान्तों का प्रथमतया निर्धारण उन्होंने ही किया था, वो सिद्धांत कमावेश आप भी निरन्तर बने हुए है, परन्तु राष्ट्रीय हितों की आवश्यकतानुसार नये सिद्धान्तों ने भारतीय विदेश नीति में अपनी जगह बना ली है। जवाहर लाल नेहरू के समय आदर्शो के दामन में लिपटी हुई भारतीय विदेश नीति और आदर्शो की खातिर कुछ राष्ट्रीय हितों का त्याग भी हमें करना पड़ा है। इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति ने यर्थाथवाद का जामा पहना और राष्ट्रीय हितों की सर्वोच्चता बरकरार रही तथा विश्व के भूगोल को बदलने का महान कृत्य भी अन्जाम दिया गया। जनता पार्टी के शासन में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में असली गुटनिरपेक्षता पर आधारित यर्थाथवादी विदेश

नीति हमने अपनाई और 1990 के दशक में विश्वस्तर पर आये अनेकानेक परिवर्तनों के फलस्वरूप भारतीय विदेश नीति भी समयानुकूल परिवर्तनों को समावेशित करने में सफल रही।

भारत ने वैश्वीकरण उदारीकरण और निजिकरण की लहर में अपने राष्ट्रीय हितों के अनुकूल आर्थिक सुधारों और उदारीकरण की नीति को अपनाया तथा आर्थिक सम्बन्धों को द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय सम्बन्धों में सर्वोच्च स्तर पर रखा। इस दौर में विश्व स्तर पर यह नीति प्रचलित थी कि किन्ही दो या अनेक राष्ट्रों में अन्य सम्बन्धों के न रहते हुए भी आर्थिक सम्बन्ध स्थापित किए जा सकते थे और भारत द्वारा भी उक्त नीति का अपने राष्ट्रीय हितों की प्राप्ति के लिए पालन किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भारत ने परमाणु क्षमता के क्षेत्र में ऊँची छलांग लगाई और 51 राष्ट्रों की पंक्ति में आ खड़ा हुआ क्योंकि पड़ौसी राष्ट्रों व आस–पास की परिस्थितियों को दृष्टि में रखते हुए आर्थिक हितों से पहले राष्ट्रीय सुरक्षा की महत्ता को समझा एवं तद्नुसार परमाणु परीक्षण का निर्णय लिया। यू0पी0ए0 के शासन काल के दौरान मनमोहन सिंह के नेतृत्व में भारत विश्व की सबसे महान तकनीकी शक्ति राष्ट्र अमेरिका के साथ समस्तर रिश्ते बनाने में सफल हुआ और बिना हस्ताक्षर किये परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह के साथ परमाणु ऊर्जा के उपयोग व आयात में सफलता प्राप्त की।

मई, 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभाली तो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय विदेश नीति के क्षेत्र में कुछ नया व खास करने की अपेक्षाऐं पाली जाने लगी थी क्योंकि नरेन्द्र मोदी भी यर्थाथवादी सोच से सम्पन्न व्यक्ति है तथा राष्ट्रीय हितों की प्राप्ति सर्वोच्च स्तर पर रखने वाले है। नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प अपने शासन संभालने के समय ही ले लिया था और आज भी उस पर निरन्तर प्रगति करते हुए चल रहे है।

नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालते ही भारतीय विदेश नीति के स्वरूप में कई परिवर्तन परिलक्षित होने लगे। इन बदलावों का उद्देश्य है भारत अभिजात राष्ट्रीय हितों को बचाना और उन्हें संरक्षित करना। साथ ही भारत की विदेश नीति में अभी तक स्थापित मूल आदर्शे जिन्हें स्वतंत्र भारत की विदेश नीति के वास्तुकार जवाहर लाल नेहरू ने परिभाषित किया था, को कायम रखने के बावजूद एशियाई सदी के बहुत बड़े सन्दर्भ में भारतीय सदी बनाना भी इन बदलावों का उद्देश्य है। नेरन्द्र मोदी ने भारत संभालते ही द्विपक्षीय तथा बहुपक्षीय सम्बन्धों का दायरा विस्तृत कर लिया है। भारत की विदेश नीति में ढुलमुल व अस्पष्ट रवैया अतीत की बात हो चुकी है।

हालांकि भारत आज भी विश्व शान्ति तथा शान्तिपूर्ण सह अस्तित्व की आधारभूत नीतियों में विश्वास रखता है परन्तु अपने राष्ट्रीय हितों पर आँच आने पर एक अलग सोच भी रखता है तथा वैश्विक स्तर की गतिविधियों पर खुलकर अपना पक्ष अभिव्यक्त करता है। नेरेन्द्र मोदी का "मैक इन इण्डिया" कार्यक्रम एशिया को एक बड़ी शक्ति बनाने के क्रम में एक महत्वपूर्ण प्रयत्न माना जा सकता है।

## भारत और पड़ौसी देश – मोदी की पड़ौस नीति

भारतीय राजनीति ने 2014 में एक मौलिक परिवर्तन देखा। 30 सालों बाद, एक पार्टी को संसद में पूर्ण बहुत मिला। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के तहत देश की घरेलू नीतियों के साथ–साथ विदेश नीति गतिशील सकारात्मक और विकास उन्मुख हो गई। उन्होंने समय के विस्तार को फिर से तैयार किया, देश की इच्छा ने अपनी गरिमा, आत्म सम्मान शक्ति का रेखांकन किया और दोस्ती और सहकारिता का संदेश दिया। सरकार में बदलाव के बाद हर देश की विदेश नीति में निरंतरता और परिवर्तन के तत्व होते है। यह उल्लेखनीय है कि शपथ ग्रहण समारोह में, प्रधान मंत्री के रूप में मोदी खुद ही एक राजनयिक सफलता थे और सभी आठ पड़ोसी सार्क देशों के प्रमुखों ने मारीशस के साथ समारोह में भाग लिया। नरेन्द्र मोदी की पहले पड़ोसी नीति ने भारत पर पड़ोसियों के दृष्टिकोण को बदल दिया है।

मोदी सरकार द्वारा उठायी गयी प्रमुख नीतिगत पहलों में से एक दक्षिण एशिया में अपने तत्काल पड़ोसियों पर ध्यान केंद्रित करना है। प्रधान मंत्री बनने से पहले, नरेद्र मोदी ने संकेत दिया था कि उनकी विदेश नीति भारत के तत्काल पड़ोसियों के साथ संबंधों को बेहतर बनाने पर सक्रिय रूप से ध्यन केंद्रित करेगी, जिसे मीडिया में पहले 'पड़ोसी नीति' के रूप में परिभाषित किया जा रहा है और उन्होंने सरकार के सभी राज्य–सरकार प्रमुखों को अपने उद्घाटन में आमंत्रित करके अच्छी शुरूआत की ओर दूसरे दिन कार्यालय में दक्षिण एशियाई देशों के साथ व्यक्तिगत रूप से द्विपक्षीय वार्ता की, जिसे मीडिया द्वारा मिनी सार्क शिखर सम्मेलन के रूप में करार दिया गया था। बाद में एक समारोह के दौरान उन्होंने भारतीय वैज्ञानिकों से कहा है कि दक्षिण एशिया के लोगों के साथ टेली मीडिसिन, ई–लर्निग आदि जैसे प्रौद्योगिकी के फल को साक्षा करने के लिए वर्तमान में इस क्षेत्र में भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के लिए एक समर्पित सार्क उपग्रह–2 विकसित करने का प्रयास करें।

मोदी विदेश नीति, भारत को अधिक प्रतिस्पर्धी, आश्रवस्त और सुरक्षित देश के रूप में बदलने के लिए तैयार होती है। एक मजबूत विदेश नीति, हालांकि, एक मजबूत घरेलू नीति की नींव पर ही स्वयं को बनाए रख सकती है। उम्मीदवार नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार के दौरान विदेश नीति का मुश्किल से उल्लेख किया गया था। फिर भी, कार्यालय में अपने पहले वर्ष के दौरान प्रधान मंत्री मोदी विदेश नीति क्षेत्र में सबसे गतिशील नेताओं में से एक के रूप में उभरे हैं। उन्होंने विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय शिखर सम्मेलनों में अपनी भागीदारी के साथ उद्देश्य और उत्साह का एक नया रूझान प्रदर्शित किया है जबकि आर्थिक गतिविधियां उनकी विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा है, उन्होंने सफलतापूर्वक लोकतांत्रिक मूल्यों, बौद्ध धर्म और योग के प्रचार जैसे साफ्ट पावर का इस्तेमाल किया है, और भारत के प्रभाव को प्रक्षेपित करने के लिए प्रवासियों तक पहुंचे हैं।

जब से उन्होंने मई 2014 में भारत के प्रधान मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला है, तब से नरेन्द्र मोदी ने विदेश नीति को अपने प्रशासन का आधार बना दिया है। मोदी जी ने अपनी सबसे महत्वपूर्ण पहल 'पड़ोसी प्रथम' को निरंतरता में कार्यालय संभाले जाने से पहले ही शुरू कर दी थी। बांग्लादेश के साथ संबंधों ने एक निर्णायक

भूमि सीमा समझौते के भारत द्वारा अनुसमर्थन के साथ चढ़ाव देखा है, जो कुछ 40 वर्षो के लिए लंबित था। श्री लंका के साथ संबंधों को एक मजबूती तब मिली, जब उस देश में वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रपति चुनाव के परिणामस्वरूप महेंद्रराजपक्षे की जगह राष्ट्रपति के रूप में मैथ्रिपाला श्रीलंका के चुनाव के साथ घरेलू नेतृत्व में परिवर्तन हुआ। मोदी ने मार्च में श्रीलंका का दौरा किया, जो 30 साल में एक भारतीय प्रधान मंत्री की पहली यात्रा थी।

मोदी अपने देश की विदेश नीति और घरेलू परिवर्तन के बीच एक करीबी गठजोड़ स्थापित करने में काफी सफल रहे हैं। उन्होंने भारतीय उत्पादों के लिए विदेशी बाजार खोलते हुए विदेशी पूंजी और तकनीक को आकर्षित करने का प्रयास किया है। उन्होंने मेर मैक इन इण्डिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटीज, क्लीन गंगा, स्वच्छ भारत और कौशल भारत जैसे अपने सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों का आक्रामक रूप से विपणन किया है।

## दक्षिण एशिया में प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति

प्रधान मंत्री के रूप में मोदी खुद एक राजनयिक सफलता थे और सभी आठ पड़ोसी सार्क देशों के प्रमुख और मारीशस के साथ इस समारोह में उपस्थित थे। नरेन्द्र मोदी की पड़ोसी पहले नीति ने भारत के सापेक्ष पड़ोसियों के दृष्टिकोण को बदल दिया है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए मोदी के निमंत्रण के लिए एक संकेत के रूप में दोनों पाकिस्तान और श्रीलंका ने सैकड़ों भारतीय मछुआरों को छोड़ दिया, जिन्हें लंबे समय से कैद किया गया था। मोदी सार्क में मजबूती से विश्वास करते हैं और क्षेत्रीय सहयोग और विकास संबंधी गतिविधियों को मजबूत करने में इसकी क्षमता के प्रति आशान्वित हैं। भारत ने पहले ही इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए तीन प्रस्तावों को रखा है और वे थे– राष्ट्रीय सीमाओं से परे वाहनों के निर्बाध प्रवास के लिए सार्क सदस्य राज्यों के बीच यात्री और कार्गो वाहन ट्रैफिक का विनियमन, अंतर्राष्ट्रीय रेल सेवा के लिए रेल पर सार्क क्षेत्रीय समझौता और उपमहाद्वीप, जिसे कि अक्सर विश्व में ऊर्जा के लिए सबसे भूखे क्षेत्र के रूप में माना जाता है, में ऊर्जा व्यापार के लिए ऊर्जा सहयोग (विद्युत) के लिए सार्क फ्रेमवर्क करार। शपथ ग्रहण समारोह में मोदी–शरीफ उम्दा–रिश्तों ने उम्मीद जताई कि दोनों पड़ोसियों के बीच बातचीत की गुणवत्ता में बदलाव आएगा। लेकिन पाकिस्तान ध्वस्त हो रहा है, इसलिए भारत को दूसरे सार्क देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने पर अपनी ऊर्जा का निर्देशन करना चाहिए।

अपनी पहली विदेश नीति में नेपाल और भूटान को अपनी यात्रा का प्रथम गन्तव्य बनाने के मोदी के फैसले का अनुपालन किया जाना चाहिए क्योंकि दोनों देशों के पास पनबिजली क्षमता की व्यापक क्षमता है मोदी ने नेपाल को पहले कुछ देशों में से एक के रूप में चुना क्योंकि वे मोदी सरकार की संपूर्ण पड़ोस नीति में नेपाल के महत्व को दर्शाते हैं। मोदी 3 अगस्त 2014 को काठमांडू गए थे, 17 साल में मोदी भारत के पहने प्रधान मंत्री थे, जहां उनका हवाई अड्डे पर प्रोटोकाल के खिलाफ खुद नेपाली प्रधान मंत्री द्वारा स्वागत किया गया था।

नरेन्द्र मोदी ने राजा जिग्मेखेसर नेमगैल वांगचुक और तोबगे के निमंत्रण के बाद भूटान की अपनी पहली विदेश यात्रा की। इस यात्रा को मीडिया ने आक्रामक आकर्षण के रूप में कहा जो कि भूटान – चीन संबंधों की जांच भी करेगा जो कि हाल ही में औपचारिक रूप से तैयार किए गए थे। उन्होंने हाइड्रो–इलेक्ट्रिक डील सहित व्यापार संबंधों का निर्माण करने की भी कोशिश की ओर भारत वित्तपोषित भूटान के सुप्रीम कोर्ट भवन का उद्घाटन किया।

भारत को तीस्ता जल–साक्षाकरण समझौते और भूमि सीमा समझौतों को पूरा करना चाहिए तथा इसके साथ–साथ बांग्लादेश से अवैध आप्रवासियों पर सांप्रदायिक बयानबाजी के कारण हुए नुकसान को सम्भालना चाहिए। श्रीलंका सरकार ने भारतीय मछुआरों को रिहा कर और लश्कर–ए–ताइबा पर सूचनाओं को साझा कर सद्भावना का परिचय दिया है। हालांकि, भारत को स्पष्ट रूप से दोहराना चाहिए कि श्रीलंका के संविधान का तेरहवां संशोधन श्रीलंकाई तमिलों के भेदभाव को खत्म करने का आधार है।

मोदी ने भारत की अर्थव्यवस्था को सही दिशा देने के लिए, एक मजबूत जनादेश के साथ शुरूआत से प्राथमिकता के रूप में विदेश नीति को रेखांकित किया हैं। मोदी को भारत की उभरती हुई शक्ति के दर्जा को पुनर्जीवित करने की आकांक्षा है, जो हाल के वर्षो में खराब आर्थिक वृद्धि के कारण बिगड़ी हुई थी। उन्होंने भारत की विदेश नीति में न केवल फोकस और महत्वाकांक्षा को इंजेक्ट किया है, बल्कि भारत की अर्थव्यवथा को बदलने के लिए अपनी योजनाओं से सीधे जोड़ रखा है। सितंबर 2014 में लान्च किया गया 'मेक इन इंडिया' नरेन्द्र मोदी का हस्ताक्षर कार्यक्रम बन गए हैं क्योंकि वह भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलने की इच्छा रखते हैं। इसलिए उनके विदेश नीति मंत्र, भू–अर्थशास्त्र से जोरदारी से प्रेरित होते हैं। विशेष रूप से विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) को आकर्षित करना और साथ ही दक्षिण एशिया में भारत की नेतृत्व की भूमिका को मजबूत करने का प्रयास किया जाता है। यह शपथ ग्रहण समारोह में लंक्षित है।

## नरेन्द्र मोदी कार्यकाल में भारत–चीन सम्बन्ध

सत्ता में आने के बाद प्रधान मंत्री मोदी ने अमेरिका और जापान के साथ गठबंधन को मजबूत करते हुए चीन के विस्तार को बेअसर करने का कार्य सावधानीपूर्वक किया है, यह ऐसा कार्य है, जो जवाहरलाल नेहरू के समय के दौरान संभव नहीं था और नेहरू के बाद कांग्रेस सरकारों के दौरान भी संभव नहीं था। ऐसा लगता है कि चीनी सरकार द्वारा चलाये जाने वाले अखबार ग्लोबल टाइम्स के जरिये युद्ध जैसी बयानबाजी के बावजूद भारत के पक्ष में समाधान के सकारात्मक कूटनीतिक परिणाम सामनें आये। चीनी मीडिया न सिर्फ सीमावर्ती आमना–सामना को लेकर भारत को दोष दिया, बल्कि इसके परिणामस्वरूप दिल्ली को भी गंभीर नतीजे भुगतने की धमकी दे डाली। हालांकि, मोदी सरकार ने अपनी बंदूकों पर भरोसा किया, न कि ड्रैगन के सामने आत्मसर्पण किया। यूरोप और एशिया ने 72 दिवसीय इस गतिरोध को अपनी सांसे रोककर देखा।

कई देशों ने भारत की उस नरम कूटनीति को पसंद किया, जिसके कारण चीन को अपने पांव पीछे हटाने पड़े। भारत –अमेरिका –जापान विश्व राजनीति में एक उभरता हुआ शक्तिशाली त्रिकोण है, जो चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए आम एजेंडे वाला एक नया गठबंधन है, जिस कारण बीजिंग इस विवाद से शांतिपूर्ण ढंग से निपटने के लिए मजबूत हो गया। इसलिए, त्रिपक्षीय दोस्ती ने चीन को बेचौन कर दिया है और अब वह एशिया में भारत को अलग–अलग करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने इस एशिया के साथ स्पष्ट रूप से संकेत दे दिया था, दरअसल चीन के घेरे करने का ही वह एक प्रयास था। दूसरी ओर, बीजिंग तेजी से अमेरिका के साथ अपने सैन्य शक्ति के बीच के अंतर को पाटने में लगा है और एशिया–प्रशांत क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए 'बेल्ट एंड रोड पहल' और अपनी स्टिंग आफ पर्ल जैसी नीतियों का अनुसरण कर रहा है। एक बार फिर, दुनिया के बाकी हिस्सों को दोनों पक्षों को चुनना होगा ताकि एक साथ करने के लिए एक वैकल्पिक रणनीति सामने आ सके। भारत व्यापक रूप से अमेरिका की तरफ जाता हुआ प्रतीत होता है, क्योंकि भारत – चीन संबंध 1962 के युद्ध के बाद कभी वास्तव में पटरी पर नहीं आ पाये। भारत को वाशिंगटन के साथ किसी भी तरह के उस नजदीकी सैन्य गठबंधन को लेकर सावधान रहना चाहिए, जो भविष्य में चीन और अमेरिका के बीच होने वाली किसी भी छद्म युद्ध को लेकर भारत को एक रंगमंच के रूप में बदल दे।

इसके अलावा, पाकिस्तान का इस्तेमाल भी चीन की ओर से इसी तरह किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में, यह स्पष्ट नहीं हैं कि परमाणु शक्तियों के खिलाफ दो बड़े युद्ध मोर्च पर लड़ते हुए भारत की सहायता अमेरिका कैसे कर सकता है। इसलिए, चीन के खिलाफ संतुलन बनाएं रखने के लिए भारत को दुनिया की अग्रणी सेना की जरूरत है, जबकि अमेरिका को भारत की जरूरत है, क्योंकि यह एकमात्र विश्वसीनय भागीदार है, यह चीन से पार पाने के लिए पूर्वी एशिया में एक गठबंधन भी बना रहा है। इसके अलावा, जापान के साथ भारत का सम्बन्ध अमेरिका के साथ सम्बन्धों का एक उपसमुच्चय है, और इसके साथ ही साथ ये पारस्परिक जरूरतों की पूर्ति भी करते हैं, क्योंकि भारत को जापानी निवेश और प्रौद्योगिकी चाहिए, जबकि टोक्यों को पूर्वी एशियाई गठबंधन में भारत की भागीदारी की तलाश है।

उल्लेखनीय है कि 2013 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एक ऐसी नयी आर्थिक संरचना पर से पर्दा उठाया था, जो दक्षिण चीन सागर से हिंद महासागर तक पानी के संपर्क निकायों के माध्यम से मध्य एशिया में अपने सामुद्रिक सिल्क रोड के साथ चीन के सिल्क रोड वाणिज्यिक क्षेत्र परियोजना से जुड़ जाएगा। सैद्धातिक रूप से यह व्यापारिक चाल 'दक्षिण एशिया और अफ्रीका' के लिए एशिया भर में एक नया सिल्क रोड बनाते हुए यूरेशिया में प्राचीन सिल्क रोड वाले देशों के साथ चीनी सम्पर्क बढ़ाने पर केंद्रित हैं। इस परियोजना का एक हिस्सा चीन और यूरेशिया के बीच सड़क सम्पर्क निर्माण पर केंद्रित है, जिसमें राजमार्ग और रेल संपर्क जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शामिल हैं। परियोजना का दूसरा हिस्सा समुद्री मार्गो से सम्बन्धित है, जो दक्षिण पूर्व एशिया, दक्षिण

और अफ्रीका के पूर्वी तट के ऊपर और नीचे बंदरगाहों के साथ चीन को जोड़ देगा एक ओर अगर यह सड़क संपर्क स्थापित हो जाता है, तो यह व्यापार संपर्क मार्ग के अंतर्गत दुनिया की आबादी का 65 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का एक तिहाई और अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में सभी वस्तुओं और सेवाओं का एक चौथाई शामिल हो जायेंगे।

## निष्कर्ष :–

अन्ततः यही कहा जा सकता है कि भारतीय विदेश नीति नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सफलताओं के चरम पर पहुंच रही है। भारत विकसित राष्ट्रों की कगार पर पहुंचने को तैयार है। विश्व का छोटे से छोटा और बडे से बड़ा राष्ट्र आज भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों की स्थापना करने को आतुर है। एशिया की सुपर पावर तो भारत है ही, वह विश्व की महाशक्तियों के समकक्ष आता जा रहा है। चीन भले ही भारत का प्रतिद्वन्दी हो परन्तु हमारी क्षमताओं को वह भली–भांति जान चुका है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व से वह परिचित है कि भारत शान्तिप्रिय राष्ट्र है परन्तु राष्ट्रीय सीमाओं व अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं व राष्ट्रीय एकता और अखण्डता पर आंच आई तो किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा। ये उदाहरण अभी भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक और डोकलाम प्रकरण में पेश कर दिये हैं।

हमें पड़ौसी राष्ट्रों के साथ बातचीत का क्रम जारी रखना होगा, क्योंकि द्विपीक्षय संबंधों में अन्तराल नहीं आना चाहिए। पाकिस्तान और चीन के साथ आर्थिक व्यापारिक संबंधों के साथ ही सीमा विवाद के हल के लिए दबाव बनाया जाना चाहिए। पाकिस्तान से प्रायोजित आंतकी गतिविधियां यदि होती है तो तुरन्त और दो टुक प्रतिक्रिया व्यक्त करनी चाहिए तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व जनमत को अपने पक्ष में करना होगा। भारत को आर्थिक क्षेत्र में एवं सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की स्थिति प्राप्त करने का प्रयत्न भी करना चाहिए क्योंकि उक्त क्षेत्र के आवश्यक साजो – सामान आयात करने में बहुत बड़ी राशि हमें दूसरे देशों को सोंपनी पड़ती है।

सुरक्षा के हथियार उपकरण भी सिर्फ आयात नहीं अपितु उनका उत्पादन भी शुरु किया जाना चाहिए। ये सत्य है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वस्तरीय पावर बना है और वैश्विक मामलों में निर्णायक की स्थिति में आ गया है। इसके पीछे मोदी की यात्रा कूटनीति का बहुत बड़ा हाथ था जिसमें उन्हें सफलता मिली है।

अमेरिका जैसी महाशक्ति आज भारत के साथ अच्छे संबंध रखने को आतुर है, तृतीय विश्व भारत के नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है। यह श्रेय भारत की विदेश नीति निर्माण व संचालन करने वालों को ही जाता है। विदेश नीति का मोदी डाक्ट्रिन आज अपनी सफलता की कहानी बयां कर चुका है। इसके तहत भारत ने निर्भीक व स्वतंत्र रूप से कार्य करने की क्षमताओं का परिचय दिया है और 21 वीं सदी एशिया की होगी, इसे भी सार्थक कर दिया है।

# संन्दर्भ ग्रंथ सूची


1. खन्ना, बी0 एन0, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, विकास पब्लिकेशन हाउस प्रा0 लि0 नोएडा, नई दिल्ली, पंचम संस्करण–2014
2. पंत, पुष्पेश, 21वीं शताब्दी में अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, पब्लिकेशन साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, संस्करण–2015
3. मकवाणा, किशेर, कॉमन मैन, नरेन्द्र मोदी, प्रभात प्रकाशन 4/19 आसफ अली रोड, नई दिल्ली, संस्करण–2016
4. बघेल, बी0 एस0, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति, कैटर पिल्लर पब्लिशर्स कश्मीरी गेट, दिल्ली, संस्करण–2017
5. वैदिक, डा0 वेदप्रताप, मोदी की विदेश नीति वैदिक की नजर में, पब्लिकेशन– डायमण्ड पॉकेट बुक्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली, संस्करण–2017
6. पंत, पुष्पेश, 21वीं शताब्दी में अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, पब्लिकेशन– टाटा मेग्रा हिल, नई दिल्ली, संस्करण–2014
7. फडिया, बी0 एल0, भारत एवं अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, पब्लिकेशन– साहित्या भवन पब्लिकेशन, आगरा, संस्करण–2015
8. वीर, गौतम, महाशक्तियों की विदेश नीति, पब्लिकेशन– मैक मिलन पब्लिशर्स इंडिया लि0, दिल्ली, संस्करण–2013
9. खन्ना, वी0 एन0, अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, विकास पब्लिकेशन हाऊस प्रा0 लि0 नोएडा, नई दिल्ली, पंचम संस्करण–2014
10. पंत, पुष्पेश जैन, श्रीपाल, अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध सिद्धांत और व्यवहार, मिनाक्षी प्रकाशन, मेरठ, संस्करणः 2014–15
11. जौहरी, जे0 सी0, अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध तथा राजनीति, स्टलिंग पब्लिशर्स प्रा0 लिमिटेड संस्करण–2011
12. पंत, पुष्पेश, भारत की विदेश नीति, पब्लिकेशन–टाटा मेग्रा हिल, नई दिल्ली, संस्करण–2010
13. वर्ल्ड फोकस, भारत की विदेश नीति, भाग–2, अंक–71, संस्करण – फरवरी, 2018
14. वर्ल्ड फोकस, भारत की विदेश नीति, भाग–1, अंक–70, संस्करण – जनवरी, 2018
15. वर्ल्ड फोकस, भारत की विदेश नीति, भाग–2, अंक–59, संस्करण – फरवरी, 2017
16. वर्ल्ड फोकस, भारत की विदेश नीति, भाग–1, अंक–58, संस्करण – जनवरी, 2018
17. राजस्थान पत्रिका, 22.11.2017, सम्पादकीय पृष्ठ
18. दृष्टिकोण मंथन (पाक्षिक), 1–15 दिसम्बर, 2014
19. https///hindi-theindianwire-com/Hkkjr&dh&fons'k&233153/
20. www-mea-gov-in

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# मंगलेश डबराल (आग और राग के कवि)



**डॉ0 राजेश कुमार मिश्र**
**सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग,**
**मर्यादा देवी कन्या पी0जी0 कालेज,**
**बिरगापुर, हनुमानगंज, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।**

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 94-98

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 02 Feb 2021
Published : 09 Feb 2021

**सारांश** – उम्मीद की थरथराती लौ आखिर बुझ गई। कवि के रूप में मंगलेश डबराल अपने बहुत से अग्रज और प्रसिद्ध कवियों के रहते हुए काफी पहले एक अतुलनीय व्यक्तित्व अर्जित कर चुके थे। इस वाक्य को उनके निधन के अवसर पर की गई भावुक टिप्पणी न समझा जाए कि हिंदी में उनके जैसा कोई दूसरा कवि नहीं था। उनका जन्म 18 मई, 1948 को उत्तर प्रदेश (अब उत्तराखंड) के टिहरी गढ़वाल के काफलपानी गांव में एक साधारण परिवार में हुआ था। बहुत से युवाओं की तरह वे पहाड़ से अपने सपने लेकर नीचे उतरे और देखते–देखते हिंदी के वाम प्रगतिशील–जनपक्षीय पत्रकारिता और साहित्य का एक जरूरी नाम बन गए। उनकी कविता में पहाड़ के कठोर जीवन में बसे पानी के स्त्रोंतो की धार हमेशा बनी रही। इसे आद्रता और करूणा में डूबी उनकी कविता के स्वर में हमेशा महसूस किया जाता रहा।

**मुख्य शब्द** – मंगलेश, डबराल, आग, राग, कवि।

मंगलेश डबराल के बहुत से समकालीनों के लेखन पर देश में चल रहे क्रांतिकारी संघर्षो खासकर नक्सल आंदोलन या फिर माकपा के असर वाले जनवाद का असर रहा है। मंगलेश का जुड़ाव अपेक्षाकृत क्रांतिकारी संगठन से ही रहा, उनकी कविता का स्वर रेटेरिक के बजाय धीमा पर आश्ताकारी रहा। उन पर अवसाद में ले जाने लिखने के आरोप भी लगाए पर वास्तविकता यह थी कि उनकी कविता उनके असंख्य चाहने वालों के लिए घनघोर निराशा के पलों में सहारा देने वाली बनी रही।''

''उनकी कविता साधारण लोगों, हाशिये की जगहों और मनुष्यता से ओतप्रोत रही। सेक्यूलर मूल्यों के प्रति समर्पित मंगलेश की कविता देश पर बढ़ते फसिज्म और पूंजीवाद के भयानक शिकंजे की शिनाख्त और इसका प्रतिरोध करते हुए अपने शिल्प और कथन में असरदार ढंग से विकसित होती गई। इस लिहाज से वे उन विरले कवियों मे से थे जिनकी रचनाशीलता अंतिम समय तक निखरती गई।''[1]

''मगलेश डबराल का गद्य भी उनकी कविता की तरह अनूठा था और उसमें विचारों की प्रखरता व कविता की सी लय थी। अनुवादक के रूप में भी उन्हें यही शोहरत हासिल रही। उन्हें दुनियाभर में विभिन्न भाषाओं

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

में अनुवाद के जरिये पढ़ा गया और पसंद किया जाता रहा। दुनियाभर के विभिन्न भाषाओं में बड़े रचनाकारों से उनकी गहरी मित्रता थी। मंगलेश साहित्य के अलावा सिनेमा और संगीत के भी गहरे पारखी थे। सिनेमा और संगीत पर उन्होने जब भी लिखा, यादगार लिखा।''[2] मंगलेश डबराल ने साहित्यिक सफर इलाहाबाद से ही शुरू किया था और पत्रकारिता की धार भी उन्हें इलाहाबाद से मिली। इलाहाबाद में उन्होंने अमृत प्रभात में घूमता आइना स्तंभ शुरू किया था, जिसे उनके कवि मित्र वीरेन डंगवाल लिखा करते थे। रामजी पांडेय, मंगलेश डबराल और वीरेन डंगवाल की तिकड़ी को महादेवी जी त्रिदेव कहा करतीं थीं। तब काफी हाउस में मंगलेश भाई नियमित बैठकी करते थे। उन्हें विजय देव नारायण साही जी के संग कविता पर विमर्श करते देखा। उन्हीं दिनों उनका पहला कविता संग्रह' पहाड़ पर लालटेन' प्रकाशित हुआ। जगदीश गुप्त, लक्ष्मीकांत वर्मा, विपिन अग्रवाल और केशवचंद्र वर्मा ने 80 के दशक में ही इस बड़े कवि को पहचान लिया था। उनका न रहना कविता की मुख्यधारा को एक बड़ा नुकसान है।''[3] मंगलेश जी कविता को प्यार करते थे, क्योंकि वे जीवन को प्यार करते थे। जनसत्ता में रहते हुए उन्होंने साहित्यिक पत्रकारिता का मानक रचा। अपनी संगतकार कवियों में उन्होंने गायन में स्वंय संगत किया कलाकार की त्रासदी को मार्मीक अभिव्यक्ति दी है। वे हिंदी कविता का बड़ा आसमान थे। संप्रदायिकता के खिलाफ एक्टिविस्ट कवि के रूप में भी सामने आए थे। कविता को जीवन मूल्यों की तरह ही उन्होंने जिया, कभी ठेठ कवि सम्मेलनी माहौल में भी उन्हें जनता से संवाद करते देखा गया। एक बार भोपाल में उनके कविता संग्रह 'घर का रास्ता' पर विमर्श हुआ। आयोजक थे कवि भगवत रावत उन्होंने कहा था कि घर का रास्ता ही वस्तुतः कविता का रास्ता है, क्योंकि वह नए मनुष्य की प्रतिष्ठा करती है।''[4] उनकी कविता, कविता के व्यस्त ट्रैफिक में बायें हाथ चलने की तमीज भी देती है। उन्होंने कहा है कि जो अपने समय में जुड़कर कलम चलाता है, वही कालजयी भी होता है। शब्द की सत्ता वह बखूबी जानते थे, इसलिए शब्दों संग अंतिम समय तक रहे। अस्वस्थ होने से पहले वह मुंबई के मनीष गुप्ता के हिंदी कविता के मंच से सार्थक संवाद कर रहे थे।

प्रखर कवि पंकज चतुर्वेदी ने एक आयोजन में उन्हें आलीशान कमरे में ठहरा दिया, तो मंगलेश भाई बोले कि मुझे उस कमरे में ले चलो, जहां चारो तरफ किताबें हों। उनकी दौलत किताबें ही थीं, तभीं वह लेखक की रोटी, जैसा विलक्षण गद्य रच सके। कृष्णा सोबती कहती थीं कि लेखक की जिंदगी उसकी मौत के बाद शुरू होती है। उनका लिखा हिंदी कविता के कीर्तिपुरूष शमशेर बहादुर सिंह के शब्दों में काल से होड़ लेता हुआ सा है। पिछले ही महीने हिंदी कविता की लय पर फोन पर ही वे डूबकर बात कर रहे थे। इस कठिन समय में, उनके न रहने पर उम्मीद फाजली साहब की एक शेर इस वाबत याद आ रहा है– ''कल उसकी आँखों ने क्या जिंदा गफ्तग की गुमान तक न हुआ वो बिछुड़ने वाला है।''[5] वर्ष 2020 बीतते बीतते एक बलि और ले गया। विगत आठवें–नौवें दशक में उभरी हम जैसों की पीढ़ी का एक प्रतिनिधी कवि हमसे बिछुड़ गया। मंगलेश डबराल। वे दिन याद आ रहे हैं, जब मंगलेश इलाहाबाद, में हमलोगों के बीच थे। 'अमृत प्रभात' में संपादकीय विभाग से जुडकर उन्होंने उसे हिंदी पत्रकारिता का एक प्रतिमानात्मक स्वरूप दिया था। हमारी मित्रमंडली में नीलाभ, मंगलेश और वीरोन डंगवाल की त्रयी का होना रचनात्मक उत्साह करा अजस्त्र उत्प्रेरक जैसा था। उन्हीं दिनों हमारे कथनाकार मित्र सतीश जमाली ने प्रकाशन का काम शुरू किया था। मंगलेश ने अपने पहले कविता संग्रह 'पहाड़ पर लालटेन' की पांडुलिपि इलाहाबाद में ही तैयार कर ली थी और सतीश जमाली उसे चित्रलेखा प्रकाशन में छापना चाहते थे। तय हुआ था कि दो कविता संग्रह एक साथ प्रकाशित होंगे एक मंगलेश का 'पहाड़ पर लालटेन' और दूसरा राजेंन्द्र कुमार का 'ऋण गुणा

ऋण'। यह बात सत् 1977 की है। लेकिन तभी अमृत प्रभात का एक संस्करण लखनऊ से निकलना शुरू हुआ और मंगलेश लखनऊ चले गए फिर वहां से दिल्ली 'जनसत्ता' में। बहरहाल उनके पहले संग्रह से जमाली वंचित रह गए। मंगलेश दिल्ली के हुए पर न वो हम जैसे इलाहाबादियों को भूले और न हम उन्हें।''[6] हमने एक संवेदनशील पत्रकार, कवि खो दिया। वह जब भी मिलते तो इलाहाबाद मे अपनी पत्रकारिता के दिनों को जरूर याद करते। बेबाकी और सहजता से बड़ी बात कह देने वाले साथी का जाना वर्षो दुख देता रहेगा। डॉ. धनंजय चोपड़ा, शिक्षक, इविवि''[7] डबराल ने प्रयागराज में साहित्यिक सांस्कृतिक पत्रकारिता की शुरूआत की। 1978–79 के दौर में शहर का पूरा परिवेश भी साहित्यिक था, लेकिन साहित्यिक सांस्कृतिक पत्रकारिता का स्वरूप अनपढ़ था। इस शहर के लिए साहित्यिक सांस्कृतिक पत्रकारिता गढ़ने और उससे पिरचित कराने का काम मंगलेश डबराल ने ही किया। वह स्वंय एक अच्छे कवि थे और साहित्य की गहरी समझ रखते थे। प्रदीप भटनागर,वरिष्ठ पत्रकार ''[8] मंगलेश डबराल जी का जाना हिंदी जगत की बहुत बड़ी क्षति है। इस रिक्तता को भर पाना असंभव है। फिर भी पत्रकारिता,कविता,अनुवाद,संपादन,सिनेमा,संस्कृति आदि क्षेत्रों में नियमित लेखन से उन्होंने हिंदी साहित्य में जो स्थान बनाया है, वह कालजयी एवं अमिट है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! रविनंदन सिंह, साहित्यकार ''[9] वरिष्ठ पत्रकार और कवि लेखक मंगलेश डबराल का नैनीताल और कुमाऊं विश्वविद्यालय से गहरा नाता रहा है। वे कई दशक से लगभग हर वर्ष नैनीताल और विशेषकर रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा पीठ में आते रहते थे। हाल में 2018 में वे यहां एक कार्यक्रम में आए थे। अंतिम समय तक भी वे इसकी कार्य परिषद के सदस्य थे।

विवि के हिंदी के पाठ्यक्रम के उत्तराखंड के साहित्यकार के पेपेर में डबराल और उनका साहित्य शामिल है जो विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व और कृतिव में परिचित कराता है। वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. लक्ष्मण सिंह विष्ट बटरोही बताते हैं कि 1998 में जब बटरोही ने विवि के हिंदी के सिलेबस को अपडेट किया था तो उसमें उत्तराखंड के मूर्धन्य कवियों, लेखकों के साथ डबराल को भी जोड़ा था। बटरोही ने बताया कि वे डीएसबी परिसर में कविताओं की दोपहर जैसे विभिन्न आयोजनों में आते रहते थे।

विवि में हिंदी के प्रोफेसर, महादेवी वर्मा पीठ के वर्तमान निदेशक और लेखक शिरीष मौर्य डबराल के बहुत बड़े प्रशंसक और उनके नजदीकी रहे हैं। मौर्य ने बताया कि डबराल हर वर्ष पीठ के कार्यक्रमों में आते थे और हाल ही में उन्होंने जल्द ही आने की इच्छा जताई थी। मौर्य के अनुसार डबराल में सौम्यता के साथ क्त्रसंति की ऊष्मा और बदलाव के लिए कोमलता भरी जिद का अद्भूत मेल था। उनकी कविता की पंक्ति 'जहां तहां जो भी बिखरा था शोर की तरह उसे ही मैं लिखता रहा संगीत की तरह' का मौर्य उनका जीवन दर्शन बताते हैं।''[10] वरिष्ठ साहित्यकार मंगलेश डबराल के निधन की खबरा से साहिबाबाद स्थित जनसत्ता सोसायटी में शौक की लहर दौड़ गई। साहित्य प्रेमियों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है। चार दिसंबर की रात में उन्हें बेटी व भांजे ने वसुंधरा के अस्पताल से एम्स की आईसीयू में रेफर कराया था। 71 वर्षीय कवि मंगलेश डबराल वसुंधरा की जनसत्ता सोसायटी में पत्नी संयुक्ता डबराल और बेटी अलमा डबराल 30 के साथ रहते थे। वह वर्ष 2012 में गाजियाबाद स्थित वसुंधरा में फ्लैट पर आए थे। बेटा मोहित (36) गुरूग्राम की एक कंपनी में स्क्रिप्ट राइटर हैं। अलमा ने बताया कि 27 नवंबर को मंगलेश डबराल की तबीयत खराब होने पर उन्हें वसुंधरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। कोविड–19 टेस्ट रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी। चार दिसंबर की रात में उन्हें एंबूलेंस से एम्स ले जाकर आईसीयू में भर्ती करा दिया

गया। अस्पताल में बुधवार की शाम करीब साढ़े छह बजे उन्हें पहली बार दिल का दौरा पड़ा था और 07:10 बजे दूसरी बार दौड़ा पडने से उनका निधन हो गया। बेटी अलमा ने बताया कि उनके पिता मंगलेश डबराल ने आखिरी बार बात तीन–चार दिन पहले वीडियों कॉल से हुई थी। पिता ने कहा कि वह अब थक चुके हैं।, उन्हें कब अस्पताल से डिस्चार्ज किया जाएगा। अ बवह घर पर आना चाहते हैं। इससे पहले चार दिसंबर की रात में भी अलमा ने पिता को एम्स में रेफर कराने के दौरान उनके पैरों को मसला था। जिससे मंगलेष को काफी आराम हुआ। तब उन्होंने कागज पर लिखकर बेटी से चाय या काफी मांगी थी।

बी0बी0सी0 न्यूज हिन्दी लेख प्रियदर्शन ने बी0बी0सी हिन्दी के लिये 9 दिसम्बर 2020 में डबराल जी के विषय में कुछ तथ्य प्रकाशित कराये ''पहाड़ों की यातनायें हमारे पीछे हैं मैदानों की हमारे आगे जर्मन कवि बर्तोल्त ब्रेख्त की यह काव्य पंक्ति मंगलेश डबराल को बहुत प्रिय थी और अक्सर वे इसे दोहराया करते थे। ऐसा लगता था जैसे पहाड़ों पर न रह पाने और मैदानों को न सह पाने का जो अनकहा दुख है उसमें ये पंक्तियां उन्हे दिलाषा देती हों।''[12] मंगलेश जी के बारे में प्रियदर्शन जी लिखते हैं ''अगर दुख था तो वह उनके भीतर था, वे उसे जीवन के कार्य व्यापार में बाहर नहीं आने देते थे, कातर पड़ना जैसे उन्हें गंवारा नहीं था।''[13] ''70 और 80 के दशकों में नक्सल आन्दोलन से प्रभावित प्रेरित हिंदी कविता को उन्होनें 'पहाड़ पर लालटेन' जैसा अद्‍भुत संग्रह दिया और बताया कि बहुत तीखे क्रोध और विरोध को कैसे मार्मिक और मद्धिम आवाज में भी पूरी तीव्रता से व्यक्त किया जा सकता है बल्कि उसमें सुलगते कौंधते रुपकों और बिम्बों की मार्फत कैसे अर्थों की जो एक बहुत संवेदनशील जीवन की जुगनु जैसी खुशियों और असमाप्त होते दुखों के बीच बनते थे।''[14] ''लेकिन मंगलेश डबराल के निजी और सार्वजनिक जीवन की यातनायें और परीक्षायें और भी थीं नब्बे के दशक की सोवियत विहीन एक ध्रुवीय दुनियां में जब पूंजीवाद और सांप्रदायिकता के नाखून लगातार लम्बे और तीखे हो रहे थे तो मंगलेश जी फिर अपनी कविता में इनके खिलाफ खड्‍गहस्त थे।''[15]

## संदर्भ सूची

1. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
2. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
3. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
4. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
5. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
6. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
7. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
8. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
9. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
10. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
11. अमर उजाला हिन्दी दैनिक समाचार पत्र, 10 दिसम्बर 2020
12. बी0बी0सी0 न्यूज हिन्दी लेख प्रियदर्शन – बी0बी0सी0 हिन्दी के लिये 09 दिसम्बर 2020

13. बी0बी0सी0 न्यूज हिन्दी लेख प्रियदर्शन – बी0बी0सी0 हिन्दी के लिये 09 दिसम्बर 2020
14. बी0बी0सी0 न्यूज हिन्दी लेख प्रियदर्शन – बी0बी0सी0 हिन्दी के लिये 09 दिसम्बर 2020
15. बी0बी0सी0 न्यूज हिन्दी लेख प्रियदर्शन – बी0बी0सी0 हिन्दी के लिये 09 दिसम्बर 2020

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# पूर्वी उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास के साधन के रूप में व्यावसायिक कृषि की भूमिका



बृजमोहन सिंह यादव
शोधछात्र,
भूगोल विभाग,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 99-107

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 05 Feb 2021
Published : 15 Feb 2021

**सारांश** – योजनाओं एवं आर्थिक सहायता के द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकारें व्यावसायिक कृषि के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का समाधान ढूढ़ने का प्रयास कर रही है। जिसमें प्रधानमंत्री सड़क योजना, किसान रेल सेवा, फसल बीमा योजना एवं कृषि वित्त हेतु प्रधान मंत्री द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में वार्षिक तौर पर 6000 रूपये की सहायता की जा रही है, ताकि उनकी आर्थिक लागत को कम किया जा सकें एवं किसानों की आय में वृद्धि की जा सके। इसके साथ ही साथ व्यावसायिक कृषि के विकास हेतु विभिन्न समितियों एवं आयोगों का गठन किया गया है, जिससे क्षेत्रीय आयोगों का गठन किया गया है, जिससे क्षेत्रीय आधार पर कृषि को विकसित कर आर्थिक लाभ में वृद्धि से रोजगार के साधनों में वृद्धि की जा सके। इस प्रक्रिया में कृषि के विकास हेतु नीति आयोग का सुझाव व सहयोग विशेष महत्व का हैं।

**मुख्य शब्द** – व्यावसायिक, कृषि, पूर्वी, उत्तर प्रदेश, ग्रामीण, विकास।

व्यावसायिक कृषि वह कृषि पद्धति है, जिसके अन्तर्गत फसलों एवं पशुओं का पालन एवं उत्पादन मुख्य रूप से व्यापार की दृष्टि से अधिक से अधिक लाभ कमाने के लिए किया जाता है। इस प्रकार इसका प्रमुख लक्ष्य किसानों की आय में वृद्धि करना होता है। इस हेतु किसान मुख्यतः नकदी एवं अधिक आय देने वाली फसलों का उत्पादन करता है, साथ ही व्यासायिक कृषि के अन्तर्गत किसान कृषि के साथ–साथ पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देता है, ताकि उसे वैकल्पिक आय का स्रोत मिल सके।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

सामान्यतः व्यावसायिक कृषि पश्चिमी राष्ट्रों के बड़े–बड़े कृषि फार्मों में होने वाली कृषि पद्धति के लिए उपयोग में लाया जाता रहा है। परन्तु भारत जैसे सीमान्त कृषक वाले देश में यह कृषि के साथ–साथ वैकल्पिक रोजगार के साधन के रूप में उभर कर सामने आया है। जहां अधिकांश किसान खाने के लिए गहन निर्वाह कृषि करते हैं, एवं उसी के साथ–साथ व्यावसायिक कृषि के तहत नकदी फसलों जैसे गन्ना, सब्जी, फलफूल, मशरूम एवं मसालों का उत्पादन भी करते हैं इसके अलावा कृषि के साथ सीमित मात्रा में ही सही पर पशुपालन भी करते हैं। इस प्रकार भारत में तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में व्यावसायिक कृषि, मिश्रित कृषि के रूप में ही विकसित हो पायी है एवं धीरे–धीरे इसके क्षेत्र में विस्तार हो रहा है। विभिन्न कृषि विद्वानों एवं साधनों ने व्यावसायिक कृषि की परिभाषा के द्वारा इसके स्वरूप को स्पष्ट करने का प्रयास किया है जो निम्नलिखित प्रकार है :–

डा0 एम0एस0 स्वामीनाथन ने अपनी पुस्तक 'परफारमेंस एण्ड पोटेंशियल ऑफ इंडियन एग्रीकल्चर' में व्यावसायिक कृषि को परिभाषित करने के क्रम में कहा हैं कि ''कृषि जागरूकता एवं कूटनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में किसान लम्बे समय तक परम्परागत कृषि कार्यों में लगा रहा, परन्तु जब उन्हें कृषि तकनीकि का ज्ञान हुआ तो वह कृषि की क्षमता को समझते हुए अत्यधिक लाभ के लिए व्यावसायिक फसलों एवं पद्धतियों को अपनाना शुरू किया, जिससे व्यावसायिक कृषि का सूत्रपात हुआ। शुरू में इसका स्वरूप एकांकी सफलों तक सीमित था, परन्तु बाद में धीरे–धीरे इसमें विस्तार हुआ एवं इसकी पहुंच नकदी फसलों के साथ–साथ, पशुपालन, बागवानी व जैविक खेती तक हो गया।

एस0एल0 दास महोदय ने 'सकल कृषि क्षेत्र में नकदी फसलों के क्षेत्रों में वृद्धि को ही व्यावसायिक कृषि के रूप में परिभाषित किया है।

ए0एम0 रेड्डी महोदय ने व्यावसायिक कृषि को परिभाषित करते हुए कहा है– ''व्यावसायिक कृषि, कृषि पूंजीवाद के विकास में केवल एक चरण है, जिसे कभी–कभी भारतीय कृषि में पूंजीवाद की ओर पहला कदम भी कहा जाता है।''

नीति आयोग की पूर्ववर्ती संस्था, योजना आयोग ने व्यावसायिक कृषि को 'सामान्य एवं परम्परागत कृषि से आधुनिक तकनीकी आधारित कृषि में परिवर्तन के रूप में परिभाषित किया है।

व्यावयासिक कृषि की प्रमुख विशेषताए :–

1. व्यावसायिक कृषि में व्यापक स्तर पर व्यापार की दृष्टि से पशु उत्पाद एवं फसलों का उत्पादन किया जाता है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में मशीनरी, रासायनिक उर्वरक एवं सिंचाई तकनीक का उपयोग

किया जाता है, एवं फसल एवं पशु उत्पादों के मूल्यवर्धन हेंतु पोस्ट हार्वेट सुविधाओं का सहारा लिया जाता है। जिसके अन्तर्गत आधारभूत संरचना, सड़क, परिवहन व भण्डारण के साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

2. व्यावसायिक कृषि मुख्यतः पूंजी आधारित कृषि पद्धति है, परन्तु मिश्रित कृषि रूप में इसका विकास कर पूंजीगत भार को कम किया जा सकता है। जिसमें कृषक इसे वैकल्पिक रोजगार के साधन के रूप में अपनाते है। इसके साथ–साथ अपना परम्परागत कृषि कार्य भी करते रहते हैं। अतः इस पद्धति में कृषकों पर पूंजीगत भारत कम होता है।
3. व्यावसायिक कृषि में उच्च्व कृषि तकनीक एवं ज्ञान का होना अति आवश्यक है। इसके अभाव में किसान अत्यधिक लाभ प्राप्त करने से वंचित रह जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में व्यावसायिक कृषि अभी शुरूआती चरण में हैं। अतः यहां व्यावसायिक कृषि विकास के समक्ष प्रमुख समस्या, कृषि तकनीक एवं ज्ञान के प्रति कम जागरूकता का होना है।
4. व्यावसायिक कृषि में व्यापक स्तर पर मशीनरी के उपयोग के साथ–साथ बड़ी मात्रा में कुशल एवं अकुशल श्रम की आवश्यकता होती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश अकुशल श्रमिक तो मिल जाते है परन्तु इनके कुशल प्रबंधन हेतु कुशल श्रमिकों की हमेशा कमी रहती है। अतः यहां व्यावसायिक कृषि का विकास भी इसी के अनुरूप हुआ है, जो कम लाभकारी एवं ज्यादा लागत वाला साबित होता है। स्कील डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं संचार माध्यम के सहयोग से इसमें सुधार लाया जा सकता है।

व्यावसायिक कृषि के प्रमुख क्षेत्र :–

पशुपालन

कृषि और गावों के सामाजिक–आर्थिक विकास में पशुपालन का विशेष महत्व है। पशुपालन व्यावसायिक कृषि का एक महत्वपूर्ण घटक है। फसल उत्पादन एवं पशुपालन का प्राचीन काल से अटूट संबंध रहा है। जहां हम पशुओं का खेती के कार्यों में उपयोग करते थे वहीं दूसरी ओर इनसे खाद्द्य पदार्थ के रूप में दूध, दही, घी, मांस एवं अण्डा इत्यादि भी प्राप्त करते है। साथ ही इनके उपउत्पादों पर चमड़ा उद्योग, ऊन उद्योग, डेयरी उद्योग जैसें लघु उद्योगों का विकास होता है। साथ ही पशुओं के गोबर का उपयोग कृषि खाद् एवं ऊर्जा के साधनों जैसे– उपला, गोबर गैस के रूप में प्रयोग में लाया जाता है। पशुओं के गोबर के खाद् का परम्परागत रूप से उपयोग होता आ रहा है, परन्तु वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता अधिक बढ़ गयी है, क्योंकि रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं सुक्ष्म पोषक तत्वों का क्षरण तेजी से हो रहा है। मिट्टी को दीर्घकाल तक स्थाई रूप से उर्वर बनाये रखने के लिए

गोबर की खाद का उपयोग अपरिहार्य है। इनकी शक्ति व ऊर्जा से कृषि कार्यों में मदद मिलती है, बदले में पशु स्वयं फसल अवशेष और हरा चारा भोजन के रूप में ग्रहण करते है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषक परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधारने में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। पशुपालन एक प्रकार से यहां के किसानों के लिए वैकल्पिक आय का प्रमुख साधन है, क्योंकि यहां पर अधिकांश किसान मिश्रित कृषि पद्धति के रूप में कृषि के साथ–साथ पशुपालन करते है। इन किसानों के लिए यह पशु, बीमा राशि के समान है, जब इन्हें त्वरित रूप से रूपयों की जरूरत पड़ती है तो वह इन्हें बेंच कर अपना कार्य पूर्ण कर पाते है। पुनः कृषि एवं अन्य साधनों से प्राप्त आय से पशु खरीद लेते हैं। परन्तु कुछ किसान पशुपालन को अलग व्यवसाय के रूप में अपना रहे है जो ज्यादा लाभदायक है। कृषकों के कल्याण के लिए आवश्यकता है, समुचित प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन की जिससे कृषकों के रोजगार व आय में वृद्धि हो सके तथा साथ ही कृषि में दीर्घकालिक स्थायित्व का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस प्रकार पूर्वी उत्तर प्रदेश में जहां कृषि का स्वरूप अधिकांश गहन निर्वाह प्रकृति का है वहां पशुपालन का महत्व और बढ़ जाता है।

बढ़ती जनसंख्या एवं कृषि उत्पादन में ढहराव और कृषि भूमि में हो रहे लगातार कमी ने हमारे सामने भावी खाद्यय संकट एवं गांवों में बेरोजगारी सृजन की समस्याएं उत्पन्न कर दी है। मत्स्य व्यवसाय इसी समस्या के समाधान के रूप में तेजी से उभर रहा है। आज गांवों में बढ़ती रोजगार की समस्या एवं गांवों से शहरों की ओर पलायन को देखते हएु तथा अन्य कृषि व्यवसायों की गिरती स्थिति के परिप्रेक्ष्य में मत्स्य पालन एक बेहतर विकल्प बन कर उभरा है। साथ ही साथ जलीय जैविक सन्तुलन तथा भू–जलस्तर सुधार की दृष्टि से भी मत्स्य पालन अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में जीविकोपार्जन का मुख्य स्रोत खेती है, क्षेत्र में अधिकांश किसान लघु एवं सीमान्त हैं, साथ ही खेतीहर मजदूरों की संख्या भी अधिक है, जिन्हें रोजगार के लिए मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है। क्षेत्र में अभी भी आबादी का एक ऐसा वर्ग है, जो गरीबी के कारण कूपोषित है। क्षेत्र के ऐसे गरीब व्यक्तियों के आय के वैकल्पिक स्रोत के रूप में मछली पालन एक लाभकारी व्यवसाय बन सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों से मत्स्य पालन का कार्य तेजी से बढ़ा है, इसमें देवरिया के पथरदेवा विधान सभा के विधान सभा सदस्य माननीय कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सूर्य प्रताप शाही जी का विशेष योगदान रहा है। जिससे व्यापक स्तर पर किसानों को मछली पालन हेतु अनुदान एवं प्रशिक्षण व तकनीक मृदान की गयी है। इस उपरोक्त प्रयास में जनपदों में स्थापित मत्स्य विकास अधिकरण का विशेष सहयोग रहा है, जो प्रशिक्षण एवं मत्स्य पालन की तकनीकों के प्रति युवाओं को जागरूक करने में सफल

रहा है। परन्तु अभी भी जनपद में मत्स्य पालन के क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं विद्यमान है, क्योंकि यहां मत्स्य पालन अभी अपनी विकसित अवस्था में नहीं है। उचित बाजार एवं विपणन संसाधनों की कमी के चलते मत्स्य पालक अत्यधिक लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं।

व्यावसायिक कृषि के अन्तर्गत मुर्गीपालन कई मायने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लघु एवं सीमान्त कृषकों के लिए मुर्गी व अन्य छोटे पक्षियों का पालन तथा उनका खेती के साथ समन्वय आर्थिक, पारिस्थितिक एवं पोषण की दृष्टि से अत्यंत लाभकारी है, तथा इसे कम पूंजी निवेश के साथ भी आरम्भ किया जा सकता है। समाज के कमजोर वर्ग, भूमिहीन मजदूरों एवं छोटे किसानों के लिए अतिरिक्त आय व पौष्टिक आहार का सबसे अच्छा व कम व्यय वाला साधन इस समय मुर्गी पालन ही है। भोजन में प्रोट्रीन की पूर्ति के प्रमुख स्रोत दूध, मांस, मछली और अण्डे हैं। अतः भोजन में जन्तु प्रोटीनों की पूर्ति के लिए मुर्गी पालन व्यवसाय काफी लाभदायक है। चूंकि इसकी मांग बाजार में हमेशा बनी रहती है, अतः इसमें मुर्गीपालक को इसे बेचने की भी समस्या नहीं है। विशेषकर उत्तर प्रदेश में इसकी मांग बहुत ही एवं उत्तर प्रदेश अपनी आपूर्ति का आधा से अधिक अण्डा एवं ब्यालर मुर्गी दक्षिण के राज्यों से आयात करना पड़ता है। इस प्रकार कम समय में ही इस व्यवसाय से अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। जैसे–अण्डे देने वाली मुर्गियों से करीब दो महीने में ही आय प्राप्त होने लगती है। पूर्वी उत्तर प्रदेश  के किसानों के पास प्रायः छोटी–छोटी जोते है। अतः उनके लिये यह व्यवसाय और महत्वपूर्ण हो जाता है। इस व्यवसाय से बेरोजगारी की समस्या का भी समाधान किया जा सकता है, एक फर्म की देखभाल के लिए प्रत्यक्ष रूप से 5–10 लोगों की जरूरत पड़ती, साथ ही साथ अप्रत्यक्ष रूप से 50–60 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त हो जाता है, जो स्थानीय स्तर पर रोजगार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वातावरण की विषम परिस्थितियों के कारण फसल उत्पादन में हानि की सम्भावना बढ़ जाती है, जबकि मुर्गीपालन में ऐसी प्रति कुल परिस्थितियों में भी कुछ जरूरी उपाय करके इससे होने वाली हानि से बचा जा सकता है। इस व्यवसाय के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि इसे उसर एवं बंजर बेकार पड़ी भूमि पर भी किया जा सकता है।

मुर्गी पालन किसानों के लिए तब और लाभकारी हो जाता है, जब सुनियोजित तरीके से मछली पालन, बत्तख पालन एवं मुर्गी पालन को समन्यवित रूप से अपनाया जाता है, एवं मछली पालन के लिए अलग से पोषक तत्वों की व्यवस्था नहीं करनी पड़ती। इस प्रकार मुर्गी पालन व्यावसायिक कृषि के विस्तार में मील का पत्थर साबित हो सकता है। लेकिन आवश्यकता है उचित वित्त प्रबंधन एवं सरकारी प्रलोभन की ताकि अधिक से अधिक किसान इस व्यवसाय में शामिल हो सके। उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के

माध्यम से 30–40 प्रतिशत तक का आर्थिक अनुदान मृदान करती है साथ ही साथ वित्तीय बैंकों से सस्ती दरों पर ब्याज की भी व्यवस्था है। बस आवश्यकता है किसानों को जागरूक करने की तथा इस हेतु प्रेरित करने की।

अपनी औषधीय गुणों के कारण शहद की मांग वैश्विक एवं राष्ट्रीय बाजार में सदैव उच्च बनी रहती है एवं इसका उच्च मूल्य किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए आकर्षित करता है। शहद के अलावा मधुमक्खी से मोम, पालिश, क्रीम, दवाईयां इत्यादि के लिए कच्चा माल प्राप्त होता है। विशेषकर इसकी औषधीय गुणों के कारण इसका प्रयोग आयुर्वेदिक एवं युनानी चिकित्सा पद्धति में व्यापक रूप से किया जाता है। मधुमक्खी ही ऐसा परगकणी कीट है, जिसका मनुष्य द्वारा कुशलता के साथ प्रबंधन किया जा सकता है। व्यावसायिक कृषि की दृष्टि से रेशम कीट पालन एक महत्वपूर्ण कृषि आधारित उद्योग है। अगर अच्छी तकनीक से रेशम के कीड़े पाले जाए तो किसानों को अच्छी आमदनी मिल सकती है। रेशम कीट का पालन शहतूत की पत्तियों के सहारो किया जाता है। यही कीट का प्रमुख आहार है। इससे रेशम के प्यूपा का निर्माण होता है, जिससे रेशम प्राप्त कर धागे का निर्माण किया जाता है। शहतूत के अलावा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अर्जुन, साल, बेल, अरण्डी तथा अन्य पेड़ों के पत्तों पर भी रेशम कीट का पालन किया जा सकता है। सबसे अच्छी बात यह है कि रेशम कीट पालन से वर्ष भर आमदनी होती रहती है एवं इसकी शुरूआती लागत भी अन्य उद्योगों की अपेक्षा कम है।

प्रदेश में रेशम कीट के पालन का उद्योग तेजी के साथ फैल रहा है। उत्तर प्रदेश में बनारस रेशम के प्रमुख बाजारों में से एक है। रेशम कीट पालन में रोजगार के पर्याप्त अवसर विद्यमान है।

बागवानी, व्यवसायिक कृषि की प्रमुख शाखा है। बागवानी के अन्तर्गत, फल–फूल, सब्जियों, मसालों औषधीय पौधे एवं अन्य सजावटी पौधों का उत्पादन किया जाता है। भारत, फल एवं सब्जियों के उत्पादन में विश्व में अग्रणी राष्ट्र है (चीन के बाद द्वितीय स्थान)। बागवानी भारत की जी0डी0पी0 (कृषिगत) में 30 प्रतिशत का, तो कुल कृषि निर्यात में 38 प्रतिशत का योगदान करता है, जो कृषि में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। भारत जैसे देश में जहां आज भी 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि से जुड़ी हो वहां व्यावसायिक बागवानी कृषि, आय एवं रोजगार सुरक्षा की दृष्टि से और महत्वपूर्ण हो जाती है।

बागवानी, लैटिन भाषा के दो शब्दों Hortus एवं Cultura से मिलकर बना है जिसका शब्दिक अर्थ क्रमशः Garden एवं Cultivation होता है, अर्थात् गार्डन कृषि, जिसमें फल–फूल, सब्जियों को एक छोटे भूभाग में उगाया जाता है किन्तु अब इसका विस्तार व्यापक क्षेत्र में हो गया है।

व्यावसायिक कृषि के लाभ :–

1. स्थानीय स्तर पर कृषि आधारभूत संरचना जैसे–सड़क, इलेक्ट्रिशिटी, लघु उद्योग, संचार साधन, पोस्ट हार्वेस्ट सुविधाएं एवं कृषि तकनीक व सिंचाई साधनों इत्यादि का विकास होता है, जिससे किसान तथा स्थानीय जनता दोनों को फायदा होता है।
2. व्यावसायिक कृषि से रोजगार के साधनों का विकास होता है, विशेषकर स्थानीय रोजगार प्राप्त होता है, जिसमें स्थानीय जनजीवन एवं अर्थ व्यवस्था में तेजी से सुधार होता है।
3. व्यावसायिक कृषि से कृषि उत्पासदकता एवं उत्पादन के साथ–साथ कृषकों की आय में तेजी से वृद्धि होती है एवं खाद्य सुरक्षा की स्थिति प्राप्त होती है।
4. व्यावसायिक कृषि से कृषि आधारित उद्योगों के लिए व्यापक स्तर पर कच्चे माल की प्राप्ति होती है जिससे लघु एवं स्थानीय प्रकृति के उद्योगों का विकास होता है।
5. व्यावसायिक कृषि के कारण कृषि जागरूकता बढ़ती है एवं कृषि तकनीक उपयोग बढ़ता है, जिससे उचित कृषि प्रबंधन के द्वारा कृषि लागत को कम किया जा सकता है।
6. व्यावसायिक कृषि से पर्याप्त मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।

व्यावसायिक कृषि के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ :–

व्यावसायिक कृषि सम्भावनाओं का क्षेत्र है फिर भी इसके सामने अनेक चुनौतियां है, जो भारत जैसे देश में कृषि विकास के समक्ष प्रमुख बाधा के समान है–

1. लघु एवं सीमान्त जोत का स्वरूप भारत में व्यावसायिक कृषि के समक्ष प्रमुख समस्या है। भारत के 80 प्रतिशत से अधिक किसान सीमान्त एवं लघु जोत वाले है। अतः वह उच्च कृषि तकनीक एवं पूंजी का उपयोग नहीं कर पाते एवं गहन निर्वाह कृषि कार्य में लग जाते है।
2. भारतीय कृषि में तकनीकी का उपयोग स्तर अत्यंत निम्न है, जबकि व्यावसायिक कृषि हेतु कृषि तकनीक एवं कुशलता का होना आवश्यक तत्व है।

3. भारत में कृषि उत्पादों, विशेषकर वाणिज्यिक व्यावसायिक फसलों व नकदी फसलों का बाजार विकसित नहीं है। अतः किसान हतोत्साहित हो जाते हैं तथा उन्हें उनकी फसल का उचित लाभ नहीं मिल पाता है।
4. भारत में खाद्य प्रसंस्करण के साधनों जैसे, गोदाम, शीतगृह भण्डार, प्रोसोसिंग युनिट इत्यादि का अभाव है। अतः यह व्यावसायिक कृषि के उच्च लागत वाली फसलों के उत्पादन को हतोत्साहित करता है।
5. संचार साधनों, विशेषकर गावों से शहरों एवं बाजारों तक कृषि अनुकूल साधनों का विकास ना होने से भी व्यावसायिक कृषि को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

विभिन्न योजनाओं एवं आर्थिक सहायता के द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकारें व्यावसायिक कृषि के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का समाधान ढूढ़ने का प्रयास कर रही है। जिसमें प्रधानमंत्री सड़क योजना, किसान रेल सेवा, फसल बीमा योजना एवं कृषि वित्त हेतु प्रधान मंत्री द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में वार्षिक तौर पर 6000 रूपये की सहायता की जा रही है, ताकि उनकी आर्थिक लागत को कम किया जा सकें एवं किसानों की आय में वृद्धि की जा सके। इसके साथ ही साथ व्यावसायिक कृषि के विकास हेतु विभिन्न समितियों एवं आयोगों का गठन किया गया है, जिससे क्षेत्रीय आयोगों का गठन किया गया है, जिससे क्षेत्रीय आधार पर कृषि को विकसित कर आर्थिक लाभ में वृद्धि से रोजगार के साधनों में वृद्धि की जा सके। इस प्रक्रिया में कृषि के विकास हेतु नीति आयोग का सुझाव व सहयोग विशेष महत्व का हैं।

## संदर्भ


1. Swaminathan, M.S. (1995) : Agriculture Food Security and Employment : Changing Times, uncommon Opportunities, Nature and Resources UNESCO 31(1).
2. Swaminathan, M.S. From Green to Evergreen Revolution : Indian agriculture, Performance and challenger New Delhi : Academic Foundation.
3. Das, H.L., Agriculture Efficiency in India, Marital Publication, New Delhi, 1993 P.No. 106
4. Reddy, A.M., The Commercialization Agriculture in Nellore District.

5. Swaminathan, M.S., Performance and Potential of Indian Agriculture, 1850+916.
6. Swaminathan, M.S. Combating Hunger and Achiving Food Security.
7. State Agriculture Plan, Uttar Pradesh Department of Agriculture Goverment of U.P., Lucknow, Nov. 2008.
8. कृषि भूगोल, साजिद हुसैन, पृ0सं0–28
9. हरीश कुमार स्त्री, कृषि भूगोल, कैलाश पुस्तक सदन भोपाल, पृ0सं0–2
10. त्रिपाठी, आर0सी0 एवं सिंह, बी0, कृषि भूगोल, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद, पृ0सं0–35

# भारत में महिलाओं की वर्तमान स्थिति की, वैदिक तथा मध्यकाल की स्थिति की तुलनात्मक सामाजिक विवेचना



शीला कुमारी
पी0एच.डी (संस्कृत)
शिब्ली नेशनल पी0जी0 कालेज
आजमगढ़, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 108-115

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 05 Feb 2021
Published : 15 Feb 2021

**सारांश** – वर्तमान समय में भारतीय सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम एवं योजनाओं का क्रियान्वयन निचले स्तर तक उचित ढंग से न पहुँच सकने के कारण स्त्रियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह सत्य है कि वर्तमान समय में स्त्रियों की स्थिति में काफी बदलाव आए हैं लेकिन फिर भी वह अनेक स्थानों पर पुरूष–प्रधान मानसिकता से पीड़ित हो रही है। इस सन्दर्भ में युगनायक एवं राष्ट्रनिर्माता स्वामी विवेकानन्द का यह कथन उल्लेखनीय है– ''किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहाँ की महिलाओं की स्थिति, हमें नारियों को ऐसी स्थिति में पहुँचा देना चाहिए, जहाँ वे अपने समस्याओं को अपने ढंग से स्वयं सुलझा सके। हमें नारीशक्ति के उद्वारक नहीं वरन उनके सेवक और सहायक बनना चाहिए।

**मुख्य शब्द** – भारत, महिलाओं, वैदिक, मध्यकाल, सामाजिक, भारतीय।

**प्रस्तावना** – भारत में महिलाओं की स्थिति ने पिछली कुछ सदियों में कई बड़े बदलावों की सामना किया है। प्राचीन काल में पुरूषों के साथ बराबरी की स्थिति से लेकर मध्ययुगीन काल के निम्न स्तरीय जीवन और साथ ही कई सुधारकों द्वारा समान अधिकारों को बढ़ावा दिये जाने तक, भारत में महिलाओं का इतिहास काफी गतिशील रहा है। आधुनिक भारत में महिलायें राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, प्रतिपक्ष की नेता आदि जैसे शीर्ष पदों पर आसीन हुई है।

भारत में महिलाओं की स्थिति सदैव एक समान नहीं रही है। इसमें युगानुरूप परिवर्तन होते रहे हैं। उनकी स्थिति में वैदिक युग से लेकर आधुनिक काल तक अनेक उतार चढ़ाव आते रहे हैं और उनके अधिकारों में तदनरूप

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

बदलाव भी होते रहे हैं, वैदिक युग में स्त्रियों की स्थिति सुदृढ़ थी, परिवार तथा समाज में उन्हें सम्मान प्राप्त था। उनको शिक्षा का अधिकार प्राप्त था, सम्पत्ति में उनको बराबरी का हक था। सभा व समितियों में से स्वतंत्रतापूर्वक भाग लेती थी तथापि ऋग्वेद में कुछ ऐसी उक्तियाँ भी हैं जो महिलाओं के विरोध में दिखाई पड़ती हैं। मैत्रीय संहिता में स्त्री को झूठ का अवतार कहा गया है। ऋग्वेद का कथन है कि स्त्रियों के साथ कोई मित्रता नहीं है, उनके हृदय भेड़ियों के हृदय हैं, ऋग्वेद के अन्य कथन में स्त्रियों को दास की सेना का अस्त्र शस्त्र कहा गया है। स्पष्ट है कि वैदिक काल में भी कही न कही महिलायें नीची दृष्टि से देखी जाती थी, फिर भी हिन्दू जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वह समान रूप से आदर और प्रतिष्ठित थी। शिक्षा, धर्म, व्यक्तित्व और सामाजिक विकास में उसका महान योगदान था। संस्थानिक रूप से स्त्रियों की अवनति उत्तर वैदिककाल में शुरू हुई, उन पर अनेक प्रकार की निर्योग्यताओं का आरोपण कर दिया गया। उनके लिए निन्दनीय शब्दों का प्रयोग होने लगा। उनकी स्वतंत्रता और उन्मुक्तता पर अनेक प्रकार के अंकुश लगाये जाने लगे। मध्यकाल में उनकी स्थिति और भी दयनीय हो गयी। पर्दा प्रथा इस सीमा तक बढ़ गई कि स्त्रियों के लिए कठोर एकान्त नियम बना दिये गये। शिक्षण की सुविधा पूर्णरूपेण समाप्त हो गई।

नारी के सम्बन्ध में मनु का कथन ''पितारक्षति कौमारे ................ न स्त्री स्वात्तन्त्रय अर्हति'' वही पर उनका कथन ''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'' भी दृष्टव्य है वस्तुतः यह समस्या प्राचीनकाल से रही है। इसमें धर्म, संस्कृति साहित्य, परम्परा, रीति रिवाज और शास्त्र को कारण माना गया है। भारतीय दृष्टि से इस पर विचार करने की जरूरत है पश्चिम की दृष्टि विचारणीय नहीं है। भारतीय सन्दर्भों में समस्या के समाधान के लिए प्रयास तो अच्छे हुए हैं। भारतीय मनीषी समानाधिकार, समानता, प्रतियोगिता की बात नहीं करती वह सहयोगिता सहधर्मिणी, सहचारिता की बात करती है इसी से परस्पर सन्तुलन स्थापित हो सकता है।

वैदिक काल में महिलायें – वैदिक एवं उत्तरवैदिक काल में महिलाओं को गरिमामय स्थान प्राप्त था, उसे देवी, सहधर्मिणी, अर्द्धागिनी, सहचरी माना जाता था, स्मृतिकाल में भी ''यत्र नार्यस्तु पूज्यते रमन्ते तत्र देवता'' कहकर उसे सम्मानित स्थान प्रदान किया गया है। पौराणिक काल में शक्ति का स्वरूप मानकर उसकी आराधना की जाती रही है किन्तु 11वीं शताब्दी से 19वीं शताब्दी के बीच भारत में महिलाओं की स्थिति दयनीय होती गई। एक तरह से यह महिलाओं के सम्मान, विकास और सशक्तिकरण का अंधकार युग था। मुगल शासन, सामन्ती व्यवस्था, केन्द्रीय सत्ता का विनष्ट होना, विदेशी आक्रमण और शासकों की विलासितापूर्ण प्रवृत्ति ने महिलाओं को उपभोग की वस्तु बना दिया था और उसके कारण, बाल विवाह, पर्दाप्रथा, अशिक्षा आदि विभिन्न सामाजिक कुरीतियों का समाज में प्रवेश हुआ, जिसने महिलाओं की स्थिति को हीन बना दिया तथा उनके नीजि व सामाजिक जीवन को कलुपित कर दिया।

धर्मशास्त्र का यह कथन नारी स्वतन्त्रता का अपहरण नहीं है। अपितु नारी के निर्बाध रूप से स्वधर्म पालन कर सकने के लिए बाह्य आपत्तियों से उसकी रक्षा हेतु पुरूष समाज पर डाला गया उत्तदायित्व है। इसलिए धर्मनिष्ठ पुरूष इसे भार न मानकर, धर्मरूप में स्वीकार अपना कल्याणकारी कर्तव्य समझता है। पौराणिक युग में नारी वैदिक युग में दैवी पद से उतर कर सहधर्मिणी के स्थान पर आ गई थी धार्मिक अनुष्ठानों और यज्ञिक कर्मों में

उसकी स्थिति पुरूषों के बराबर थी। कोई भी धार्मिक कार्य बिना पत्नी नहीं किया जाता था। श्रीरामचन्द्र ने अश्वमेध के समय सीता की हिरण्यमयी प्रतिमा बनाकर यज्ञ किया था यद्यपि उस समय भी अरून्धती (महर्षि वशिष्ठ की पत्नी) लोपामुद्रा, (महर्षि अगस्त्य की पत्नी), अनुसूया (महर्षि अत्रि की पत्नी) आदि नारियाँ दैवी रूप की प्रतिष्ठा के अनुरूप थी तथापि ये सभी अपने पतियो ंकी सहधर्मिणी ही थीं।

मध्यकाल में महिलायें – समाज में भारतीय महिलाओं की स्थिति में मध्ययुगीन काल के दौरान और अधिक गिरावट आयी जब भारत के कुछ समुदायों में सती प्रथा, बाल विवाह और विधवा पुर्न विवाह पर रोक, सामाजिक जिन्दगी का एक हिस्सा बन गयी थी। भारतीय उपमहाद्वीप में मुसलमानों की जीत ने परदा प्रथा को भारतीय समाज में ला दिया। राजस्थान के राजपूतों में जौहर की प्रथा थी। भारत के कुछ हिस्सों में देवदासियाँ या मन्दिर की महिलाओं को यौवन शोषण का शिकार होना पड़ा था। बहुविवाह की प्रथा, हिन्दू क्षत्रिय शासकों में व्यापक रूप से प्रचलित थी। कई मुस्लिम परिवारों में महिलाओं को जनाना क्षेत्रों तक ही सीमित रखा गया था।

इन परिस्थितियों के बावजूद भी कुछ महिलाओं ने राजनीति, साहिल शिक्षा और धर्म के क्षेत्रों में सफलता हासिल की। रजियासुल्तान दिल्ली पर शासन करने वाली एकमात्र महिला साम्राज्ञी बनी। गोंड की महारानी दुर्गावती ने 1564 में मुगल सम्राट अकबर के सेनापति आसफ खान से लड़कर अपनी जान गँवाने से पहले पन्द्रह वर्षों तक शासन किया था।

चाँदबीबी ने 1590 के दशक में अकबर की शक्तिशाली मुगल सेना के खिलाफ अहमदनगर की रक्षा की। जहाँगीर की पत्नी नूरजहाँ ने राजशाही शक्ति का प्रभावशाली ढंग से इस्तेमाल किया और मुगलराज गद्दी के पीछे वास्तविक शक्ति के रूप में पहचान हासिल की। मुगल राजकुमारी जहाँआरा और जैबुन्निसा सुप्रसिद्ध कवियित्रियाँ थी और उन्होने सत्तारूढ़ प्रशासन को भी प्रभावित किया। शिवाजी की माँ जीजाबाई को एक योद्धा और एक प्रशासक के रूप में उनकी क्षमता के कारण क्वीन रीजेंट के रूप में पदस्थापित किया गया। दक्षिण भारत में कई महिलाओं ने गाँवों, शहरों और जिले पर शासन किया और सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की शुरूआत की।

भक्ति आन्दोलन ने महिलाओं की बेहतर स्थिति को वापस हासिल करने की कोशिश की और प्रभुत्व के स्वरूपों पर सवाल उठाया एक महिला संत कवियित्री मीराबाई भक्ति आन्दोलन के सबसे महत्वपूर्ण चेहरों में से एक थी। इस अवधि की कुछ अन्य सन्त–कवियित्री में महोदवी, रानी जानाबाई और लालदेद शामिल हैं हिन्दुत्व के अन्दर महानुभाव, बरकारी और कई अन्य जैसे भक्ति सम्प्रदाय, हिन्दु सम्प्रदाय में पुरूषों और महिलाओं के बीच सामाजिक न्याय और समानता की खुले तौर पर वकालत करने वाले प्रमुख आन्दोलन थे।

भक्ति आन्दोलन के कुछ ही समय बाद सिक्खों के पहले गुरू गुरूनानक ने भी पुरूषों और महिलाओं के बीच समानता के सन्देश को प्रचारित किया। उन्होने महिलाओं को धार्मिक संस्थानों का नेतृत्व करने सामूहिक प्रार्थना के रूप में गाये जाने वाले कीर्तन या भजन को गाने और इनकी अगुवाई करने धार्मिक प्रबन्धन समितियों के सदस्य बनने, युद्ध के मैदान में सेना का नेतृत्व करने, विवाह में बराबरी का हक और अमृत (दीक्षा) में समानता की अनुमति देने की वकालत की। अन्य सिक्ख गुरूओं ने भी महिलाओं के प्रति भेदभाव के खिलाफ उपदेश दिये।

मध्यकाल में विदेशियों के आगमन से स्त्रियों की स्थिति में जबर्दस्त गिरावट आयी। अशिक्षा और रूढ़ियाँ जकड़ती गई, घर की चाहरदीवारों में कैद होती गई और नारी एक अबला, रमणी और भोग्या बनकर रह गई। आर्य समाज, आदि समाज–सेवी संस्थाओं ने नारी शिक्षा आदि के लिए प्रयास प्रारम्भ किये। उन्नीसवीं सदी के पूर्वाद्ध में भारत के कुछ समाजसेवियों जैसे राजा राममोहन राय, दयानन्द सरस्वती, ईश्वरचन्द विद्यासागर तथा केशवचन्द्र ने अत्याचारी सामाजिक व्यवस्था के विरूद्ध आवाज उठाई। उन्होने तत्कालीन अंग्रेजी शासकों के समक्ष स्त्री पुरूष समानता, स्त्री शिक्षा, सती प्रथा पर रोक तथा बहुविवाह पर रोक की आवाज उठायी। इसी का परिणाम था। सती प्रथा निषेध अधिनियम 1829, 1856 में हिन्दू विधवा पुर्नविवाह अधिनियम 1891 में एज आफ कन्सटेंट बिल 1891, बहुविवाह रोकने के लिए वेटिव मैरिज एक्ट पास कराया। इन सभी कानूनों का समाज पर दूरगामी परिणाम हुआ वर्षों के नारी स्थिति में आयी गिरावट में रोक लगी, आने वाले समय में स्त्री जागरूकता में वृद्धि हुई और नये नारी संगठनों का सूत्रपात हुआ जिनकी मुख्य माँग स्त्रीशिक्षा, दहेज, बाल विवाह, जैसी कुरीतियों पर रोक, महिला अधिकार, महिला शिक्षा की माँग की गई।

महिलाओं का पुनरोत्थान का काल ब्रिटिश काल से शुरू हुआ है। ब्रिटिश शासन की अवधि में हमारे समाज की सामाजिक व आर्थिक संरचनाओं में परिवर्तन किये गये। ब्रिटिश शासन के 200 वर्षों की अवधि में स्त्रियों के जीवन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष अनेक सुधार आये। औद्योगीकरण, शिक्षा का विस्तार, सामाजिक आन्दोलन व महिला संगठनों का उदय व सामाजिक विधानों ने स्त्रियों की दशा में बड़ी सीमा तक सुधार की ठोस शुरूआत की। स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व तक स्त्रियों की निम्न दशा के प्रमुख कारण अशिक्षा, आर्थिक निर्भरता, धार्मिक निषेध, जाति बन्धन, स्त्री नेतृत्व का अभाव तथा पुरूषों का उनके प्रति अनुचित दृष्टिकोण आदि थे। मेटसन ने हिन्दु संस्कृति में स्त्रियों की एकान्तता तथा उसके निम्न स्तर के लिए पाँच कारकों को उत्तरदायी ठहराया है। यह है – हिन्दु धर्म, जाति व्यवस्था, संयुक्त परिवार, इस्लामी शासन तथा ब्रिटिश उपनिवेशवाद। हिन्दुत्वाद के आदर्शों के अनुसार पुरूष स्त्रियों से श्रेष्ठ होते हैं और स्त्रियों व पुरूषों की भिन्न–भिन्न भूमिकाएँ निभानी चाहिए। स्त्रियों से माता व गृहणी की भूमिकाओं की और पुरूषों से राजनीतिक व आर्थिक भूमिकाओं की आशा की जाती है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ये सरकार द्वारा उनकी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्थिति में सुधार लाने तथा उन्हें विकास की मुख्य धारा में समाहित करने हेतु अनेक कल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक कार्यक्रमों का संचालन किया गया है। महिलाओं को विकास की अखिल धारा में प्रवाहित करने, शिक्षा के समुचित अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति सजग करते हुए उनकी सोंच में मूलभूत परिवर्तन लाने, आर्थिक गतिविधियों में उनकी अभिरूचि उत्पन्न कर उन्हें आर्थिक–सामाजिक दृष्टि से आत्मनिर्भरता और स्वावलम्बन की ओर अग्रसारित करने जैसे अहम उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पिछले कुछ दशकों में विशेष प्रयास किये गये हैं।

उन्नीसवीं सदी के मध्यकाल से लेकर इक्कीसवी सदी तक आते–आते पुनः महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ और महिलाओं ने शैक्षिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, प्रशासनिक, खेलकूद आदि विविध क्षेत्रों में

उपलब्धियों के नए आयाम तय किये। आज महिलायें आत्मनिर्भर, स्वनिर्मित, आत्मविश्वासी हैं, जिसने पुरूष प्रधान चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी अपनी योग्यता प्रदर्शित की है। वह केवल शिक्षिका, नर्स, स्त्री रोग की डाक्टर न बनकर इन्जीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, तकनीशियन, सेना, पत्रकारिता जैसे नये क्षेत्रों को अपना रही हैं। राजनीति के क्षेत्रों में महिलाओं ने नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर श्रीमती प्रतिभा पाटिल, लोकसभा स्पीकर के पद पर मीराकुमार, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गाँधी, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री मायावती, वसुन्धरा राजे, सुषमा स्वराज, जयललिता, ममता बनर्जी, शीला दीक्षित आदि महिलाये राजनीति के क्षेत्र में शीर्ष पर हैं। सामाजिक क्षेत्र में भी मेधा पाटकर, श्रीमती किरन, इलाभट्ट, सुधा मूर्ति आदि महिलायें ख्यातिलब्ध हैं। खेल जगत में पी.टी. उषा, अंजू बाबी जार्ज, सुनीता जैन, सानिया मिर्जा, अंजू चोपड़ा आदि ने नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। आई.पी.एस. किरन बेदी, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स आदि ने उच्च शिक्षा प्राप्त करके विविध क्षेत्रों में बुद्धि कौशल का परिचय दिया है।

20वीं सदी के उत्तरार्द्ध और अब 21वीं सदी के प्रारम्भ में बराबरी व्यवहार वाले जोड़े बनने लगे हैं। नौकरी वाली नारी के साथ पुरूष की मानसिकता में बदलाव आया है। पहले नौकरी वाली औरत के पति को औरत की कमाई खाने वाला कहकर चिढ़ाया जाता था। आज सोच बदल चुकी है, स्त्री स्वायत्त में अर्थशास्त्र का योगदान अद्भूत है। स्त्रियाँ धन कमाने लगी हैं तो पुरूषों की मानसिकता में भी परिवर्तन आया है। आर्थिक दृष्टि से नारी अर्थचक्र के केन्द्र की ओर बढ़ रही है। विज्ञापन की दुनिया में नारिया बहुत आगे हैं। बहुत कम ही ऐसे विज्ञापन होगें जिनमें नारी न हो लेकिन विज्ञापन में अश्लीलता चिन्तन का विषय है, इससे समाज में विकृतियाँ भी बढ़ रही है। अर्थशास्त्र ने समाजशास्त्र को बौना बना दिया है।

आज की नारी राजनीतिक, करोबार, कला तथा नौकरियों में पहुँचकर नये आयाम गढ़ रही हैं। भूमण्डलीकृत दुनिया में भारत और यहाँ की नारियों ने अपनी एक नितान्त सम्मानजनक जगह कायम कर ली। आंकड़े दर्शाते हैं कि प्रतिवर्ष कुल परीक्षार्थियों में 50 प्रतिशत महिलायें डाक्टरी की परीक्षा में उत्तीर्ण करती हैं। आजादी के बाद लगभग 12 महिलायें विभिन्न राज्यों की मुख्यमंत्री बन चुकी हैं। भारत के अग्रणी साफ्टवेयर उद्योग में 21 प्रतिशत पेशेवर महिलायें हैं। फौज, राजनीति, खेल, पायलट तथा उद्यमी सभी क्षेत्रों में जहाँ वर्षों पहले तक महिलाओं के होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। वहाँ सिर्फ नारी स्वयं को स्थापित ही नहीं कर पायी है बल्कि वहाँ सफल भी हो रही हैं।

यदि आपको विकास करना है तो महिलाओं का उत्थान करना होगा। महिलाओं का विकास होने पर समाज का विकास स्वतः ही होगा। जवाहर लाल नेहरू महिलाओं को शिक्षा देने तथा सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जो सुधार आन्दोलन प्रारम्भ हुआ उससे समाज में एक नयी जागरूकता उत्पन्न हुई है। बाल विवाह, भ्रूण हत्या पर सरकार द्वारा रोक लगाने का अथक प्रयास हुआ है। शैक्षणिक गतिशीलता से पारिवारिक जीवन में परिवर्तन हुआ है। गाँधी जी ने कहा था कि एक लड़की की शिक्षा एक लड़के की शिक्षा की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि लड़के को शिक्षित करने पर वह अकेला शिक्षित होता है किन्तु एक लड़की की शिक्षा से पूरा परिवार शिक्षित हो

जाता है, शिक्षा ही वह कुंजी है जो जीवन के वह सभी द्वार खोल देती है जो कि आवश्यक रूप से सामाजिक है। शिक्षित महिलाओं को राष्ट्रीय, अन्तराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय होने में बहुत मदद मिली। महिलायें अपनी स्थिति व अधिकारों के विषय में सचेत होने लगी। शिक्षा ने उन्हें आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक न्याय तथा पुरूषों के साथ समानता के अधिकारों की माँग करने को प्रेरित किया।

संवैधानिक अधिकारों में विभिन्न कानूनों के द्वारा महिलाओं को पुरूषों के समान अधिकार मिलने से उनकी स्थिति में परिवर्तन हुआ, महिलाओं के विवाह विच्छेदन परिवार की सम्पत्ति में पुरूषों के समान अधिकार दिये गये ।दहेज पर कानूनी प्रतिबन्ध लगा तथा उन व्यक्तियों के लिए कठोर दण्ड की व्यवस्था की गई जो दहेज की माँग को लेकर महिलाओं का उत्पीड़न करते हैं। अब सरकार लिव इन पर विचार कर रही है। संयुक्त परिवारों के विघटन होने से जैसे–एकांकी परिवार की संख्या बड़ी इनमें न केवल महिलाओं के सम्मानित स्थान मिलने लगा बल्कि लड़कियों की शिक्षा को भी एक प्रमुख आवश्यकता के रूप में देखा जाने लगा। वातावरण अधिक समताकारी होने से महिलाओं को अपने व्यक्तित्व का विकास करने के अवसर मिलने लगे।

महिला शिक्षा समाज का आधार है। समाज द्वारा पुरूषों को शिक्षित करने का लाभ केवल मात्र पुरूष को होता है जबकि महिला शिक्षा का स्पष्ट लाभ परिवार, समाज एवं सम्पूर्ण राष्ट्र को होता है चूंकि महिला ही माता के रूप में बच्चों की प्रथम अध्यापिका बनती है, शिक्षा एवं संस्कृति के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त समर्थन मिला यद्यपि कुछ समय एक महिला शिक्षा के समर्थक कम किन्तु आज समय एवं परिस्थितियों ने महिला शिक्षा को अनिवार्य बना दिया था।

स्त्री और मुक्ति आज भी नदी के किनारे की तरह है जो कभी मिल नहीं पाती है। सतही तौर पर देखा जाये तो लगता है कि भारत ही नहीं, विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाती हुई स्त्रियों ने अपनी पुरानी मान्यतायें बदली है। आज की स्त्री की अस्मिता का प्रश्न मुखर होता जा रहा है। अपने अस्तित्व को बचाये रखने के लिए संघर्ष करती हुई स्त्रिों ने लम्बा रास्ता तय कर लिया है, परन्तु आज भी एक बड़ा हिस्सा सदियों से सामाजिक अन्याय का शिकार है। जब–जब स्त्री अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है, तब–तब जाने कितने रीति–रिवाजों, परम्पराओं पौराणिक आख्यानों की दुहाई देकर उसे गुमनाम जीवन जीने पर विवश कर दिया जाता है।

वस्तुतः इक्कीसवीं सदी महिला सदी है। वर्ष 2001 महिला सशक्तिीकरण वर्ष के रूप में मनाया गया। इसमें महिलाओं की क्षमताओं और कौशल का विकास करके उन्हें अधिक सशक्त बनाने तथा समग्र समाज को महिलाओं की स्थिति और भूमिका के संबंध में जागरूक बनाने के प्रयास किये गये। महिला सशक्तिकरण हेतु 2001 में प्रथम बार ''राष्ट्रीय महिला उत्थान नीति'' बनाई गई जिससे देश में महिलाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्थान और समुचित विकास की आधारभूत विशेषताएं निर्धारित किया जाना संभव हो सके। इसमें आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरूषों के बराबर आधार पर महिलाओं द्वारा समस्त मानवाधिकारों तथा मौलिक स्वतंत्रताओं का सैद्धान्तिक तथा वस्तुतः उपभोग पर तथा इन क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी व निर्णय स्तर तक समान पहुँच पर बल दिया गया है।

आज देखने में आया है कि महिलाओं ने स्वयं के अनुभव के आधार पर, अपनी मेहनत और आत्मविश्वास के आधार पर अपने लिए नई मंजिलें, नये रास्तों का निर्माण किया है। क्या मात्र इस आधार पर उस सफलता के पीछे क्षणांश भी किसी पुरूष के हाथ होने की संभावना को नकार दिया जायेगा ? यदि नही ंतो फिर समस्या कहा है ? मैं कौन हूँ का प्रश्न अभी भी उत्तर की आस में क्यों खड़ा है।

जवाब हमारे सभी के अन्दर ही है पर उसको सामने लाने में हम घबराते भी दिखते हैं। स्त्री को एक देह से अलग एक स्त्री के रूप में देखने की आदत को डालना होगा। स्त्री के कपड़ों के भीतर से नग्नता को खींच–खींच कर बाहर लाने की परम्परा से निजात पानी होगी। कोड आफ कंडक्ट किसी भी समाज में व्यवस्था के संचालन में तो सहयोगी हो सकते हैं किन्तु इसके अपरिहार्य रूप से किसी भी व्यक्ति पर लागू किये जाने से इसके विरोध की सम्भावना उतनी ही प्रबल हो जाती है जितनी कि इसको लागू करवाने की। क्या विकास है और किसे बिकना है, अब इसका निर्धारण स्वयं बाजार करता है, हमें तो किसी को बिकाऊ और किसी को जोर जबरदस्ती से बिकने के बीच में आकर खड़े होना है, किसी की मजबूरी किसी के लिए व्यवसाय न बने यह समाज को ध्यान देना होगा। नग्नता और शालीनता के मध्य की बारीक रेखा समाज स्वयं बनाता और स्वयं बिगाड़ता है एक नजर में उसका निर्धारक पुरूष होता है तो दूसरी निगाह उसका निर्धारक स्त्री को मानती है उचित और अनुचित, न्याय और अन्याय, विवेकपूर्ण और अविवेकपूर्ण, स्वाधीनता और उच्श्रृखलता, दायित्व और दायित्वहीनता, अश्लीलता और अश्लीलता के मध्य के धुँधलेक को साफ करना होगा समाज में सरोकारों का रहना भी उतना ही आवश्यक है जितना कि किसी भी स्त्री–पुरूष का सामाजिकता के निर्वहन में स्त्री–पुरूष को समान रूप से सहभागी बनना होगा और इसके लिए स्त्री पुरूष में अपना प्रतिद्वन्दी नहीं समझे और पुरूष भी स्त्री को एक देह नहीं, स्त्री रूप में एक इंसान स्वीकार करें। स्त्री की आजादी और खुले आकाश में उड़ान की शर्त उत्पादन में उसकी भूमिका हो स्त्री की असली आजादी तभी होगी जब उसके दिमाग की स्वीकार्यता हो, न कि केवल उसकी देह की। अन्ततः कही ऐसा न हो कि स्त्री स्वतन्त्रता और स्वाधीनता का पर्व सशक्तिकरण की अवधारणा पर खड़ा होने के पूर्व ही विनष्ट होने लगे और आने वाली पीढ़ी फिर वही सदियों पुराना प्रश्न दोहरा दे कि मैं कौन हूँ ?

उपसंहार– महिलाओं की स्थिति में सुधार ने देश के आर्थिक और सामाजिक सुधार के मायने भी बदल कर रख दिये हैं। दूसरे विकासशील देशों की तुलना में हमारे देश में महिलाओं की स्थिति काफी बेहतर है। यद्यपि हम यह तो नहीं कह सकते कि महिलाओं के हालात पूरी तरह बदल गये हैं। पर पहले की तुलना में इस क्षेत्र में बहुत तरक्की हुई है आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में महिलाएँ अपने अधिकारों के प्रति पहले से अधिक सचेत है महिलाएँ अब अपने पेशवर जिंदगी सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक को लेकर बहुत जागरूक है जिससे वे अपने परिवार तथा रोजमर्रा की दिनचर्या से संबंधित खर्चों का निर्वाह आसानी से कर सके।

वर्तमान समय में भारतीय सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक कार्यक्रम एवं योजनाओं का क्रियान्वयन निचले स्तर तक उचित ढंग से न पहुँच सकने के कारण स्त्रियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह सत्य है कि वर्तमान समय में स्त्रियों की स्थिति में काफी बदलाव आए हैं लेकिन फिर भी वह अनेक स्थानों

पर पुरूष–प्रधान मानसिकता से पीड़ित हो रही है। इस सन्दर्भ में युगनायक एवं राष्ट्रनिर्माता स्वामी विवेकानन्द का यह कथन उल्लेखनीय है– ''किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहाँ की महिलाओं की स्थिति, हमें नारियों को ऐसी स्थिति में पहुँचा देना चाहिए, जहाँ वे अपने समस्याओं को अपने ढंग से स्वयं सुलझा सके। हमें नारीशक्ति के उद्वारक नहीं वरन उनके सेवक और सहायक बनना चाहिए। भारतीय नारियाँ संसार की अन्य किन्हीं भी नारियों की भाँति अपनी समस्याओं को सुलझाने की क्षमता रखती है। आवश्यकता है उन्हें उपर्युक्त अवसर देने की इसी आधार पर भारत के उज्जवल भविष्य की संभावनाएँ सन्निहित है।''

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1) राजकुमार डा0 नारी के बदले आयाम, अर्जुन पब्लिशिंग हाउस 2005
2) गुप्ता कमलेश कुमार, महिला सशक्तिकरण बुक एनक्लेव, जयपुर
3) करण बहादुर सिंह, महिला अधिकार व सशक्तिकरण कुरूक्षेत्र मार्च 2006
4) सुरेश लाल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महिला आयोग कुरूक्षेत्र मार्च 2007
5) गौतम हरेन्द्र राज, महिला अधिकार संरक्षण कुरूक्षेत्र मार्च 2006
6) व्यास, जयप्रकाश, नारीशोषण, ज्ञानदा प्रकाशन, 2003
7) शैलजा नागेन्द्र, वोमेन्स राइट्रस, ए,डी,वी पब्लिर्शस जयपुर 2006
8) आहुजा, राम (1999) भारतीय सामाजिक व्यवस्था, रावत प्रकाशन जयपुर नई दिल्ली
9) अल्टेकर ए0एस (1956) द पोजिशन आफ वोमेन इन हिन्दु सिविलाइजेशन, मोतीलाल, बनारसी लाल, वाराणसी।
10) जोशी, गुप्ता (1988) गाँधी आन वोमन, सेंटर फार वोमेन, स डेवलपमेंट स्टडीज, दिल्ली
11) हसनैन, नदीम (2004) समकालीन भारतीय समाज, भारत बुक सेन्टर लखनऊ
12) मिश्र जयशंकर (2006) प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी पटना।
13) श्रीनिवास, एम0एन0 (1978) द चेन्जिग पोजीशन आफ इण्डिया वूमन, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, बाम्बे।
14) राजनारायण डॉ स्त्री विमर्श और सामाजिक आन्दोलन।

# रसानां अङ्गभावप्राप्तिर्हि स्वाभाविकी समारोपकृता वा



नर्मदा बेहेरा,
शोधछात्रा,
राष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालय:तिरुपति:,
आन्ध्रप्रदेश,भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 116-119
**Publication Issue :**
January-February-2021
**Article History**
Accepted : 05 Feb 2021
Published : 15 Feb 2021

**सारांश:** –प्रबन्धो नीरसो भवति स कवे: महानपशब्दो भवति , येन स: अकवि: भूत्वा अन्येन अस्मृतलक्षण: सम्भवति। अत: रसविरोधपरिहारप्रसङ्गे अङ्गभावप्राप्तिर्हि तेषां स्वाभाविकी समारेपकृता वेति वृत्तिवाक्यं सर्वथा युक्तियुक्तं वर्त्तते।

मुख्यशब्द: – अकवि:, रस:, अंगभाव, समारोपकृता, परिहार: प्रबन्ध:।

**'वाग्वैदग्ध्यप्रधानेऽपि रस एवात्र जीवितम्'।**

इति अग्निपुराणदिशा रस एवात्मा साररूपतया जीवनाधायको यस्य । तेन विना तस्य काव्यत्वाभावस्य प्रतिपादितत्वात्। अत: रसविरोधितत्वानां परिहार: कर्त्तव्य:। आदौ विरोधस्थलानि ज्ञातव्यानि।

**प्रबन्धे मुक्तके वापि रसादीन् बन्धुमिच्छता।**
**यत्न: कार्य: सुमतिना परिहारे विरोधिनाम्।।**

प्रबन्धे- मुक्तककाव्येषु वा रसादीन् बन्धुमिच्छता रसानां विरोधिनां परिहारे यत्न: कार्य:। तानि विरोधस्थलानि –

**विरोधिरससम्बन्धिविभावादिपरिग्रह: ।**
**विस्तरेणान्वितस्यापि वस्तुनोऽन्यस्य वर्णनम्।**
**अकाण्ड एव विच्छित्तिरकाण्डे च प्रकाशनम्।**
**परिपोषं गतस्यापि पौन:पुन्येन दीपनम्।।**
**रसस्य स्याद्विरोधाय वृत्त्यनौचित्यमेव च ।।** (ध्वन्यालोक-3/18)

रससम्बन्धिविरोधिविभावादिनां परिग्रह:, अन्यस्य वस्तुनो वर्णनम् अकाण्डे विच्छित्ति:, अकाण्डे प्रकाशनम्, रसस्य परिपोषणात्परं पौन:पुन्येन दीपनम्, वृत्त्यनौचित्यमिति एते रसविरोधस्थलानि भवन्ति।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

तत्र कविना प्रकृतरसं परिपोष्टुकामेन , तदभिव्यञ्जके काव्ये तद्विरुद्धरसाङ्गानां निबन्धनं न कार्यम्, तथाहि सति तदभिव्यक्तौ विरुद्धः प्रकृत बाधत्ते सुन्दोपसुन्देन्यायेन वोभयोरूपहतिः स्यात्। इति रसगङ्गाधरे पण्डितराजेन जगन्नाथेन प्रतिपादितम्।

काव्यप्रकाशेऽपि त्रयोदशरसविरोधिभावानां वर्णनम् एवं प्रदर्शितम्।

**व्याभिचारिरसस्थायीभावानां शब्दवाच्यता ।**

**कष्टकल्पनया व्यक्तिरनुभावविभावयोः।।**

**प्रतिकूलविभावादिग्रहो दीप्तः पुनः पुनः।**

**अकाण्डे प्रथनच्छेदावङ्गस्याप्यतिविस्तृतिः।।**

**अङ्गिनोऽ ननुसन्धानं प्रकृतिनां विपर्ययः।।**

**अनङ्गस्याभिधानं च रसे दोषाः स्युरीदृशाः।।** (का.प्र.7/62)

ध्वन्यालोकस्य तृतीयोद्योते रसविरोधपरिहारसन्दर्भे सामान्योपायान् प्रतिपाद्य विशेषोपरिहारोपायेषु रसानाम् अङ्गभावप्राप्तिर्हि स्वाभाविकी समारोपकृता वेति अस्य विशेषरूपस्य प्रतिपादनं कृतम्। यथा-

**विवक्षिते रसे लब्धप्रतिष्ठे तु विरोधिनाम् ।**

**बाध्यनामङ्गभावं वा प्राप्तानामुक्तिरच्छला** ।। (ध्व.लो.-3/20)

तदयमभिप्रायः यत्र काव्ये विवक्षितः रसः स्व- सामग्री बलेन लब्धपरिपोषः तत्र विरोधिनां रसानां विरोधिरसाङ्गानां च अङ्गरूपेण वर्णने न दोषः। विरोधिनां बाध्यत्वं तदा भवति। यदा ते मुख्यरसद्वारा अभिभूताः भवन्ति। एतादृशबाध्यरसानाम् अङ्गभावेन वर्णने रसविरोधो न भवति इत्यर्थः तद्यथा-

**क्वाकार्यं शशलक्ष्मणः क्व च कूलं भूयोऽपि दृश्येत सा**

**दोषाणां प्रशमाय मे श्रुतमहो कोपेऽपि कान्तं मुखम्।**

**किं वक्ष्यन्त्यपकल्मषाः कृतधियः स्वप्नेऽपि सा दुर्लभा**

**चेतः स्वास्थ्यमुपैहि कः खलु युवा धन्योऽधरं पास्यति।।**

क्वकार्यं कुत्र च शशलक्षणः कूलम् ? सा भूयोऽपि दृश्यते । मे शास्त्रं दोषाणां प्रशमाय भवेत्। कोपोऽपि कान्तं मुखम्। अपकल्मषाः कृतधियः किं वक्ष्यन्ति? सा स्वप्नेऽपि दुर्लभा । हे चेतः स्वास्थ्यमुपैहि , कः युवा धन्यो तस्याऽधरं पास्यति इति विक्रमोर्वशीये पुरूरवसः उक्तिः।

इत्यस्मिन् पद्ये विप्रलम्भश्रृङ्गाररसः विवक्षितः प्रधानत्त्वेन वर्त्तते। अत्र श्रृङ्गारविरोधिनः शान्तरसस्य व्यभिचारिणः वितर्कः, मतिः, शंका, धृतिश्य बाध्यरूपेण वर्णिताः। अतरत्र न दोषः तदुक्तं ध्वन्यालोके "अङ्गभावं प्राप्तानां च तेषां विरोधित्वमेव निवर्त्तते"। तत्र रसानां विरोधमात्रप्रदर्शनं दर्पणे यथा-

**आद्यः करूण - बीभत्स - रौद्र - वीर- भयानकैः**

**भयानकेन करुणे - नापि हास्यो विरोधभाक्।।**

**करुणो हास्यश्रृङ्गार - रसाभ्यामपि तादृशः ।**

**रौद्रस्तु हास्य - श्रृङ्गार- भयानकरसैरपि ।।**

**भयानकेन शान्तेन , तथा वीररसः स्मृतः।**

**श्रृङ्गार – वीर – रौद्राख्य- हास्य शान्तैर्भयानकः।।**

**शान्तस्तुवीर – श्रृङ्गार – रौद्र – हास्य – भयानकैः।**

**श्रृङ्गारेण तु बीभत्स इत्याख्याता विरोधिता ।। इति**

(साहित्य दर्पणम्)

विरोधिरसानां अङ्गभावप्राप्ति द्विधा सम्भवति। यथा स्वाभाविकी समारोपकृतावेति।

येषाम् अङ्गभावप्राप्तिः नैसर्गीकि तत्र अदोषो एव। यथा –

**भ्रमिमरतिमलसहृदयतां प्रलयं मूर्च्छां तमः शरीरसादं।**

**मरणं च जलदभूजगजं प्रसह्य कुरुते विषं वियोगिनीनाम्।।**

इत्यादि पद्ये शृङ्गार रसः प्रधानः। तत्र भ्रमिप्रभूतीनि शृङ्गारस्य विरोधिनाः करुणरसस्य अङ्गरूपेण प्रयुक्तानि सन्ति। अत्र विरोधिनः रसस्य अङ्गभावेन नैसर्गिकतया वर्णनात् न दोषः।

यद्यपि मरणमिति ब्यभिचारीभावः शृङ्गरे अङ्गरूपेण संभाव्यते, तथापि तद् वर्णनम् अनुचितम्। यतोहि शृङ्गाररसस्य आलम्बनयोः नायीकानायकयोः विच्छेदत्वात् रसस्यापि अत्यन्तविच्छेदो जायते। यत्र करुणरसः मुख्यत्वेन वर्ण्यते तत्र मरणवर्णने न दोषः। अतः रसबन्धप्रधानेन कविना यत्नपूर्वकम् एतत् परिहर्त्तब्यम्।

अङ्गभावप्राप्तिर्हि तेषां समारोपकृता वा भवितुमर्हति। अर्थात् रसाङ्गानाम् अङ्गभावप्राप्तिः समारोपकृता भवति चेदपि न विरोधः। यथा–

**पाण्डुक्षामं वक्त्रं हृदयं सरसं तवालसं च वपुः।**

**आवेदयति नितान्तं क्षेत्रियरोगं सखी कृदन्तः।।**

हे सखी तव पाण्डुक्षामं वक्त्रं, सरसं हृदयं, आलसं वपुः च कृदन्तः क्षेत्रियरोगं नितान्तम् आवेदयतीति भावार्थः।

अत्र करुणोचितो व्याधिः श्लेषभंग्या स्थापिरत्त्वात् न दोषः।

**“कोपात्कोमललोल**---------“

इत्यादि पद्ये कोप – बन्धनादयः रौद्ररसस्य अङ्गत्वात् श्रृङ्गारसस्य विरोधिनः, किन्तु कोमलबाहुलतायां पाशत्वस्य आरोपात् श्रृङ्गारस्य अङ्गत्वेन वर्त्तते अतो न दोषः।

**मुख्या व्यापारविषयाः सुकवीनां रसादयः।**

**तेषां निबन्धने भाव्ये तैः सदैवाप्रमादिभिः।।**

**नीरसस्तु प्रबन्धो यः सोपशब्दो महान् कवेः।**

**स तेनाकविरेव स्यादन्येनास्मृतलक्षणः।।**

अनेन ज्ञायते यत् – यदि प्रबन्धो नीरसो भवति स कवेः महानपशब्दो भवति , येन सः अकविः भूत्वा अन्येन अस्मृतलक्षणः सम्भवति। अतः रसविरोधपरिहारप्रसङ्गे अङ्गभावप्राप्तिर्हि तेषां स्वाभाविकी समारेपकृता वेति वृत्तिवाक्यं सर्वथा युक्तियुक्तं वर्त्तते।

**सहायक ग्रन्थसूची**


1.ध्वन्यालोकः । आनन्दवर्द्धनकृतः, चौखम्बा प्रकाशनम्। व्याख्याकारः- रामसागर त्रिपाठी।

2.रसगङ्गाधरः । पण्डितराजजगन्नाथकृतः, चौखम्बा प्रकाशनम्। व्याख्याकारः- पण्डित मदनमोहन झा।

3. काव्यप्रकाशः। मम्मटाचार्यकृतः, चौखम्बा प्रकाशनम्। व्याख्याकारः- 8 हरिशङ्कर शर्मा।

4. साहित्यदर्पणम्। विश्वनाथकविराजकृतः, चौखम्बा प्रकाशनम्। व्याख्याकारः – शेषराजशर्मा रेग्मी।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# संस्कृत नाट्य साहित्य में गंगा का स्वरूप



इन्दल
पूर्व शोधच्छात्र,
बी0 आर0 डी0 बी0 डी0 पी0 जी0 कालेज,
आश्रम बरहज देवरिया, उत्त प्रदेश,भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 120-125
Publication Issue :
January-February-2021
**Article History**
Accepted : 10 Jan 2021
Published : 19 Jan 2021

**शोध सारांश–** संस्कृत नाट्य साहित्य में अनेक कवियो ने अपनी कृतियों में गंगा के महत्वपूर्ण स्वरूप का वर्णन किया है जो आज नाट्य साहित्य विश्व विख्यात हुए है।

**मुख्य शब्द–**संस्कृत, नाटक, साहित्य,गंगा,

**अभिज्ञानशाकुन्तलम्–**

**त्रिस्त्रोतसं वहति यो गगनप्रतिष्ठां–**
**ज्योतीषि वर्तयति च प्रविभक्तरश्मिः।**
**तस्य द्वितीयहरिविक्रमनिस्तमस्कं**
**वायोरिमं परिवहस्य वदन्ति मार्गम् ।। 1**

अभिज्ञानशाकुन्तलम् के सप्तम अंक में गंगा का वर्णन प्राप्त होता है। जब राजा दुष्यन्त मातलि के साथ रथ पर आरूढ़ होकर असुरों के साथ युद्ध करने के लिए स्वर्ग पर चढ़ते हुए आकाशगंगा का दर्शन करके मातलि पूछता है – यह कौन सा मार्ग है जिससे हम वहाँ जायेंगे। इसके पश्चात् मातलि गंगा मार्ग का वर्णन करते हुए कहता है–

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

दूसरे वामनावतार धारण करने वाले विष्णु के पाद विक्षेप रूपी पराक्रम से अन्धकार रहित (पापरहित–पावन) इसको उस परिवह नामक वायु का मार्ग कहते है, जो (मार्ग) आकाश में विद्यमान तीन धाराओं वाली अर्थात् गंगा को स्वर्ग में प्रवाहित होने वाली मन्दाकिनी, पृथ्वी पर प्रवाहित होने वाली भागीरथी और पाताल में प्रवाहित होने वाली भोगवती धारण करता है, और जो मार्ग यथायोग्य चारों ओर विस्तृत कर रही है सूर्यादि नक्षत्रों की किरणेंा को जिसमें ऐसा नक्षत्रों को चलाता है। प्रस्तुत श्लोक में गंगा को त्रिस्त्रोंत कहकर समग्र ब्राम्हाण्ड में व्याप्त गंगा का महत्व बताया है।

**उत्तररामचरितम्–** उत्तररामचरितम् नामक नाटक के प्रथम अंक में (एषा प्रसन्नपुण्य सलिला भगवती भागीरथी) स्वच्छ तथा परिशुद्ध जल वाली भगवती भागीरथी का वर्णन प्राप्त होता है।

सीता सोचती हैं कि (जाने पुनरपि प्रसन्नगम्भीरासु वनराजिषु विहृत्य पवित्र निर्मलशिशिर सलिलां भगवतीं भागीरथीमवगाहिष्य इति।) एक बार पुनः प्रसन्न एवं गम्भीर वनश्रेणियों से विचरण करके पवित्र, निर्मल तथा शीतल जल से युक्तगंगा में अवगाहन करूँ।

तृतीय अंक में भी गंगा का वर्णन देखने को मिलता है– (तमसा–श्रूयताम्। पुरा किल वाल्मीकितपोवनोपकण्ठात् परित्यज्य निवृत्ते लक्ष्मणे सीतादेवी प्राप्तप्रसववेदनम् अतिदुःखसंवेगादात्मानं गंगाप्रवाहे निक्षिपतवती। तदैव तत्र दाकरद्वयं प्रसूता। भगवतीभ्यां पृथ्वीभागीरथीभ्यामभ्युपन्ना रसातलं च नीता। स्तन्यत्यागात् परेण च दारकद्वयं तस्याः प्राचेतसस्य महर्षेर्गगांदेवी स्वयमर्पितवती।)

पूर्वकाल में (सीता को) छोडकर वाल्मीकि के आश्रम के समीप से लक्ष्मण के लौट जाने पर सीता देवी प्रसव पीडा से अभिभूत अपने को अत्यन्त दुःख के संवेग के कारण गंगा की धारा में फेंक दिया । तभी वहां उन्होने दो शिशुओं को जन्म दिया भगवती पृथ्वी और गंगा से अनुगृहीत सीता पाताल को पहुँचा दी गई। दूध छोड़ने के बाद उनके दोनों बच्चों को गंगा देवी ने स्वयं महर्षि वाल्मीकि को सौंप दिया।

गंगा– महिमा का वर्णन करती हुई तमसा सीता जी को कहती है कि (अयि वत्से ! सर्वदेवताभ्यः प्रकृष्टतम् मैश्वर्यं मन्दाकिनीदेव्यास्तत् किमित्याशड्कसे?) अरी बेटी, गंगा जी का ऐश्वर्य सभी देवताओं से बढ़ा चढ़ा है, तो क्यों शड्का करती हो?

चतुर्थ अंक में भी गंगा का वर्णन प्राप्त होता है – **भगवति वसुन्धरे! सत्यमति दृढासि।**

त्वं वह्निर्मुनयो वसिष्ठगृहिणी गंगा च यस्या विदु
र्माहात्म्यं यदि वा रघोः कुलगुरुदेवः स्वयं भास्कर।
विद्यां वागिव यामसूत भवती तहत्तु या दैवतं
तस्यास्त्वद्दुहितुस्तथा विशसनं किं दारुणेऽमृष्यथाः।। 2

भगवती पृथ्वी! तू निस्संदेह अत्यन्त कठोर है। जिसके प्रभाव को तू जानती है, (वसिष्ठ, वाल्मीकि आदि) मुनि लोग, अग्नि वसिष्ठ की पत्नी (अरुन्धती और गंगा

जानती है, तथा रघुकूल के आदि पुरुष सूर्यदेव स्वयं जानते हैं। विद्या को सरस्वती के समान, स्वयं जानते है विद्या को सरस्वती के समान, जिसे आपने जन्म दिया और जो स्वयं उन देवताओं के समान ही देवता है, उसी तुम्हारी पुत्री सीता को इस प्रकार अपघात! हे कठोर, भला इसे तुमने कैसे सह लिया है।

पाप्मभ्यश्च पुनति वर्धयति च श्रेयांसि सेयं कथा

मङ्गल्या च मनोहरा च जगतो मातेव मातेव च।

तामेतां परिभावयन्त्वभिनयैर्विन्यस्तरूपां बुधाः

शब्दब्रम्हाविदः कवेः परिणतां प्राज्ञस्य वाणीमिमाम्।। 3

अरुन्धति जगद्वन्द्ये गंगापृथ्व्यौ जुषस्व नौ।

अर्पितेयं तवावाभ्यां सीता पुण्यव्रता वधूः ।। 4

अरुन्धती – वत्स ! एषा भगवती भागीरथगृहदेवता सुप्रसन्ना गंगा।5

मन्थादिव क्षुभ्यति गङ्गामम्भो व्याप्तं च देवर्षिभिरन्तरिक्षम्

आष्चर्यमार्या सह देवताभ्यां गंगामहीभ्यां सलिलादुदेति।। 6

भागीरथी – कथं त्वं सनाथाऽप्यनाथा। 7

भागीरथी – शान्तम्। अविलीना संवत्सरसहस्राणि भूयाः। 8

भागीरथी – इयं तु जननी ते विष्वम्भरा। 9

**भागीरथी – विश्वम्भराऽपि नाम व्यथत इति जितमपत्यस्नेहेन। यद्वा सर्व साधारणो ह्योष मनसो मोहग्रन्थिरत्नष्चरष्चेत् नावतामनुपप्लवः संसारतन्तुः। देवि भूतधात्रि! वत्स वैदहि! समाश्वसिहि समाश्वसिहि। 10**

**भागीरथी – को माम पाकाभिमुखस्य जनतोर्द्वाराणि देवस्य पिधातुमीष्टे। 11**

**भागीरथी – भगवति वसुन्धरे! शरीरमसि संसारस्य। तत्किमसंविदानेव जामात्रे कुप्यसि? 12**

**भागीरथी – तथाप्येष तेऽन्ञ्लिः। 13**

भवभूति ने गंगा को सभी देवताओं में श्रेष्ठ बताया है।

**मुद्राराक्षस** – विशाखदत्त रचित मुद्राराक्षस का मङ्गलाचरण शिव व पार्वती के संवादशैली से आरम्भ होता है। पार्वती गंगा के साथ शिव के प्रछन्न संम्बन्ध के रहस्य को जानने की इच्छा से पूछती हैं आपके शिर पर सौभाग्यशालिनी कौन है? शिव उत्तर देते हैँ – शशिकला। पार्वती उसका नाम क्या है? शिव– पार्वती नाराज हो कहती है – मैं चन्द्रमा (पुरूष) के लिए नहीं पूछ रही स्त्री के विषय में पुछ रही हूँ प्रस्तुत मङ्गलाचरण में गंगा की महत्ता व्यञ्जित है कि गंगा शिव के मस्तक पर विराजमान रहती हैं।

**धन्या केयं स्थिता ते शिरसि शशिकला किं नु नामैतदस्याः**

**नामैवास्यास्तदेतत्परिचित्तमपि ते विस्मृतं कस्य हेतोः।**

**नारीं पृच्छामि नेन्दुं कथयतु विषया न प्रमाणं यदीन्दु**

**र्देव्या निह्नोतुमिच्छोरिति सुरसरतिं शाठ्यमव्याद्विभोर्वः।। 14**

**रत्नावली** – रत्नावली के मंगलाचरण में श्री हर्ष ने गंगा का वर्णन किया है।

**सम्प्राप्तं मकरध्वजेन मथनं त्वत्तो मदर्थे पुरा,**

**तद् युक्तं बहुमार्गगां मम पुरो निर्लज्ज वोढुं तव।**

**तामेवानुनय स्वभावकुटिलां हे कृष्ण कण्ठग्रहम्,**

**मुञ्चेत्याह रूपा यमद्रितनया लक्ष्मीः पायात् स वः।। 15**

(शड्कर के पक्ष में) पहले कामदेव ने मेरे कारण से आपसे मृत्यु को प्राप्त किया था। हे निर्लज्ज! तब मेरे समक्ष अनेक भागों में गमन करने वाली गंगा को अपने शिरपर धारण करना क्या उचित है? अर्थात नहीं। हे नीलकंठ! मेरे प्रति अनुनय को छोड॰ दो। स्वभाव में ही कुटिल उस त्रिपथगा गंगा को ही प्रसन्न करो। इस प्रकार पार्वती ने जिन शंड्कर भगवान् से कहा, वे शड्ंकर भगवान् आप लोगों की रक्षा करें।

**(कृष्ण के पक्ष में)** पहले मेरे कारण समुद्र ने आपसे मन्थन प्राप्त किया अर्थात् मेरे (लक्ष्मी) के कारण ही सागर का मन्थन हुआ। हे निर्लज्ज ! मेरे सामने ही अनेक कुमार्ग पर चलने वाली कुलटा कुब्जा के साथ विवाह करना कहाँ तक उचित है?

अर्थात् नहीं। हे कृष्ण! मेरे कण्ठालिंगन को छोड़ों। स्वभाव से कुटिल या भाव

कुटिल उस कुब्जा को ही प्रसन्न करो। इस प्रकार लक्ष्मी ने जिन भगवान् कृष्ण से कहा, वे भगवान् कृष्ण आप लोगों की रक्षा करें।

**निष्कर्षतः :–** संस्कृत नाट्य साहित्य में अनेक कवियो ने अपनी कृतियों में गंगा के महत्वपूर्ण स्वरूप का वर्णन किया है जो आज नाट्य साहित्य विश्व विख्यात हुए है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–**


1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् 7/6
2. उत्तररामचरितम् 4/5
3. उत्तररामचरितम् 7/20
4. वही, 7/17
5. वही, गद्य 7/432
6. वही, 7/16
7. वही, 7/420
8. वही, 7/419
9. वही, 7/411
10. उत्तररामचरितम्, 7/412

**11.** वही, 7/413 (7/4)

**12.** वही, 7/415

**13.** वही, 7/415

**14.** वही, 7/417 (गद्य)

**15.** वही, 1/1

**16.** रत्नावली 1/3

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# रस की ऐतिहासिकता



**कु0 संजू**
शोधच्छात्रा,
संस्कृत–विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 126-135

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 05 Jan 2021
Published : 10 Jan 2021

**सारांशः** – जगन्नाथ जी ने अभिनवगुप्त आदि आचार्यों के मत को बताकर कहा है कि वस्तुतः 'रसो वै सः' इत्यादि श्रुति के स्वारस्य से रत्याद्यवच्छिन्नभग्नावरणाचित् अर्थात् रत्यादिभाव–विषयक आवरण–रहित आत्मचैतन्य ही रस है, न कि वह चैतन्य का विषय रत्यादि, क्योंकि यदि चैतन्य–विषयीभूत रति आदि को रस मान लिया जाय तो रस की चैतन्यता नहीं रहती है तब रस और चैतन्य में एकता को बतलाने वाली 'रसो वै सः' इत्यादि श्रुति के साथ विरोध हो जाता है। अतः रत्यादिविशिष्ट आवरण रहित आत्मचैतन्य ही रस है।

**मुख्य शब्द** – रस, अभिनवगुप्त, जगन्नाथ, कव्यशास्त्रीय, अलौकिक, ऋग्वेद,संस्कृत।

रस की ऐतिहासिकता पर दृष्टि डालने से हमें ज्ञात होता है कि रस शब्द वैदिक काल से ही प्रयुक्त होता आ रहा है।

प्राचीनकाल से ही रस शब्द जल, सार, वीर्य, द्रव, स्वाद, विष, धातु, मधुरादि छह रस पारद, परमात्मा, श्रृंगार आदि काव्य रस एवं सुरा, शोणित, देह आदि अर्थों में अनवरत प्रयुक्त होता आ रहा है। वेदादि में अनेक बार प्रयुक्त रस शब्द के आधार पर निःसन्देह कहा जा सकता है कि आयुर्वेदीय लौकिक रस तथा कव्यशास्त्रीय अलौकिक रस वेदाब्धि से ही निःसृत है। तत्पश्चात् वहीं से प्रेरणा पाकर आयुर्वेद प्रवर्तकों ने लौकिक रसों का तथा नाट्य या काव्यशास्त्राचार्यों ने श्रृंगार आदि[1] अलौकिक रसों का प्रतिपादन किया है। वैदिक साहित्य को न केवल रस सामान्य का ही अपितु श्रृंगार, हास्य आदि रस–विशेषों का भी प्रेरणा स्रोत मानना असंगत नहीं है। रस के ऐतिहासिक क्रम को निम्न आधारों पर विवेचन किया जा सकता है–

ऋग्वेद में रस शब्द मुख्यतः निम्नलिखित अर्थों में प्रयुक्त हुआ है–

ऋग्वेद के 1–23–23 में 'रस' शब्द 'जलसार' का बोधक है।[2]

'जम्भे रसस्य वावृधे' यहाँ पर रस का अर्थ गोदुग्ध किया गया है। महेयत् पित्रई रसम्[3]। यहाँ पर रस शब्द का वाच्यार्थ है पृथिवी का सारभूत तत्त्व। परिदाय रसं दुहे।[4] यहाँ पर पठित रस पुरुष के सारभूत वीर्य अर्थ को बताता है। रसा रजांस्यनुविष्ठिताः[5]। यहाँ पर कहा गया है कि जिस प्रकार से अन्तरिक्ष में वात सर्वत्र व्याप्त हैं ठीक उसी प्रकार से अम्लादि षड् रस लौकिक पदार्थों में स्थित हैं।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

वृश्चिकस्यारसं विषमरसं वृश्चिक ते विषम्[6]। प्रस्तुत मन्त्र में अरस का अर्थ असार एवं रस का अर्थ सार है।

मध्वो रसो सुगमस्ति[7]। इस स्थान पर रस शब्द सोम रस का वाचक है।

ऋग्वेद 6–44–22 में इन्द्र से कहा गया है कि हे इन्द्र आपके लिए स्वादु रसनीय अर्थात् आस्वाद्य तथा मधु के समान पीने योग्य यह सोम है– ''स्वादू रसो मधु पेयो वराय''। यहाँ रस का प्रतिपादित रसनीयत्व का बीज माना जा सकता है। इस प्रकार अमृतमय अर्थ में ''सोम इन्द्रियो रसः''[8]।

हर्ष अथवा मद के कारणार्थ में 'रसं मदाय धृष्वये''[9]। रस इन्द्रियवर्धक अर्थ में भी कहा गया है– 'दधान इन्द्रियं रसम्'। ''दधानः कलशे रसम्''[10] इस ऋग्वेदी मन्त्र में प्रस्तरों अभिषुत लताओं के निचोड़ के अर्थ में रस का व्यवहार हुआ है।

उपर्युक्त रस शब्द के विवेचन एवं प्रयोगों से प्रमुख रूप से रसनेन्द्रिय–ग्राह्य जल, मधुरादि रस, सोम अभिषुत द्रव तथा मादक आदि पदार्थ प्रतीत होते हैं। इनके अतिरिक्त वाग्रस अर्थात् वाणी के सारभूत अर्थ में भी रस शब्द का प्रयोग हुआ है।

ऋषिभिः संभृतं रसम्[11], अध्येत्यृषिभिः संभृतं रसम्'[12]। इस स्थान पर ऋषियों द्वारा सम्पादित सूक्त–संघ को वेद का रस अर्थात् सार कहा गया है। पूर्वोक्त रस की रसनेन्द्रिय–ग्राह्यता से इस रस में श्रोत्रेन्द्रिय–ग्राह्यता रूप विलक्षणता पायी जाती है।

ऋग्वेद में ही एक अन्य स्थान पर उल्लेखित है– 'धनञ्जयः पवते कृत्व्यो रसो विप्रः कविः काव्येन' यहाँ कवि और काव्य के प्रसंग में रस का उल्लेख मिलता है।[13] इस स्थल पर कर्मठ, मेधावी, कवि एवं रस–रूप सोम देव को काव्य कर्म के द्वारा पवित्र होने वाला कहा गया है। प्रस्तुत मन्त्र में काव्य के द्वारा कवि को रस के रूप में कहने से जो काव्य, कवि और रस का सम्बन्ध प्रतिपादित होता है वह पश्चात् के काव्य और रस के सम्बन्ध का आधार है। यो वः शिवतमो रसः इस स्थान पर जो जल सम्बन्धी रस को शिवतम या आनन्दमय बताया गया है वह रस की आनन्दमयता काव्य–रस की आनन्दमयता का बीज है।

उपर्युक्त उद्धरणों के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि ऋग्वेद में भी रस शब्द का प्रयोग भौतिक रस के अतिरिक्त वाग्रस या काव्य रस के अर्थ में भी हुआ है।

ऋग्वेद के समान ही यजुर्वेद, सामवेद एवम् अथर्ववेद में भी रस शब्द का प्रयोग उन पूर्वोक्त अर्थों में हुआ है।

यजु0 2–32 के 'नमो वः पितरो रसाय' इस प्रस्तुत मन्त्र में रस शब्द से वसन्त आदि छह ऋतुओं का बोध होता है। मधु आदि रस वसन्त ऋतु में ही वृक्षों में उत्पन्न होते हैं, इसलिये वसन्त को रस कहा गया है। अथर्ववेद के 'या रसस्य हरणाय'[14] इस मन्त्र में रस का अर्थ शोणित होता है और तां रसेनाभिवर्धताम्[15]। इस रस के दधि, घृत, मधु आदि अर्थ होते हैं।

नाट्य वेद की उत्पत्ति के सम्बन्ध में भरतमुनि ने लिखा है कि अथर्ववेद से रस लिया गया है[16] अर्थात् ऋग्वेद से पाठ्य, यजुर्वेद से अभिनय, समावेद से गान एवम् अथर्ववेद से रस को लेकर प्रजापति ने पञ्चम नाट्य–वेद का निर्माण किया है।

इस तरह रस सम्प्रदाय के प्रधान आचार्य भरतमुनि ने ही नाट्य–रस का आधार वेद को ही स्वीकार किया है।

**ब्राह्मण ग्रन्थों में वर्णित 'रस' शब्द–**

ऐतरेय ब्राह्मण में अनेकशः प्रयुक्त हुआ रस शब्द तो उन्हीं अर्थों को बतलाता है[17], किन्तु शतपथ ब्राह्मण में उन अर्थों के अतिरिक्त छन्दरस या काव्य–रस के विषय में बतलाया गया है कि प्रजापति ने मनुष्य लोक को अमृत रस का पान कराने के निमित्त छन्दों में रस का आधान किया। यह छन्द रस सभी रसों में उत्कृष्ट रस माना गया। शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि छन्दों के सरस होने पर ही इष्टसिद्धि मानी गयी तथा यज्ञ का विस्तार हुआ।[18] काव्य तथा नाट्य तभी सरस होते हैं जब छन्द सरस हो। यहाँ पर रसनेन्द्रिय–ग्राह्य सोम रस आदि से भिन्न श्रवणेन्द्रिय–ग्राह्य छन्द रस का प्रतिपादन किया गया है। इस प्रकार यह द्रष्टव्य है कि शतपथ ब्राह्मण में काव्य रस का स्पष्ट संकेत मिलता है। शतपथ ब्राह्मण में ही ब्रह्मा को यज्ञ का भिषक् बतलाया गया है। जो कि बहुत ही साभिप्राय है। जिस प्रकार से वैद्य का सम्बन्ध पारद रस से होता है, ठीक उसी प्रकार ब्रह्मा का सम्बन्ध छन्द–रस से माना गया है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि आचार्य क्षेमेन्द्र ने जो धातुवाद–रस–सिद्ध–शरीर के स्थिर जीवन की तरह शृङ्गारादि रस–सिद्ध काव्य में औचित्य को स्थिर जीवित माना है, उसका भी बीज यहीं निहित है।

शतपथ ब्राह्मण में ही आया है कि देवों ने ऋक् तथा साम में स्थित रस का छन्दों में आधान करके स्वर्ग अर्थात् आनन्द को प्राप्त किया।[19] यहाँ पर छन्दरस के द्वारा आनन्द प्राप्ति के उल्लेख में इसका स्पष्ट संकेत मिलता है कि ऋक् एवं साम का रस छन्दों द्वारा नाट्य एवं काव्य में आया है।

शतपथ ब्राह्मण में ही माना गया है कि ओषधि, वनस्पति आदि की जो सृष्टि हुई है, वह वाणी के रस से हुई है।[20] मूलतः देवसम्बन्धी इस वाग्रस या वाक्य–रस से इस जगत् में भी वाक्य रस अथवा काव्य रस का जन्म हुआ है। इस रसात्मक वाक्य को काव्य का मूल आधार मानना असंगत नहीं होगा। इतना कहना ही पर्याप्त नहीं है, रस को विश्व–सृष्टि का मूल अर्थात् आधार माना गया है तथा रस से रश्मियों[21] की, दिशाओं[22] की, विदिशाओं[23] की, अग्नि[24], घृत आदि सभी पदार्थों की उत्पत्ति मानी गयी है। इसी आधार पर उपनिषद् में सकल के कारण रूप परमात्मा को रस कहा गया है।[25]

''यावानु वै रसस्तावानात्मा''[26] के द्वारा शतपथ ब्राह्मण में जितने रस उतनी आत्माओं का उल्लेख करके रस एवं आत्मा का सम्बन्ध बतलाया गया है। तत् पश्चात् इसी को आधार मानकर काव्य–रस को आत्मा कहा गया है। आत्मा और रस का यह सम्बन्ध प्रदर्शन काव्यशास्त्रीय रसात्मा के लिये अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। शतपथ ब्राह्मण में ही और अनेक स्थानों पर वाणी में रस का आधान बतलाया गया है। इसको अपरिमित मानकर[27] स्पष्टः 'रसो वै सः' का संकेत दिखाया गया है। रस से युक्त होकर प्रजापति ने ऋक्, साम, यजुष् आदि में रस का आधान किया और तत्पश्चात् होता, उदगाता आदि ने भी ऋचाओं, उक्थों से रस का विधान किया।[28] इस स्थान पर स्पष्ट रूप से काव्य–रस का उल्लेख हुआ है। सभी वेदों में सामवेद को रस माना गया है। इस प्रसङ्ग में ही वेदों को रसयुक्त करने का भी विधान हुआ है। 'वेदानां सामवेदोऽस्मि' गीतोक्त का भी मूल आधार 'शतपथ' के पूर्वोक्त अंश को माना जा सकता है।

ब्राह्मण ग्रन्थों ने ऋक्, साम और यजुष् के साथ रस का स्पष्ट रूप से विधान होने के कारण यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वाग्रस या काव्यरस भी प्राचीन काल से विचार का विषय रहा है।

**उपनिषदों में वर्णित रस –**

प्रश्न, मुण्डक, कठ आदि उपनिषदों में भी रस शब्द के वही पूर्वोक्त अर्थ मिलते हैं।[29] तैतिरीयोपनिषद् में ''रसो वै सः''। ''रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति[30]'' इस स्थान पर परमात्मा को रस रूप एवं आनन्द का मूल कारण माना गया है। इसके भाष्य में शंकराचार्य ने बताया है कि तृप्ति का हेतु एवं आनन्द का सम्पादक

मधुर आदि लोक में प्रसिद्ध है। जिस प्रकार से संसार में इस बाह्य रस से मनुष्य आनन्दित होते हैं, ठीक उसी प्रकार से परमात्मा रूप रस को पाकर बाह्य–साधनों से रहित निष्काम सिद्ध योगी परमानन्दित होते हैं। इसलिये परमानन्द के कारण वही रस–ब्रह्म हैं। काव्यशास्त्री आचार्यों ने इसी रस के तुल्य काव्य–रस को मानकर इसे परमाह्लाद रूप बतलाया है। छान्दोग्य उपनिषद् में रस के सम्बन्ध में कहा गया है कि भूतों का रस है, पृथिवी, पृथिवी का रस है जल, जल का रस है औषधि, औषधियों का रस है पुरुष, पुरुषों का रस वाक् है, वाणी का रस ऋक् है, ऋचा का रस साम और साम का रस है उद्गीथ अर्थात् प्रणव। प्रणव को रसों में भी रसतम माना गया है।[31] छा0उ0 में ही परमात्म रूप रस से ही ऋक्, यजु और साम की सृष्टि बतलायी गयी है।[32] रसनेन्द्रिय से ग्राह्य मधुरादि रसों के अतिरिक्त आस्वाद्य के अर्थ में जो रस का प्रयोग बृहदारण्यक, सुबाल, प्रश्न आदि उपनिषदों में हुआ है उसे काव्यरस की आस्वाद्यता का पूर्णरूप माना जा सकता है। इस प्रकार से उपनिषदों में प्रयुक्त 'रस' शब्द लौकिक 'रस' के अन्यत्र अलौकिक काव्यरस पर भी पूर्ण रूप से प्रकाश डालते हैं।

निरुक्तकार ने सूर्य को उषा का वत्स इसलिए कहा गया है कि वे उषा के रस–अवश्याय का उसी प्रकार हरण करते हैं जिस प्रकार से वत्स अपनी माता के क्षीर का हरण करता है।[33] महर्षि यास्क ने अश्विन् की व्युत्पत्ति बताते हुये लिखा है कि दोनों में एक रस–उदक–से सम्पूर्ण भुवन को व्याप्त करते हैं तथा दूसरे तेज से।[34] इसी प्रकार इन्द्र कर्म वृष्टि से जल–प्रदान एवम् आदित्य का कर्म रस का आदान और रश्मि द्वारा रस का धारण बतलाया गया है। निष्कर्षतः हमें दृष्टिगत होता है कि महर्षि यास्क रचित निरुक्त में हमें जो रस शब्द का प्रयोग प्राप्त होता है; वह दुग्ध, तुषार, जल आदि के अर्थ में प्राप्त होता है।

महर्षि पाणिनि के व्याकरण ग्रन्थ में 'रस' शब्द धातु शब्द के अर्थ में और आस्वादन एवं स्नेहन के अर्थ में मिलता है। व्याकरणशास्त्र में 'रस' शब्द की व्युत्पत्ति कई प्रकारों से की गयी है। जिसमें से महत्त्वपूर्ण व्युत्पत्तियाँ निम्नवत् हैं –

1. **'रस्यते–आस्वाद्यते'[35]** प्रस्तुत व्युत्पत्ति के आधार पर रस शब्द परमात्मा रूप रस, मधु, सोम, गन्ध, मधुरादि अर्थों को प्रकट करता है।

2. **'रस्यते अनेन'[36]** इस व्युत्पत्ति से निष्पन्न रस शब्द गुण, राग, वीर्य, देह आदि अर्थों को प्रकट करता है।

3. **'रसति रसयति वा रसः'[37]** इससे निष्पन्न 'रस' शब्द धातु, पारद, द्रव, जल आदि अर्थों को बोध कराता है।

4. **'रसनं रसः आस्वादः'[38]** इस व्युत्पत्ति के आधार पर रस शब्द शृङ्गार आदि, रस, आस्वादादि के अर्थों का वाचक है।

इस प्रकार चतुर्थ पक्ष में रस तथा आस्वाद में भेद होने पर भी 'रसः स्वाद्यते (रस का आस्वादन किया जाता है) इस प्रकार का प्रयोग तो अभेद में ही भेद के आरोप से ''राहोः शिरः'' के समान काल्पनिक है।

महर्षि वाल्मीकि रचित रामायण महाकाव्य में वर्णित है कि क्रूर निषाद के शर से विद्ध काम–मोहित क्रौंच को तड़पता देख महर्षि वाल्मीकि जी का शोक श्लोक रूप में स्फुटित हो गया था।[39] वह आम्नाय के पश्चात् लौकिक छन्द का प्रथम अवतार था।[40] इस बात को स्वयं भगवान् वाल्मीकि ने स्वीकारा है कि उस स्फुटित श्लोक का कारण उनका वह शोक ही है, उसके अन्यत्र कुछ भी नहीं है।[41]

महर्षि वाल्मीकि ने रस, भावादि के द्वारा ही काव्य–सृष्टि की सम्भावना बतलायी है। शृङ्गार, करुण, हास्य आदि सभी रसों से रामायण काव्य को समन्वित बतलाया गया है। रामायण महाकाव्य के टीकाकार गोविन्दराज ने 'रौद्रादिभिश्च संयुक्तम्' में आदि पद से बीभत्स, अद्भुत तथा शान्त इन तीन रसों को माना है।[42] अतः रामायण महाकाव्य में नौ रसों का उल्लेख द्रष्टव्य है।

भारतीय परम्परानुसार महाभारत के सम्बन्ध में मान्यता है कि 'यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत्क्वचित्' अर्थात् महाभारत काव्य में जो कुछ भी है वही सब अन्यत्र भी है, जो महाभारत में नहीं है वह बाहर भी नहीं है। आनन्दवर्धनाचार्य ने महाभारत में अङ्गी रस शान्त को स्वीकार किया है। अङ्ग रूप में शृङ्गार, वीर, रौद्र, करुण आदि सभी रसों का विधान हुआ है। 'उत्तरा–विलाप'[43] में करुण रस बहुत ही अधिक हृदय–द्रावक है। न केवल रसादि ध्वनि, अपितु वस्तु ध्वनि के भी कई उदाहरण महाभारत से अलङ्कार शास्त्र में उद्धृत किये गये हैं, अर्थात् महाभारत में रस, भाव आदि का पूर्ण रूप से विधान किया गया है।

रस–सम्प्रदाय के प्रधान आचार्य भरतमुनि ने सर्वप्रथम शास्त्रीय पद्धति से अपने नाट्यशास्त्र में रस, भावादि का सांगोपांग विवेचन किया है। भाव, विभाव, अनुभाव, व्यभिचारि, स्थायी आदि का जो विवेचन नाट्य–शास्त्र में हुआ है, उसको ही उपजीव्य मानकर पीछे आचार्यों ने उन सभी पर विचार किया है। भरत मुनि के 'रस–सूत्र'[44] को ही लेकर बाद में अलङ्कार शास्त्र में अनेक 'वाद' प्रचलित हुए। यद्यपि वहाँ पर नाट्य के दृष्टिकोण से ही रस आदि पर विचार किया गया है, फिर भी वह काव्य के लिए सर्वथा उपयुक्त है। अतः बाद के नाट्य एवं काव्य रस में किसी प्रकार की भिन्नता नहीं स्वीकार की गयी है। भरत मुनि के 'नाट्य–शास्त्र' में रस, भाव, अभिनय, धर्मी, वृत्ति, प्रवृत्ति, सिद्धि, स्वर, वाद्य, गान, रंगादि विभिन्न विषयों का विवेचन[45] होने पर भी रस की ही प्रधानता के कारण उसका ही प्रथम विचार किया गया है, क्योंकि विना रस के नाट्य का कोई भी प्रयोजन सिद्ध नहीं होता है।[46] रसों की उत्पत्ति आदि पर विचार करने के बाद उन्होंने प्रत्येक रस के विभावादि को बतलाते हुए स्थायी भाव के रसत्व को दिखलाया है। अभिनवगुप्त के अनुसार 'स्थायिभावांश्च रसत्वमुपनेष्यामः' इसके ही अनन्तर 'नाट्य–शास्त्र' में आचार्य भरत मुनि ने शमस्थायिभावक शान्त रस का विचार किया था। चूँकि सभी रसों का आस्वाद शान्त–प्राय ही होता है, अतः शान्त के मुख्यत्व एवं सर्वरस प्रकृतित्व को बतलाने के लिए शान्त का सर्वप्रथम उन्होंने विचार किया[47] इसलिये अभिनव गुप्त के अनुसार भरत रचित 'नाट्य शास्त्र' में भी शान्त को लेकर नौ रसों का प्रतिपादन हुआ है। इसकी पुष्टि 'विष्णुधर्मोत्तर' से भी होती है।[48] नाट्य शास्त्र के गायकवाड़ संस्करण में 'एवं नव रसा दृष्टा नाट्यज्ञैर्लक्षणान्विताः'।[49] इस तरह से शान्त रस का उपसंहार किया गया है।

नाट्यशास्त्रकार ने रस के लिये आत्मा शब्द का प्रयोग न करते हुये भी उसकी प्रमुखता स्पष्ट शब्दों में बतायी है। रस के विना नाटकीय प्रयोजनों की सिद्धि नहीं होती, यही कारण है कि उन्होंने रस का आख्यान आदि में किया है।[50] यह रस की प्रधानता का ही सूचक है।

रस के सम्बन्ध में अग्नि पुराण बतलाता है, कि सनातन, तथा व्यापक अक्षर पर ब्रह्म को वेदान्त आदि शास्त्रों में प्रकाशमय ईश्वर–चैतन्य माना गया है। तथा वह आनन्द रूप है और उस ब्रह्मानन्द की अभिव्यक्ति किसी मुक्तात्मा को होती है। आनन्द की वह अभिव्यक्ति ही ज्ञान स्वरूप चमत्कारपूर्ण रस है। जो इसका प्रथम विकार है, वह अहंकार कहलाता है। अहंकार से उत्पन्न अभिमान में तीनों भुवन परिसमाप्त होते हैं, और इस अभिमान से ही रति पैदा होती है, जो व्यभिचारी आदि से परिपुष्ट होकर शृङ्गार शब्द से कही जाती है।[51] इसी के भेद हास्यादि अनेक रस हैं जो अपने–अपने स्थायी भाव के परिमाण रूप हैं।[52]

अग्नि पुराण भी शान्त सहित नौ रस स्वीकार करता है।[53] इस पुराण का कथन है कि त्याग के बिना लक्ष्मी के समान ही रस के विना वाणी शोभा को नहीं प्राप्त करती है।[54] तथा इस अपार काव्य रूपी संसार में कवि ही एक प्रजापति है, जो अपनी रुचि के अनुसार ही विश्व का निर्माण करता है।[55] काव्य में यदि कवि शृङ्गारी है, तो सम्पूर्ण जगत् रसमय हो जाता है, और यदि वह विरागी है तो सम्पूर्ण विश्व नीरस प्रतीत

होता है।[56] जिस प्रकार से नाट्यशास्त्र कहता है, उसी प्रकार से ही अग्नि पुराण भी कहता है कि भाव से हीन न तो रस होता है और न ही रस से रहित भाव। भाव ही रसों को भाषित करते हैं, तथा अनुभाव के विषय बनते हैं।[57] अग्नि पुराण में रस को आत्मस्थानीय माना गया है। अग्नि पुराण का सिद्धान्त है कि काव्य में वचन–चातुरी का चमत्कार रहने पर भी रस ही उसका जीवित है।[58]

रस की ऐतिहासिकता के क्रम में ध्वनि–सम्प्रदाय के प्रतिष्ठापक ध्वन्यालोककार आनन्दवर्धन जी यद्यपि 'काव्यस्यात्मा ध्वनिः' इसी सिद्धान्त के पोषक हैं, किन्तु फिर भी रस–ध्वनि की ही सर्वोत्कृष्टता उन्हें मान्य है। इन्होंने कहा है कि गुण, रीति, अलङ्कारादि की सार्थकता भी उसी में निहित है जब वे रसादि के उत्कर्षक होते हैं, उनका स्वतन्त्र रूप से कोई महत्त्व नहीं है। यही कारण है कि उन्होंने कहा है कि काव्य की आत्मा वही प्रतीयमान रसादि रूप है।

आचार्य राजशेखर ने 'काव्यमीमांसा' में रस को काव्य की आत्मा माना है।[59] राजशेखर ने रसादि के सम्बन्ध में काव्यमीमांसा में बहुत अधिक न बताकर केवल सिद्धान्त रूप में कहा दिया है कि शब्दार्थ वाले काव्य में आत्मा रस है।

भट्टनायक ने अपने 'हृदयदर्पण' में रस आदि के सम्बन्ध में विस्तृत विवेचन किया है। भट्नायक के सिद्धान्त को 'भुक्तिवाद' के नाम से जाना जाता है। वे रसानुभूति के सम्बन्ध में कहते हैं कि रस की अनुभूति सामाजिकों को होती हैं। लोचनकार के गुरु भट्टतौत के अनुसार रस आनन्द स्वरूप होने से आत्म रूप है, और रस–समुदायरूप ही नाट्य है। काव्य में भी जब नाट्यायमानत्व अर्थात् प्रयोगत्व होता है, तभी अस्वाद होता है।[60]

प्रतीहारेन्दुराज ने उद्भट के काव्यालङ्कार सार संग्रह की लघुवृत्ति (टीका) में दिखाया है कि काव्य की आत्मा रस है। इनका कहना है कि काव्य और रस में अलङ्कार्य–अलङ्कारक भाव नहीं है, अपितु वह आत्मा–शरीर भाव है। रस काव्यात्मरूप में प्रतिष्ठित है और शब्द–अर्थ शरीररूप में। जिस प्रकार से आत्मा से अधिष्ठित ही शरीर जीवित रहता है, ठीक उसी प्रकार से रस से युक्त ही काव्य जीवित रह सकता है। अतः काव्य की आत्मा रस है।[61]

अभिनवगुप्त ने 'अभिनवभारती (टीका)' में तथा ध्वन्यालोक की टीका 'लोचन' में रस का अत्यन्त मार्मिक विवेचन किया है। इन्होंने 'रस–ध्वनि' की स्थापना की है। और मम्मट आदि आचार्यों ने इन्हीं के मत को मान्यता प्रदान की है। इनका कहना है कि जिस प्रकार से निर्जीव शरीर में आभूषण वैरस्य उत्पन्न करता है, ठीक उसी प्रकार से रसहीन काव्य में अलङ्कार व्यर्थ ही नहीं है, अपितु वैरस्य का उत्पादक भी है। अभिनवगुप्त जी के मत में 'रस–ध्वनि' ही काव्य का सर्वोत्कृष्ट रूप है। इन्होंने कहा है कि वह रस व्यङ्ग्य ही है।[62]

महिम भट्ट (व्यक्तिविवेककार) भी रस को काव्य की आत्मा ही मानते हैं।[63] वे कहते हैं कि विभावादि के द्वारा ही रस की अनुमिति होती है।

भोजराज जी ने 'सरस्वतीकण्ठाभरण' एवं 'शृङ्गारप्रकाश' में नवीन प्रकार से रस को व्याख्यायित किया है। भोजराज का अभिमान या अहंकार रूप शृङ्गार ही एक रस है जिससे अन्वित होने से ही काव्य कमनीय होता है।[64]

आचार्य मम्मट जी ने रस, वस्तु, अलङ्कार रूप त्रिविध व्यङ्ग्य को काव्य का सर्वस्व मानते हुये निरूपण में रस का आस्तित्व स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है।[65]

साहित्य दर्पणकार विश्वनाथ ने आचार्य मम्मट के पश्चात् चतुर्दश शतक तक रस का जितना विस्तृत

विवेचन किया है उतना और किसी भी आचार्य ने नहीं किया है। 'साहित्य–दर्पण' में इन्होंने रस का विस्तृत विवेचन सभी अङ्गों सहित अत्यन्त सरल ढ़ग से किया है।

वस्तुतः 'काव्यप्रकाश' एवं साहित्यदर्पण में रस तत्त्व को लेकर कोई भी सैद्धान्तिक भेद नहीं है, क्योंकि विश्वनाथ कविराज ने अनेक स्थानों में मम्मट का ही अनुगमन किया है। फिर भी 'साहित्यदर्पण का रस–विवेचन अपनी एक अलग विशिष्टता रखता है।

'साहित्यदर्पण' में कविराज ने रस के परिप्रेक्ष्य में कहा है कि विभाव, अनुभाव, तथा संचारी भाव से अभिव्यक्त सह्रदयों के ह्रदय में वासना रूप में स्थित रति आदि स्थायी भाव रस रूप में परिणत होता है।[66] आचार्य विश्वनाथ जी ने रसात्मक वाक्य को काव्य[67] मानकर अपने ग्रन्थ 'साहित्यदर्पण' के आरम्भ में ही काव्य में रस के आत्मत्व को बता दिया है। यहाँ पर 'रस्यते इति रसः इस व्युत्पत्ति के आधार पर रस, भाव, रसाभास आदि सभी परिगृहीत होते हैं।

केशव मिश्र के 'अलङ्कारशेखर' में रस को काव्य में आत्मस्थानीय ही माना गया है।[68]

रसगङ्गाधरकार पण्डितराज जगन्नाथ जी ने अपने ग्रन्थ रसगङ्गाधर में रसादि का अत्यन्त मार्मिक एवं सूक्ष्म विवेचन किया है। इन्होंने ध्वनि के असंलक्ष्य–क्रमव्यङ्ग्य रूप भेद में ही रस, भावादि का विचार किया है। उन्होंने कहा है कि अभिनवगुप्त, मम्मट आदि के ग्रन्थों के स्वारस्य से आवरण रहित चित् से विशिष्ट रति आदि भाव ही रस हैं।[69]

इस तरह से जगन्नाथ जी ने अभिनवगुप्त आदि आचार्यों के मत को बताकर कहा है कि वस्तुतः 'रसो वै सः' इत्यादि श्रुति के स्वारस्य से रत्याद्यवच्छिन्नभग्नावरणाचित् अर्थात् रत्यादिभाव–विषयक आवरण–रहित आत्मचैतन्य ही रस है, न कि वह चैतन्य का विषय रत्यादि, क्योंकि यदि चैतन्य–विषयीभूत रति आदि को रस मान लिया जाय तो रस की चैतन्यता नहीं रहती है तब रस और चैतन्य में एकता को बतलाने वाली 'रसो वै सः' इत्यादि श्रुति के साथ विरोध हो जाता है। अतः रत्यादिविशिष्ट आवरण रहित आत्मचैतन्य ही रस है।[70]

**सन्दर्भ–**


1. अभि0भा0पृ0 288; अ0को0 नानार्थ वर्ग, 227। रसः स्वादे जले वीर्ये शृङ्गारादौ विषे द्रवे। बोले रागे गृहे धातौ तिक्तादौ पारदेऽपि च।।–हेमकोश
2. रसेन समगंस्महि–1–23–23।
3. ऋ0 1–71–5
4. ऋ0 1–105–2
5. ऋ0 1–187–4, 5
6. ऋ0 1–29–16
7. ऋ0 5–43–4
8. ऋ0 8–3–20 / 9–47–3
9. ऋ0 9–16–1 / 9–23–5 / 9–38–5
10. ऋ0 9–63–13
11. ऋ0 9–67–3
12. ऋ0 9–67–32
13. ऋ0 9–84–5
14. अथर्व0 1–28–3, 4–17–3 ।
15. अथर्व0 6–67–1 ।

16. ऐतरेय ब्रा0—7—31, 5—19, 8—8, 8—20।
17. शत0ब्रा0—1—2—2—2, 1—3—1—25, 2—3—1—10, 3—1—4—3, 3—3—3—18
18. छन्दसां रसो लोकानप्येष्यतीति तं परस्ताच्छन्दोभिः पर्यगृहात्......पुनः छन्दःसु रसमादधात्। सरसैर्हास्य छन्दोभिरिष्टं भवति सरसैश्छन्दोभिर्यज्ञं तनुते।'—शत0ब्रा0 1—2—41—8 ।
19. छन्दोभिर्हि देवाः स्वर्गं लोकं समाश्नुवत।....यो वा ऋचि मदोयः सामन् रसो वै स तच्छन्दः स्वेवैतद्रसं दधाति.... शत0ब्रा0 4—3—2—5
20. शत0ब्रा0 4—6—9—16
21. शत0ब्रा0 6—1—1—11—12 / 6—1—2—2, 3।
22. शत0ब्रा0 6—5—4—12 ।
23. शत0ब्रा0 6—1—2—4 ।
24. शत0ब्रा0 6—7—3—3।
25. तै0उ0—2—7 ।
26. शत0ब्रा0 7—2—3—4।
27. शत0ब्रा0 8—7—2—17 ।
28. शत0ब्रा0 10—1—1—1—, 4—6 / 10—3—5—12।
29. प्रश्नोप0—4—2 / 4—8 / 4—9, मुण्डको0 2—9 / कठोप0—1—3—15, 2—1—3।
30. तै0उ0—2—7 / द्र0वही 2—9 / 2—2।
31. छा0उ0—1, 2—3, 9।
32. छा0उ0—4—17—5, 6।
33. सूर्यमस्या वत्समाह साहचर्याद स—हरणाद्वा। नि0 2, 6, 20 ।
उषसमस्य स्वसारमाह साहचर्याद् रसहरणाद्वा। नि0 3, 3, 16।
34. अश्विनौ—यद् व्यश्नुवाते सर्वं रसेनान्यो न्योतषान्यः। निरू0 12, 1, 11
35. 'रस आस्वादन—स्नेहनयोः' धातु से 'एरच्' 3 । 3 । 56 सूत्र से अच् णिलोप।
36. रस धातु से 'पुंसि संज्ञायां घः प्रायेण' 3 । 3 । 118 सूत्र से घ प्रत्यय, णिलोप।
37. उसी धातु से 'पचाद्यच्' पा0सू0 3 । 1 । 134
38. रस धातु से 'भावे' 3 । 3 । 18 या 'अकर्तरि च कारके संज्ञायाम्' 3 । 3 । 19 से घञ्।' अलोप तथा णिलोप के स्थानिवद् भाव से उपधा वृद्धि का अभाव।
39. मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौंच—मिथुनादेकमवधीः काममोहितम् ।। रामायण—1, 2, 15।
40. चित्रम्। आम्नायादन्यत्र नूतनश्छन्दसामवतारः । उ0च0 2 अं0
41. शोकार्न्तस्य प्रवृन्तो में श्लोकों भवतु नान्यथा। रामा0 1, 2, 18, 40, 42
42. आदिशब्देन बीभत्सादभुतशान्त गृह्यान्ते। रामायण गोविन्दराज की व्याख्या।
43. महाभारत अश्वमेधिक पर्व, अ0 69
44. विभावानुभाव—व्यभिचारि—संयोगाद्रस—निष्पत्तिः । ना0शा0अ0 6।
45. रसाभावा ह्यभिनयाः धर्मी वृत्तिप्रवृत्तयः।
सिद्धिः स्वरास्तथोतोद्यं गानं रंगश्च संग्रहः ।।ना0 शा0 6, 10।।
46. नहि रसाद् ऋते कश्चिदर्थः प्रवर्तते। ना0 शा0 6।।
47. तस्मादस्ति शान्तो रसः। तथा च चिरन्तनपुस्तकेषु 'स्थायिभावान्

रसत्वमुपनेष्यामः' इत्यनन्तरं 'शान्तो नाम शमस्थायिभावात्मकः' इत्यादि
शान्तलक्षणं पठयते। तत्र सर्वरसानां शान्तप्राय एवास्वादः.......।
तन्मुख्यतालाभात्....सर्वप्रकृतित्वाभिधानाय पूर्वमभिधानम् ।अभि0 भा0 पृ0 339।

48. वि0 ध0 3, 15, 14। 3, 17, 61 । 3, 30 । 1 ।

49. ना0 शा0 पृ0 335।

50. तत्र रसानेव तावदादों अभिव्याख्यास्यामः। न हि रसाद् ऋते कश्चिदर्थः प्रवर्तते। ना0शा0. 6, 31, पर, पृ0 270।

51. अक्षरं परमं ब्रह्म सनातनमजं विभुम्।
वेदान्तेषु वदन्त्येकं चैतन्यं ज्योतिरीश्वरम्।।
आनन्दः सरसस्तस्य व्यज्यते स कदाचन।
व्यक्ति सा तस्य चैतन्यचमत्काररसाह्वया।।
आद्यस्तस्य विकारो यः सोऽहंकार इति स्मृतः।
ततोऽभिमानस्तत्रेदं समाप्तं भुवनत्रयम्।।
अभिधानाद् रतिः सा च परिपोषमुपेयुषी।
व्यभिचार्यादि–सामान्याच्छृङगार इति गीयते ।। अ0पु0 339, 1–4।

52. तद्भेदाः काममितरे हास्याद्या अप्यनेकशः।
स्वस्वस्थायिविशेषोत्थ–परिपोष–स्वलक्षणाः।। वहीं 5 ।

53. श्रृंगार–हास्य–करुणा रौद्र–वीर–भयानकः।
बीभत्साद्भुत–शान्ताख्याः स्वभावाच्चतुरो रसाः।

54. लक्ष्मीरिव विना त्यागान्न वाणी भाति नीरसा । अग्नि 9 ।

55. अपारे काव्य–संसारे कविरेव प्रजापतिः।
यथास्मै (वै) रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते।। अग्नि 10 ।।

56. श्रृङगारी चेत् कविः काव्ये जातं रसमयं जगत्।
स चेत् कविर्वीतरागो नीरसं व्यक्तमेव तत् ।।अग्नि पु0 339, 11।।

57. न भावहीनोऽस्ति रसो न भावो रसवर्जितः।
भावयन्ति रसानेभिर्भाव्यन्ते च रसा इति ।। अग्नि पु0 12 ।।

58. वाग्वैदग्ध्य–प्रधानेऽपि रस एवात्र जीवितम्। अग्निपुराण

59. रस आत्मा का0 मी0 पृ0 18।

60. प्रीत्यात्मा च रसस्तदेव नाट्यम्.............। न नाट्ये एव च रसाः काव्ये–
ऽपि नाट्यायमान एव रसः। काव्यार्थ–विषये हि प्रत्यक्षकल्प–संवेदनो
दये रसोदयः–इत्युपाध्यायाः। तदाहुः काव्यकौतुके प्रयोगत्वमनापन्ने
काव्ये नास्वाद–संभवः। इति। अभि0 भा0 प्रथम भाग पृ0 291 पर उद्धृत।

61. न खलु काव्यस्य रसानां चालंकार्यालंकारभावः किन्त्वात्मशरीरभावः।
रसा हि काव्यस्यात्मत्वेनावस्थिताः शब्दार्थौ च शरीर–रूपतया।
यथा ह्यात्माधिष्ठितं शरीरं जीवतीति व्यपदिश्यते। तथा रसाधिष्ठितस्य
काव्यस्य जीवद्रूपतया व्यपदेशः क्रियते। तदाहुः–
रसाद्यधिष्ठितं काव्यं जीवद्रूपतया यतः।
कथ्यते तद्रसादीनां काव्यात्मत्वं व्यवस्थितम् ।। काव्या0 सा0 स0 लघुवृत्ति पृ0 83।

62. प्रतिपत्तुश्चरसावेशो रसाभिव्यक्त्यैव, रसश्च व्यङ्ग्य एव। ध्व0पृ0 18।।

63. काव्यस्यात्मनि साङ्गिनि रसादिरूपे न कस्यचिद् विमतिः—व्यक्ति वि0 पृ0 22।
64. रसोऽभिमानोऽहंकार श्रृङ्गार इति गीयते।
 योऽर्थस्तस्यान्वयात् काव्यं कमनीयत्वमश्नुते।।स0क0 5, 1।
65. ये रसस्याङ्गिनो धर्माः शौर्यादय इवात्मनः। का0प्र0उ0 8।
66. विभावेनानुभावेन व्यक्तः संचारिणा तथा।
 रसतामेति रत्यादिः स्थायीभावः सचेतसाम्।। सा0 द0 3, 1।
67. वाक्यं रसात्मकं काव्यम्। सा0द0प्र0परि0।
68. रस आत्मा परे मनः। अलङ्कार शे0म0 20।
69. रस0ग0पृ0 38—39।
70. रस ग0 पृ0 38—39।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# योगनिंद्रा- तनाव निवारण की वैज्ञानिक तकनीक



डॉ. हेमंत शर्मा
सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष,
योग विभाग,चोइथराम कॉलेज ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज,
इंदौर,भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 136-138
Publication Issue :
January-February-2021
**Article History**
Accepted : 10 Jan 2021
Published : 19 Jan 2021

**सारांश–** योगनिद्रा पूर्ण विश्राम,गहन शांति तथा अंतर्मुखी होने की एक यौगिक क्रिया है जिससे शरीर सो जाता है परंतु चेतना जागृत रहती है। इससे शरीर को जो विश्राम मिलता है वह अवर्णनीय होकर अनुभूति का विषय है।

मुख्य शब्द– योगनिद्रा, यौगिक, क्रिया, शरीर, तनाव, विश्राम।

इस वैज्ञानिक युग की सभी शिथिलीकरण प्रक्रियाओं में महानतम आविष्कार है योगनिद्रा। आज के युग में मनुष्य तनाव से जितना घिरा हुआ है उतना पहले कभी नही था। यह हमारी चेतना के गहनतम स्तरों पर पहुंच कर तनाव को दूर करने में सक्षम है। योगनिद्रा पूर्ण विश्राम,गहन शांति तथा अंतर्मुखी होने की एक यौगिक क्रिया है जिससे शरीर सो जाता है परंतु चेतना जागृत रहती है। इससे शरीर को जो विश्राम मिलता है वह अवर्णनीय होकर अनुभूति का विषय है। योगनिद्रा पूर्ण शारीरिक मानसिक और भावनात्मक विश्रांति लाने का एक सुव्यवस्थित तरीका है।

योगनिद्रा व सामान्य निंद्रा में बहुत अंतर होता है अधिकतर लोग अपने तनाव का निराकरण किए बिना सोते हैं इसे निंद्रा कहते हैं । निंद्रा का अर्थ है नींद चाहे कैसे भी हो ,किसी भी कारण से हो परंतु योगनिद्रा का अर्थ है सभी बोझों को उतार कर सोना । यह एक पूर्णत आनंदपूर्ण ,उच्चतर स्तर है । योगनिद्रा का अभ्यास 4 घंटे की साधारण नींद के बराबर विश्रामदायक है। इसका मुख्य उद्देश्य यह रहता है कि शरीर तथा मन को गहरी विश्राम की स्थिति में ले जाए तथा मन की चिंताओं को बाहर निकाल दें।

**लाभ** -वैज्ञानिक परीक्षणों में यह देखा गया है कि योगनिंद्रा का प्रभाव निम्न अंगों पर पड़ता है-

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

1 ह्रदय पर लाभ -ह्रदय रोगों में योगनिद्रा के अभ्यास का प्रभाव रोग निरोधक, रोग निवारक एवं पुनः स्वास्थ्य प्रदान करने वाली युक्ति के रूप में देखा गया है। योगनिद्रा में हाइपोथैलेमस ग्रंथि परानुकम्पी नाड़ी संस्थान द्वारा दिल तक पहुंचने वाले विद्युत फाइबर्स को तनाव दूर करने का संदेश भेजती है परिणाम स्वरूप दिल की धड़कन रक्तचाप और ह्रदय की पेशियों पर पढ़ने वाला भार कम हो जाता है और हृदय को राहत मिलती है।उच्च रक्तचाप इस क्रिया द्वारा सामान्य हो जाता है।

2 .नर्वस सिस्टम पर प्रभाव- अनुकंपी एवम परानुकंपी नर्वस सिस्टम में असंतुलन के परिणाम स्वरूप विभिन्न मनोदैहिक रोग जैसे- मधुमेह ,अस्थमा ,उच्च रक्तचाप थायराइड ,अल्सर, माइग्रेन ,त्वचा व पाचन संबंधी रोग और कैंसर आदि होते हैं ।योग निद्रा द्वारा दोनों सिस्टम में संतुलन स्थापित होता है अतः इन रोगों के निवारण में योगनिद्रा बहुत लाभकारी है।

3.मस्तिष्क पर प्रभाव -योगनिद्रा के दौरान मस्तिष्क में लाभकारी तरंगों का निर्माण होता है। अल्फा तरंगे शिथिलीकरण एवं शांत तथा स्वस्थ मन और मस्तिष्क से बनती है ।इसका संबंध गहरे शिथिलीकरण एवं ध्यान की अवस्था में चले जाने से है। योगनिंद्रा में यह तरंगे स्वमेव उत्पन्न होने लगती है। यह तरंगे प्रसन्नता की स्थिति में बनती है। जिससे एक असीम आनंद एवं शांति की अनुभूति होती है।

4. प्रतिरक्षा प्रणाली(इम्युनिटी सिस्टम) पर प्रभाव -योगनिद्रा के अभ्यास से इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत होता है। इसका वैज्ञानिक पहलू यह है कि योगनिद्रा से परानुकंपी तांत्रिका तंत्र उत्तेजित होता है जिससे मानसिक व शारीरिक तनाव तो कम होता ही है।इसके साथ ही रक्त की नलियों पर दबाव कम हो जाता है और शुद्ध रक्त हमारे शरीर के सभी संस्थानों में उचित मात्रा में पहुंचने लगता है। शुद्ध रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है जिससे निरोगता बढ़ती है।

**योग निद्रा किस प्रकार करें-**

निर्देशक के प्रत्यक्ष शब्दों द्वारा या स्वयं मानसिक निर्देश देकर ।

**समय-** 20 मिनट से 1 घंटे तक

**योग निद्रा के अभ्यास करने की विधि-**

योगनिद्रा करने के लिए शवासन में लेट जाइए। इस अवस्था में आपका शरीर सिर से पैर तक एक ही सीध में रहेगा । पैर एक दूसरे से थोड़े अंतर में रहेंगे दोनों हाथ कमर के बगल में सीधे रखें। हथेलियां ऊपर की और खुली रहेगी एक बार अच्छी तरह अपने शरीर की स्थिति को व्यवस्थित कर लीजिए। शरीर को पूरी तरह ढीला छोड़ना है। अब शरीर को आराम की स्थिति में ले आइए। योगनिद्रा का अभ्यास शुरू हो जाने के बाद शरीर को किसी तरह हिलाना डुलाना नहीं है। आंखें बंद रखिए अब गहरी श्वास लीजिए और श्वास छोड़ते समय अनुभव कीजिए कि शारीरिक एवं मानसिक थकान दूर हो रही है। जब शरीर शिथिल हो जाता है तब नींद आने लगती है ,आपको सोना नहीं है पूर्णत जागरूक रहना है । योगनिद्रा के दौरान आप सुनने और सजगता के स्तर पर कार्य करते हैं और इस समय सबसे महत्वपूर्ण है कि निर्देश की आवाज को

सुनकर उसे मानसिक रूप से क्रियान्वित करना। पूरे ध्यान के साथ केवल निर्देशक की आवाज का अनुसरण करना है। अब सारे शरीर को आंतरिक रूप से शिथिल करने की भावना कीजिए। शारीरिक शिथिलीकरण के पश्चात एक सात्विक संकल्प लीजिए संकल्प बहुत छोटा और सरल हो। इस संकल्प को तीन बार पूरी सजगता और आत्मविश्वास के साथ मन ही मन दोहराइये। योगनिंद्रा में लिया गया संकल्प पूर्ण होता है।अब चेतना को शरीर के प्रत्येक अंग में घुमाएंगे। दोनो हाथ ,दोनो पैर, शरीर का पूरा पृष्ठ भाग,शरीर का पूरा अग्र भाग,आंतरिक अंग जैसे लिवर ,हृदय,मस्तिक, फेफड़े,किडनी। इसके पश्चात अपनी श्वास प्रक्रिया के प्रति जागरूक बनिए । फेफड़ों से जो श्वसन क्रिया आप कर रहे हैं उसका अनुभव कीजिए ।स्वाभाविक श्वसन क्रिया करते जाइए । अपनी सजगता को उदर क्षेत्र में ले आइए अपनी नाभि के उतार-चढ़ाव का ख्याल कीजिए प्रत्येक श्वास प्रश्वास के साथ आप की नाभि ऊपर ओर नीचे होती है। अपनी श्वास-प्रश्वास के साथ इस संकुचन तथा प्रसारण की क्रिया को देखते जाइए इसका अभ्यास करते जाइए। ध्यान रखिए कि आप सजग है।अब श्वास की सजगता का त्याग कर मानस दर्शन करेंगे ।विभिन्न वस्तुओं और प्रतीकों के नाम बोलेंगे आपको उन प्रतीकों का दर्शन अपने अनुभव ,सजगता, भावना ,कल्पना आदि सभी स्तरों पर जितना संभव हो करना है। यदि आप दृश्य देखने में समर्थ हो जाते हैं तो आपको अच्छी तरह से विश्राम प्राप्त होगा ।इसके पश्चात पुनः एक बार संकल्प को दोहराइये ,जिसे आपने अभ्यास के पूर्व में लिया था। सभी प्रयासों को शिथिल करिए ।अपने मन को बहिर्मुखी बनाइए ।अपनी श्वास प्रश्वास के प्रति सजग बनिए। अपने चारों ओर के वातावरण के प्रति जागरूक हो जाइए। कुछ समय तक शांत लेटे रहिए। अपनी आंखें बंद ही रखिए ।अब अपने शरीर को धीरे-धीरे हिलाये और पूरे शरीर को तानिये। जल्दबाजी नहीं करना है। जब आप पूरी तरह जागरूक हो जाए तो धीरे से उठ कर बैठ जाइए और अपनी आंखें खोल दीजिए योगनिद्रा का अभ्यास पूरा होता है।

**सावधानी-**

1. भोजन के तुरंत बाद योगनिंद्रा नहीं करना चाहिए। हल्के नाश्ते के आधे घंटे बाद तथा भोजन से कम से कम 3 घंटे बाद ही योगनिद्रा का अभ्यास करना चाहिए।
2. योगनिद्रा के दौरान एक चीज का विशेष ध्यान रखना है कि गहरी नींद में नहीं जाना है,इससे योगनिद्रा का पूरा लाभ हमें नहीं मिलता है।
3. एकांत स्थान में अभ्यास करना चाहिए।

सन्दर्भ ग्रन्थ –


1. योग निद्रा, स्वामी सत्यानंद जी
2. आसन प्राणायाम मुद्रा बंध, स्वामी सत्यानंद जी
3. योग मीमांसा कैवल्यधाम लोनावला
4. योग सुधा svyasa यूनिवर्सिटी बैंगलुरु
5. हठप्रदीपिका कैवल्यधाम

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# श्रीमद्भगवद् गीता में शैक्षिक विचार

डॉ. कैलाश चन्द मीणा
सहायक प्रोफेसर, शिक्षा शास्त्र विभाग,
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
केन्द्रीय विश्वविद्यालय नई दिल्ली, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 139-149

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 16 Jan 2021
Published : 30 Jan 2021

**सारांश —** श्रीमदभगवद गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को जीवन जीने की सीख दी उन्होंने बताया कि व्यक्ति को मोह ममता का त्याग कर सही और गलत का निर्णय स्वयं करना चाहिए । भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि जीना और मरना जन्म लेना और बढना विषयों का आना जाना सुख दुख का अनुभव ये ता संसार में होते ही हैं इनसे विचलित नहीं होना चाहिए एवं अपने कर्मपथ पर अविरल चलते रहना चाहिए । गीता में सामाजिक, चारित्रिक, सांवेगिक, शारीरिक, आध्यात्मिक, शिक्षा के साथ–साथ मनुष्य को साहसी, कर्मठी, स्वविवेकी, जिज्ञासु, श्रध्दावान, निर्भयी, वफादार, जिम्मेदार, चिन्तामुक्त, पर्यावरण व प्रकृति प्रेमी, कल्याणकारी, एकाग्रचित्तयुक्त, वैरभाव रहित, रागद्वेष रहित, स्वकर्म में तत्परी, व्यावहारिक ज्ञान में कुशल, स्वस्थ तथा ज्ञानी होने की भी शिक्षा दी गई ।

**मुख्यशब्द —** श्रीमदभगवद गीता, शैक्षिक, अर्जुन, जीवन सामाजिक, चारित्रिक, सांवेगिक, शारीरिक, आध्यात्मिक, साहसी, कर्मठी, स्वविवेकी, जिज्ञासु, श्रध्दावान, निर्भयी, वफादार, जिम्मेदार, चिन्तामुक्त।

गीता वेदों और उपनिषदों का सार माना जाता है । गीता सत्य और आध्यात्म का मार्ग दिखाकर मोक्ष की प्राप्ति करवाती है । गीता अपने अंदर भगवान श्री कृष्ण के उपदेश को समेटे हुए है। गीता में तीन योगों के बारे में बताया गया है — कर्म योग, भक्ति योग, और ज्ञान योग । गीता हमें जीवन मे शत्रुओं से लडना सिखाती है ईश्वर से एक गहरा नाता जोडने में भी मदद करती है । गीता त्याग प्रेम और कर्त्तव्य का संदेश देती है। गीता में कर्म को बहुत अधिक महत्व दिया गया है । गीता एक पुस्तक ही नहीं अपितु यह तो जीवन मृत्यु के दुर्लभ सत्य को अपने में समेटे हुए है। कृष्ण ने सच्चे मित्र और गुरू की तरह अर्जुन का न सिर्फ मार्गदर्शन किया बल्कि गीता का महान उपदेश भी दिया।उन्होने बताया कि इस संसार में हर मनुष्य के जन्म का कोई ना कोई उद्देश्य होता है, मृत्यु पर शोक करना व्यर्थ है, यह तो अटल सत्य है जो जन्म लेगा उसकी मृत्यु निश्चित है जिस प्रकार हम पुराने वस्त्रों को त्याग कर नवीन वस्त्रों को धारण करते हैं उसी प्रकार आत्मा पुराने शरीर के नष्ट होने पर नए शरीर को धारण करती है—

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय, नवानि गृहणाति नरोऽपराणि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयति नवानि देही ।। —१

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**गीता में सामाजिक शिक्षा—**

श्री कृष्ण ने उपदेश दिया कि समाज में व्याप्त दोषों को तथा दुष्टों को समाप्त करने तथा समाज में सामाजिक मूल्यों की संस्थापना हेतु अर्थात सज्जनों की रक्षा करने व दुष्टों के विनाश हेतु तथा धर्म की संस्थापना हेतु शिक्षा की आवश्यकता होती है ऐसा शिक्षा उपदेश सभी युगों में होगा ऐसा श्रीमद् भगवत गीता में कहा गया है ।

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम ।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ।। —२

**चारित्रिक विकास की शिक्षा—**

श्रेष्ठ पुरूष जो—जो आचरण करते हैं इतर जन वैसा—वैसा आचरण करते हैं, गीता में चारित्रिक विकास की शिक्षा के लिए इंद्रिय संयम की आवश्यकता प्रतिपादित की है —

यद्यदाचरित श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः ।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ।। —३
तस्मात्त्वमिन्द्रियाण्यादौ नियम्य भरतर्षभ ।
पाप्मानं प्रजहि ह्येनं ज्ञानविज्ञाननाशनम् ।। —४

**गीता में सांवेगिक विकास की शिक्षा—**

अंग्रेजी का इमोशन शब्द लैटिन के इमोवर शब्द से निकला है जिसका अर्थ है— हटो, हटाओ, उत्तेजित करना । संवेग चेतना की मजबूत भावनात्मक और स्नेहपूर्ण स्थिति होती है। मैक्डॉगल के अनुसार ''संवेग सहजवृत्ति का मूल है।''

गीता में सांवेगिक विकास की शिक्षा के बारे में बताया गया है कि — इंद्रिय विषयों से संम्बन्धित चिंतन और उसकी संन्तुष्टि व्यक्ति में आसक्ति उत्पन्न करती है, आसक्ति काम नामक संवेग को उन्पन्न करती है जो क्रोध को जन्म देती है यथा—

ध्यायतो विषयान्पुंसः सङ्गत्स्तेषूपजायते ।
सङ्गासञ्जायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते ।। —५

आगे भी कहा गया है कि क्रोध से सम्पूर्ण मोह का जन्म होता है, मोह स्मृति को भ्रमित कर देता है जो बौद्धिक क्षमता को नष्ट कर देती है । और अन्ततः व्यक्ति भव कूप सांसारिक दुनिया में फिर से गिर जाता है —

क्रोधात् भवति सम्मोहः सम्मोहात्स्मृतिविभ्रमः ।
स्मृति भ्रंशाद बुद्धिनाशो बुद्धिनाशात् प्रणश्यति ।। —६

गीता हमें संवेगों पर नियत्रंण करना सिखाती है। इस चक्रिय परिक्रमा में संवेग महत्वपूर्ण होते हैं । यदि वे संतुलित और अच्छी तरह से प्रबंधित किए जाए तो वे मुक्ति पाने में सकारात्मक भूमिका निभातें हैं और इसके विपरीत वे मुक्ति में बाधक साबित हों सकते हैं।

शारीरिक विकास की शिक्षा—

गीता में कृष्ण और अर्जुन से जुडा एक श्लोक है—

युक्ताहारविहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु ।
युक्तस्वप्नाव बोधस्य योगो भवति दुःखहा ।। —७

कालान्तर में इसमें से युक्ताविहारस्य पद्यति को आयुर्वेद में अपनाया गया है यानि युक्त आहार विहार से शरीर के सभी प्रकार के रोग दूर हो सकते हैं फिर चाहे वे मानसिक हों या शारीरिक ।

आयुःसत्वबलारोग्यसुखप्रीतिविवर्धनाः ।
रस्याः स्निग्धाः स्थिरा हृद्या आहाराः सात्विकप्रियाः ।। —८

अर्थात आयु, बुद्धि, बल, स्वास्थ्य, सुख, प्रसन्नता बढाने वाले आहार सात्विक व्यक्ति को प्रिय होतें हैं। उपर्युक्त श्लोकों के द्वारा वेदव्यास ने गीता में स्वास्थ्य विषय के ऊपर भी सार्थक चिन्तन किया। शारीरिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए मानसिक स्वास्थ्य की प्रगति प्राप्त होती है, क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है अतः शारीरिक स्वास्थ्य की संरक्षा के लिए गीता में योग, ध्यान, निद्रा, तप, आहार, विहार आदि के ठीक लक्षण प्रकृति और लाभ हानि का प्रतिपादन किया गया है क्योंकि कहा गया है — सभी कर्त्तव्यों का साधन शरीर होता है—

शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम् । —९

**आध्यात्मिक विकास की शिक्षा—**

वैसे तो सम्पूर्ण गीता ग्रंथ आध्यात्मिक विकास के उद्देश्यों को बखान करती है फिर भी विशिष्ट रूप से सांख्य योग के द्वितीय अध्याय में आध्यात्मिक उद्देश्य को सम्यक प्रकार से वर्णन किया गया है आत्मा परमात्मा के विषय में श्री कृष्ण ने अर्जुन को कहा कि — आत्म तत्व का सर्वष्य अवध्य कारण से शोक का परिहार होता है—

देहीनित्यमवध्योऽयं देहे सर्वस्य भारत ।
तस्मात्सर्वाणि भूतानि न त्वं शोचितुमर्हसि ।। —१०

अर्थात हे भरतवशोंद्भव अर्जुन सबके देह में यह देही नित्य ही अवध्य है। इसलिए सम्पूर्ण प्राणियों के लिए अर्थात किसी भी प्राणी के लिए तुम्हें शोक नहीं करना चाहिए।

अतः गीता कहती है कि मनुष्य की आध्यात्मिक खोज और समाज के प्रति उसके कर्त्तव्य में कोई विरोध नहीं है । आध्यात्मिक साधना में भी सफलता उसी को मिलती है जो अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का पालन करता है। गीता अर्जुन और श्री कृष्ण के बीच संवाद है जो क्रमशः व्यक्तिगत चेतना और विश्व चैतन्य के प्रतीक हैं। ये दोनों ही हमारे अंदर हमारी व्यक्तिगत चेतना और विश्व चैतन्य के रूप में विद्यमान है। अर्जुन द्वारा उठाए गए प्रश्न हमारे मन में हर रोज उठतें हैं। उनका उत्तर हमें अपने हृदय के उस मौन गहराई में मिलेगा जहॉ श्री कृष्ण परमात्मा पूर्ण शब्दातीत नीरवता की भाषा में हमसे संवाद करने के

लिए सदा विद्यमान है। रामचरितमानस में भी कहा गया है कि — ईष्वर अंस जीव अबिनासी, चेतन अमल सहज सुख राशि ।
अन्य उक्तियाँ भी हैं— आत्मा को परमात्मा , नर सेवा ही नारायण सेवा ।

**गीता की अन्य शिक्षाएँ—**

वर्तमान समय में हर क्षेत्र में गीता की निम्नलिखित शि़क्षाएँ हमारे जीवन मे बहुत उपयोगी साबित सिद्ध हो रहीं हैं जिनका अनुसरण करके हम वास्तविक जीवन जीने की कला गीता की शिक्षाओं से सीख सकेंगें और भावी जीवन को सफल व समर्थ बना सकेंगें—

**१.कर्मठ होनाः—**

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ।। —११

अर्थात कर्म करके फल की इच्छा छोड दे । अतः कर्मठता से कार्य करना चाहिए । रामचरितमानस में भी कहा गया है कि — करम प्रधान विष्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फलु चाखा ।

"work is worship"

**२.साहसी होना—**

क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ नैतत्त्वय्युपपद्यते ।
क्षुद्रं हृदयदौर्यबल्यं व्यक्त्वोतिष्ठ परन्तपः ।। —१२

अर्थात कायरता, कायरता है चाहे वह करूणा जनित हो या भय जनित । अतः अपने स्वत्व और अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए । अन्याय का सदा प्रतिकार करना चाहिए ।

**३.स्वविवेक से निर्णय लेनाः—**

इति ते ज्ञानमाख्यातं गुह्यादगुहयतरं मया ।
विमृश्यैतदशैषेण यथेच्छसि तथा कुरु ।। — १३

अर्थात सलाह और विचार विमर्श तथा मार्गदर्शन भले ही सब से लेते रहें लेकिन निर्णय स्वयं की बुद्धि से लेना चाहिए । श्री कृष्ण ने भी अर्जुन को स्व विवेक निर्णय हेतु पूर्ण स्वतंत्रता दी थी । स्वाबलम्बी एवं आत्म निर्भर बनने की शिक्षा गीता में दी गई है। जैसा कहा भी गया है कि —सुनो सबकी, करो मन की ।

**४. ज्ञान पिपासु और जिज्ञासु होना :—**

तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया ।
उपदेछ्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः ।। —१४

अर्थात केवल सूचनाओं को पढकर ज्ञानी नहीं बना जा सकता इसके लिए विशेषज्ञों के पास तथा विद्या पारंगतों के पास विनम्रता और श्रद्धापूर्वक हमें जाना चाहिए तभी सही लक्ष्य और वास्तविक शिखर स्पष्ट दिखाई देने लगेगा ।

**५. मधुर और हितकारी वाणी :—**

अनुद्वेगकरं सत्यं वाक्यं प्रियहितं च यत् ।
स्वाध्यायाभ्यसनं चैव वांङगमयं तप उच्यते ।। —१५

अर्थात तप तीन तरह के होते हैं— शरीर, वाणी और मन । तीनों का उपयोग लोकहित में करना चाहिए । वाणी मनुष्य की सबसे अच्छी मित्र है । इससे व्यक्ति सारे संसार को अपना मित्र बना सकता है या शत्रु बना

सकता है अत: बोली की महत्ता शब्दों का प्रभाव व वाणी को नियंत्रित और मर्यादित रखें । कहा भी गया है कि—

वाणी एक अमोल है जो कोई जाणे बोल ।
हिय तराजू तोल के, तब मुख बाहर बोल ।।

**६. चारित्रिक बल से आदर्श नेतृत्वः—**

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाण कुरुते लोकस्तदनुवर्तते ।। — १६

अर्थात कोई भी राष्ट्र केवल वैज्ञानिक आर्थिक एवं तकनीकी प्रगति से उन्नत नहीं हो सकता , जब तक कि वह आध्यात्मिक रूप से सबल नहीं हो उसकी प्रगति अधूरी है। अत: चरित्रवान बनकर आदर्श नेत्तृत्व प्रदान करना होगा क्योंकि जो श्रेष्ठ पुरूष आचरण करते हैं लोग उनका भी अनुसरण करते हैं । अपने आचरण से ऐसे मूल्य स्थापित करने चाहिए जिनसे अन्य लोग प्रेरणा ले सकें ।

Character is lost everything is lost.

**७. श्रद्धावान :—**

श्रद्धावॉल्लभते ज्ञानम् — १७

अर्थात ज्ञान के प्रति श्रद्धा होगी तभी ज्ञान प्राप्त होगा । ऐसा कहा भी गया है—
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरति पाएं तिन तैसी । सकारात्मक व श्रद्धा का भाव हमारे अन्दर होना चाहिए ।

**८. व्यावहारिक ज्ञान में कुशल :—**

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम् । — १८

अर्थात मनुष्य को व्यवहार करते समय बहुत सावधान रहना चाहिए क्योंकि जैसा व्यवहार करोगे वैसा ही तुम्हारे साथ भी होगा। क्योंकि शिक्षा व्यवहार करना ही सिखाती है। क्योकि शास्त्रों में भी कहा गया है— आहार व्यवहारे त्यक्त् लज्जा ।

**९. कर्म व लोक कल्याण में समन्वय :—**

तस्मात्सर्वेषु कालेषु मामनुस्मर युध्य च । —१९

यदि जीवन में सफलता चाहते हैं तो कर्म और लोककल्याण में समन्वय जरूरी है तभी जीवन का समग्र विकास हो पाएगा दोनों में से यदि कोई एक ही कार्य कर रहें या तो लोककल्याण या कर्म , तो दोनों ही स्थितियॉ कभी आदर्श नहीं मानी जाती । इसलिए इनमें सामंजस्य होना जरूरी है।

**१०. स्वस्थ तन स्वस्थ मन :—**

युक्ताहार विहारस्य युक्तचेष्टस्य कर्मसु ।

युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दु:खहा ।। —२०

अर्थात मन के साथ तन भी स्वस्थ रहना चाहिए जिससे जीवन में प्रगति हो सके । शरीर साधना बेहद जरूरी है , स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन मस्तिष्क बिराजते हैं।

**११. ज्ञान से शांति :—**

ज्ञानं लब्धवा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति । —२१

अर्थात शांति साधनों से नहीं ज्ञान से प्राप्त होती है । क्योंकि शास्त्रों में भी कहा गया है कि—

ज्ञानं मनुजस्य तृतीय नेत्रम् ।

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते ।

**१२. निर्भय होनाः—**

हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्गं जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम् ।

तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय ।। —२२

अर्थात निर्भीक होकर कर्म करने से असफलता भी कीर्ति यश और मान दिलाती है। भयग्रस्त मन मस्तिष्क से किए गए काम में सफलता मिल भी जाए तो वह सम्मानीय वंदनीय नहीं हो सकती।

**१३. व्यक्तित्व का विकास —**

दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः ।

वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते ।। —२३

अर्थात आदर्श व्यक्तित्व वाला व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में विचलित नहीं होता । राग, भय, क्रोध जब समाप्त हो जाते हैं तो व्यक्ति स्थिर बुद्धि वाला हो जाता है। तथा वह संकट और संतापों से प्रतिकूलता और अनुकूलता में सन्तुलन बनाए रखेगा ।

**१४. वफादारी से कार्य करनाः—**

अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते ।

तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् ।। — २४

अर्थात जो व्यक्ति अपने स्वामी की कृपा का चिंतन करते हुए पूरी ईमानदारी व निष्ठा से काम करता है उसे स्वामी का पूर्ण संरक्षण मिलता है और स्वामी सदैव उसकी सुख सुविधा का ध्यान रखता है ।

Honesty is the best policy.

**१५. स्वयं के प्रति उत्तरदायी :—**

उद्धरेदात्मनाऽऽत्मानं नात्मानमवसादयेत् ।

आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः ।। —२५

अर्थात मनुष्य अपने उत्कर्ष एवं अपकर्ष के लिए स्वयं उत्तरदायी होता है । दूसरे का अहित किए बिना स्वयं का उद्धार अपने प्रयत्न और बुद्धि बल से करना चाहिए क्योंकि मनुष्य आप ही अपना मित्र और आप ही अपना शत्रु बनता है।

**१६. कठोर व प्रभावी नीति से प्रतिद्वंदता का सामना—**

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत

अभ्युत्थानधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ।।

परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम

धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ।। —२६

अर्थात दो प्रकार के मनुष्य होते हैं —सज्जन और दुर्जन । जब तक सज्जन जागरुक और सक्रिय होतें हैं तब दुष्ट अपनी दुष्ट प्रवृतियों से समाज को त्रस्त नहीं कर पाता । लेकिन सज्जनों की थोडी सी निष्क्रियता और उदासीनता दुष्टों का प्रभाव बढाने लगती है फिर सज्जन बचाव का मार्ग अपनाने लगते हैं और हताश और

निराश होकर सद्कार्यों को छोड देते हैं । दुष्टों पर नियंत्रण रखने और अपना कार्य जारी रखने के लिए कठोर और प्रभावी नीति अपनानी चाहिए ।

**१७. स्वकर्म को प्राथमिकता —**

स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः । —२७

अर्थात अपने कर्म में प्रवीणता हासिल करके उसी में अपनी पहचान बनानी चाहिए दूसरे के कर्मों को अपने कर्मों से श्रेष्ठ होने पर भी नहीं अपनाना चाहिए । अतः स्वकर्म करते हुए ही सिद्धि प्राप्त की जा सकती है।

**१८. राग द्वेष रहित जीवन —**

अद्वेष्टा सर्वभूतानां मैत्रः करुण एव च ।— २८

अर्थात व्यक्ति को सभी प्राणियों से रागद्वेष रहित पूर्वक व्यवहार करना चाहिए । रामचरिमानस में भी कहा गया है कि —

तुलसी इस संसार में, भॉति भॉति के लोग ।
सबसे हिल मिल  चालिए, नदी नाव संजोग ।।

**१९. तनाव रहित रहें —**

अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे ।
गतासूनगतासूश्चं नानुशोचन्ति पण्डिताः ।। —२९

अर्थात मनुष्य को आगत विगत की चिन्ता से मुक्त होकर कर्मपथ पर आगे बढते जाना चाहिए क्योंकि घटनाऍं प्रकृति घटनाक्रम की कडी है । और वे समयानुसार घटती रहती है अनावश्यक चिन्ताओं में उलझना जीवन के अमूल्य समय को नष्ट करना है इसलिए तनाव रहित होकर अपना कर्म करते रहना चाहिए ।

चिन्ता से चतुराई घटे , घटे रूप और ज्ञान ।
चिन्ता तनिक न कीजिए, चिंता चिता समान ।।

**२०. बैर—भाव रहित होकर रहो—**

निर्वैरः सर्वभूतेषु यः स मामेति पाण्डव । — ३०

अर्थात मनुष्य को सभी के साथ वैर भाव भुलाकर रहना चाहिए किसी के साथ लडाई झगडा नहीं करना चाहिए । सभी प्राणियों के साथ दया का भाव रखना चाहिए कहा भी गया है कि —

दया धर्म का मूल है पाप मूल अभिमान ।।

**२१. संचयीवृत्ति का त्याग करें—**

यज्ञशिष्टाशिनः सन्तो मुच्यते सर्वकिल्षिषैः ।
भुञ्जते ते त्वघं पापा ये  ।
पचन्त्यात्मकारणात् ।।  — ३१

अर्थात अरस्तु ने कहा है मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, जीवन में परोपकार और समाजकल्याण का व्रत भी लेना चाहिए क्योंकि मनुष्य जो भी अर्जित करता है उसमें समाज का योगदान होता है  । इसलिए समाज का भी उस पर अधिकार है इसलिए उसका कुछ अंश समाज सेवा में भी लगाया जाना चाहिए । यह एक आदर्श समाजवाद का उदाहरण प्रस्तुत करता है।  कहा भी गया है—

अन्नदानं परंदानम् ।
कर भला तो हो भला ।
नेकी कर दरिया में डाल ।

**२२. प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करें** –

देवान्भावयतामेन ते देवा भावयन्तु वः ।
परस्परं भावयन्तः प्रेयः परमवाप्स्यथ ।। –३२

अर्थात क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर, वनस्पति आदि जीवन के आधार स्तंभ हैं। इनके बिना जीवन संभव नहीं हो सकता तथा इन्हें हमारी संस्कृति में देवता तुल्य माना गया है । सृष्टि में समानता बनाए रखने के लिए जीवन जगत एवं प्रकृति में साम्य जरूरी है । इसलिए प्रकृति का सम्मान करें एवं पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करो । क्योंकि हमारे शास्त्रों में कहा भी गया है–

दशकूपसमावापी, दशवापीसमोह्रदः ।
दशह्रदसमोपुत्रो , दशपुत्रो समो द्रुमः ।। –३३

अर्थात दश कुओं के बराबर एक बावडी, दश बावडी के बराबर एक सरोवर ,दश सरोवरों के बराबर एक पुत्र, और दश पुत्रों के बराबर एक वृक्ष का महत्त्व होता है । क्योंकि एक पेड की कीमत क्या होती है । निम्नलिखित देखें–

- ✓ एक सामान्य पेड साल भर में करीब २० किलो धूल सोखता है।
- ✓ हर साल करीब ७००किलो ग्राम ऑक्सीजन का उत्सर्जन करता है।
- ✓ प्रति वर्ष २० टन कार्बनडाईऑक्साइड सोखता है।
- ✓ हर साल करीब ०१ लाख वर्ग मीटर दूषित हवा फिल्टर करता है।
- ✓ ८० किलोग्राम पारा, लीथीयम, लेड आदि जैसी जहरीली धातुओं के मिश्रण को सोखने की क्षमता रखता है।
- ✓ गर्मियों में बडे पेड के नीचे औसतन चार डिग्री तक तापमान कम रहता है।
- ✓ घर के करीब एक पेड अकास्टिक बॉल की तरह काम करता है यानी शोर ध्वनि को सोख लेता है ।

**३. सभी प्राणियों का कल्याण करें –**

सर्वभूतहितेरताः । – ३४

अर्थात मनुष्य को सभी प्राणियों के कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए । रामचरितमानस में भी कहा गया है कि –

परहित सरिस धर्मनहीं भाई,
परपीडा सम नहीं अधमाई ।।

**२४. एकाग्रचित्त होकर कार्य करें–**

असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम् ।
अभ्यासेन तु कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते ।। –३५

अर्थात किसी भी संकल्प को पूरा करने के लिए मन का स्थिर व अचल होना आवश्यक है । उद्देश्य प्राप्ति के लिए हमें निरन्तर प्रयासरत रहना चाहिए । मन को बार बार अन्य बिंदुओं से हटाकर अपने लक्ष्य पर केन्द्रित करने की प्रकिया को दोहराते रहना चाहिए । इस प्रक्रिया का चमत्कारिक प्रभाव देखने को मिलता है और कार्य तल्लीनता से सम्पन्न होता है , इसलिए लक्ष्य के प्रति रूचि जागरूक करना चाहिए ।

**२५. ज्ञान की पवित्रता का आदर करें –**

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते । –३६

अर्थात इस संसार में ज्ञान के समान पवित्र करने वाला दूसरा कोई साधन नहीं है ।

ज्ञानं लब्धवा परां शान्तिमचिरेणाधिगच्छति । — ३७

अर्थात शांति साधनों से नहीं मिलती है अपितु ज्ञान से मिलती है क्योंकि शास्त्रों मे कहा गया है कि

सा विद्या या विमुक्तये । —३८

There is no purifier in this world like knowledge .

✓ **श्रीमदभगवद गीता की आधुनिक जीवन में शिक्षा की उपादेयताः—**

**श्रीमदभगवद गीता**

१. कर्त्तव्य बोध कराती है।
२. सफलता शांति और संतोष का अनुभव कराती है ।
२. संकल्प और आत्मविश्वास को जगाती है ।
४. सुख दुखों मे समस्थिति सिखाती है ।
५. परिस्थितियों से सामना करना सिखाती है ।
६. सन्तुलित भोजन की उत्कृष्टता सिखाती है ।
७. एकान्त मे अभ्यास की बात सिखाती है ।
८. त्रिगुणों के साथ तात्विक ज्ञान प्रदान करती है ।
९. उचित समय पर उचित कार्य का प्रस्ताव रखती है ।
१०. यज्ञ जप तप एवं दान का मर्मत्व सिखाती है ।
११. श्रेष्ठ पुरूषों के लक्षणों को सिखाती है ।
१२. कर्म अकर्म की स्थिति की विवेचना करती है ।
१३. निष्काम कर्म कर्म की श्रेष्ठता प्रतिपादित करती है ।
१४. मोक्ष प्राप्ति के मार्गों का उल्लेख करती है ।
१५. सात्विक श्रेष्ठ व शास्त्रोक्त आचरण का प्रतिपादन करती है ।
१६. जीव—जीवात्मा के सम्बन्ध को उजागर करती है ।
१७. उत्तम शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग सिखाती है ।
१८. ज्ञान योग, कर्म योग एवं भक्ति योग का निरूपण करती है ।
१९. मानसिक विकारों से मुक्ति या आंतरिक स्वतंत्रता की उद्घोषणा करती है ।

**निष्कर्ष :—**

श्रीमदभगवद गीता में श्री कृष्ण ने अर्जुन को जीवन जीने की सीख दी उन्होंने बताया कि व्यक्ति को मोह ममता का त्याग कर सही और गलत का निर्णय स्वयं करना चाहिए । भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि जीना और मरना जन्म लेना और बढना विषयों का आना जाना सुख दुख का अनुभव ये ता संसार में होते ही हैं इनसे विचलित नहीं होना चाहिए एवं अपने कर्मपथ पर अविरल चलते रहना चाहिए ।

गीता में सामाजिक, चारित्रिक, सांवेगिक, शारीरिक, आध्यात्मिक, शिक्षा के साथ—साथ मनुष्य को साहसी, कर्मठी, स्वविवेकी, जिज्ञासु, श्रध्दावान, निर्भयी, वफादार, जिम्मेदार, चिन्तामुक्त, पर्यावरण व प्रकृति प्रेमी, कल्याणकारी, एकाग्रचित्तयुक्त, वैरभाव रहित, रागद्वेष रहित, स्वकर्म

में तत्परी, व्यावहारिक ज्ञान में कुशल, स्वस्थ तथा ज्ञानी होने की भी शिक्षा दी गई । इसलिए गीता को शास्त्र की संज्ञा देते हुए इसके बारे में कहा गया है कि —

गीता सुगीता कर्त्तव्या किमन्यैः शास्त्रः शास्त्रविस्तरैः ।
या स्वयं पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता ।। — ३९

अर्थात गीता भली प्रकार मनन करके हृदय में धारण करने योग्य है जो पद्मनाभ भगवान श्री कृष्ण के श्री मुख से निःसृत वाणी है फिर अन्य शास्त्रों के संग्रह की क्या आवश्यकता ?

**सन्दर्भ / पादटिप्पणी —**

१ श्रीमदभगवद गीता २.२२
२ श्रीमदभगवद गीता ४.६
३ श्रीमदभगवद गीता ३.२१
४ श्रीमदभगवद गीता ३.४१
५ श्रीमदभगवद गीता २.६२
६ श्रीमदभगवद गीता २.६३
७ श्रीमदभगवद गीता ६.१७
८ श्रीमदभगवद गीता १७.८
९ कुमार सम्भव ५.३३
१० श्रीमदभगवद गीता २.३०
११ श्रीमदभगवद गीता २.४७
१२ श्रीमदभगवद गीता २.३
१३ श्रीमदभगवद गीता १८.६३
१४ श्रीमदभगवद गीता ४.३४
१५ श्रीमदभगवद गीता १७.१५
१६ श्रीमदभगवद गीता ३.२१
१७ श्रीमदभगवद गीता ४.३९
१८ श्रीमदभगवद गीता ४.११
१९ श्रीमदभगवद गीता ८.७
२० श्रीमदभगवद गीता ६.१७
२१ श्रीमदभगवद गीता ४.३९
२२ श्रीमदभगवद गीता २.३७
२३ श्रीमदभगवद गीता २.५६
२४ श्रीमदभगवद गीता ९.२२
२५ श्रीमदभगवद गीता ६.५
२६ श्रीमदभगवद गीता ४.७८
२७ श्रीमदभगवद गीता १८.४५
२८ श्रीमदभगवद गीता १२.१३
२९ श्रीमदभगवद गीता २.११

३० श्रीमदभगवद गीता ११.५५
३१ श्रीमदभगवद गीता ३.१३
३२ श्रीमदभगवद गीता ३.११
३३ मत्यपुराण
३४ श्रीमदभगवद गीता ५.२५
३५ श्रीमदभगवद गीता ६.३५
३६ श्रीमदभगवद गीता ४.३८
३७ श्रीमदभगवद गीता ४.३९
३८ विष्णुपुराण
३९ म भा भीष्मपर्व अ०४३/१

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# सृष्टिक्रमः विकासः वैज्ञानिक परिशिलनम्



डॉ. मुकेश कुमार डागर (धर्माचार्यः)
प्राचार्य
सिद्धि विनायक कॉलेज
(सीकर), राजस्थान

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 150-153

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 16 Jan 2021
Published : 30 Jan 2021

## सृष्टिक्रमः विकासः वैज्ञानिकश्च

सृष्टिविषयेऽपि अनेके विचाराः दृष्टिपथमागगच्छन्ति । प्राचीनो विचारः ब्रह्मणः सकाशात् सृष्टिरियं समुत्पन्ना। नवीनः विचारः विद्युत कणानां (Electron) सृष्टौ योगदानम्। साख्यं ब्रूते पुरूषेण सह प्रकृत्ति रस्याः सृष्टेः कारणभूता । अन्तिमः विचार: धन-ऋणयोः विद्युत्कणयोः सामीप्येन सृष्टिरियं प्रवर्तिता यथा प्रतिपादयति विश्वेश्वरः -

"ब्रह्मणास्तु समुत्पन्नं जगदुक्तं पुरातनैः ।
नव्या विद्युत्कणोत्पनं मन्यते तदसंशयम् ।।
सांख्ये पुरूष सान्निध्यात् प्रकृतिः सृष्टिकारणम् ।
तथा धनऋणाणूनां सान्निध्यं नूतने मते" ।।[1]

ऋषीणां मते इन्द्रियातीतं ब्रह्म भवति यत्र अस्माकं स्थूलानीन्द्रियाणि शन्तुं न शक्नुवन्ति । अद्यतनीयः वैज्ञानिक: यां शक्तिं मनुते सा माया ज्ञातव्या। सा शक्तिः सर्वत्राकाशे, पृथिव्यां, सूर्ये, विद्युति विद्यमानास्ति । जगतः कारणं ब्रह्म माया चतस्य ब्रहमणः शक्तिरूपा वेदादौ प्रोक्ता वर्तते । तन्मतं विश्वेश्वर स्मृतावपि समधिगतम् ।
ज्ञानेन तस्य ज्ञानं भवति।

वैज्ञानिकः सर्गः -

अस्य ब्रह्माण्ऽस्य रहस्यं ज्ञातुं न शक्यते । अस्मिन् अनन्त सौरमण्डलानि कणानिव दिव्यन्ति । तस्मिन् ब्रहमाण्ऽरूपसागरे कुण्डलाकृतिः भगवान् शेषनागः अशोभत तत्रैव मध्य मध्याशक्तिः (Central Power) भगवान्नारायणः सुष्वाप तथा तस्मिन् नारायणे समस्तं चरोचरं जगत् निमग्नमासीत् अनन्तरं भगवान् नारायणः इच्छां चकार 'एकोऽहं बहुस्याम' अनयाभावनया पुनः जागराञ्चकार ।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

श्रीनागेशेनाप्युक्तम्–'श्रुति–मूलकत्वादस्यैव वेदाङ्गत्वम्'। अत्र हि एव शब्दोऽप्यर्थकः। तेन पाणिनिव्याकरणात् पूर्व वेदस्य पञ्चाङ्गत्वापत्तिः निरस्ता। वस्तुतस्तु विशेश्यसङ्गत एवकारोऽन्ययोगव्यवच्छेदको भवति। यथा– पार्थ एव धनुर्धरः इत्यत्र पार्थेतरावृत्तिर्यद्धनुर्धरत्वं तद्वान् विलक्षणो धनुर्धर इत्यवगम्यते। नैतावता पार्थेतरस्मिन् धनुर्धरत्वं व्यवच्छिद्यते अपि

तु पार्थवृत्ति–विलक्षणधनुधरत्वमन्यस्मिन् नास्तीति गम्यतेऽन्यथा व्यवहारमात्रोच्छेदापत्ति स्यात्तथैवेहापि विलक्षणव्याकरणत्वेन स्वरवैदिकप्रयोगादिनिर्माणनिरूपणकर्तृत्वरूपवैशिष्ट्यस्य चन्द्रादीतरव्याकरणे नास्तीतिविशिष्टं वेदाङ्गत्वमेतस्मिन्नेवेति बोद्धयते। इतरव्याकरणेषु वेदाङ्गत्वं निराक्रियतेऽन्यथा एवशब्दप्रयोगवैयर्थ्यापत्तिः स्यादिति।

पाणिनेः पूर्वं बहूषु व्याकरणेषु सत्स्वप्यस्याष्टकस्य निर्माणे जाते तानि तिरोहितान्येवाभवन्। इदानीं तेषां नामान्येव स्मर्यन्ते। व्याकरणशास्त्रप्रणेतारो बहव आचार्या बभूवुः। महर्षिपाणिनिः स्वस्यामष्टाध्यायां विभिन्नानामाचार्याणां मतवैविध्यप्रदर्शनाय नामग्रहणपूर्वकं तान्निर्दिशति। तत्र च स्फोटायन–गार्ग्य–शाटकायन–आपिशली–गालव–चाक्रवमर्ण–शाकल्याद्यनेकाचार्याणां नामानि स्मर्यन्ते। तद्यथा–

1. **अवङ् स्फोटायनस्य (6.1.123)**
2. **ओतो गार्ग्यस्य (8.3.20)**
3. **त्रिप्रभृतिषु शाकटायनस्य (8.4.50)**
4. **वा सुप्यापिशलेः (6.1.92)**
5. **ई 3 चाक्रवर्मणस्य (6.1.131)**
6. **अड् गार्ग्यगालवयोः (7.3.99)**
7. **लोपः शाकल्यस्य (8.3.19)**

तेष्वाचार्येषु केषाञ्चन मतं विकल्पेन स्वीकृतम्, प्रत्याख्यातमपि केषाञ्चिन्मतम्। तद्यथा सूत्रमुक्तम्–तदशिष्यं संज्ञाप्रमाणत्वात् (1.2.53)।

तत् = प्रकृतम्, युक्तवद्भावलक्षणं निर्दिश्यते तदशिष्यम् = न वक्तव्यम्, संज्ञाप्रमाणत्वात्। संज्ञाशब्दा हि नानालिङ्गसंख्याः प्रमाणम्। तत्र लिङ्गवचनञ्च स्वभावसिद्धमेव न यत्नप्रतिपाद्यम्। तदर्थं सूत्रं नापेक्षितमित्यादिरीत्या खण्डितम्।

'प्रधानप्रत्ययार्थवचनमर्थस्यान्यप्रमाणत्वात्' (1.2.56) इत्यत्रापि पाणिनिः पूर्वाचार्याणां मतं प्रत्याचष्टे। अथ च पाणिनिना येषामाचार्याणां सिद्धान्तः स्वीयेशास्त्रेऽङ्गीकृतः, तेषां वेदाङ्गत्वं पूर्वत एव सुनिर्णीतम्। तदित्थम्, प्राक्तनव्याकरणानां वेदाङ्गत्वे तदीयपरम्परायां नूतनत्वेनावधेयरूपेणाविर्भूतस्य सर्वथा वैज्ञानिकस्य सर्वाङ्गपूर्णस्य पाणिनिव्याकरणस्य वेदाङ्गत्वमव्याहतमावश्यकञ्च। परमाधुनिकेशु कौमारादिव्याकरणेषु निर्वचनमात्रपरतया तेषां वेदाङ्गत्वं नास्तीति विभाव्यते सुधीभिः। गणरत्नमहोदधौ वर्धमानोपाध्यायेनोक्तम्–

**लौकिकव्यवहारेषु यथेष्टं येष्टताञ्जनः।**
**वैदिकेषु च मार्गेषु विशेषोक्तिः प्रवर्तताम्।।**

वेदेऽपि लौकिका एव शब्दा बाहुल्येन प्रयुज्यन्ते। केचन एव तद्विपरीताः सन्ति तथाविधानो वैदिकशब्दानां व्याख्याने न प्रवर्तन्ते कौमारादिव्याकरणानि। अतः कौमारादिव्याकरणानां न वेदाङ्गत्वं तदुत्तरवर्त्तिषु व्याकरणेषु त्रिमुनि व्याकरणस्यैव वेदाङ्गत्वं सिद्धान्तिम् सर्वत्र। अस्मिन्नेव पाणिनिव्याकरणे स्वरचिन्ता, वैदिकशब्दनिर्वचनञ्च कृतं विद्यते।

पञ्जीकारस्त्रिलोचनदेवो दुर्गसिंहव्याख्याप्रसङ्गे लिखति–वैदिकाः शब्दाः लौकिकज्ञैः पुरूषैः ये यथोक्ताः येन प्रकारेण वेदे प्रतिपादितास्तथैव वे निर्णीतार्थाः ज्ञेयाः। उक्तञ्च–

**वैदिकाः लौकिकज्ञैश्च ये यथोक्तास्तथैव ते।**

**निर्णीतार्थास्तु विज्ञेया लोकात्तेषामसङ्ग्रहः।।**

अद्वैतसिद्धिकृद्भिः[7] मधुसूदनसरस्वतीपादैः स्पष्टमभिधीयते कौमारादि–व्याकरणं न वेदाङ्गत्वं लौकिकपदमात्रव्याख्यानपरत्वात्।

[8]निरूक्तकृद्भिर्यास्कैरूक्तम्–येषां शब्दानां प्रयोगो वेदे दृश्यते तेषां सर्वेषां शब्दानां निर्वचनं वैदिकैर्धातुभिरेव कर्त्तव्यमित्येष नियमो नास्ति, अपि तु लौकिकसंस्कृतेः प्रसिद्धेभ्यो धातुभ्योऽपि भवति। येषामपि शब्दानां संस्काराय धातवः, पाणिन्यष्टके न व्यपदिष्टास्तेषां व्युत्पत्तये 'उणादयो बहुलम्', (3.3.1) इति सूत्रमुपदिष्टम्। इत्त्थं हि लौकिकवैदिकोभयशब्दानां साधुत्वक्षमस्य पाणिनिव्याकरणस्य वेदाङ्गत्वं निष्प्रत्यूहमिति।

**सन्दर्भाः –**


1. ब्रह्मसूत्रभाष्यम् 1.3.28।
2. मुण्डकोपनिषद् 1.2.4।
3. मनु0 अध्याय 2
4. पाणिनीय शिक्षा 41.42।
5. महाभाष्यम्, पस्पशाह्निकम् पृष्ठम् 147।
6. महाभाष्यम् झभञ् 1.1।
7. शिवमहिम्नस्तोत्रम् – मधुसूदनी टीका।
8. निरूक्तम् 2.2.6

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# जनार्दन प्रसाद 'मणि' विरचित सौरभेयी : एक अध्ययन



डॉ0 देवनारायण पाठक (उपाचार्य)
पूनम देवी (वरिष्ठ शोध अध्येता)
संस्कृत विभाग,
नेहरू ग्राम भारती मानित्
विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 227-230

**Publication Issue :**
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 16 Jan 2021
Published : 30 Jan 2021

**शोध आलेख सारः–** प्रो0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय 'मणि' जी का जन्म 2 अक्टूबर 1962 को 'शकरा' ग्राम जौनपुर जनपद में हुआ था। इनकी शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हुयी थी, आपने वर्ष 1984 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की 'एम0ए0 (संस्कृत) की परीक्षा में विश्वविद्यालयीय वरीयता सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया, आपने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'नाट्यशास्त्र' में उपलब्ध काव्यशास्त्रीय तत्वों का समीक्षात्मक अध्ययन विषय पर डॉक्टर ऑफ फिलासॅफी (डी0फिल्0) की उपाधि अर्जित किया। इसके बाद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय लैसंडॉन जयहरिखाल पौड़ी गढ़वाल में प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हुए, इसके बाद केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगानाथ झा परिसर इलाहाबाद में रीडर के रूप में नियुक्त हुए तथा सम्प्रति में वही प्रोफेसर एवं अध्यक्ष साहित्य विभाग पद को अलंकृत कर रहे हैं।

सौरभेयी एक संस्कृत गीतिकाव्य है, इसमें तैंतिस (33) एवं (25) अन्योक्तियाँ तथा प्रयाग शिखरिणी गंगा शिखरिणी तथा के शीर्षक से कुछ पद्य है। इसका प्रकाशन 2019 वैशम्पायन प्रकाशन इलाहाबाद से हुआ। कवि ने सौरभेयी गीतिकाव्य में स्वोपज्ञ छन्द के द्वारा जीवन के विविध मर्म को विविध विषयों के साथ धर्म का अनुसरण करते हुए अभिव्यक्त किया है। इस गीतिकाव्य में 'मणि' जी ने स्वोपज्ञ छन्द के अतिरिक्त कवि द्वारा शिखरिणी एवं मुक्तक छन्दों का भी प्रयोग यदा–कदा परिलक्षित होता है।

**मुख्य बिन्दुः–**राष्ट्रीय समस्या, लोकविडम्बना, रूपसौन्दर्य, प्राकृतिक परिवेश, वैश्विक परिवेश।

**शोध प्रविधिः–**प्रस्तुत शोध की विधि सोदाहरण एवं वर्णानात्मक है ।

कवि ने इस 'सौरभेयी' गीतिकाव्य को अपने ज्येष्ठ पुत्र स्व0 धर्मेन्द्र पाण्डेय को सस्नेह समर्पित किया है तथा उनकी स्मृति में कई गीतों की संकलना भी की है। हे पुत्र! तुम्हारी स्वर्गयात्रा में मेरी सारस्वती रति चली गयी, मेरी स्मृति में तुम्हारी मीठी रसस्निग्ध मधुर वाणी आती रहती है।

**स्मृतावायाति ते मृद्वी रसस्निग्धा मधुरवाणी।**
**रतिः सारस्वती याता तनय! ते स्वर्गयात्रायाम्।। 1**

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

कवि ने स्वयं का परिचय देते हुए कहा कि कण्टकाकार्ण पथ पर तीव्रगति से दौड़ने वाला संस्कृत साहित्य के यज्ञ में दीक्षा प्राप्त करने वाला एवं नित्य प्रति सरस्वती के चरणों की वन्दना में लगा हुआ तथा गोखुर की धूलि से जिसकी डेरी पवित्र की जाती है।

**कण्टकाकीर्णेऽपि पथि लब्ध प्रवेगोऽहं मणिः।**
**सुरधुनी साहित्य यागे प्राप्त दीक्षोऽहं मणिः।।**
**प्रतिदिनं गोखुरमृदा ननु पूयते यद–देहली।**
**सोऽस्मि नित्यं शारदाऽर्चन दत्तचित्तोऽहं मणिः।। 2**

कवि कहता है, कि जिस भाषा में राष्ट्र कल्याण की ही बात कही जाए, जिसकी गाथा को सम्पूर्ण ब्राह्मण्ड के द्वारा गया जाता है, जिसके ज्ञान रूपी प्रकाश में जन्म लेकर सभी विद्याएँ सुशोभित हो रही हैं, दुःख भी जिसकी गोद में पड़कर सुख में परिवर्तित हो जाता है, जिसमे निरन्तर वात्सल्य रस प्रवाहित होता रहता है। इस प्रकार संस्कृत भाषा में विकास के लिए युग उद्घोष के रूप में कवि कहता है कि संस्कृत का ऐसा उद्घोष हो। जिससे संस्कृत भाषा समाज से संसद तक चली जाए, हे बन्धुओं! तुम्हारे द्वारा ऐसी सभा का आयोजन हो, जिससे यह सारा अन्धकार कभी न जाने के लिए चला जाय और लोग लोक साहित्य के जानकार हो जाए, और ऐसी जीवनी लिखी जाए, जिससे चारों युगों में तुम विस्मृति के विषय मत बनो और यह हमारी संस्कृत भाषा राष्ट्र भाषा का दर्जा प्राप्त करें।

**चतुर्युगेषु यतस्त्वं न विस्मृतिं यायाः।**
**लिख्यतां जीवनी तथा बन्धो।। 3**

कलियुगीय कौशल से श्रेष्ठ पद को प्राप्त कर राजनेताओं पर कटाक्ष करते हुए कवि अपने अन्तः वेदना को काव्य के रूप में व्यक्त करते हुए कह रहा है, कि हे बन्धु! प्रेमधन को छोड़कर और गौरव को त्यागकर यदि तुम धनी हो तो अपने आप को श्रेष्ठ कैसे समझते हो। समाज की मर्यादाओं का उल्लंघन करते हुए अपने जन्मदाता भरणपोषण कर्ता भगवान का भी उपहास करते हुए हे नेता ललाम! तुम अपने आप को सदाचरण से युक्त समझते हो अर्थात् ऐसे तुम्हारे आचरण से समाज का क्या लाभ?

**सर्वतोऽप्युल्लङ्.घ्य मर्यादाऽऽदिंक हससि प्रभौ।**
**कथय नेतृललाम! सम्प्रति ते सदाचरणेन किम्।। 4**

प्रणय सौन्दर्य का वर्णन 'मणि' जी ने बड़े ही श्रृंगारिक एवं अनूठे ढंग से किया है। आँखों के सामने आ जाने पर भी तुम्हारे द्वारा उन गीले क्षणों की स्मृति पी ली गयी है, जैसे हम दोनों के बीच सचमुच कोई परिचय ही न हो। हे प्रिय! यह पत्थरों का देश है, जहाँ संवेदनाओं की जड़ता आप स्वयं देख सकती है, अर्थात् वर्तमान समय में शीघ्रता से हो रहे सम्बन्ध विच्छेदों पर दृष्टिपात करना चाहता है कि आधुनिक समय में माता–पिता, पुत्र, पति–पत्नी इत्यादि सम्बन्धों में धैर्य एवं सहनशीलता का अभाव होने के कारण सम्बन्ध विच्छेद हो रहे हैं, इसे देखते हुए यही प्रतीत होता है कि सम्प्रति युग प्रेमराग के लिए उपयुक्त नहीं है।

**अयं प्रस्तराणां प्रियः कोऽपि देशः।**
**स्वंय पश्य संवेदनानां जड़त्वम्।।**
**इदं दृश्यते साम्प्रतं सप्रमाणम्।**
**न युक्तं युग प्रेमरागाय सत्यम्।। 5**

कवि समाज में व्याप्त सुख–दुःख, उन्नति–अवनति, सम्पन्नता–विपन्नता को देखते हुए स्वयं के द्वारा दर्शाता है। कि जब मेरी समाज में प्रतिष्ठा नहीं थी, तो मेरी उस अवस्था का समाज में कोई प्रतिष्ठा नहीं थी, सम्प्रति समय जब मैं प्रतिष्ठा सम्पन्न हूँ, तो मेरे सतव्रत को क्यूँ सराहा जा रहा है? इससे यह प्रतीत होता है कि आपकी उन्नति एवं अवनति ही आपको समाज में प्रतिष्ठित करती है।

**क्वचिच्चिन्तिता प्रतिष्ठाऽस्मदीया,**
**न वा सत्कृता साऽप्यवस्था मदीया।**
**कथं साम्प्रतं श्लाघ्यते सद्व्रतं मे,**
**यदऽऽसीदपेक्षा न किञ्चित्कृतं मे।। 6**

जीवन दर्शन को दर्शाते हुए कवि जीवन की वास्तविकता का परिचय दे रहा है, 'मणि' जी कहते हैं कि प्रातःकालीन स्वप्न लोक में वह कौन सी दीप्ति प्रकाशित हुयी, जिससे रात्रि की सारी वेदना जो मुझमें व्याप्त थी अचानक चली गयी, सम्पूर्ण जीवन में मैं कभी जिसका बन्धु नहीं था, उसकी तरफ से यह कैसी नीराजना निस्यन्दित हो रही है। हे बन्धो! रसोत्सङ्ग में स्थित व्यक्ति के लिए यह लोक नीरस नहीं, यह कैसी नित्य नवीन सारस्वती छटा सुशोभित हो रही है।

**प्रभाते स्वप्न लोके गीतदीप्ति र्दीपिता क्वासौ।**
**समग्रा वेदनारात्रिः प्रयाताऽपि द्रुतं क्वाऽसौ।।**
**न बन्धो! नीरसो लोको रसोत्सङ्गस्थितस्यैषः।**
**छटा सारस्वती संशोभते नित्यं नवा क्वासौ।। 7**

कवि ने लोक विडम्बना को दर्शाते हुए संस्कृति एवं सभ्यता का समाज में दिन–प्रतिदिन क्षीण होना एवं उसके स्थान पर अर्थ को ही संस्कृति एवं सभ्यता मान लेने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए आधुनिक नीतिशास्त्र के ज्ञाता को मात्र लक्ष्मी को ही वैश्विक संस्कृति एवं वैश्विक सभ्यतारूपी परिवार मान लेने पर तथा संसार के सभी सम्बन्ध को अर्थ के ही अधीन दर्शाया है, साथ ही वासना को अत्यधिक तीव्र गति के साथ लोग में नृत्य करता हुआ बताया है। चूँकि नृत्य तो गोपियों को विषय है किन्तु उसका स्थान वासना ने ले लिया है।

इस प्रकार जीवन के विडम्बना को दर्शाते हुए फल की इच्छा के साथ ही कर्म के महत्व को दिखलाया है।

**मणे! यस्मादजसं साम्प्रतं लोकस्य चित्ते।**
**फलेच्छा स्पन्दतेऽसौ शाम्भवीनां प्रार्थनानाम्।। 8**

**निष्कर्षः**–इस प्रकार कवि ने मिट्टी की गन्ध के समान सुगन्धित अपनी इस 'सौरभेयी' गीति संकलना में जहाँ एक तरफ रूप सौन्दर्य का वर्णन किया है वहीं दूसरी तरफ समाज के विविध चिन्ताजनक विषयों पर शोक भी व्यक्त किया है। राष्ट्र में व्याप्त अनीति, भेदभाव लोभ एवं संस्कृति एवं सभ्यता के अभाव पक्ष का वर्णन किया है, वहीं लोको में विद्यमान त्रिदेवों के द्वारा राष्ट्र कल्याण की याचना भी की है। आधुनिक राजनीति पर भी कवि ने अपने पद्यों के द्वारा एक सकारात्मक कटाक्ष किया है। अतः जीवन का ऐसा कोई भी पक्ष नहीं है, जो कवि की दृष्टि से ओझल हो पाया है। अपने पद्यो द्वारा सामाजिक विषमता को दूर करने का कवि ने जो बीड़ा उठाया है, वह निश्चित ही समाज के द्वारा अंगीकृत जायेगा।

## पाद टिप्पणी

1. सौरभेयी पृष्ठा संख्या—86
2. सौरभेयी पृष्ठ संख्या—60
3. सौरभेयी पृष्ठ संख्या—58
4. सौरभेयी पृष्ठ संख्या—18
5. सौरभेयी पृष्ठ संख्या—20
6. सौरभेयी पृष्ठ संख्या—26
7. सौरभेयी पृष्ठ संख्या—30
8. सौरभेयी पृष्ठ संख्या—34

## संदर्भ ग्रन्थ सूची


| पुस्तक | लेखक | प्रकाशक | वर्ष |
|---|---|---|---|
| सौरभेयी | डॉ0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय 'मणि' | वैशम्पायन प्रकाशन 7एल/7ए शिवपुरी कालोनी इलाहाबाद (उ0प्र0) | 2019 |

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# वैश्विक पटल पर गोंड कला की सम्भावनाएँ



गोरे लाल
शोध छात्र,
महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय,
चित्रकूट, सतना, मध्यप्रदेश।

**Article Info**

Volume 4, Issue 1

Page Number : 231-235

**Publication Issue :**

January-February-2021

**Article History**

Accepted : 16 Jan 2021

Published : 30 Jan 2021

**सारांश** – "चित्रकला की मौलिकता और अस्तित्व को बचाने के लिए हस्तशिल्प विकास निगम, ललित कला अकादमी जैसी संस्थाएँ जनजातीय चित्रकला की उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देकर और उनके द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाकर इस दिशा में अहम पहल कर सकती हैं जिससे कलाकारों को लोकप्रियता तथा अधिकतम आर्थिक लाभ मिल सके"। वेंकट रमन सिंह श्याम का कहना है कि शैक्षिक धरातल पर जिस प्रकार से बी.एफ.ए. और एम.एफ.ए. के कोर्स संस्थाओं में चल रहे हैं उसी प्रकार से गोंडकला के लिए भी संस्थाएँ होनी चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार को इस विषय पर कोई ठोस निर्णय लेकर चित्रकारों एवं कला संस्थानों को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वैश्विक पटल पर गोंडकला की सम्भावनाएं और तेजी से आगे बढ़ सकें।

**मुख्य शब्द** – वैश्विक पटल, गोंड, कला, चित्रकार, जनजातीय, लोकप्रियता।

कला के परिदृश्य में इन दिनों अनेकानेक सरगर्मियां हैं और भारतीय तथा विश्व कला में आए दिन प्रदर्शनियां, आयोजनों तथा विमर्शों के माध्यम से कला की भूमिका को अपने–अपने ढंग से समझने की कवायद(चेष्टाएं) चल रही हैं। उसी कड़ी में मध्यप्रदेश की समकालीन कला प्रवृत्तियों के लिए हमें यहाँ के कला परिवेश और अतीत से होकर गुजरना होगा। मध्यप्रदेश प्रागैतिहासिक काल से लेकर समकालीन गोंडीय विचारधारा तक को अपने में समाए हुए एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बनाए हुए है। भोपाल एक तरह से मध्यप्रदेश की कला का केंद्र बन गया है। यहाँ कला परिषद द्वारा कला प्रदर्शनियां, डिमास्ट्रेशन कला पर व्याख्यान करते रहने से यहाँ के गोंडकलाकारों को वैचारिक और सार्वभौमिक कला दृष्टि प्राप्त हुई है। पिछले कुछ सालों से स्थितियों में तेजी से उभरते कलाकारों में वैश्विक पटल पर मध्यप्रदेश के गोंड़

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

चित्रकारों ने खासकर युवा पीढ़ी आम आदमी के साथ सीधे संवाद और सीधे सम्प्रेषण में अधिक रुचि रखने लगे हैं। सोशल मीडिया ने गोंड कलाकारों को आम आदमी तक पहुँचाने में अच्छी खासी भूमिका निभाई है। जिसने इस कला को विश्व स्तर की कला के समान ला दिया है। भारतीय समकालीन कलाकारों ने भी आदिम कला को अपनाया है। विभिन्न कलाकारों में जो पारस्परिक अन्तःक्रिया होती रही है उसका परिदृश्य भी सभी देशों व कलाओं में देखा जा सकता है। जीवन के संवेगों, अनुभूतियों, तकनीकी ज्ञान व सृजनात्मक प्रयोगों द्वारा कलाकार नित नयी कलाकृतियों का निर्माण करता है। जनगढ़ श्याम ने थोड़े समय में ही आदिवासी जनजीवन व गोंड परम्परा के फलक को आधार बनाकर चित्रण प्रारम्भ किया जिससे मध्यप्रदेश की गोंड चित्रकला ने नवीन आयाम प्रस्तुत किए। जनगढ़ सिंह श्याम ने गोंड चित्रकला को एक नया रास्ता दिखाया। आज बहुत से चित्रकारों ने गोंड समाज के विभिन्न पक्षों को उजागर कर चित्रकला को सामाजिक संदर्भों से जोड़ दिया। "मिट्टी, प्राकृतिक रंगों और सहज कल्पनाओं तथा अवधारणाओं से आदिवासी गाँव की दीवारों पर जो चित्र कृतियां नजर आती हैं उनमें एक तरफ बच्चों जैसी मासूमियत है तो दूसरी ओर बूढ़ों का अनुभव संसार भी किसी न किसी रूप में परिलक्षित होता है।"[1] लेकिन आज कलाकार की भावनाएँ तो वही है परंतु अब वे कैनवॉस पर एक्रेलिक, ऑयल, जलरंग व अन्य विभिन्न प्रकार के चटकीले चमकदार रंगों का प्रयोग कर रहै हैं। आज वैश्विक पटल पर गोंडकला देश काल की सामाजिकता का दर्शन एवं एहसास कराने के साथ–साथ उस युग की संवेदना तथा सम्प्रेषण से हमें जोड़ देती है। एक समृद्ध गोंडकला अपने क्षेत्र तथा उसके मिजाज में बसते विचारों को उकेरती है।

एक साक्षात्कार में वेंकटरमन सिंह श्याम ने बताया कि मैने दिल्ली में ग्लोबल वार्मिंग पर पेंटिंग की प्रदर्शनी लगायी। ग्लोबल वार्मिंग आज विश्व की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है जिससे पृथ्वी के औसत तापमान में वृद्धि हो रही है इसका कारण मानव द्वारा पर्यावरण को ध्यान में रखें बिना विकास की होड़ में लगे रहना है। आज मनुष्य जंगलों और पेड़ों को नष्ट करता जा रहा है जिससे ग्रीन हाउस गैसें बढ़ रही हैं जो ग्लोबल वार्मिंग का कारण है। इन गैसों का संतुलन वृक्षारोपण के माध्यम से किया जा सकता है। गोडों द्वारा बनाए गए चित्र जंगल, पेड़ों और हरियाली से भरे हुए होते हैं जो वैश्विक समुदाय को संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि वैश्विक तापन (ग्लोबल वार्मिंग) जैसी समस्या को दूर करने के लिए पर्यावरण को हरा–भरा बनाने की आवश्यकता है।

गोंडकला आज विश्व मंच तक आधुनिक गोंड परधान कलाकारों की वजह से पहुंची है। आज से लगभग चार दशक पहले स्वामीनाथन ने गोंडकला के संदर्भ में कहा था कि आदिवासी कला समकालीन कला है जो आज सत्य दिखाई देता है। आज गोंडकला में विश्व को सीख देने की क्षमता है और यह सीख विश्व कल्याण करने मं सहायक भी है। गोंडकलाकार कहते हैं कि यदि थोड़े से लोग भी प्रकृति के विनाश

की इस होड़ को अपने भीतर महसूस कर सकें तो हमारे द्वारा किए गए प्रयास सफल हैं। ये कलाकार अपने चित्रण के माध्यम से समदर्शी प्रकृति का महत्व दिखाना चाहते हैं। जहाँ किसी से भेदभाव नहीं है। उसके लिए मनुष्य ही नहीं सृष्टि के सभी जीव बराबर हैं फिर ना जाने लोग इसे नष्ट करने में क्यों आमदा हैं। इन कलाकारों ने अपने चित्रों में गहरे चटक रंगों का प्रयोग किया है जो उसके जीवन की गहराई को भी दर्शाता है। ये हरा, लाल, बैंगनी, नीला, पीला या गहरे भूरे रंग के माध्यम से अपने चित्रों को जीवंत बनाने का प्रयत्न करते रहे हैं। आदिवासी कला एक जुनून, समर्पण, धरोहर के प्रति सजगता, पीढ़ियों से चली आ रही परम्पराओं के प्रति कर्तव्य बोध और जमीनी वजूद से जुड़े रहने की परिभाषा है।

नर्मदा प्रसाद टेकाम से बात करने पर उन्होंने बताया कि जगदीश स्वामीनाथन ने आदिवासियों की कला के महत्त्व को पहचाना और कलाओं के समक्ष समग्र अध्ययन हेतु इन कलाकृतियों को सहेजा। इन रचना कर्मियों को एकत्र कर भोपाल लाया गया और उनकी कलाकृतियों को नागर कलाकारों की कलाकृतियों के साथ एक ही छत के नीचे प्रदर्शित किया गया। इस प्रकार से स्वामी जी के प्रयासों से आदिवासी कला की पुनः प्रतिष्ठा हुई। आज भारत भवन में राष्ट्रीय स्तर पर नव कला अभिदान एवं अभिषेक हेतु हर दो साल में भारतीय विनाले का आयोजन किया जाने लगा। जिसमे भारत के सारे कलाकारों की गतिविधियों का केंद्र भारत भवन हो गया। जनजातीय कलाकारों को एक मंच पर आने का सुअवसर मिल गया। वर्तमान समय में मध्यप्रदेश के जिन युवा गोंडकलाकारों का काम रेखांकित किया गया है वे वेंकट रमन सिंह श्याम, राम सिंह उर्वेती, जापानी, दुर्गाबाई व्याम, आनन्द सिंह श्याम, सुभाष व्याम आदि गोंड परम्परा से अपनी भाषा गढ़ते हुए मध्यप्रदेश की गोंडकला ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान दर्ज की है।

जनजातीय चित्रकला सिर्फ अमूल्य धरोहर ही नहीं कही जा सकती वरन् समृद्ध परम्परा सभ्यता एवं जीवन्त संस्कृति के इतिवृत्त है। ये कलायें वस्तुतः किसी भी समाज के जनमानस का आईना होती हैं जिसकी आज वैश्विक पटल पर एक पहचान है। राम सिंह उर्वेती ने एक खास मुलाकात में बताया कि गोंड जनजातीय चित्रकला में पक्षियों, पेड़–पौधों, दन्त कथाओं तथा मनुष्य जीवन के विविध पक्षों का जो चित्रण हुआ है, और हो रहा है वह मनुष्य और प्रकृति के रिश्ते के बारे में आंतरिक अनुभूति पैदा करता है और एक विशेष लगाव को दिखाता है। उन्होंने बताया कि आज कला के विकास हेतु अच्छे शिक्षण संस्थान हैं। अच्छे संग्रहालय है कला वीथिताएँ हैं, अनेक संस्थाएँ हैं जो हम जैसे कलाकारों को वैश्विक पटल पर लाकर खड़ा कर दिया है। वर्तमान में विज्ञान का युग चल रहा है विज्ञान ने अनेक माध्यम तथा सुविधायें उपलब्ध कराई हैं जो पहले कभी नहीं थीं। आज विश्व मंच पर कला के आदान–प्रदान की सुविधायें बढ़ी हैं। जनजातीय चित्रकला सबसे सुखद स्थिति कला के प्रति जनसाधारण की रुचि का विस्तार भी की है जो वैश्विक पटल पर जनजातीय चित्रकला का भविष्य सँवारेगा। आज गोंड जनजातीय चित्रकला ने सभी क्षेत्रों को प्रभावित

किया है। चाहे वह वस्त्र हो या उद्योग, स्थापत्य हो या इंटीरियर या दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुयें, बसों में रेल के डिब्बों में, फाइव स्टार होटलों में आदि प्रमुख स्थानों में जनजातीय चित्रकला ने इन्हें समृद्ध किया है। जनजातीय चित्रकला पूर्णता लिये हुए है। गोंडकला ने अपनी सीमाओं को सदा खुला रखा है। यह खुलापन स्वच्छन्द परम्परा ही उसमें अंकुरित होने की ऊर्जा को बनाए हुए है। यह ऊर्जा ही उसे वैश्विक पटल पर वट वृक्ष के रूप में विकसित कर रही है आज जिसकी शाखायें फिर माटी से जुड़कर जड़ों के रूप में नई शक्ति से अंकुरित और पल्लवित होती है तथा यह क्रम हमेशा बना रहता है क्योंकि जनजातीय चित्रकला की जडें जमीन से ही अंकुरित हुई हैं और यही कारण है कि जनजातीय चित्रकला के उज्जवल भविष्य का परिचायक है। "वर्तमान में यदि आधुनिक कला रूपों और जनजातीय कला परंपरा दोनो को समग्र रूप से देखा जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा कि कला के प्रति अभिजात्य दृष्टिकोण में जनजातीय कला प्रतीकों मिथकों एवं लोक परम्पराओं को आधुनिक कला की धारा में ला खड़ा किया है।"[2] मध्यप्रदेश के समकालीन कला का प्रयत्न यही रहता है कि वह गोंडकला के विमर्श को प्रस्तुत करने के साथ–साथ परिदृश्य में आए कलाकारों को भी सामने लाए तथा एक सार्थक कला संवाद का वातावरण भी बनायें क्योंकि अब जनजातीय कला में भी बदलाव सूत्र देखे जा रहे हैं। खासतौर पर उनके माध्यमों और विषय के रूप में वातावरण, स्थान परिवर्तन के कारण बदलाव भी देखे जा रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद मध्यप्रदेश के समकालीन कलाकारों से बात करने पर यह स्पष्ट हो गया कि यहाँ के कलाकार अपनी अमूल्य धरोहर को समृद्ध किए हैं। अपनी परम्परा एवं सभ्यता की जीवंत संस्कृति चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत की है। आज वैश्विक पटल पर लम्बे समय से गोंड कलाकार जगह–जगह कला शिविर आयोजित करने के लिए निजी और राजकीय संस्थानों में जा रहे हैं जिनमें देश के चुनिंदा और कई पीढ़ियों, शैलियों में काम करने वाले कलाकार एक साथ एक मंच पर जमा होते हैं। कला में जब आपसी वैचारिक आदान–प्रदान करते हैं और कई स्तरों पर एक दूसरे से कुछ ले जाते हैं, अपना दे जाते हैं तो इस प्रकार हमारी कला समृद्ध होती है और दिनोंदिन माँग भी बढ़ती है।

वर्तमान समय में देखें तो गोंड जनजातीय कला परम्परा में परिवर्तन कर आज वैश्विक स्तर की आधुनिक धारा में अपने आप को पाती हैं यही कारण है कि आज गोंडकलाकार अपने विषय में बदलाव कर लिए हैं। एक साक्षात्कार में वेंकट रमन सिंह ने बताया कि गोंड परधान कला आधुनिक होने की वजह से आज वैश्विक पटल पर पहचान पा सकी है। अब गोंडकला परम्परागत नहीं रह गई है उसका रूप बदल गया है। शादी विवाह में भी बदलाव आ गया है इसी कारण हमारी कला पर भी इसका प्रभाव पड़ा है लेकिन हमारी पेंटिंग में गोंड परधान कला की झलक भी दिखती है।

एक श्रेष्ठ कलाकार की श्रेष्ठता केवल उसी तक सीमित नहीं होती है। वह अपनी कलाकृतियों से दर्शकों के लिए स्पेस प्रदान कराता है ताकि कलाकृति के रसास्वादन का गुण विकसित हो यह तभी सम्भव है जब वैचारिक आदान–प्रदान होते रहें जिसके लिए वैश्वीकरण एक विशेष माध्यम प्रदान करता है। वैश्वीकरण के कारण आज एक देश नहीं अपितु विश्व ही इस प्रकार जुड़ गया है मानो वह छोटा सा क्षेत्र हो जहाँ पहुँचना बिल्कुल आसान हो गया है। वैश्वीकरण की वजह से विश्व के अनेक देशों तक पहुँच सम्भव हुई है। आज वेंकट रमन सिंह श्याम, भज्जू श्याम, दुर्गाबाई व्याम आदि ऐसे आदिवासी कलाकार हैं जिनकी कृतियां विश्व के अनेक देशों में पसन्द की जा रही हैं। इस कारण इन कलाकारों की पहचान जहाँ वैश्विक स्तर पर हो गई है वहीं आर्थिक रूप से इन्हें समृद्ध बनाया है, विज्ञान ने उन्हें अनेक माध्यम तथा सुविधाएँ उपलब्ध कराई हैं जिससे गोंड परधान चित्रकला का जनसाधारण पर प्रभाव और विदेशियों को आकर्षित करने की सामर्थ्य भी जुटाई है। "चित्रकला की मौलिकता और अस्तित्व को बचाने के लिए हस्तशिल्प विकास निगम, ललित कला अकादमी जैसी संस्थाएँ जनजातीय चित्रकला की उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देकर और उनके द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाकर इस दिशा में अहम पहल कर सकती हैं जिससे कलाकारों को लोकप्रियता तथा अधिकतम आर्थिक लाभ मिल सके"।[3] वेंकट रमन सिंह श्याम का कहना है कि शैक्षिक धरातल पर जिस प्रकार से बी.एफ.ए. और एम.एफ.ए. के कोर्स संस्थाओं में चल रहे हैं उसी प्रकार से गोंडकला के लिए भी संस्थाएँ होनी चाहिए। मध्यप्रदेश सरकार को इस विषय पर कोई ठोस निर्णय लेकर चित्रकारों एवं कला संस्थानों को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वैश्विक पटल पर गोंडकला की सम्भावनाएं और तेजी से आगे बढ़ सकें।

**सन्दर्भ**

01. समकालीन कला : अंक 18 नव. 2000 पृष्ठ– 26।

02. समकालीन कला : अंक 42–43 जुलाई–अक्टूबर 2010 नवंबर 2010 फरवरी 2011 पृष्ठ–62।

03. समकालीन कला : अंक 42–43 जुलाई–अक्टूबर 2010 नवंबर 2010 फरवरी 2011 पृष्ठ–63।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 1 | ISSN : 2581- 6306

# स्वातंत्र्योत्तर उपन्यासों में विस्थापन की त्रासदी

**प्रत्याशा मिश्र**
शोधार्थी, हिंदी विभाग, का. सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या,उत्तर प्रदेश।
**डॉ अनुराग मिश्र**
एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, का.सु. साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या, उत्तर प्रदेश।

**Article Info**
Volume 4, Issue 1
Page Number : 242-247

Publication Issue :
January-February-2021

**Article History**
Accepted : 10 Jan 2021
Published : 30 Jan 2021

**शोध-सारांश** : भारत 1947 में गुलामी के चंगुल से मुक्त हुआ किंतु पुन: बंटवारे के अभिशाप से ग्रस्त हो गया। यह कालखंड की वह अभिशप्ति थी जिसने लाखों परिवारों को अपनी मातृभूमि एवं जड़ से विस्थापित होने के लिए मजबूर कर दिया। मोटे तौर पर पंजाब, सिंध,लाहौर,जम्मू -कश्मीर, बंगाल आदि क्षेत्रों में रहने वालों को इस अभिशाप ने अपनी माटी से उठाकर दूर देश में दर-दर भटकते रहने का दंश देकर उनकी आंतरिक क्षमताओं को कुंद कर दिया। इसके कारण उन्हें अपने घर- जमीन, संवैधानिक अधिकारों एवं अपनों से वियुक्त तो होना ही पड़ा साथ ही मनुष्य-मात्र को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के अभाव में वंचित जीवन भी व्यतीत करना पड़ा।

विस्थापन को पूर्णता में समझने के लिए इसके विभिन्न पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक अध्ययन करना बहुत आवश्यक है। विस्थापन अब एक अवधारणात्मक पद है जो अपने भीतर समय,समाज और परिवेश की अनेक अर्थच्छायाओं को समाहित करता है। शब्दों की संश्लिष्टात्मक समझ और उसकी अंतर-अनुशासनात्मक दृष्टि से ही विस्थापन-संबंधी अध्ययन को समग्रता में प्रस्तुत किया जा सकता है।

**बीजशब्द** - भूमंडलीकरण, वैश्वीकरण, उदारीकरण, पूंजीवाद, सामाजिक-मूल्य, मौलिक अधिकार, विस्थापन, पर्यावरण, निर्वासन आदि।

विस्थापन मानव के द्वारा बनाई गई वह क्रूर व्यवस्था है,जिसमें अपनी जमीन से जुड़े दर्द, बालमन के सुमुधुर क्षण, आपसी रिश्तों की मजबूत पकड़, पूजा-अर्चना, त्योहार, धर्म-विश्वास, खान-पान की महक और आत्मजनों के स्नेह भावों के अभाव का आभास होता है। विस्थापन ऐच्छिक और अनैच्छिक दोनों हो सकता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उभरी स्थितियों में भारत के सिंधी, पंजाबी, बंगाली या कश्मीरी पंडितों का विस्थापन सम्बन्धी प्रश्न हो या यह वैश्विक स्तर पर रोमानियाई जर्मनिओं का हो जो सोवियत संघ में निर्वासित कहलाए; निर्वासन का दर्द सभी के लिए एक जैसा है। अभी हाल ही में 2009 में साहित्य नोबेल पाने वाली 'हेरतामूलर' की पुस्तक और 'ऑटेशउकल' या उनकी प्रतिबंधित पुस्तक 'नींदरूगन' का जिक्र

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

यहाँ उल्लेखनीय है जिसमें उन्होंने निर्वासन के दर्द को बखूबी उभारा है। इसमें जर्मन के एक छोटे से गांव के अन्याय और दमन की कथा है। यह लेखिका उल्लेखनीय इसलिए है कि उन्होंने अपनी प्रथम कृति से ही निर्वासितों पर कलम चलायी है।

ऐतिहासिक कारणों से नए देशों की खोज में हुए देशांतरगमन, आर्थिक प्रगति के लिए किए गए प्रव्रजन और राजनीतिक संघर्षों से हुए पलायन विस्थापन के विविध पहलू हैं। सिर्फ राजनीतिक संघर्षों के कारण ही नहीं राष्ट्रों के आर्थिक विकास के लिए प्रयुक्त आर्थिक उदार नीतियां व पूंजीवादी विकास के कारण भी दुनिया भर में विस्थापन के पीड़ाजन्य प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। विस्थापन के दर्द को रचनाकारों ने विभाजन के बाद से बहुत शिद्दत से महसूस किया और उस पर कलम चलाई। विभाजन से जन्मे विस्थापितों के दर्द को उजागर करने वाले अनेक उपन्यासों एवं कहानियों की रचनाएं हुई हैं , जिसमें कुछ ने विशेष आयाम प्रस्तुत किए हैं, जैसे 'झूठा सच', 'आधा गांव', ' तमस', 'कितने पाकिस्तान', 'वाह कैंप ', 'कठपुतली 'आदि। विभाजन, निस्संदेह इतिहास की बहुत बड़ी त्रासदी है। हिंदी उपन्यासकारों ने इस त्रासदी के विभिन्न पक्षों को अभिव्यक्त कर विभाजन से उत्पन्न संकट के संवेदनात्मक तथा बौद्धिक पक्ष को सामने लाने की कोशिश की है। विभाजन-संबंधी उपन्यासों में ऊपर से निचली परतों तक धंसी हुई हाहाकार की तस्वीरें और अपरूप रंग-रेखाओं से दहला देने वाले सन्नाटों का स्वर बार-बार उभरता है। 15 अगस्त 1947 को भारत का विभाजन हो गया। यह घटना लाखों लोगों के स्थानांतरण की समस्या से जुड़कर और भी भयावह हो उठी। विस्थापन से निपटने के लिए किसी समुचित योजना और व्यवस्था के अभाव में लोग बुरी तरह से फँस गए। अगर जनसंख्या की अदला-बदली योजनाबद्ध रूप से हुई होती तो संभवत: विभाजन के बाद हुए रक्तपात को काफी हद तक रोका जा सकता था। व्यापक पैमाने पर हो रहे खून-खराबे और मानव-विरोधी कारनामों के बावजूद भी दोनों पक्षों में ऐसे लोग थे जो जानते थे कि भौगोलिक रूप से सीमाएं निर्धारित हो जाने से दिल नहीं बँट पाते। ऐसे संवेदनशील व्यक्तियों ने ही संस्कृति को पूरी तरह बचाए रखा। साहित्य और इतिहास, साहित्य और संस्कृति के अंतस्संबंधों पर सृजनात्मक लेखन की जो शुरुआत तब हुई वह आज भी जारी है।

गंगा-जमुनी तहजीब के लिए प्रसिद्ध भारतवर्ष में वर्षों से हिल -मिलकर साथ रहने वाले मनुष्यों को धर्म और राजनीति के गलत संदर्भ, किस तरह बाँट देते हैं ,किस तरह मानवता की लाश पर पाश्विकता अट्टहास करती है, यह यशपाल कृत 'झूठा सच' उपन्यास का केंद्रीय तथ्य है। इसमें पाकिस्तान बनने से उत्पन्न हिंदू- मुस्लिम वैमनस्य, दंगे एवं जन-निष्क्रमण से जुड़ी वहशीपन, बर्बादी और नारी-उत्पीड़न की कथा है। यह उपन्यास एक ऐसा दस्तावेज है जो सदियों तक आने वाली पीढ़ी को लाखों की लाशों पर खड़ी की गई पाकिस्तान की भव्य इमारत के दर्शन कराकर आंसू बहाने के लिए विवश करता है। भारतीय विभाजन की वेदना का औपन्यासिक महाकाव्य है 'झूठा सच'। लाखों की तादात में लोगों का अपने वतन से विस्थापित होकर पराए देश की ओर जाते वक्त घटित रक्त-रंजित, अमानवीय और क्रूर इतिहास उपन्यास के प्रथम खंड' वतन और देश ' का मुख्य कथ्य है। लाहौर के भोलापांधे की गली के एक हिंदू मध्यवर्गीय परिवार को केंद्र में रखकर इसके माध्यम से विभाजन का पूरा आख्यान प्रस्तुत हुआ है। झूठा सच उपन्यास के प्रथम भाग वतन और देश का अंत ट्रक ड्राइवर के इन मार्मिक शब्दों से होता है कि "रब्ब ने जिन्हें एक बनाया था रब्ब के बंदों ने अपने वहम और जुल्मों से उसे दो कर दिया।"[1]

द्रोणवीर कोहली कृत 'वाह कैंप' एक ऐसी औपन्यासिक कृति है जो बंटवारे से उत्पन्न कलंक के कोलाहल को तेजस्विता और निजता के साथ प्रस्तुत करती है। विस्थापन के दैत्य प्रहारों के मध्य एक भविष्यहीन जिंदगी जीने को अभिशप्त पीड़ितों की लथपथ जिंदगी का प्रतीकात्मक दस्तावेज है 'वाह कैंप'।

'वाह कैंप' उपन्यास के पात्र मनोहर अरोड़ा के अनुसार "नेताओं की जल्दबाजी की बदौलत इस देश का बंटवारा हुआ। नेता लोग आराम से कुर्सियां संभाल कर बैठे हैं और साधारण लोग जिन्होंने असली मायनों में आजादी की कीमत चुकाई है ,डर के माहौल में घर–बार छोड़कर रिफ्यूजी बने बैठे हैं।"[2]

कमलेश्वर ने अपने उपन्यास 'कितने पाकिस्तान' में भारत विभाजन की समस्याओं को इस उम्मीद से प्रस्तुत किया कि भारत ही नहीं दुनिया भर में एक के बाद दूसरे पाकिस्तान बनने की लहू से लथपथ परंपरा अब बंद हो। पाकिस्तान यहां एक प्रतीक है। वह एक देश में सांप्रदायिक आधार पर बँटे मानवीय इतिहास की त्रासदगाथा का एक जीता–जागता उदाहरण है। जब लोग खून के समंदर पार करते हुए भारत से पाकिस्तान की ओर भाग रहे थे तब 'कितने पाकिस्तान' उपन्यास के पात्र सलमा के मां–बाप पाकिस्तान से किसी देश की ओर नहीं अपनी मिट्टी भारत की ओर भाग रहे थे। सलमा के अब्बू कहते हैं कि "इस्लाम की नजर से पाकिस्तान का बनना ही गुनाह है क्योंकि इस्लाम नफरत नहीं सिखाता पर पाकिस्तान की बुनियाद नफरत पर रखी गई है।"[3]। मुगल शासक औरंगजेब के समय से भारत के मुसलमान मानसिक रूप से विस्थापित बन गए। इसी मानसिकता ने उन लोगों को अपने ही मुल्क में अजनबी बना दिया। वही मानसिक विस्थापन लगभग दो सदियों के बाद विभाजन का कारण बना।

विभाजन के बाद के बदलते समाज की कहानी कहता है मंजूर एहतेशाम का उपन्यास – 'सूखा बरगद'। 'सूखा बरगद' असल में स्वातंत्र्योत्तर भारत में विभाजन के परिणामस्वरूप आए सामुदायिक जीवन के बदलाव की कथा है। इसके केंद्र में भारतीय मुस्लिम समाज है जिसके अंतर्विरोध और द्वंद्व को उपन्यासकार ने बेहद मार्मिक ढंग से उकेरा है। एक मामूली आदमी जो विभाजन को कभी अपने मन में स्वीकार नहीं करता और धार्मिक कट्टरता से दूर उसके लिए पाकिस्तान एक अजनबी देश है लेकिन तब भी उसे सांप्रदायिक मनोवृत्ति के लोगों से जूझना पड़ रहा है।

विभाजन की सारहीनता को दर्शाता गुरुदत्त का उपन्यास 'दीन– दुनिया' , अब्दुल करीम के परिवार के कराची जाने एवं वहां की मुसीबतों और भारत लौटने की कथा का पूरा ब्यौरा देता है। इस पीड़ा को अधिक समझने के लिए मानव कौल की कहानी–संग्रह 'प्रेम कबूतर' की भूमिका महत्वपूर्ण है– "करीब 27 साल बाद मैं वापस बारामुला राजबाग गया था, जहां मेरा जन्म हुआ है और मेरा बचपन बीता है। वह कॉलोनी खंडहर हो चुकी थी। अपने घर का दरवाजा तोड़कर भीतर घुसना पड़ा। वह घर अंतिम सांसे लेता हुआ कोई जर्जर बूढ़ा था जो मर जाने के पहले किसी अपने का इंतजार कर रहा था। तभी मेरी निगाह उस छोटे छेद पर गई जहां मैं अपनी टॉफी छुपाया करता था। बहुत देर तक कॉलोनी में भटकता रहा। हर उस गली में गया, जहां हम खेला करते थे। कॉलोनी से निकलते वक्त एक औरत ने मुझसे पूछा कि कौन हो तुम? और यहां क्या कर रहे हो? मैंने उससे कहा कि वह जो गली का आखिरी मकान है, मैं वहां रहा करता था, मैं यहीं पैदा हुआ हूँ। वह औरत मुस्कुराने लगी और मुझे मेरे कहे पर कतई विश्वास नहीं हुआ। यह दोनों वाक्य इतने झूठे लग रहे थे कि मैं वहां से चल दिया। अभी अपनी कहानियों को पढ़ते हुए बिल्कुल कुछ इसी तरह का एहसास हुआ। मैं अपने भीतर अपनी हर कहानी

का होना पूरी शिद्दत से महसूस करता हूं पर उसे कहते ही सारा कुछ ढह जाता है। कहना कुछ होने की तुलना में बहुत छोटा सुनाई देता है।"[4] भूमिका की इन चंद पंक्तियों में विस्थापन की अकथनीय पीड़ा को लेखक ने निचोड़ डाला है और यह पंक्ति यथार्थ सत्य लगती है कि कहना 'होने' की तुलना में बहुत छोटा सुनाई देता है।

इसकी अगली कड़ी जुड़ती है विकास के नाम पर किए जाने वाले विस्थापन से। प्रश्न यह है कि विकास किसके लिए किया जा रहा है? मुट्ठी भर पूंजीपतियों के लिए या उस अंतिम आदमी के लिए जिसके पास न रुतबा है ,न ताकत है और न ही पूंजी का अथाह भंडार। दूसरा प्रश्न यह उठता है कि यह विकास किस कीमत पर किया जा रहा है? भूमंडलीकरण, वैश्वीकरण ,उदारीकरण आदि आधुनिक समय में एक ऐसे छलावे के रूप में हमारे समाज में, जीवन में प्रविष्ट हुए हैं कि हम अपनी जड़ों से ही उखड़ गए। इसने हमें हमारी जमीन, संबंध, गांव, संस्कृति सबसे विस्थापित कर दिया है। विकास के इन तमाम सवालों से वाबस्ता कराता है महुआ मांझी का उपन्यास 'मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ'। यह आदिवासियों के साथ व्यवस्था द्वारा किए जा रहे क्रूर मजाक का हलफनामा है। दूसरे शब्दों में कहें तो, यह आदिवासियों के विपर्यस्त समय की विपर्यस्त दास्तान है।

विकास के नाम पर विस्थापन-केंद्रित रचनाओं में जिस प्रामाणिकता और यथार्थ की मांग बराबर उठती रही है, उसकी पूर्ति पिछले दो दशकों में आए हिंदी उपन्यासों ने काफी हद तक की है। उजड़ते जंगलों और टूटते स्वप्नों के बीच उपजे आदिवासियों / पहाड़ी जनजातियों के प्रतिरोध के गूंजते स्वर इन उपन्यासों में सुने जा सकते हैं। यह उपन्यास इनके जीवन और अस्मिता के मूलभूत सवालों से टकराते हुए विमर्श का नया कैनवास तैयार करते हैं। जनजातीय समूहों की तमाम विविधताओं को समेटे हुए उनके जीवन से गुंथे हुए कई सूक्ष्मातिसूक्ष्म संदर्भों को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है वीरेंद्र जैन के उपन्यास 'डूब' में। राजघाट बांध परियोजना के अंतर्गत बिजली पैदा करने हेतु पानी एकत्र करने के लिए बनाए जाने वाले बांध की चपेट में बारी,टोढे, शंकरपुर, पंचमनगर, सिरसौदिया, सिद्धपुर ,केशवपुर आदि गांव 'डूब' क्षेत्र के अंतर्गत आ जाते हैं और सभी गांवों को खाली कराने का सरकार आदेश दे देती है। पहाड़-पठारों के मध्य बसे गांवों को उजाड़ कर वहां बिजली पैदा करने के लिए पानी एकत्र किए जाने की योजना बनती है जिससे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को निर्बाध बिजली की आपूर्ति की जा सके। उन पहाड़ों और पठारों से दीवार का काम लिया जाएगा जिन पर ग्रामीणों का संपूर्ण जीवन आश्रित था और उन्हें अपने लिए नया आसरा खोजना है। वहां पर बसने वाले लोगों को जबरन विस्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। लंबे समय तक बांध बनाने का कार्य चलने के कारण इंजीनियर, ओवरसीयर्स, बाबू और मजदूरों को वहां बसाया जाना है। तात्पर्य यह है कि एक बसी-बसायी संस्कृति को उजाड़कर उसे पूरी तरह समाप्त करने की पुरजोर साजिश रची जा रही है। इससे आदिवासी किसान पूरी तरह आहत हैं - "कैसा फरेब है यह? कितना बड़ा झूठ है? कैसी खुशहाली है यह? कैसा बांध है यह? नरबलि लेगा यह? पशुबलि लेगा यह? धरती-माता की बलि लेगा? धोखा है यह जो हमें मिलेगा वह औरों को भी मिलेगा। वह फिर किसी को खुशहाल नहीं करेगा। बाघ को आदमी का मांस चखा दो तो वह आदमखोर हो जाता है। नरभक्षी हो जाता है वह और बांध को.....?"[5]।

जनजातियां विश्व के लगभग सभी भागों में पाई जाती हैं। भारत,अफ्रीका के बाद सर्वाधिक जनजातियों वाला देश है। भारत में भी भील, करात, भारव, गरसिया, सहरिया, डामोर,गोड़, संथाल, मीणा , मुंडा आदि जनजातियां विभिन्न

राज्यों के जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्रों में अपना जीवन-यापन करती हैं। आजादी के बाद देश के राजनेताओं एवं उच्च वर्ग के लोगों ने पश्चिमीकरण एवं आधुनिकता का चोला पहनकर राष्ट्र में विभिन्न विकास-योजनाओं का निर्माण करके उन्हें आदिवासियों/जनजातियों के मूल निवास-स्थान पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों में विभाजित किया। आदिवासियों के विस्थापन की कहानी प्राकृतिक विस्थापन से भी अधिक खतरनाक साबित हुई। क्योंकि प्राकृतिक आपदा के बाद उस स्थान पर वापस विकास किया जा सकता है लेकिन विकास के नाम पर आदिवासियों को उनकी परंपरा ,संस्कृति, मूल निवास-स्थान से खदेड़कर समाज के हाशिए पर डाल दिया जाता है। विस्थापन की समस्या के साथ-साथ आदिवासियों की परंपरा, संस्कृति, भाषा, वेशभूषा, राष्ट्रीय आंदोलन में उनका योगदान आदि विशेषताओं को समकालीन हिंदी के गैर आदिवासी एवं आदिवासी रचनाकारों ने अपने कथा-साहित्य के लिए प्रमुख विषय वस्तु के रूप में चित्रित करके समाज की मुख्यधारा में आदिवासियों की अस्मिता को स्थापित करने का प्रयास किया है।

संजीव के उपन्यास 'पांव तले दूब' के केंद्र में, झारखंड के पंचपहाड़ के आदिवासियों के अस्तित्व,अस्मिता के इर्द-गिर्द विकसित और गुम्फित हुई एक बेबाक कथा है। इस उपन्यास में औद्योगिकीकरण के कारण विस्थापन की समस्या है। लेखक ने आदिवासी समाज के अंतर्विरोध, जीवन-संघर्ष और विस्थापन की गहरी समस्या को उठाया है। इसी तरह गद्य साहित्य हिंसा/सांप्रदायिकता और विस्थापन पर भी विशेष दृष्टि रखता है। इसके अंतर्गत कश्मीर और बंगाल के विस्थापितों, श्रीलंका से विस्थापित तमिलों ,चकमा शरणार्थियों आदि पर साहित्य हिंदी में उपलब्ध है।

जम्मू-कश्मीर का समकालीन सृजन जो मुख्यत: विस्थापन को लेकर है, वह कश्मीरी भाषा के अलावा डोंगरी, हिंदी ,पंजाबी, उर्दू ,अंग्रेजी एवं गोजरी भाषा में हो रहा है। इन रचनाओं में विस्थापन की स्थिति के अनुभव कई प्रकार से हैं। इसमें खौफ, आशंका, पीड़ा ,अविश्वास, बदहवास से लेकर अनेक आशा-विश्वास तथा नवनिर्माण के स्वप्न तक फैले हैं। कश्मीरी विस्थापितों का प्रश्न जितना धर्म से जुड़ा है उतना ही उनकी जमीन से भी जुड़ा है, जहां से उन्हें जबरन हटाया गया है। 'दर्दपुर' क्षमा कौल का एक विख्यात उपन्यास है, जिसमें उन्होंने कश्मीरी पंडितों के दर्द को एक सुलगते हुए गाथा के रूप में उभारा है - "बस, मैं वहां तीन दिनों में ही घुट गई। सिर्फ तीन दिनों में... मैं कल वापस जा रही हूँ। यह सोच-सोचकर अपने अंदर ही लोट-पोट जा रही हूँ। सोचती हूं, जम्मू पहुंच कर उन गलियों को चूमूँ। जहां आत्मसम्मान हिलोरे मार रहा है। जहां जीवन के समुद्र का ज्वार चढ़ा है। मुझे तो यहां से जम्मू को देखने की दृष्टि मिल गयी है। भले ही यहां डल झील है, उल्लर है, बागात है, हरमुकुट है,जोजीला के विराट द्वार हैं और रहस्यपूर्ण चीड़ है और चिनार हैं। मगर, ज़िन्दगी यहां से भगा चुकी है। मैं जम्मू की धरती को प्रणाम करती हूँ। लोट-पोट जाउंगी उस मिट्टी पर चूम लुंगी उस मिट्टी को।परिक्रमा करूँगी उसकी।मैं उसके गीत लिखूंगी। मैं उसे धन्यवाद दूंगी।"[6]

समग्र रूप से देखने पर कश्मीरी विस्थापित साहित्य में अपनी जड़ों से उखाड़े जाने की पीड़ा, नास्टेल्जिया, अस्मिता के विलोपन और धरोहर को बचाये रखने की चिंता, मातृभूमि पहुंचने की ललक के साथ ही कई और बातें भी सम्मिलित हैं। इस विषय पर और भी बहुत कुछ लिखा जा सकता है,क्योंकि अपनी जमीन के लिए शरणार्थी शिविर में रह रही अगली पीढ़ी भी संघर्ष कर रही है। यह उनके संघर्ष की गाथा होगी। बेहतर रोजगार और जीवन शैली के लिए अपने घर -परिवार, निवास -स्थान को छोड़कर दूसरे शहर में दर -दर भटकते युवाओं की कहानियां, जो एक अनजाने शहर

की भागदौड़ भरी जिंदगी में खोए तो रहते हैं लेकिन वहां की आबो–हवा,भाषा–बोली, तीज–त्योहार–पर्व आदि में अपने घर को तलाशते रहते हैं; उसमें अपना निजत्व खोजते भटकते रहते हैं। भारत से दूर रहकर वापस आने पर प्रवासी भारतीय अजनबीपन से गुजर जाते हैं। अपने प्रवास के बाद देश व घर के वातावरण में आये बदलावों से समझौता न कर पाने के कारण वे लोग अपने ही देश में स्वयं को अजनबी महसूस करते हैं। रवींद्र कालिया अपने उपन्यास ए. बी. सी. डी. (अमेरिकन बोर्न कन्फ्यूज्ड देसी) के पात्र हरदयाल के माध्यम से यह समझाते हैं कि "आदमी जहां रहता है वहीं उसकी जड़ें विस्तार पाने लगती हैं  पंजाब जाता हूँ तो वहां अपने को अजनबी पाता हूँ। जो पंजाब मैं छोड़कर आया था वहां जाकर उसे ही ढूंढता रहता हूँ। अब न वह पंजाब है और न वे लोग–सब मरमुर गए। लोग अपनी जड़ों की बात करते हैं। मुझे अपनी जड़ों के बारे में सोचकर दहशत होती है। वहां की स्मृतियाँ यहां से सुहावनी लगती हैं, वहां से डरावनी।"[7] विदेशों में रहने के लिए अपने रवैया को बदलने के लिए भारतीय प्रवासी अभिशप्त होते हैं क्योंकि भारतीय अपने नैतिक मूल्यों को विदेशी समाज पर थोप नहीं सकते। भारतीय प्रवासी हमेशा विदेश और स्वदेश के बीच उलझे रहते हैं।

"कई बार सोचता हूँ कि कुएं में मेढक की तरह पड़े रहे तो पागल हो जाएंगे। यहां के तौर–तरीके रास नहीं आते। हम लोग न वहां के रहे न यहां के।"[8]

इन कहानियों में रोजगार के लिए अपनी मातृभूमि को छोड़कर विस्थापित हुए युवा के हृदय की लहरियां भविष्य से टकराकर अतीत और बचपन की उन यादों में खो जाती–सी प्रतीत होती हैं, जहां से लौटना उनके लिए अत्यंत पीड़ादायक तो होता है किंतु आजीविका का संघर्ष उन्हें पुन: यथार्थ में घसीट लाता है। जब तक देश के आम नागरिकों को साथ लेकर योजनाएं नहीं बनायी जाएंगी तब तक विस्थापन की भीषण छाया उनके जीवन पर ग्रहण की तरह हमेशा बनी रहेगी। योजनाओं के क्रियान्वयन के बहुत पहले से ही उससे प्रभावित होने वाले नागरिकों के पुनर्स्थापन तथा पुनर्वास के बारे में सोचना प्रत्येक लोकतंत्र का कर्तव्य है। विस्थापित हो रही जनता के लिए पर्याप्त पुनर्वास की व्यवस्था करना नामुमकिन है, लेकिन विस्थापितों के लिए आवश्यक पुनर्स्थापित योजनाएं बनाना सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिकों के आंसुओं के ऊपर बनाई गयी योजनाओं से अधिक महत्त्व उनकी संतुष्टि पर आधारित योजनाओं का निर्माण है, भले ही वह मात्रा में अत्यल्प हो।

**संदर्भ -ग्रंथ -:**


1) यशपाल;  झूठा सच; लोकभारती प्रकाशन ;इलाहाबाद,  2019 ; पृ.539

2) द्रोणवीर कोहली; वाह कैम्प; किताबघर; दिल्ली, 2001; पृ. 203

3) कमलेश्वर; कितने पाकिस्तान; राजकमल प्रकाशन; दिल्ली,  2016; पृ. 110

4) मानव कौल; प्रेम कबूतर; वेस्टलैंड प्रकाशन

5) वीरेंद्र जैन; डूब; वाणी प्रकाशन; दिल्ली, 1991; पृ.79

6) क्षमा कौल; दर्दपुर; भारतीय ज्ञानपीठ; दिल्ली, 2009; पृ।97

7) रवींद्र कालिया; ए. बी. सी. डी.; वाणी प्रकाशन; दिल्ली, 2013 ; पृ.77

8) रवींद्र कालिया : ए. बी. सी. डी.; वाणी प्रकाशन; दिल्ली, 2013 ; पृ.77

**Shodhshauryam**
**International Scientific Refereed Research**

**Publisher**
**Technoscience Academy**
Website : www.technoscienceacademy.com
Email: info@technoscienceacademy.com

**Email: editor@shisrrj.com**